॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

श्रीमद्भगवद्-

गीताकी विभूति और विश्वरूप-दर्शन

[श्रीमद्भगवद्गीताके दसवें एवं ग्यारहवें अध्यायोंकी विस्तृत व्याख्या]

स्वामी रामसुखदास

प्रकाशक—गोविन्दभवन-कार्यालय, गीताप्रेस, गोरखपुर

सं० २०४१ प्रथम संस्करण ५०,०००

मूल्य तीन रुपये

मुद्रक—गीताप्रेस, गोरखपुर

नम्र निवेदन

श्रीमद्भगवद्गीता धर्म्यसंवाद एवं श्रीभगवान्‌की दिव्य वाणी है। इसकी भाषा सरल एवं शैली सरस होते हुए भी विषय-वैशिष्ट्य गूढ है। अत: स्वाध्याय एवं पूर्ण मनोयोगसे मननके बिना सर्वशास्त्रमयी गीताका शास्त्रीय स्वारस्य सुगम नहीं हो पाता। ऐसी परिस्थितिमें गीता-तत्त्वार्थको सुगमतासे अवगत करनेकी सुतराम् आवश्यकता है।

प्रस्तुत पुस्तकमें गीताकी विभूति और विश्वरूप-दर्शनका बोधगम्य विवेचन गीता-तत्त्वार्थके मार्मिक मन्ता एवं भारत-प्रसिद्ध व्याख्याता परम श्रद्धेय स्वामीजी श्रीरामसुखदासजी महाराजने सरस एवं सरल भाषा-शैलीमें किया है। साधकोपयोगी अमूल्य तत्त्वार्थका अन्वेषण और लोकमें उनका वितरण ही आपके जीवनका लोकसंग्रही ध्येय है। आप इसका श्रेय गीता माताकी महती अनुकम्पा ही स्वीकारते हैं।

आपकी प्रस्तुत पुस्तक अति उपादेय है। आशा है कि प्रेमी पाठक एवं साधकगण इसके अध्ययन, मनन एवं चिन्तनसे गीता-तत्त्वार्थको अवगत कर भगवत्परायणताकी उपलब्धि करेंगे।

—प्रकाशक

॥ श्रीहरि ॥

विषय-सूची

दसवाँ अध्याय

ग्यारहवाँ अध्याय

ॐ श्रीपरमात्मने नमः

अथ दशमोऽध्यायः

श्रीभगवानुवाच

भूय एव महाबाहो शृणु मे परमं वचः ।
यत्तेऽहं प्रीयमाणाय वक्ष्यामि हितकाम्यया ॥ १ ॥
न मे विदुः सुरगणाः प्रभवं न महर्षयः ।
अहमादिर्हि देवानां महर्षीणां च सर्वशः ॥ २ ॥
यो मामजमनादिं च वेत्ति लोकमहेश्वरम् ।
असंमूढः स मर्त्येषु सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥ ३ ॥
बुद्धिर्ज्ञानमसंमोहः क्षमा सत्यं दमः शमः ।
सुखं दुःखं भवोऽभावो भयं चाभयमेव च ॥ ४ ॥
अहिंसा समता तुष्टिस्तपो दानं यशोऽयशः ।
भवन्ति भावा भूतानां मत्त एव पृथग्विधाः ॥ ५ ॥
महर्षयः सप्त पूर्वे चत्वारो मनवस्तथा ।
मद्भावा मानसा जाता येषां लोक इमाः प्रजाः ॥ ६ ॥
एतां विभूतिं योगं च मम यो वेत्ति तत्त्वतः ।
सोऽविकम्पेन योगेन युज्यते नात्र संशयः ॥ ७ ॥

अहं सर्वस्य प्रभवो मत्तः सर्वं प्रवर्तते ।
इति मत्वा भजन्ते मां बुधा भावसमन्विताः ॥ ८ ॥
मच्चित्ता मद्गतप्राणा बोधयन्तः परस्परम् ।
कथयन्तश्च मां नित्यं तुष्यन्ति च रमन्ति च ॥ ९ ॥
तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वकम् ।
ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते ॥१०॥
तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः ।
नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता ॥११॥

अर्जुन उवाच

परं ब्रह्म परं धाम पवित्रं परमं भवान् ।
पुरुषं शाश्वतं दिव्यमादिदेवमजं विभुम् ॥१२॥
आहुस्त्वामृषयः सर्वे देवर्षिर्नारदस्तथा ।
असितो देवलो व्यासः स्वयं चैव ब्रवीषि मे ॥१३॥
सर्वमेतदृतं मन्ये यन्मां वदसि केशव ।
न हि ते भगवन्व्यक्तिं विदुर्देवा न दानवाः ॥१४॥
स्वयमेवात्मनात्मानं वेत्थ त्वं पुरुषोत्तम ।
भूतभावन भूतेश देवदेव जगत्पते ॥१५॥
वक्तुमर्हस्यशेषेण दिव्या ह्यात्मविभूतयः ।
याभिर्विभूतिभिर्लोकानिमांस्त्वं व्याप्य तिष्ठसि ॥१६॥
कथं विद्यामहं योगिंस्त्वां सदा परिचिन्तयन् ।
केषु केषु च भावेषु चिन्त्योऽसि भगवन्मया ॥१७॥

विस्तरेणात्मनो योग निभूतिं च जनार्दन ।
भूयः कथय तृप्तिर्हि शृण्वतो नास्ति मेऽमृतम् ॥१८॥

श्रीभगवानुवाच

हन्त ते कथयिष्यामि दिव्या ह्यात्मनिभूतयः ।
प्राधान्यतः कुरुश्रेष्ठ नास्त्यन्तो विस्तरस्य मे ॥१९॥
अहमात्मा गुडाकेश सर्वभूताशयस्थितः ।
अहमादिश्च मध्य च भूतानामन्त एव च ॥२०॥
आदित्यानामह निष्णुर्ज्योतिषा रनिरंशुमान् ।
मरीचिर्मरुतामस्मि नक्षत्राणामहं शशी ॥२१॥
वेदाना सामवेदोऽस्मि देवानामस्मि वासवः ।
इन्द्रियाणा मनश्चास्मि भूतानामस्मि चेतना ॥२२॥
रुद्राणा शकरश्चास्मि वित्तेशो यक्षरक्षसाम् ।
वसूना पावकश्चास्मि मेरुः शिखरिणामहम् ॥२३॥
पुरोधसा च मुख्य मा निद्धि पार्थ बृहस्पतिम् ।
सेनानीनामह स्कन्दः सरसामस्मि सागरः ॥२४॥
महर्षीणा भृगुरह गिरामस्म्येकमक्षरम् ।
यज्ञाना जपयज्ञोऽस्मि स्थावराणा हिमालयः ॥२५॥
अश्वत्थः सर्ववृक्षाणा देवर्षीणा च नारदः ।
गन्धर्वाणा चित्ररथः सिद्धाना कपिलो मुनिः ॥२६॥
उच्चैःश्रवसमश्वाना विद्धि माममृतोद्भवम् ।
ऐरावत गजेन्द्राणा नराणा च नराधिपम् ॥२७॥

आयुधानामहं वज्रं धेनूनामस्मि कामधुक् ।
प्रजनश्चास्मि कन्दर्पः सर्पाणामस्मि वासुकिः ॥२८॥
अनन्तश्चास्मि नागानां वरुणो यादसामहम् ।
पितॄणामर्यमा चास्मि यमः संयमतामहम् ॥२९॥
प्रह्लादश्चास्मि दैत्यानां कालः कलयतामहम् ।
मृगाणां च मृगेन्द्रोऽहं वैनतेयश्च पक्षिणाम् ॥३०॥
पवनः पवतामस्मि रामः शस्त्रभृतामहम् ।
झषाणां मकरश्चास्मि स्रोतसामस्मि जाह्नवी ॥३१॥
सर्गाणामादिरन्तश्च मध्यं चैवाहमर्जुन ।
अध्यात्मविद्या विद्यानां वादः प्रवदतामहम् ॥३२॥
अक्षराणामकारोऽस्मि द्वन्द्वः सामासिकस्य च ।
अहमेवाक्षयः कालो धाताहं विश्वतोमुखः ॥३३॥
मृत्युः सर्वहरश्चाहमुद्भवश्च भविष्यताम् ।
कीर्तिः श्रीर्वाक्च नारीणां स्मृतिर्मेधा धृतिः क्षमा ॥३४॥
बृहत्साम तथा साम्नां गायत्री छन्दसामहम् ।
मासानां मार्गशीर्षोऽहमृतूनां कुसुमाकरः ॥३५॥
द्यूतं छलयतामस्मि तेजस्तेजस्विनामहम् ।
जयोऽस्मि व्यवसायोऽस्मि सत्त्वं सत्त्ववतामहम् ॥३६॥
वृष्णीनां वासुदेवोऽस्मि पाण्डवानां धनंजयः ।
मुनीनामप्यहं व्यासः कवीनामुशना कविः ॥३७॥
दण्डो दमयतामस्मि नीतिरस्मि जिगीषताम् ।
मौनं चैवास्मि गुह्यानां ज्ञानं ज्ञानवतामहम् ॥३८॥

यच्चापि सर्वभूतानां बीजं तदहमर्जुन ।
न तदस्ति विना यत्स्यान्मया भूतं चराचरम् ॥३९॥
नान्तोऽस्ति मम दिव्यानां विभूतीनां परंतप ।
एष तूद्देशतः प्रोक्तो विभूतेर्विस्तरो मया ॥४०॥
यद्यद्विभूतिमत्सत्त्वं श्रीमदूर्जितमेव वा ।
तत्तदेवावगच्छ त्वं मम तेजोंऽशसंभवम् ॥४१॥
अथवा बहुनैतेन किं ज्ञातेन तवार्जुन ।
विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत् ॥४२॥

ॐ तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे विभूतियोगो नाम दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

अथैकादशोऽध्यायः

अर्जुन उवाच

मदनुग्रहाय परमं गुह्यमध्यात्मसंज्ञितम् ।
यत्त्वयोक्तं वचस्तेन मोहोऽयं विगतो मम ॥ १ ॥
भवाप्ययौ हि भूतानां श्रुतौ विस्तरशो मया ।
त्वत्तः कमलपत्राक्ष माहात्म्यमपि चाव्ययम् ॥ २ ॥
एवमेतद्यथात्थ त्वमात्मानं परमेश्वर ।
द्रष्टुमिच्छामि ते रूपमैश्वरं पुरुषोत्तम ॥ ३ ॥

मन्यसे यदि तच्छक्यं मया द्रष्टुमिति प्रभो ।
योगेश्वर ततो मे त्वं दर्शयात्मानमव्ययम् ॥ ४ ॥

श्रीभगवानुवाच

पश्य मे पार्थ रूपाणि शतशोऽथ सहस्रशः ।
नानाविधानि दिव्यानि नानावर्णाकृतीनि च ॥ ५ ॥
पश्यादित्यान्वसून्रुद्रानश्विनौ मरुतस्तथा ।
बहून्यदृष्टपूर्वाणि पश्याश्चर्याणि भारत ॥ ६ ॥
इहैकस्थं जगत्कृत्स्नं पश्याद्य सचराचरम् ।
मम देहे गुडाकेश यच्चान्यद् द्रष्टुमिच्छसि ॥ ७ ॥
न तु मां शक्यसे द्रष्टुमनेनैव स्वचक्षुषा ।
दिव्यं ददामि ते चक्षुः पश्य मे योगमैश्वरम् ॥ ८ ॥

सञ्जय उवाच

एवमुक्त्वा ततो राजन्महायोगेश्वरो हरिः ।
दर्शयामास पार्थाय परमं रूपमैश्वरम् ॥ ९ ॥
अनेकवक्त्रनयनमनेकाद्भुतदर्शनम् ।
अनेकदिव्याभरणं दिव्यानेकोद्यतायुधम् ॥१०॥
दिव्यमाल्याम्बरधरं दिव्यगन्धानुलेपनम् ।
सर्वाश्चर्यमयं देवमनन्तं विश्वतोमुखम् ॥११॥
दिवि सूर्यसहस्रस्य भवेद्युगपदुत्थिता ।
यदि भाः सदृशी सा स्याद्भासस्तस्य महात्मनः ॥१२॥
तत्रैकस्थं जगत्कृत्स्नं प्रविभक्तमनेकधा ।
अपश्यद्देवदेवस्य शरीरे पाण्डवस्तदा ॥१३॥

ततः स विस्मयाविष्टो हृष्टरोमा धनंजयः ।
प्रणम्य शिरसा देवं कृताञ्जलिरभाषत ॥१४॥

अर्जुन उवाच

पश्यामि देवास्तव देव देहे
सर्वांस्तथा भूतविशेषसंघान् ।
ब्रह्माणमीशं कमलासनस्थ-
मृषींश्च सर्वानुरगांश्च दिव्यान् ॥१५॥
अनेकबाहूदरवक्त्रनेत्रं
पश्यामि त्वा सर्वतोऽनन्तरूपम् ।
नान्तं न मध्यं न पुनस्तवादिं
पश्यामि विश्वेश्वर विश्वरूप ॥१६॥
किरीटिनं गदिनं चक्रिणं च
तेजोराशिं सर्वतो दीप्तिमन्तम् ।
पश्यामि त्वां दुर्निरीक्ष्यं समन्ता-
द्दीप्तानलार्कद्युतिमप्रमेयम् ॥१७॥
त्वमक्षरं परमं वेदितव्यं
त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम् ।
त्वमव्ययः शाश्वतधर्मगोप्ता
सनातनस्त्वं पुरुषो मतो मे ॥१८॥
अनादिमध्यान्तमनन्तवीर्य-
मनन्तबाहुं शशिसूर्यनेत्रम् ।

तेजोभिरापूर्य जगत्समग्रं
भासस्तवोग्राः प्रतपन्ति विष्णो ॥३०॥
आख्याहि मे को भवानुग्ररूपो
नमोऽस्तु ते देववर प्रसीद ।
विज्ञातुमिच्छामि भवन्तमाद्यं
न हि प्रजानामि तव प्रवृत्तिम् ॥३१॥

श्रीभगवानुवाच

कालोऽस्मि लोकक्षयकृत्प्रवृद्धो
लोकान्समाहर्तुमिह प्रवृत्तः ।
ऋतेऽपि त्वां न भविष्यन्ति सर्वे
येऽवस्थिताः प्रत्यनीकेषु योधाः ॥३२॥

तस्मात्त्वमुत्तिष्ठ यशो लभस्व
जित्वा शत्रून्भुङ्क्ष्व राज्यं समृद्धम् ।
मयैवैते निहताः पूर्वमेव
निमित्तमात्रं भव सव्यसाचिन् ॥३३॥
द्रोणं च भीष्मं च जयद्रथं च
कर्णं तथान्यानपि योधवीरान् ।
मया हतांस्त्वं जहि मा व्यथिष्ठा
युध्यस्व जेतासि रणे सपत्नान् ॥३४॥

सञ्जय उवाच

एतच्छ्रुत्वा वचनं केशवस्य
कृताञ्जलिर्वेपमानः किरीटी ।

नमस्कृत्वा भूय एवाह कृष्णं
सगद्गदं भीतभीतः प्रणम्य ॥३५॥

अर्जुन उवाच

स्थाने हृषीकेश तव प्रकीर्त्या
जगत्प्रहृष्यत्यनुरज्यते च।
रक्षांसि भीतानि दिशो द्रवन्ति
सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसङ्घाः ॥३६॥

कस्माच्च ते न नमेरन्महात्मन्
गरीयसे ब्रह्मणोऽप्यादिकर्त्रे।
अनन्त देवेश जगन्निवास
त्वमक्षर सदसत्तत्पर यत् ॥३७॥

त्वमादिदेवः पुरुषः पुराण
स्त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम्।
वेत्तासि वेद्य च पर च धाम
त्वया तत विश्वमनन्तरूप ॥३८॥

वायुर्यमोऽग्निर्वरुणः शशाङ्कः
प्रजापतिस्त्व प्रपितामहश्च।
नमो नमस्तेऽस्तु सहस्रकृत्वः
पुनश्च भूयोऽपि नमो नमस्ते ॥३९॥

नमः पुरस्तादथ पृष्ठतस्ते
नमोऽस्तु ते सर्वत एव सर्व।

अनन्तवीर्यामितविक्रमस्त्वं
सर्वं समाप्नोषि ततोऽसि सर्वः ॥४०॥

सखेति मत्वा प्रसभं यदुक्तं
हे कृष्ण हे यादव हे सखेति ।
अजानता महिमानं तवेदं
मया प्रमादात्प्रणयेन वापि ॥४१॥

यच्चावहासार्थमसत्कृतोऽसि
विहारशय्यासनभोजनेषु ।
एकोऽथवाप्यच्युत तत्समक्षं
तत्क्षामये त्वामहमप्रमेयम् ॥४२॥

पितासि लोकस्य चराचरस्य
त्वमस्य पूज्यश्च गुरुर्गरीयान् ।
न त्वत्समोऽस्त्यभ्यधिकः कुतोऽन्यो
लोकत्रयेऽप्यप्रतिमप्रभाव ॥४३॥

तस्मात्प्रणम्य प्रणिधाय कायं
प्रसादये त्वामहमीशमीड्यम् ।
पितेव पुत्रस्य सखेव सख्युः
प्रियः प्रियायार्हसि देव सोढुम् ॥४४॥

अदृष्टपूर्वं हृषितोऽस्मि दृष्ट्वा
भयेन च प्रव्यथितं मनो मे ।
तदेव मे दर्शय देव रूपं
प्रसीद देवेश जगन्निवास ॥४५॥

किरीटिनं गदिनं चक्रहस्त-
मिच्छामि त्वां द्रष्टुमहं तथैव ।
तेनैव रूपेण चतुर्भुजेन
सहस्रबाहो भव विश्वमूर्ते ॥४६॥

श्रीभगवानुवाच

मया प्रसन्नेन तवार्जुनेदं
रूपं परं दर्शितमात्मयोगात् ।
तेजोमयं विश्वमनन्तमाद्यं
यन्मे त्वदन्येन न दृष्टपूर्वम् ॥४७॥
न वेदयज्ञाध्ययनैर्न दानै-
र्न च क्रियाभिर्न तपोभिरुग्रैः ।
एवंरूपः शक्य अहं नृलोके
द्रष्टुं त्वदन्येन कुरुप्रवीर ॥४८॥
मा ते व्यथा मा च विमूढभावो
दृष्ट्वा रूपं घोरमीदृङ्ममेदम् ।
व्यपेतभीः प्रीतमनाः पुनस्त्वं
तदेव मे रूपमिदं प्रपश्य ॥४९॥

सञ्जय उवाच

इत्यर्जुनं वासुदेवस्तथोक्त्वा
स्वकं रूपं दर्शयामास भूयः ।

आश्वासयामास च भीतमेनं
भूत्वा पुनः सौम्यवपुर्महात्मा ॥५०॥

अर्जुन उवाच

दृष्ट्वेदं मानुषं रूपं तव सौम्यं जनार्दन ।
इदानीमस्मि संवृत्तः सचेताः प्रकृतिं गतः ॥५१॥

श्रीभगवानुवाच

सुदुर्दर्शमिदं रूपं दृष्टवानसि यन्मम ।
देवा अप्यस्य रूपस्य नित्यं दर्शनकाङ्क्षिणः ॥५२॥
नाहं वेदैर्न तपसा न दानेन न चेज्यया ।
शक्य एवंविधो द्रष्टुं दृष्टवानसि मां यथा ॥५३॥
भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन ।
ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुं च परंतप ॥५४॥
मत्कर्मकृन्मत्परमो मद्भक्तः सङ्गवर्जितः ।
निर्वैरः सर्वभूतेषु यः स मामेति पाण्डव ॥५५॥

ॐ तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां
योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे विश्वरूपदर्शनयोगो
नामैकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

॥ श्रीहरि ॥

प्राक्कथन

गीतामें विभूति-वर्णन

श्रीमद्भगवद्गीतामें जहाँ-कहीं भी विभूतियोंका वर्णन हुआ है, वह साधकके अन्यभावको हटानेके लिये ही हुआ है। जैसे—सातवें अध्यायके सातवें श्लोकमें भगवान्‌ने 'मत्तः परतरं नान्यत्' 'मेरे सिवाय अन्य कोई कारण नहीं' ऐसा कहा, और उसके बाद आठवें-से बारहवें श्लोकतक अन्यका भाव दूर करनेके लिये कारण-रूपसे अपनी सत्रह विभूतियोंका वर्णन किया। नवें अध्यायके तेरहवें श्लोकमें भगवान्‌ने बताया कि महात्मालोग अनन्य मनवाले होकर मेरा भजन करते हैं। अन्यमें मन कब जाता है? जब अन्यमें कुछ विशेषता, महत्ता, सत्ता दिखायी देती है। अन्य (संसार-) में जो कुछ अलौकिकता, महत्ता, सत्ता दिखायी देती है, वह सब वास्तवमें भगवान्‌की ही है। यदि इस वास्तविकताको साधक समझ ले तो उसका मन अन्यमें जायगा ही नहीं और जहाँ कहीं मन जायगा, वहाँ अन्य रहेगा ही नहीं। यह बात बतानेके लिये भगवान्‌ने नवें अध्यायके सोलहवेंसे उन्नीसवें श्लोकतक कार्य-कारणरूपसे अपनी सैंतीस विभूतियोंका वर्णन किया।

दसवें अध्यायके दूसरे श्लोकमें भगवान्‌ने कहा कि मैं सब प्रकारसे देवताओं और महर्षियोंका भी आदि हूँ। वे मेरेसे ही पैदा होते हैं और उनमें जो कुछ विद्या, बुद्धि, योग्यता आदिकी विलक्षणता आयी है, वह सब मेरेसे ही आयी है। यह बतानेके लिये भगवान्‌ने

चौथे-पाँचवें श्लोकोंमें प्राणियोंके भावोंके रूपमें बीस विभूतियोंका और छठे श्लोकमें व्यक्तियोंके रूपमें पचीस विभूतियोंका वर्णन किया। सत्रहवें श्लोकमें अर्जुनने पूछा कि हे भगवन्! मैं सदा चिन्तन करते हुए आपको कैसे जानूँ और किन किन भावोंमें आपका चिन्तन करूँ? इसके उत्तरमें भगवान्‌ने बीसवेंसे उन्तालीसवें श्लोकतक अपनी बयासी विभूतियोंका वर्णन किया। इन विभूतियोंका वर्णन भगवान्‌ने तीन रूपोंसे किया—(१) मुख्यरूपसे, जैसे—वेदोंमें सामवेद मैं हूँ (१०। २२), (२) अधिपतिरूपसे, जैसे—नक्षत्रोंका अधिपति चन्द्रमा मैं हूँ (१०। २१) और (३) स्वरूपसे, जैसे—अक्षय काल मैं हूँ (१०। ३३)। इन तीनों रूपोंसे वर्णन करनेका तात्पर्य यही है कि किसी भी वस्तु, व्यक्ति आदिकी स्वतन्त्र महत्ता और सत्ता नहीं है। जो कुछ महत्ता और सत्ता दीखती है, वह केवल भगवान्‌की ही है। अन्तमें उन्तालीसवेंसे इकतालीसवें श्लोकतक भगवान्‌ने साररूपसे अपनी विभूतियोंको जाननेकी बात कही।

पन्द्रहवें अध्यायके ग्यारहवें श्लोकमें 'अकृतात्मानः' पदसे भगवान्‌ने बताया कि जिनका अन्तःकरण शुद्ध नहीं है, वे मेरेको नहीं जानते। संसारको महत्त्व देनेसे, उससे सम्बन्ध जोड़नेसे अन्तःकरण अशुद्ध होता है और भगवान्‌को महत्त्व देनेसे, उनसे सम्बन्ध जोड़नेसे अन्तःकरण शुद्ध होता है। इस वास्ते भगवान्‌ने पन्द्रहवें अध्यायके बारहवेंसे पन्द्रहवें श्लोकतक प्रभावरूपसे अपनी तेरह विभूतियाँ कहीं। इस तरह इन सभी अध्यायोंमें कुल मिलकर एक सौ चौरानबे विभूतियोंका वर्णन हुआ है।

विभूति-वर्णनका उद्देश्य

मनुष्योंका प्रायः यह स्वभाव होता है कि वे किसी वस्तु, व्यक्ति, परिस्थिति, घटना आदिकी विशेषता, महत्ता, प्रभाव, सुन्दरता आदिको देखकर उसीमें आकृष्ट हो जाते हैं। वास्तवमें संसारमें जो कुछ विशेषता आदि दिखायी देती है, वह संसारकी है ही नहीं। कारण कि जो संसार एक क्षण भी स्थिर नहीं रहता, ऐसे क्षणभंगुर संसारकी विशेषता हो ही कैसे सकती है। उसमें जो कुछ विशेषता दीखती है, वह मूलमें संसारके आश्रय, आधार और प्रकाशक भगवान्‌की ही है। परंतु भगवान्‌की तरफ दृष्टि न रहनेसे मनुष्य संसारमें ऊपरका भपका देखकर उस तरफ खिंच जाता है। केवल ऊपरके भपको देखकर आकृष्ट हो जाना और उसके मूल कारणको न देखना पशुओंकी वृत्ति है, मनुष्यकी नहीं। मनुष्य विवेक-प्रधान प्राणी है। इस वास्ते उसको तात्कालिक दीखनेवाली संसारकी विशेषताको महत्त्व देकर उसमें आकृष्ट नहीं होना चाहिये। अगर मनुष्य बिना विचार किये ही उसमें आकृष्ट हो जाता है, तो उसमें विवेक-विचारकी प्रधानता ही कहाँ रही ? इस वास्ते मनुष्यको संसार-की मानी हुई महत्तासे अपना मन हटाकर भगवान्‌की वास्तविक महत्तामें लगाना चाहिये। इसने अध्यायमें भगवान्‌ने अर्जुनको निमित्त बनाकर साधकमात्रका मन अपनेमें आकृष्ट करनेके लिये अपनी विभूतियोंका वर्णन किया है।

दसवें अध्यायमें भगवान्‌ने अपनी जिन मुख्य-मुख्य विभूतियों-का वर्णन किया है, उन सबमें जो कुछ भी विशेषता देखनेमें आती है, वह सब भगवान्‌को लेकर ही है। इस वास्ते संसारमें जहाँ-

कहीं किञ्चिन्मात्र भी विशेषता दिखायी दे, उस विशेषताको लेकर साधकको स्वतः भगवान्‌का ही चिन्तन होना चाहिये। संसारकी विशेषताको माननेसे जहाँ संसारका चिन्तन होता है, वहाँ उस विशेषताको भगवान्‌की ही माननेसे वह चिन्तन भगवान्‌के चिन्तनमें परिणत हो जायगा अर्थात् वहाँ भगवान्‌का चिन्तन होने लगेगा। इस तरह (अर्जुनके प्रश्नके अनुरूप) अपना चिन्तन करानेके लिये ही भगवान्‌ने अपनी विभूतियाँ कही हैं।

साधकको चाहिये कि दसवें अध्यायमें जिन विभूतियोंका वर्णन हुआ है, उन विभूतियोंका महत्त्व देखते हुए उनका पठन-पाठन, श्रवण-मनन न करें। ये विभूतियाँ किन कारणोंसे मुख्य हैं। इनमें क्या-क्या विलक्षणता है? इनके विषयमें किस-किस ग्रन्थमें क्या-क्या लिखा है?—इस तरफ वृत्ति न लगाकर ऐसा विचार करें कि इनका मूल क्या है। ये कहाँसे प्रकट हुई हैं। इस तरह अपनी वृत्तियोंका प्रवाह विभूतियोंकी तरफ न होकर उनके मूल भगवान्‌की तरफ ही होना चाहिये। मनुष्यकी वृत्तियोंका प्रवाह अपनी तरफ करानेके लिये ही भगवान्‌ने विभूतियोंका वर्णन किया है (१०। ४१), क्योंकि अर्जुनकी यही जिज्ञासा थी (१०।१७)। इस वास्ते ये विभूतियाँ भगवान्‌का चिन्तन करनेके लिये ही हैं। इन विभूतियोंमें विलक्षणता दीखे अथवा न दीखे, उनको जानें अथवा न जानें, फिर भी इनमें भगवान्‌का चिन्तन होना चाहिये। तात्पर्य है कि भगवान्‌का उद्देश्य विभूतियोंका वर्णन करनेका नहीं है, प्रत्युत अपना चिन्तन करानेका है। चिन्तन करानेका उद्देश्य

है—साधक मेरेको तत्त्वसे जान जाय और उसकी मेरेमें दृढ़ भक्ति हो जाय (१०।७)। इसी बातको लेकर अर्जुनके भीतर भगवान्‌की विभूतियोंको जाननेकी जिज्ञासा पैदा हुई।

योग और विभूतिका अर्थ

दसवें अध्यायके सातवें श्लोकमें दो बार 'योग' शब्द आया है। इस 'योग' शब्दके दो अर्थ हैं—(१) भगवान्‌के प्रभाव (सामर्थ्य-) का नाम योग है, जिससे सब विभूतियाँ प्रकट होती हैं और (२) भगवान्‌के साथ जीवके नित्य अविचल सम्बन्धका नाम योग है।

भगवान्‌के विलक्षण प्रभावसे अनन्त विभूतियाँ प्रकट होती हैं। जैसे, भगवान्‌ने कहा है कि 'जहाँ-कहीं और जिस किसीमें जो कुछ ऐश्वर्य, सौन्दर्य और बल दीखता है, वह सब मेरे तेज (प्रभाव-) के किसी एक अंशसे उत्पन्न हुआ समझो' (१०।४१)। इस तेजका नाम ही 'योग' है और इसी तेज-(योग-) से संसारकी सम्पूर्ण विशेषताएँ प्रकट होती हैं तथा इन विशेषताओंको ही 'विभूति' कहते हैं। इस तरह सभी विभूतियाँ भगवान्‌से ही पैदा होती हैं और उनमें जो कुछ विशेषता दीखती है, वह सब भगवान्‌की ही है—ऐसा जानना ही विभूति और योगके तत्त्वको जानना है, जिसको जाननेसे मनुष्य अविचल भक्तिसे युक्त हो जाता है (७।१०)।

भगवान्‌ने अपने योग (सामर्थ्य-) से प्रकट होनेवाली विभूतियोंका जो वर्णन किया है, वह अपने वास्तविक योग (सम्बन्ध-) की स्मृति करानेके लिये ही किया है।

सच्चा ऐश्वर्य

मनुष्यके भीतर विलक्षणता देखनेकी जो इच्छा होती है, वह इच्छा वास्तवमें सच्चे ऐश्वर्य, माधुर्य, सौन्दर्य और औदार्यकी ही होती है। कारण कि संसारमें विलक्षणता, सुन्दरता आदि है ही नहीं। अगर संसारमें विलक्षणता आदि हो तो वह सदा रहनी चाहिये, पर वह सदा रहती नहीं, क्योंकि वह संसारकी है ही नहीं। इस वास्ते इन्द्रियाँ-मन-बुद्धिके द्वारा नाशवान् संसारमें जो विलक्षणता दीखती है, वह असत् है। असत्को महत्त्व देनेके कारण मनुष्य उसमें फँस जाता है।

असत् पदार्थोंसे हमारी कभी तृप्ति नहीं हुई, अभी भी नहीं हो रही है, आगे भी नहीं होगी और कभी भी होनी सम्भव नहीं है। कारण कि स्वयं (स्वरूप) सत् है और पूर्ण है। परन्तु असत् (नाशवान्) शरीरको, पदार्थोंको, क्रियाओंको हमने जो महत्त्व दिया है, उनसे सम्बन्ध जोड़ा है, उसीसे हमें स्वयंमें अपूर्णता मालूम देती है। असत्के साथ हम ज्यों-ज्यों अधिक सम्बन्ध जोड़ते हैं, त्यों-ही-त्यों यह अपूर्णता बढ़ती चली जाती है। इस वास्ते मनुष्य इस शरीर-संसारसे विमुख होकर जिस परमात्मासे असत्में भी विलक्षणता दिखायी देती है, उसके सच्चे ऐश्वर्यमें आकृष्ट हो जाय तो सदाके लिये निहाल हो जाय!

सच्चा ऐश्वर्य वही है, जिसका कभी अभाव नहीं होता, जिसमें कभी किञ्चिन्मात्र भी कमी नहीं आती, प्रत्युत जो प्रतिक्षण बढ़ता ही रहता है और जिसमें कभी अरुचि नहीं होती।

प्राणिमात्रका यह अनुभव भी है कि अपने अभावका अनुभव किसीको भी नहीं होता और अपने अभावकी रुचि भी कभी नहीं होती। ऐसे ही यह प्राणी जिस परमात्माका अंश है, उस परमात्माके ऐश्वर्य, माधुर्य और सौन्दर्यसे अरुचि हो ही कैसे सकती है?

विभूतियोंकी दिव्यता

दसवें अध्यायमें अर्जुनने सोलहवें श्लोकमें और भगवान्‌ने उन्नीसवें तथा चालीसवें श्लोकमें इन विभूतियोंको 'दिव्य' कहा है। इसका कारण यह है कि जिस किसी वस्तु, व्यक्ति, क्रिया आदिमें जो कुछ विशेषता दिखायी देती है, वह वस्तुतः भगवान्‌की ही है। दिव्यातिदिव्य तो एक भगवान् ही हैं। इस वास्ते जितनी भी विभूतियाँ हैं, वे सभी तत्त्वसे दिव्य हैं। परन्तु साधकके सामने उन विभूतियोंकी दिव्यता तभी प्रकट होती है, जब वह भोगबुद्धिका सर्वथा त्याग करके उन विभूतियोंमें केवल भगवान्‌का ही चिन्तन करता है।

शङ्का-समाधान

शङ्का—गीतामें भगवान्‌ने 'श्रीमत्' अर्थात् शोभा-(रूप-) को अपनी विभूति बताया है (१० । ४१)। संसारकी शोभा भगवान्‌की विभूति होनेसे उस शोभाको मनुष्य भोगने लग जाय तो क्या हानि है? भगवान्‌ने रसको अपनी विभूति बताया है। (७ । ८) तो मदिरा आदि महान् अपवित्र रस पीने लग जाय तो क्या हानि है? भगवान्‌ने द्यूतक्रीडा-(जूआ-) को अपनी विभूति बताया है

(१० । ३६) तो जूआ खेलनेमें क्या हानि है ? क्योंकि यह भगवान्‌का स्वरूप है। भगवान्‌ने सात्त्विक, राजस और तामस भावोंको अपनी विभूति बताया है (७ । १२) तो तामस भावों, पदार्थों और क्रियाओंका सेवन करनेमें क्या हानि है ? तात्पर्य यह हुआ कि ये सभी भगवान्‌की विभूति होनेसे यदि मनुष्य इनका सेवन करे तो यह भगवान्‌की ही उपासना होनी चाहिये। इसमें कोई दोष या पाप कैसे लग सकता है ?

समाधान—(१) एक आचरणमें लाना होता है, (२) एक जानना होता है और (३) एक चिन्तन करना होता है। आचरणमें लानेके लिये 'क्या करना चाहिये और क्या नहीं करना चाहिये'—इस प्रकार अलग-अलग विधि-निषेध होता है—'तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थितौ' (गीता १६ । २४)। विभूतियोंको आचरणमें लानेके लिये नहीं कहा गया है, प्रत्युत इनको तत्त्वसे जाननेके लिये कहा गया है कि ये कहाँसे प्रकट होती हैं ? इनका मूल कौन है ? जिस किसी गुण, प्रभाव, शोभा आदिकी विशेषताको लेकर जहाँ-जहाँ मन चला जाय, वहाँ-वहाँ उस गुण, प्रभाव आदिकी विशेषताको भगवान्‌की ही विशेषता मानकर भगवान्‌का ही चिन्तन करे—इसके लिये ही विभूतियोंके वर्णनका तात्पर्य है। कारण कि दसवें अध्यायमें अर्जुनने दो ही बातें पूछी थीं—सदा चिन्तन करते हुए मैं आपको कैसे जानूँ ? और किन किन भावोंमें आपका चिन्तन करूँ ? (१० । १७)।

जीव स्वयं साक्षात् परमात्माका अंश है, पर इसने भूलसे अपना [illegible] साथ अपना सम्बन्ध मान लिया है। अगर यह संसारमें

दीखनेवाली महत्ता, विशेषता, शोभा आदिको परमात्माकी ही मानकर परमात्माका चिन्तन करेगा तो यह परमात्माकी तरफ जायगा अर्थात् इसका उद्धार हो जायगा (गीता ८ । १४), और अगर महत्ता, विशेषता, शोभा आदिको संसारकी मानकर संसारका चिन्तन करेगा तो यह संसारकी तरफ जायगा अर्थात् इसका पतन हो जायगा (गीता २ । ६२-६३)। इस वास्ते परमात्माका चिन्तन करते हुए परमात्माको तत्त्वसे जाननेके उद्देश्यसे ही इन विभूतियोंका वर्णन किया गया है।

विश्वरूप-दर्शन

दसवें अध्यायमें विभूतियोंका वर्णन करके अन्तमें भगवान् अर्जुनके बिना पूछे ही अपनी तरफसे कहते हैं कि 'हे अर्जुन! तेरेको बहुत जाननेसे क्या मतलब है? मैं सम्पूर्ण जगत्को अर्थात् अनन्त ब्रह्माण्डोंको अपने किसी अंशमें व्याप्त करके स्थित हूँ।' इसी बातको लेकर अर्जुनके मनमें विश्वरूप देखनेकी इच्छा हुई तो भगवान्‌ने अर्जुनको दिव्यदृष्टि देकर अपने शरीरके किसी अंशमें महान् विशाल विराट्‌रूप दिखा दिया।* इसका वर्णन ग्यारहवें अध्यायमें हुआ है।

---

* श्रीमद्भागवतमें आया है कि एक बार यशोदाजीने कन्हैयाके छोटे से मुखमें विश्वरूप देखा। इसपर विचार किया जाय तो अनन्तकोटि ब्रह्माण्डोंमेंसे एक ब्रह्माण्डमें एक भूमण्डल है। इस भूमण्डलमें भारतवर्ष, भारतवर्षमें एक माथुरमण्डल, माथुरमण्डलमें एक व्रजमण्डल, व्रजमण्डलमें एक नन्दगाँव, नन्दगाँवमें एक नन्दभवन और नन्दभवनमें एक जगह छोटा-सा कन्हैया खड़ा है। उस कन्हैयाको यशोदा मैया छड़ी लेकर

विश्वरूपमें सबसे पहले देवरूप आया, फिर उग्ररूप और उसके बाद अत्यन्त उग्ररूप आया। अत्यन्त उग्र विश्वरूपको देखकर अर्जुन भयभीत हो गये और पूछने लगे कि ऐसे अत्यन्त उग्ररूपवाले आप कौन हैं? भगवान्ने अपना परिचय देते हुए कहा कि मैं काल हूँ और सबका संहार करनेके लिये यहाँ आया हूँ। भयके साथ-साथ हर्षकी भी प्रधानता होनेसे अर्जुनने पहले भगवान्के अत्युग्ररूपकी स्तुति की और फिर चतुर्भुजरूप (देवरूप) दिखानेके लिये प्रार्थना की। अर्जुनकी प्रार्थनाके अनुसार भगवान्ने प्रसन्न होकर अपना चतुर्भुजरूप दिखाया और फिर सौम्य मानुषरूप (द्विभुजरूप) से हो गये।

विश्वरूपकी दिव्यता

भगवान्का विश्वरूप दिव्य है, अविनाशी है, अक्षर है। इस विश्वरूपमें अनन्त ब्रह्माण्ड हैं तथा उन ब्रह्माण्डोंकी उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय करनेवाले ब्रह्मा, विष्णु और शिव भी अनन्त हैं*। इस

बतलाती हैं कि 'तूने माटी क्यों खायी? दिखा अपना मुख!' कन्हैयाने अपना मुख खोलकर दिखाया, तो उस छोटे-से मुखमें यशोदा मैयाने सम्पूर्ण जगत्को—नन्दगाँवको और नन्दभवनमें अपने-आपको भी देखा—[illegible] (श्रीमद्भा० १० । ८ । ३९)। इसी तरह अर्जुनने भी भगवान्के शरीरमें [illegible] देखा।

* [illegible] न ब्रह्माण्डम्। [illegible]

नित्य विश्वरूपसे अनन्त विश्व (ब्रह्माण्ड) उत्पन्न हो-होकर उसीमें लीन होते रहते है, पर यह विश्वरूप अव्यय होनेसे ज्यों-का-त्यों ही रहता है। यह विश्वरूप इतना दिव्य अलौकिक है कि हजारों भौतिक सूर्योंका प्रकाश भी इसके प्रकाशका उपमेय नहीं हो सकता (११ । १२)। इसलिये इस विश्वरूपको 'दिव्यचक्षु'के बिना कोई भी देख नहीं सकता। 'ज्ञानचक्षु'के द्वारा ससारके मूलमें सत्तारूपसे जो परमात्मतत्त्व है, उसका बोध होता है और 'भावचक्षु'से ससार भगवत्स्वरूप दीखता है, पर इन दोनो ही चक्षुओसे विश्वरूपका दर्शन नहीं होता, 'चर्मचक्षु'से न तो तत्त्वका बोध होता हे, न ससार भगवत्स्वरूप दीखता है और न विश्वरूपका दर्शन ही होता हे, क्योंकि चर्मचक्षु प्रकृतिका कार्य है। इस वास्ते चर्मचक्षुसे प्रकृतिके स्थूल कार्यको ही देखा जा सकता हे।

वास्तवमें भगवान्‌के द्विभुज, चतुर्भुज, सहस्रभुज आदि जितने भी रूप हैं, वे सब-के-सब दिव्य और अव्यय हैं। इसी तरह भगवान्‌के सगुण-निराकार, निर्गुण-निराकार, सगुण-साकार आदि जितने रूप है, वे सब के-सब भी दिव्य और अव्यय हैं।

माधुर्य-लीलामें तो भगवान् द्विभुजरूप ही रहते है, परन्तु जहाँ अपना कुछ ऐश्वर्य दिखलानेकी आवश्यकता होती है, वहाँ भगवान् पात्र, अधिकार, भाव आदिके भेदसे अपना विराट्‌रूप भी दिखा देते है। जैसे, भगवान्‌ने अर्जुनको मनुष्यरूपमे प्रकट हुए अपने द्विभुजरूप शरीरके किसी अशमें विराट्‌रूप दिखाया है।

विश्वरूपमें सबसे पहले देवरूप आया, फिर उग्ररूप, और उसके बाद अत्यन्त उग्ररूप आया। अत्यन्त उग्र विश्वरूपको देखकर अर्जुन भयभीत हो गये और पूछने लगे कि ऐसे अत्यन्त उग्ररूपवाले आप कौन हैं? भगवान्‌ने अपना परिचय देते हुए कहा कि मैं काल हूँ और सबका संहार करनेके लिये यहाँ आया हूँ। भयके साथ साथ हर्षकी भी प्रधानता होनेसे अर्जुनने पहले भगवान्‌के अत्युग्ररूपकी स्तुति की और फिर चतुर्भुजरूप (देवरूप) दिखानेके लिये प्रार्थना की। अर्जुनकी प्रार्थनाके अनुसार भगवान्‌ने प्रसन्न होकर अपना चतुर्भुजरूप दिखाया और फिर सौम्य मानुषरूप-(द्विभुजरूप) से हो गये।

विश्वरूपकी दिव्यता

भगवान्‌का विश्वरूप दिव्य है, अविनाशी है, अक्षय है। इस विश्वरूपमें अनन्त ब्रह्माण्ड हैं तथा उन ब्रह्माण्डोंकी उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय करनेवाले ब्रह्मा, विष्णु और शिव भी अनन्त हैं*। इस

धमकाती हैं कि 'तूने माटी क्यों खायी? दिखा अपना मुख!' कन्हैयाने अपना मुख खोलकर दिखाया तो उस छोटे से मुखमें यशोदा मैयाने सम्पूर्ण जगत्‌को—नन्दगाँवको और नन्दभवनमें अपने-आपको भी देखा—'ब्रह्मात्मानम्' (श्रीमद्भा० १० । ८ । ३९)। इसी तरह अर्जुनने भी भगवान्‌के शरीरके किसी अवयवमें सम्पूर्ण जगत्‌को देखा।

* संख्या चेद् रजसामस्ति विश्वानां न कदाचन।
ब्रह्मविष्णुशिवादीनां तथा संख्या न विद्यते॥
(देवीभागवत)

नित्य विश्वरूपसे अनन्त विश्व (ब्रह्माण्ड) उत्पन्न हो-होकर उसीमें लीन होते रहते है, पर यह विश्वरूप अव्यय होनेसे ज्यों-का-त्यों ही रहता है। यह विश्वरूप इतना दिव्य अलौकिक है कि हजारो भौतिक सूर्योंका प्रकाश भी इसके प्रकाशका उपमेय नहीं हो सकता (११ । १२)। इसलिये इस विश्वरूपको 'दिव्यचक्षु'के बिना कोई भी देख नहीं सकता। 'ज्ञानचक्षु'के द्वारा ससारके मूलमें सत्तारूपसे जो परमात्मतत्त्व है, उसका बोध होता है और 'भावचक्षु'से संसार भगवत्स्वरूप दीखता है, पर इन दोनो ही चक्षुओसे विश्वरूपका दर्शन नहीं होता, 'चर्मचक्षु'से न तो तत्त्वका बोध होता है, न ससार भगवत्स्वरूप दीखता है और न विश्वरूपका दर्शन ही होता है, क्योंकि चर्मचक्षु प्रकृतिका कार्य है। इस वास्ते चर्मचक्षुसे प्रकृतिके स्थूल कार्यको ही देखा जा सकता है।

वास्तवमें भगवान्के द्विभुज, चतुर्भुज, सहस्रभुज आदि जितने भी रूप है, वे सब-के-सब दिव्य और अव्यय हैं। इसी तरह भगवान्के सगुण-निराकार, निर्गुण निराकार, सगुण-साकार आदि जितने रूप है, वे सब-के-सब भी दिव्य और अव्यय है।

माधुर्य-लीलामें तो भगवान् द्विभुजरूप ही रहते है, परन्तु जहाँ अपना कुछ ऐश्वर्य दिखानेकी आवश्यकता होती है, वहाँ भगवान् पात्र, अधिकार, भाव आदिके भेदसे अपना विराट्‌रूप भी दिखा देते है। जैसे, भगवान्ने अर्जुनको मनुष्यरूपसे प्रकट हुए अपने द्विभुजरूप शरीरके किसी अशमें विराट्‌रूप दिखाया है।

भगवान्में अनन्त असीम ऐश्वर्य, माधुर्य, सौन्दर्य, औदार्य आदि दिव्य गुण हैं। उन अनन्त दिव्य गुणोंके सहित भगवान्का विश्वरूप है। भगवान् जिस-किसीको ऐसा विश्वरूप दिखाते हैं, उसे पहले दिव्यदृष्टि देते हैं। दिव्यदृष्टि देनेपर भी वह जैसा पात्र होता है, जैसी योग्यता और रुचिवाला होता है, उसीके अनुसार भगवान् उसको अपने विश्वरूपके स्तरोंका दर्शन कराते हैं। यहाँ ग्यारहवें अध्यायके पंद्रहवेंसे तीसवें श्लोकतक भगवान् विश्वरूपसे अनेक स्तरोंसे प्रकट होते गये, जिसमें पहले देवरूपकी (११ । १५–१८), फिर उग्ररूपकी (११ । १९–२२) और उसके बाद अत्युग्ररूपकी (११ । २३–३०) प्रधानता रही। अत्युग्ररूपको देखकर जब अर्जुन भयभीत हो गये तो भगवान्ने अपने दिव्यातिदिव्य विश्वरूपके स्तरोंको दिखाना बन्द कर दिया। अर्थात् अर्जुनके भयभीत होनेके कारण भगवान्ने अगले रूपोंके दर्शन नहीं कराये। तात्पर्य है कि भगवान्ने दिव्य विराट्रूपके अनन्त स्तरोंमेंसे उतने ही स्तर अर्जुनको दिखाये, जितने स्तरोंको दिखानेकी आवश्यकता थी और जितने स्तर देखनेकी अर्जुनमें योग्यता थी।

भगवान्के विराट्रूपमें भूत, भविष्य और वर्तमान —ये तीनों ही काल विद्यमान हैं अर्थात् उसमें इन तीनोंका भेद नहीं है। भेद तो हमारी दृष्टिमें है। अर्जुनके सामने युद्धका अवसर था। इस वास्ते भगवान्ने वर्तमानमें ही भविष्यकी बात दिखा दी अर्थात् अर्जुनकी 'हम जीतेंगे या वे जीतेंगे'—इस इच्छाके अनुसार भविष्यकी बात

दिखा दी कि आगे ऐसा-ऐसा होगा और कह भी दिया कि जीत तुम्हारी होगी (११ । ३४)।

विश्वरूप-दर्शनकी प्रामाणिकता

कई लोग ठीक न समझनेके कारण ऐसा कहते हैं कि भगवान्‌ने अर्जुनको विश्वरूप दिखाया नहीं था, प्रत्युत यह समझा दिया था कि मेरे शरीरके किसी एक अंशमें अनन्त ब्रह्माण्ड हैं। पर वास्तवमें यह बात है ही नहीं। स्वयं भगवान्‌ने कहा है कि 'मेरे इस शरीरमें एक जगह चराचरसहित सम्पूर्ण जगत्‌को अभी देख ले' (११ । ७)। जब अर्जुनको दिखायी नहीं दिया तो भगवान्‌ने कहा कि 'तू अपने इन चर्मचक्षुओंसे मेरे विश्वरूपको नहीं देख सकता, इस वास्ते मै तेरेको दिव्यचक्षु देता हूँ' (११ । ८)। फिर भगवान्‌ने अर्जुनको दिव्यचक्षु देकर साक्षात् अपना विश्वरूप दिखाया। सञ्जयने भी कहा है कि 'भगवान्‌के शरीरमें एक जगह स्थित विश्वरूपको अर्जुनने देखा' (११।१३)। अर्जुनने भी विश्वरूपका दर्शन करते हुए कहा कि 'मैं आपके शरीरमें सम्पूर्ण प्राणियोंके समुदायोंको तथा ब्रह्मा, विष्णु, महेश आदि सबको देख रहा हूँ' (११ । १५) आदि-आदि। इससे सिद्ध होता है कि भगवान्‌ने अर्जुनको प्रत्यक्षमें अपने विश्वरूपके दर्शन कराये थे। दूसरी बात, समझानेके लिये तो ज्ञानचक्षु होते

हैं*, पर दिव्यचक्षुसे साक्षात् दर्शन ही होते हैं । अतः भगवान्‌ने केवल कहकर समझा दिया हो, ऐसी बात नहीं है ।

गीताकी विभूति और विश्वरूपदर्शन

मनुष्यके अन्तःकरणमें नाशवान् संसारके ऐश्वर्य और भोगोंकी महत्ता बैठी हुई है कि ये श्रेष्ठ हैं, सुखदायक हैं और हमारे लिये हितकर हैं । 'रुपयों आदिके बिना हमारा काम नहीं चलता, हम इनके ही आश्रित हैं । हम जो कुछ व्यवहार करते हैं, उसमें ये ही काम आते हैं । इनके पासमें होनेसे ही हम बड़े होते हैं ।'—इस तरहसे रुपये आदि पदार्थोंमें महत्त्वबुद्धि होना महान् पतन करनेवाला है । इस महत्त्वबुद्धिको ही शास्त्रीय भाषामें गुणोंका सङ्ग कहते हैं, जो बार बार ऊँच-नीच योनियोंमें जन्म देनेका कारण है—'कारणं गुणसङ्गोऽस्य सदसद्योनिजन्मसु' (गीता १३ । २१) । अतः मनुष्य अवास्तविकतामें (संसारमें) महत्त्वबुद्धि न करके वास्तविकतामें (भगवान्‌में) महत्त्वबुद्धि करे—इसमें ही गीताकी विभूति और विश्वरूपदर्शनका तात्पर्य है ।

विनीत—
स्वामी रामसुखदास

---

* क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोरेवमन्तरं ज्ञानचक्षुषा ।
भूतप्रकृतिमोक्षं च ये विदुर्यान्ति ते परम् ॥
(गीता १३ । ३४)

यतन्तो योगिनश्चैनं पश्यन्त्यात्मन्यवस्थितम् ।
यतन्तोऽप्यकृतात्मानो नैनं पश्यन्त्यचेतसः ॥
(गीता १५ । ११)

सशङ्खचक्र सकिरीटकुण्डल सपीतवस्त्र सरसीरुहेक्षणम् ।

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

गीताकी विभूति और विश्वरूप-दर्शन

[श्रीमद्भगवद्गीताके दसवें और ग्यारहवें अध्यायोंकी विस्तृत व्याख्या]

नारायणं नमस्कृत्य नरं चैव नरोत्तमम् ।
देवीं सरस्वतीं व्यासं ततो जयमुदीरयेत् ॥
वसुदेवसुतं देवं कंसचाणूरमर्दनम् ।
देवकीपरमानन्दं कृष्णं वन्दे जगद्गुरुम् ॥

अथ दशमोऽध्यायः

सम्बन्ध—

श्रीभगवान् सातवें अध्यायमें अपने हृदयकी बात—विज्ञानसहित ज्ञान कह रहे थे। जब बीचमें ही आठवें अध्यायके आरम्भमें अर्जुनके प्रश्न करनेपर अपनी बात कहनेमें कुछ परिवर्तन हुआ तो भगवान्ने पुनः विज्ञानसहित ज्ञान कहनेके लिये नवाँ अध्याय आरम्भ किया और उसकी समाप्ति भगवत्परायणतामें की। फिर भी भगवान्के मनमें और कहनेका भाव रहा। वह अपने कथनपर सन्तोष नहीं हुआ। जैसे सच्चे भक्तको भगवान्की बात सुनते हुए तृप्ति नहीं होती

भी दसवें अध्यायके आरम्भमें फिर उसी विषयको कहनेकी प्रतिज्ञा करते हैं। चौदहवें अध्यायके आरम्भमें भगवान्‌ने 'परं भूय प्रवक्ष्यामि ज्ञानाना ज्ञानमुत्तमम्' कहा, और यहाँ (दसवें अध्यायके आरम्भमें) 'शृणु मे परम वच' कहा। इनका तात्पर्य है कि ज्ञानमार्गमें समझकी, विवेक-विचारकी मुख्यता रहती है, अत साधक वचनोंको सुन करके विचारपूर्वक तत्त्वको समझ लेता है। इस वास्ते वहाँ 'ज्ञानाना ज्ञानमुत्तमम्' कहा है। भक्तिमार्गमें श्रद्धा-विश्वासकी मुख्यता रहती है, अत साधक वचनोंको सुन करके श्रद्धा-विश्वासपूर्वक मान लेता है। इस वास्ते यहाँ 'परम वच' कहा है।

'यत्तेऽह प्रीयमाणाय वक्ष्यामि हितकाम्यया'—सुननेवाला वक्तामें श्रद्धा और प्रेम रखनेवाला हो, और वक्ताके भीतर सुननेवालेके प्रति कृपापूर्वक हित-भावना हो तो वक्ताके वचन, उसके द्वारा कहा हुआ विषय श्रोताके भीतर अटलरूपसे जम जाता है। इससे श्रोताकी भगवान्‌में स्वत रुचि पैदा हो जाती है, भक्ति हो जाती है, प्रेम हो जाता है।

यहाँ एक शङ्का हो सकती है कि भगवान्‌ने गीतामें जगह-जगह कामनाका निषेध किया है, फिर यहाँ 'हितकाम्यया' पदसे स्वय अपनेमें कामना क्यों रखते हैं? इसका समाधान यह है कि वास्तवमें अपने लिये भोग, सुख-आराम आदि चाहना ही 'कामना' है। दूसरोंके हितकी कामना 'कामना' है ही नहीं। दूसरोंके हितकी कामना तो त्याग है और अपनी कामनाको मिटानेका मुख्य साधन है। इस वास्ते भगवान्

बिको धारण करनेके लिये आदर्शरूपसे कह रहे हैं कि जैसे मैं हितकी कामनासे कहता हूँ, ऐसे ही मनुष्यमात्रको चाहिये कि वह प्राणिमात्रके हितकी कामनासे ही सबके साथ व्यवहार करे । इससे अपनी कामना मिट जायगी और कामना मिटनेपर मेरी प्राप्ति सुगमतासे हो जायगी । प्राणिमात्रके हितकी कामना रखनेवालेको मेरे सगुण स्वरूपकी प्राप्ति भी हो जाती है—'ते प्राप्नुवन्ति मामेव सर्वभूतहिते रताः' (गीता १२ । ४), और निर्गुण स्वरूपकी प्राप्ति भी हो जाती है—'लभन्ते ब्रह्मनिर्वाण सर्वभूतहिते रताः' (गीता ५ । २५) ।

सम्बन्ध—

परम वचनके विषयमें, जिसे मैं आगे कहूँगा, मेरे सिवाय पूरा-पूरा बतानेवाला अन्य कोई नहीं मिल सकता । इसका कारण क्या है ? इसे भगवान् अगले श्लोकमें बताते हैं ।

श्लोक—

न मे विदुः सुरगणाः प्रभवं न महर्षयः ।
अहमादिर्हि देवानां महर्षीणां च सर्वशः ॥ २ ॥

अर्थ—

मेरे प्रकट होनेको न देवता जानते हैं और न महर्षि, क्योंकि मैं सब प्रकारसे देवताओं और महर्षियोंका आदि अर्थात् महाकारण हूँ ।

व्याख्या—

'न मे विदुः सुरगणाः प्रभवं न महर्षयः'—यद्यपि देवताओंके शरीर, बुद्धि, लोक, सामग्री आदि सब दिव्य हैं, तथापि वे मेरे

प्रकट होनेको नहीं जानते। तात्पर्य है कि मेरा जो निश्वरूप प्रकट होना है, मत्स्य, कच्छप आदि अवतार-रूपसे प्रकट होना है सृष्टिमें क्रिया, भाव और विभूतिरूपसे प्रकट होना है, ऐसे मेरे प्रकट होनेके उद्देश्यको, लक्ष्यको, हेतुओंको देवता पूरा-पूरा नहीं जानते। मेरे प्रकट होनेको पूरा-पूरा जानना दूर रहा, उनको तो मेरे दर्शन भी बड़ी कठिनतासे होते हैं। इस वास्ते वे मेरे दर्शनके लिये हरदम लालायित रहते हैं (गी ११। ५२)।

ऐसे ही जिन महर्षियोंने अनेक ऋचाओंको, मन्त्रोंक विद्याओंको, विलक्षण विलक्षण शक्तियोंको प्रकट किया है, ज संसारसे ऊँचे उठे हुए हैं, जो दिव्य अनुभवसे युक्त हैं, जिनक लिये कुछ करना, जानना और पाना बाकी नहीं रहा है, ऐ तत्त्वज्ञ जीवन्मुक्त महर्षिलोग भी मेरे प्रकट होनेको अर्थात् मे अवतारोंको, अनेक प्रकारकी लीलाओंको, मेरे महत्त्वको पूरा-पू नहीं जानते।

यहाँ भगवान्‌ने देवता और महर्षि—इन दोनोंका ना लिया है। इसमें ऐसा मालूम देता है कि ऊँचे पदकी दृष्टि देवताका नाम और ज्ञानकी दृष्टिसे महर्षिका नाम लिया गया है। इ दोनोंका मेरे प्रकट होनेको न जाननेमें कारण यह है कि मैं देवता और महर्षियोंका सब प्रकारसे आदि हूँ—'अहमादिर्हि देवान महर्षीणां च सर्वशः'। उनमें जो कुछ बुद्धि है, शक्ति है, साम है, पद है, प्रभाव है, महत्ता है, वह सब उन्होंने मेरेसे ही प्रा

किया है। अतः मेरेसे प्राप्त किये हुए प्रभाव, शक्ति, सामर्थ्य आदिसे वे मेरेको पूरा कैसे जान सकते हैं? अर्थात् नहीं जान सकते। जैसे बालक जिस माँसे पैदा हुआ है, उस माँके विवाहको और अपने शरीरके पैदा होनेको नहीं जानता, ऐसे ही देवता और महर्षि मेरेसे ही प्रकट हुए हैं, अतः वे मेरे प्रकट होनेको अपने कारणको नहीं जानते। कार्य अपने कारणमें लीन तो हो सकता है, पर उसको जान नहीं सकता। ऐसे ही देवता और महर्षि मेरेसे उत्पन्न होनेसे, मेरा कार्य होनेसे कारणरूप मेरेको नहीं जान सकते, प्रत्युत मेरेमें लीन हो सकते हैं।

तात्पर्य यह हुआ कि देवता और महर्षि भगवान्‌के आदिको, अन्तको और वर्तमानकी इयत्ताको अर्थात् भगवान् ऐसे ही हैं, इतने ही अवतार लेते हैं—इस माप-तौलको नहीं जान सकते। कारण कि इन देवताओं और महर्षियोंके प्रकट होनेसे पहले भी भगवान् ज्यों-के-त्यों ही थे और उनके लीन होनेपर भी भगवान् ज्यों-के-त्यों ही रहेंगे। अतः जिनके शरीरोंका आदि और अन्त होता रहता है, वे देवता और महर्षि अनादि-अनन्तको अर्थात् असीम परमात्माको अपनी सीमित बुद्धि, योग्यता, सामर्थ्य आदिके द्वारा कैसे जान सकते हैं? असीमको अपनी सीमित बुद्धिके अन्तर्गत कैसे ला सकते हैं? अर्थात् नहीं ला सकते।

इसी अध्यायके चौदहवें श्लोकमें अर्जुनने भी भगवान्‌से कहा है कि आपको देवता और दानव नहीं जानते, क्योंकि देवताओंके पास भोग-सामग्रीकी और दानवोंके पास माया-शक्तिकी अधिकता है।

तात्पर्य है कि भोगोंमें लगे रहनेसे देवताओंको (मेरेको जाननेके लिये) समय ही नहीं मिलता, और माया-शक्तिसे छल-कपट करनेसे दानव मेरेको जान ही नहीं सकते।

सम्बन्ध—

पूर्वश्लोकमें कहा गया कि देवता और महर्षिलोग भी भगवान्‌के प्रकट होनेको सर्वथा नहीं जान सकते, तो फिर मनुष्य भगवान्‌को कैसे जानेगा और उसका कल्याण कैसे होगा? इसका उपाय अगले श्लोकमें बताते हैं।

श्लोक—

यो मामजमनादिं च वेत्ति लोकमहेश्वरम्।
असम्मूढः स मर्त्येषु सर्वपापैः प्रमुच्यते॥ ३॥

अर्थ—

जो मनुष्य मेरेको अजन्मा, अनादि और सम्पूर्ण लोकोंका महान् ईश्वर जानता है अर्थात् दृढ़तासे मानता है, वह मनुष्योंमें असम्मूढ (जानकार) है और वह सम्पूर्ण पापोंसे मुक्त हो जाता है।

व्याख्या—

'यो मामजमनादिं च वेत्ति लोकमहेश्वरम्'—पिछले श्लोकमें भगवान्‌के प्रकट होनेको जाननेका विषय बताया है। इस विषयको तो मनुष्य भी नहीं जानता, पर जितना जाननेसे मनुष्य अपना कल्याण कर ले, उतना तो वह जान ही सकता है। वह जानना अर्थात् मानना यह है कि भगवान् अज अर्थात् जन्मरहित

हैं। वे अनादि हैं अर्थात् यह जो काल कहा जाता है, जिसमें आदि-अनादि शब्दोंका प्रयोग होता है, भगवान् उस कालके भी काल हैं। उन कालातीत भगवान्में कालका भी आदि और अन्त हो जाता है। भगवान् सम्पूर्ण लोकोंके महान् ईश्वर हैं अर्थात् स्वर्ग, पृथ्वी और पातालरूप जो त्रिलोकी है तथा उस त्रिलोकीमें जितने प्राणी हैं और उन प्राणियोंपर शासन करनेवाले (अलग-अलग अधिकार-प्राप्त) जितने ईश्वर (मालिक) हैं, उन सब ईश्वरोंके भी महान् ईश्वर भगवान् हैं। इस प्रकार जाननेसे अर्थात् श्रद्धा-विश्वासपूर्वक दृढतासे माननेसे मनुष्यको भगवान्के अज, अविनाशी और लोकमहेश्वर होनेमें कभी किञ्चिन्मात्र भी सन्देह नहीं होता।

'असम्मूढः स मर्त्येषु सर्वपापैः प्रमुच्यते'—भगवान्को अज, अविनाशी और लोकमहेश्वर जाननेसे मनुष्य पापोंसे मुक्त कैसे होगा? भगवान् जन्मरहित हैं, नाशरहित हैं अर्थात् उनमें कभी किञ्चिन्मात्र भी परिवर्तन नहीं होता। वे अजन्मा तथा अविनाशी रहते हुए ही सबके महान् ईश्वर हैं। वे सब देशमें रहनेके नाते यहाँ भी हैं, सब समयमें होनेके नाते अभी भी हैं सबके होनेके नाते मेरे भी हैं, और सबके मालिक होनेके नाते मेरे अकेलेके भी मालिक हैं—इस प्रकार दृढतासे मान ले। इसमें सन्देहकी गन्ध भी न रहे। साथ-ही-साथ, यह जो क्षणभंगुर संसार है, जिसका प्रतिक्षण परिवर्तन हो रहा है और जिसको जिस क्षणमें जिस रूपमें देखा है, उसको दूसरे क्षणमें उस रूपमें दुबारा कोई भी देख

नहीं सकता, क्योंकि वह दूसरे क्षण वैसा रहता ही नहीं—इ
प्रकार संसारको यथार्थरूपसे जान ले। जिसने अपनेसहित सा
संसारके मालिक भगवान्को दृढ़तासे मान लिया है और संसारकी क्षण
भङ्गुरताको तत्त्वसे ठीक जान लिया है, उसका संसारमें 'मैं' औ
'मेरा'-पन रह ही नहीं सकता, प्रत्युत एकमात्र भगवान्में ह
अपनापन हो जाता है। तो फिर वह पापोंसे मुक्त नहीं होगा
तो और क्या होगा? ऐसा मूढ़तारहित मनुष्य ही भगवान्क
तत्त्वसे अज, अविनाशी और लोकमहेश्वर जानता है और वह
सब पापोंसे मुक्त हो जाता है। उसके क्रियमाण, सञ्चित आदि
सम्पूर्ण कर्म नष्ट हो जाते हैं। मनुष्यको इस वास्तविकता
अनुभव करनेकी आवश्यकता है, केवल तोतेकी तरह सीखनेक
नहीं। तोतेकी तरह सीखा हुआ ज्ञान पूरा काम नहीं देता।

असम्मूढ़ता क्या है? संसार (शरीर) किसीके भी साथ कभ
रह नहीं सकता तथा कोई भी संसारके साथ कभी रह नहीं सकत
और परमात्मा किसीसे भी कभी अलग हो नहीं सकते और को
भी परमात्मासे कभी अलग हो नहीं सकता—यह वास्तविकता है
इस वास्तविकताको न जानना ही सम्मूढ़ता है, और इसको यथार्थ
जानना ही असम्मूढ़ता है। यह असम्मूढ़ता जिसमें रहती है, वह
मनुष्य असम्मूढ़ कहा जाता है। ऐसा असम्मूढ़ पुरुष मेरे सगुण-
निर्गुण, साकार-निराकार-रूपको तत्त्वसे जान लेता है, तो उसे मेरी
लीला, रहस्य, प्रभाव, ऐश्वर्य आदिमें किञ्चिन्मात्र भी सन्देह नहीं
रहता।

सम्बन्ध—

पूर्वश्लोकमें भगवान्‌ने यह कहा कि जो मेरेको लोकमहेश्वर ानता है, वह सम्पूर्ण पापोंसे मुक्त हो जाता है। अब उस ोकमहेश्वरके प्रभावका वर्णन करनेके लिये अगले तीन श्लोक हते हैं।

श्लोक—

बुद्धिर्ज्ञानमसम्मोह क्षमा सत्यं दम शम।
सुख दु ख भवोऽभावो भय चाभयमेव च ॥ ४ ॥
अहिंसा समता तुष्टिस्तपो दानं यशोऽयश ।
भवन्ति भावा भूताना मत्त एव पृथग्विधा ॥ ५ ॥

अर्थ—

बुद्धि, ज्ञान, असम्मोह, क्षमा, सत्य, दम, शम, सुख, दु ख, ान, अभाव, भय, अभय, अहिंसा, समता, तुष्टि, तप, दान, यश और अपयश—प्राणियोंके ये अनेक प्रकारके और अलग-अलग बीस ाव मेरेसे ही होते हैं।

व्याख्या—

'बुद्धि'—उद्देश्यको लेकर निश्चय करनेवाली वृत्तिका नाम बुद्धि' है।

'ज्ञानम्'—सार-असार, ग्राह्य-अग्राह्य, नित्य-अनित्य, सत्-असत्, उचित-अनुचित, कर्तव्य-अकर्तव्य—ऐसा जो विवेक अर्थात् अलग-अलग जानकारी है, उसका नाम 'ज्ञान' है। यह ज्ञान (विवेक) मानवमात्रको भगवान्‌से मिला है।

'असम्मोह'—शरीर और संसारको उत्पत्ति-विनाशशील जानते हुए भी उनमें 'मैं' और 'मेरा'-पन करनेका नाम सम्मोह है, और इसके न होनेका नाम 'असम्मोह' है।

'क्षमा'—कोई हमारे प्रति कितना ही बड़ा अपराध करे, अपनेमें सामर्थ्य रहते हुए भी उसे सह लेना और उस अपराधीको अपनी तरफसे, ईश्वरकी तरफसे, यहाँ और परलोकमें कहीं भी दण्ड न मिले—ऐसा विचार करनेका नाम 'क्षमा' है।

'सत्यम्'—सत्यस्वरूप परमात्माकी प्राप्तिके लिये सत्यभाषण करना अर्थात् जैसा सुना, देखा और समझा है, उसीके अनुसार अपने स्वार्थ और अभिमानका त्याग करके दूसरोंके हितके लिये न ज्यादा, न कम—वैसा-का-वैसा कह देनेका नाम 'सत्य' है।

'दम शम'—परमात्मप्राप्तिका उद्देश्य रखते हुए इन्द्रियोंको अपने-अपने विषयोंसे हटाकर अपने वशमें करनेका नाम 'दम' है और मनको सांसारिक भोगोंके चिन्तनसे हटानेका नाम 'शम' है।

'सुखं दुःखम्'—शरीर, मन, इन्द्रियोंके अनुकूल परिस्थितिके प्राप्त होनेपर हृदयमें जो प्रसन्नता होती है, उसका नाम 'सुख' है और प्रतिकूल परिस्थितिके प्राप्त होनेपर हृदयमें जो अप्रसन्नता होती है, उसका नाम 'दुःख' है।

'भवोऽभाव'—सांसारिक वस्तु, व्यक्ति, घटना, परिस्थिति, भाव आदिके उत्पन्न होनेका नाम 'भव' है और इन सबके लीन होनेका नाम 'अभाव' है।

'भयं च अभयम् एव च'—अपने आचरण, भाव आदि शास्त्र और लोक-मर्यादाके विरुद्ध होनेसे अन्तःकरणमें अपना अनिष्ट होनेकी जो एक आशङ्का होती है, उसको 'भय' कहते हैं। मनुष्यके आचरण, भाव आदि अच्छे हैं, वह किसीको कष्ट नहीं पहुँचाता, शास्त्र और सन्तोंके सिद्धान्तसे विरुद्ध कोई आचरण नहीं करता, तो उसके हृदयमें अपना अनिष्ट होनेकी आशङ्का नहीं रहती अर्थात् उसको किसीसे भय नहीं होता। इसीको 'अभय' कहते हैं।

'अहिंसा'—अपने तन, मन, वाणीसे किसी भी देश, काल, परिस्थिति आदिमें किसी भी प्राणीको किञ्चिन्मात्र भी दुःख न देनेका नाम 'अहिंसा' है।

'समता'—तरह-तरहकी अनुकूल और प्रतिकूल वस्तु, व्यक्ति, घटना, परिस्थिति आदिके प्राप्त होनेपर भी अपने अन्तःकरणमें कोई विषमता न आनेका नाम 'समता' है।

'तुष्टि'—आवश्यकता ज्यादा रहनेपर भी कम मिले तो उसमें संतोष करना तथा और मिले—ऐसी इच्छाका न रहना 'तुष्टि' है। तात्पर्य है कि मिले अथवा न मिले, कम मिले अथवा ज्यादा मिले आदि हर हालतमें प्रसन्न रहना 'तुष्टि' है।

'तपः'—अपने कर्तव्यका पालन करते हुए जो कुछ कष्ट आ जाय, प्रतिकूल परिस्थिति आ जाय, उन सबको प्रसन्नतापूर्वक सहनेका नाम 'तप' है। एकादशी व्रत आदिका नाम भी तप है।

'दानम्'—प्रत्युपकार और फलकी किञ्चिन्मात्र भी इच्छा न

रखकर प्रसन्नतापूर्वक अपनी कमाईका हिस्सा सत्पात्रको देनेका नाम 'दान' है* ।

'यशोऽयश'—मनुष्यके अच्छे आचरणों, भावों और गुणोंको लेकर संसारमें जो नामकी प्रसिद्धि, प्रशंसा आदि होते हैं, उनका नाम 'यश' है। मनुष्यके बुरे आचरणों, भावों और गुणोंको लेकर संसारमें जो नामकी निन्दा होती है, उसको 'अयश' (अपयश) कहते हैं।

'भवन्ति भावा भूतानां मत्त एव पृथग्विधाः'—प्राणियोंके ये पृथक्-पृथक् और अनेक तरहके भाव मेरेसे ही होते हैं अर्थात् उन सबको सत्ता, स्फूर्ति, शक्ति, आधार और प्रकाश मुझ लोकमहेश्वरसे ही मिलता है। तात्पर्य है कि तत्त्वसे सबके मूलमें मैं ही हूँ।

यहाँ 'मत्त' पदसे भगवान्‌का योग, सामर्थ्य, प्रभाव और 'पृथग्विधा' पदसे अनेक प्रकारकी अलग-अलग विभूतियाँ जाननी चाहिये।

संसारमें जो कुछ विहित हो रहा है, निषिद्ध हो रहा है, शुभ हो रहा है, अशुभ हो रहा है, और संसारमें जितने सद्भाव तथा दुर्भाव हैं, वह सब-की-सब भगवान्‌की लीला है—इस प्रकार भक्त भगवान्‌को तत्त्वसे समझ लेता है तो उसका भगवान्‌में अविकम्प (अविचल) योग हो जाता है (गीता १० । ७) ।

* दातव्यमिति यद्दानं दीयतेऽनुपकारिणे ।

यहाँ प्राणियोंके जो बीस भाव बताये गये हैं, उनमें बारह भाव तो एक-एक हैं और वे सभी अन्तःकरणमें उत्पन्न होनेवाले हैं, और भयके साथ आया हुआ अभय भी अन्तःकरणमें पैदा होनेवाला भाव है तथा बचे हुए सात भाव परस्परविरोधी हैं। उनमेंसे भव (उत्पत्ति), अभाव, यश और अयश—ये चार तो प्राणियोंके पूर्वकृत कर्मोंके फल हैं और सुख, दुःख तथा भय—ये तीन मूर्खताके फल हैं। इस मूर्खताको मनुष्य मिटा सकता है।

यहाँ प्राणियोंके बीस भावोंको अपनेसे पैदा हुए और अपनी विभूति बतानेमें भगवान्‌का तात्पर्य है कि इन सबके मूलमें मैं ही हूँ, ये सभी मेरेसे ही होते हैं और मेरेसे ही सत्ता-स्फूर्ति पाते हैं। सातवें अध्यायके बारहवें श्लोकमें भी भगवान्‌ने 'मत्त एव' पदोंसे बताया है कि सात्त्विक, राजस और तामस भाव मेरेसे ही होते हैं अर्थात् उनके मूलमें मैं ही हूँ, वे मेरेसे ही होते हैं और मेरेसे ही सत्ता-स्फूर्ति पाते हैं।

आगे इसी अध्यायके सातवें श्लोकमें इसको जाननेका फल बताते हैं कि जो इसको तत्त्वसे जानता है, उसकी मेरेमें दृढ भक्ति हो जाती है। अब यहाँ भी भगवान्‌का आशय साधककी दृष्टि विभूतियोंके मूल तत्त्वकी तरफ करानेमें ही है।

विशेष बात

साधक संसारको कैसे देखे? ऐसे देखे कि संसारमें जो कुछ क्रिया, पदार्थ, घटना आदि है, वह सब भगवान्‌का रूप है। चाहे

उत्पत्ति हो, चाहे प्रलय हो, चाहे अनुकूलता हो, चाहे प्रतिकूलता हो, चाहे अमृत हो, चाहे मृत्यु हो, चाहे स्वर्ग हो, चाहे नरक हो, यह सब भगवान्‌की लीला है। भगवान्‌की लीला मे बालकाण्ड भी है, अयोध्याकाण्ड भी है, अरण्यकाण्ड भी है और लङ्काकाण्ड भी है। पुरियोंमें देखा जाय तो अयोध्यापुरीमें भगवान्‌का प्राकट्य है, राजा, रानी और प्रजाका वात्सल्यभाव है। जनकपुरीमें राजा जनक, महारानी सुनयना और प्रजाके रामजीके प्रति विलक्षण विलक्षण भाव हैं। वे रामजीको दामादरूपसे खिलाते हैं, खेलते हैं, विनोद करते हैं। वनमें (अरण्यकाण्डमें) भक्तोंका मिलना भी है और राक्षसोंका मिलना भी। लङ्कापुरीमें युद्ध होता है, मार-काट होती है, खूनकी नदियाँ बहती हैं। इस तरह अलग-अलग पुरियोंमें अलग-अलग काण्डोंमें भगवान्‌की तरह-तरहकी लीला होती है। परन्तु तरह-तरहकी लीला होते हुए भी रामायण एक है, और ये सभी लीलाएँ एक ही रामायणके अङ्ग हैं, तथा इन अङ्गोसे रामायण साङ्गोपाङ्ग है। ऐसे ही ससार में प्राणियोंके तरह-तरहके भाव हैं, क्रियाएँ हैं। कहींपर कोई हँस रहा है तो कहींपर कोई रो रहा है, कहींपर विद्वद्गोष्ठी हो रही है तो कहींपर आपसमे लड़ाई हो रही है, कोई जन्म रहा है तो कोई मर रहा है आदि-आदि जो विविध भौतिकी चेष्टाएँ हो रही हैं, यह सब भगवान्‌की लीला है। ये लीला करनेवाले सब भगवान्‌के रूप हैं। इस प्रकार भक्तकी दृष्टि हरदम भगवान्‌पर ही रहनी चाहिये, क्योंकि इन सबके मूलमें एक परमात्मतत्त्व ही है।

सम्बन्ध—

पूर्वश्लोकोंमें भगवान्‌ने प्राणियोंके भाव-रूपसे बीस विभूतियाँ बतायीं। अब अगले श्लोकमें व्यक्ति-रूपसे पचास विभूतियाँ बता रहे हैं, जो कि प्राणियोंमें विशेष प्रभावशाली और जगत्‌के कारण हैं।

श्लोक—

महर्षयः सप्त पूर्वे चत्वारो मनवस्तथा।
मद्भावा मानसा जाता येषां लोक इमाः प्रजाः ॥ ६ ॥

अर्थ—

सात महर्षि और उनसे भी पूर्वमें होनेवाले चार सनकादि तथा चौदह मनु—ये सब-के-सब मेरे मनसे पैदा हुए हैं और मेरेमें भाव (श्रद्धा-भक्ति) रखनेवाले हैं, जिनकी कि संसारमें यह सम्पूर्ण प्रजा है।

व्याख्या—

'महर्षयः सप्त'—जो दीर्घ आयुवाले, मन्त्रोंको प्रकट करनेवाले, ऐश्वर्यवान्, दिव्य, दृष्टिवाले, गुण, विद्या आदिसे वृद्ध, धर्मका साक्षात् करनेवाले, और गोत्रोंके प्रवर्तक हैं—ऐसे सातों गुणोंसे युक्त ऋषि सप्तर्षि कहे जाते हैं*। मरीचि, अङ्गिरा, अत्रि, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु और वसिष्ठ—ये सातों ऋषि सातों ही गुणोंसे युक्त हैं। ये सातों ही वेदवेत्ता हैं, वेदोंके आचार्य माने गये हैं, प्रवृत्ति-धर्मका संचालन

---

* सप्तैते सप्तभिश्चैव गुणैः सप्तर्षयः स्मृताः ॥
दीर्घायुषो मन्त्रकृत ईश्वरा दिव्यचक्षुषः ।
वृद्धाः प्रत्यक्षधर्माणो गोत्रप्रवर्तकाश्च ये ॥
(वायुपुराण ६१ । ९३-९४)

करनेवाले हैं और प्रजापतिके कार्यमें नियुक्त किये गये हैं*। इन सात ऋषियोंको यहाँ 'महर्षि' कहा गया है।

'पूर्वे चत्वारः'—सनक, सनन्दन, सनातन और सनत्कुमार—ये चारों ही ब्रह्माजीके तप करनेपर सबसे पहले प्रकट हुए हैं। ये चारों भगवत्स्वरूप हैं। सबसे पहले प्रकट होनेपर भी ये चारों सदा पाँच वर्षकी अवस्थावाले बालकरूपमें ही रहते हैं। ये तीनों लोकोंमें भक्ति, ज्ञान और वैराग्यका प्रचार करते हुए घूमते रहते हैं। इनकी वाणीसे सदा 'हरि शरणम्' का उच्चारण होता रहता है†। ये भगवत्कथाके बहुत प्रेमी हैं। इस वास्ते इन चारोंमेंसे एक वक्ता और तीन श्रोता बनकर भगवत्कथा करते और सुनते रहते हैं।

'मनवस्तथा'—ब्रह्माजीके एक दिन (कल्प) में चौदह मनु होते हैं। ब्रह्माजीके वर्तमान कल्पके स्वायम्भुव, स्वारोचिष, उत्तम, तामस, रैवत, चाक्षुष, वैवस्वत, सावर्णि, दक्षसावर्णि, ब्रह्मसावर्णि, धर्मसावर्णि, रुद्रसावर्णि, देवसावर्णि और इन्द्रसावर्णि नामवाले चौदह

---

* मरीचिरङ्गिराश्चात्रिः पुलस्त्यः पुलहः क्रतुः।
वसिष्ठ इति सप्तैते मानसा निर्मिता हि ते॥
एते वेदविदो मुख्या वेदाचार्याश्च कल्पिताः।
प्रवृत्तिधर्मिणश्चैव प्राजापत्ये च कल्पिताः॥
(महा० शान्ति० ३४० । ६९-७०)

† हरिः शरणमेवं हि नित्यं येषां मुखे वचः।
(पद्मपुराणोक्त श्रीमद्भागवत-माहात्म्य २ । ४८)

मनु हैं* । ये सभी ब्रह्माजीकी आज्ञासे सृष्टिके उत्पादक और प्रवर्तक हैं।

'मानसा जाता'—मात्र सृष्टि भगवान्‌के सकल्पसे पैदा होती है। परन्तु यहाँ सप्तर्षि आदिको भगवान्‌के मनसे पैदा हुआ कहा है। इसका कारण यह है कि सृष्टिका विस्तार करनेवाले होनेसे सृष्टिमें इनकी प्रधानता है। इस वास्ते यहाँ इनका नाम लिया गया है। दूसरा कारण यह है कि ये सभी ब्रह्माजीके मनसे अर्थात् सकल्पसे पैदा हुए हैं। स्वय भगवान् ही सृष्टि-रचनाके लिये ब्रह्मारूपसे प्रकट हुए हैं। इस वास्ते सात महर्षि, चार सनकादि और चौदह मनु—इन पचीसोको ब्रह्माजीके मानस पुत्र कहें अथवा भगवान्‌के मानस पुत्र कहें, एक ही बात है।

'मद्भावा'—ये सभी मेरेमें ही भाव—श्रद्धा-प्रेम रखनेवाले हैं।

'येषा लोकमिमा प्रजा'—ससारमें दो तरहकी प्रजा है—स्त्री-पुरुषके सयोगसे उत्पन्न होनेवाली और शब्दसे (दीक्षा, मन्त्र आदिसे) उत्पन्न होनेवाली। सयोगसे उत्पन्न होनेवाली प्रजा 'बिन्दुज' कहलाती है और शब्दसे उत्पन्न होनेवाली प्रजा 'नादज'

* (श्रीमद्भागवतके आठवें स्कन्धके पहले, पाँचवें और तेरहवें अध्यायमें इनका विस्तारसे वर्णन आया है।)

ब्रह्माजीका एक दिन एक हजार चतुर्युगीका होता है। उसमें एक मनुका राज्य इकहत्तर चतुर्युगीसे कुछ ज्यादा समयका माना गया है। इस समय ब्रह्माजीकी आयुका इक्यावनवाँ वर्ष चल रहा है, और इसमें सातवें मनु 'वैवस्वत' का राज्य चल रहा है।

कहलाती है। बिन्दुज प्रजा पुत्र-परम्परासे और नादज प्रजा शिष्य परम्परासे चलती है।

सनकादिकोंकी प्रजा 'नादज' है। निवृत्तिपरायण होनेवाले जितने सन्त-महापुरुष पहले हुए हैं, अभी हैं और आगे होंगे, वे सब उपलक्षणसे उनकी ही 'नादज' प्रजा हैं।

सम्बन्ध—

चौथेसे छठे श्लोकतक प्राणियोंके भावों तथा व्यक्तियोंके रूपमें अपनी विभूतियोंका और अपने योग-प्रभावका वर्णन करके अब भगवान् अगले श्लोकमें उनको तत्त्वसे जाननेका फल बताते हैं।

श्लोक—

एतां विभूतिं योगं च मम यो वेत्ति तत्त्वतः।
सोऽविकम्पेन योगेन युज्यते नात्र संशयः ॥ ७ ॥

अर्थ—

जो मनुष्य मेरी इस विभूतिको और योगको तत्त्वसे जानता अर्थात् मानता है, वह अविचल भक्तियोगसे युक्त हो जाता है, इसमें कुछ भी संशय नहीं है।

व्याख्या—

'एतां विभूतिं योगं* च मम'—'एताम्' सर्वनाम अत्यन्त

---

* यहाँ जो 'योग' शब्द आया है, वह 'युज् संयमने' धातुसे बना हुआ है, क्योंकि सम्पूर्ण संसारका संयमन भगवान् ही करते हैं। ऐसे तो यमराज भी प्राणियोंके पाप पुण्योंके अनुसार उनका संयमन करता है, परन्तु वह तो एक मृत्युलोकके प्राणियोंका ही संयमन करता है, जबकि

नजदीकका लक्ष्य कराता है। यहाँ यह शब्द चौथेसे छठे श्लोकतक कही हुई विभूति और योगका लक्ष्य कराता है।

'विभूति' नाम भगवान्‌के ऐश्वर्यका है और 'योग' नाम भगवान्‌की अलौकिक विलक्षण शक्ति, अनन्त सामर्थ्यका है। तात्पर्य यह हुआ कि भगवान्‌की शक्तिका नाम 'योग' है और उस योगसे प्रकट होनेवाली विशेषताओंका नाम 'विभूति' है। चौथेसे छठे श्लोकतक कही हुई भाव और व्यक्तिके रूपमें जितनी विभूतियाँ हैं, वे तो भगवान्‌के सामर्थ्यसे, प्रभावसे प्रकट हुई विशेषताएँ हैं, और 'मेरेसे पैदा होते हैं' (**'मत्त'**, **'मानसा जाता'**)—यह भगवान्‌का योग है, प्रभाव है। इसीको नवें अध्यायके पाँचवें श्लोकमें **'पश्य मे योगमैश्वरम्'** (मेरे इस ईश्वरीय योगको देख) पदोंसे कहा गया है*। ऐसे ही आगे ग्यारहवें अध्यायके आठवें श्लोकमें

भगवान् अनन्त ब्रह्माण्डोंका तथा उनमें अलग-अलग नियुक्त किये हुए यमराजोंका भी संयमन करते हैं। इस संयमन करनेकी शक्तिका नाम ही यहाँ योग है, सामर्थ्य है, प्रभाव है और यह योग सामर्थ्य, प्रभाव केवल भगवान्‌में ही होता है। ऐसा योग जीवन्मुक्त महापुरुषोंमें और योगियोंमें भी नहीं होता, तो फिर सामान्य जीवोंमें तो हो ही कैसे सकता है? यह तो केवल भगवान्‌में ही है।

* मया ततमिदं सर्वं जगदव्यक्तमूर्तिना।
मत्स्थानि सर्वभूतानि न चाहं तेष्ववस्थितः॥
न च मत्स्थानि भूतानि पश्य मे योगमैश्वरम्।
भूतभृन्न च भूतस्थो ममात्मा भूतभावनः॥
(गीता ९। ४-५)

—मैं संसारमें हूँ और संसार मेरेमें है, तथा मैं संसारमें नहीं हूँ और संसार मेरेमें नहीं है अर्थात् संसाररूपसे केवल मैं ही मैं हूँ, मेरे इस ईश्वरीय योगको देख।

भगवान्‌पर ही जानी चाहिये कि उसमें जो कुछ विशेषता है, वह भगवान्‌की ही है, वस्तु, व्यक्ति, क्रिया आदिकी नहीं।

संसारमें क्रिया और पदार्थ निरन्तर परिवर्तनशील हैं। इनमें जो कोई विशेषता दीखती है, वह स्थायीरूपसे व्यापक परमात्माकी ही है। जहाँ-जहाँ विलक्षणता, अलौकिकता आदि दीखे, वहाँ-वहाँ वस्तु, व्यक्ति आदिकी ही विलक्षणता माननेसे मनुष्य उसीमें उलझ जाता है और मिलता कुछ नहीं। कारण कि वस्तुओंमें जो विलक्षणता दीखती है, वह उस अपरिवर्तनशील परमात्मतत्त्वकी ही झलक है, परिवर्तनशील वस्तुकी नहीं। इस प्रकार उस मूल तत्त्वकी तरफ दृष्टि जाना ही उसे तत्त्वसे जानना—मानना है।

यहाँ जो विभूतियोंका वर्णन किया गया है, इसका तात्पर्य इनमें परिपूर्णरूपसे व्यापक परमात्माके ऐश्वर्यसे है। विभूतियोंके रूपमें प्रकट होनेवाला ऐश्वर्यमात्र परमात्माका है। वह ऐश्वर्य प्रकट हुआ है परमात्माकी योगशक्तिसे। इसलिये जिस किसीमें जहाँ-कहीं विलक्षणता दिखायी दे, वह विलक्षणता भगवान्‌की योगशक्तिसे प्रकट हुए ऐश्वर्य-(विभूति-) की है, न कि उस वस्तुकी। इस प्रकार योग और विभूति परमात्माकी हुई, तथा उस योग और विभूतिको तत्त्वसे जाननेका तात्पर्य यह हुआ कि उसमें वैलक्षण्य परमात्माका है। अतः उपासकी दृष्टि केवल उस परमात्माकी तरफ ही जानी चाहिये। यही इनको तत्त्वसे जानना अर्थात् मानना है। *

* भक्तिका प्रकरण होनेसे यहाँ 'तत्त्वतः वेत्ति' (तत्त्वतः जानना) अर्थ 'तत्त्वतः मानना' ही लेना चाहिये। कारण कि यहाँ, भगवान्‌ने

'*सोऽविकम्पेन योगेन युज्यते*'—उसकी मेरेमें दृढ़ भक्ति हो जाती है। दृढ़ कहनेका तात्पर्य है कि उसकी मेरे सिवाय कहीं भी, किञ्चित् भी महत्त्वबुद्धि नहीं होती। अत उसका आकर्षण दूसरेमें न होकर एक मेरेमे ही होता है।

'*नात्र सशय*'—इसमे कोई सन्देहकी बात नहीं—ऐसा कहनेका तात्पर्य है कि अगर उसको कहीं भी, किञ्चिन्मात्र भी सन्देह होता है तो उसने मेरेको तत्त्वसे नहीं माना है। कारण कि उसने मेरे योगको अर्थात् विलक्षण प्रभावको और उसमे उत्पन्न होनेवाली विभूतियोंको (ऐश्वर्यको) मेरेसे अलग मानकर महत्त्व दिया है।

'तत्त्वत वेत्ति' का फल अपनेमें दृढ भक्ति होना बताया है, और अगले श्लोकमें भी 'ससारमात्रका मूल कारण मैं ही हूँ और सब ससार मेरेमे ही चेष्टा करता है, ऐसा मानकर (इति मत्वा) भजन करनेकी बात कही है।

जैसे जानना दृढ होता है, ऐसे ही मानना भी दृढ होता है अर्थात् दृढ़ मान्यता तत्त्वज्ञानकी तरह ही फल देती है। जैसे, 'मैं हिन्दू हूँ', 'मैं अमुक वर्णवाला हूँ' आदि मान्यताओंको जबतक स्वय नहीं छोड़ता, तबतक ये मान्यताएँ छूटती नहीं। इसी तरह 'इन सब विभूतियोंके मूलमे भगवान् ही हैं', यह मान्यता कभी मिटती नहीं। वर्ण, सम्प्रदाय आदिकी मान्यता सच्ची नहीं है, प्रत्युत शरीरको लेकर होनेसे प्रातिस्विक है और मिटनेवाली है। परन्तु 'सबके मूलमे परमात्मा है' यह मान्यता सच्ची है, वास्तविक है। इस वास्ते यह मान्यता कभी मिटती नहीं, प्रत्युत ज्ञान (तत्त्वसे जानना) में परिणत होकर ज्ञानस्वरूप हो जाता है।

मेरेको तत्त्वसे जान लेनेके बाद उसके सामने लौकिक दृष्टिसे किसी तरहकी विलक्षणता आ जाय, तो वह उसपर प्रभाव नहीं डाल सकेगी। उसकी दृष्टि उस विलक्षणताकी तरफ न जाकर मेरी तरफ ही जायगी। इस वास्ते उसकी मेरेमें स्वाभाविक ही दृढ भक्ति होती है।

सम्बन्ध—

पूर्वश्लोकमें भगवान्‌ने बताया कि मेरी विभूति और योगको तत्त्वसे जाननेवाला अविचल भक्तिसे युक्त हो जाता है। अतः विभूति और योगको तत्त्वसे जानना क्या है? इसका विवेचन अगले श्लोकमें करते हैं।

श्लोक—

अहं सर्वस्य प्रभवो मत्तः सर्वं प्रवर्तते।
इति मत्वा भजन्ते मां बुधा भावसमन्विताः॥ ८॥

अर्थ—

मैं संसारमात्रका प्रभव अर्थात् मूल कारण हूँ, और मेरेसे ही सारा संसार प्रवृत्त हो रहा है अर्थात् चेष्टा कर रहा है—ऐसा मेरेको मानकर मेरेमें ही श्रद्धा-प्रेम रखते हुए बुद्धिमान् भक्त मेरा ही भजन करते हैं—सब प्रकारसे मेरे ही शरण होते हैं।

व्याख्या—

[पिछले श्लोककी बात ही इस श्लोकमें कही है। 'अहं सर्वस्य प्रभवः' में 'सर्वस्य' भगवान्‌की विभूति है अर्थात् सुनने, समझनेमें जो कुछ आ रहा है, वह सब-की-सब

भगवान्‌की विभूति ही है। 'मत्तः सर्वं प्रवर्तते' में 'मत्तः' भगवान्‌का योग है, प्रभाव है, जिससे सभी विभूतियाँ प्रकट होती हैं। सातवें, आठवें और नवें अध्यायमें जो कुछ कहा गया है, वह सब-का-सब इस श्लोकके पूर्वार्धमें आ गया है।]

'अहं सर्वस्य प्रभवः'—मानस, नादज, बिन्दुज, उद्भिज्ज, जरायुज, अण्डज, स्वेदज अर्थात् जड-चेतन, स्थावर-जङ्गम यावन्मात्र जितने प्राणी पैदा होते हैं, उन सबकी उत्पत्तिके मूलमें परमपिता परमेश्वरके रूपमें मैं ही हूँ*।

यहाँ 'प्रभव' का तात्पर्य है कि मैं सबका 'अभिन्ननिमित्तोपादान-कारण' हूँ अर्थात् स्वयं मैं ही सृष्टिरूपसे प्रकट हुआ हूँ।

'मत्तः सर्वं प्रवर्तते'—संसारमें उत्पत्ति, स्थिति, प्रलय, पालन, संरक्षण आदि जितनी भी चेष्टाएँ होती हैं, जितने भी कार्य होते हैं, वे सब मेरेसे ही होते हैं। मूलमें उनको सत्ता-स्फूर्ति आदि जो कुछ मिलता है, वह सब मेरेसे ही मिलता है। जैसे बिजलीकी शक्तिसे सब कार्य होते हैं, ऐसे ही संसारमें जितनी क्रियाएँ होती हैं, उन सबका मूल कारण मैं ही हूँ।

'अहं सर्वस्य प्रभवो मत्तः सर्वं प्रवर्तते'—कहनेका तात्पर्य है कि साधककी दृष्टि प्राणिमात्रके भाव, आचरण, क्रिया आदि-

* जैसे सातवें अध्यायके छठे श्लोकमें भगवान्‌ने अपनेको अपरा और परा प्रकृतिका कारण बताया है और चौदहवें अध्यायके चौथे श्लोकमें अपनेको बीज प्रदान करनेवाला पिता बताया है, वैसे ही यहाँ भगवान्‌ने अपनेको सबका उत्पादक बताया है।

की तरफ न जाकर इन सबके मूलमें स्थित भगवान्‌की तरफ ही जानी चाहिये । कार्य, कारण, भाव, क्रिया, वस्तु, पदार्थ, व्यक्ति आदिके मूलमें जो तत्त्व है, उसकी तरफ ही भक्तोंकी दृष्टि रहनी चाहिये ।

सातवें अध्यायके सातवें तथा बारहवें श्लोकमें और दसवें अध्यायके पाँचवें और इस (आठवें) श्लोकमें 'मत्त' पद बार-बार कहनेका तात्पर्य है कि ये भाव, क्रिया, व्यक्तियाँ आदि सब भगवान्‌से ही पैदा होते हैं, भगवान्‌में ही स्थित रहते हैं और भगवान्‌में ही लीन हो जाते हैं। इस वास्ते तत्त्वसे सब कुछ भगवत्स्वरूप ही है—इस बातको जान लें अथवा मान लें तो भगवान्‌के साथ अविकम्प (कभी विचलित न किया जानेवाला) योग अर्थात् सम्बन्ध हो जायगा ।

यहाँ 'सर्वस्य' और 'सर्वम्'—दो बार 'सर्व' पद देनेका तात्पर्य है कि भगवान्‌के सिवाय इस सृष्टिका न कोई उत्पादक है और न कोई संचालक है । इस सृष्टिके उत्पादक और संचालक केवल भगवान् ही हैं ।

'इति मत्वा भावसमन्विता'—भगवान्‌से ही सब संसार-की उत्पत्ति होती है और सारे संसारको सत्ता-स्फूर्ति भगवान्‌से ही मिलती है अर्थात् स्थूल, सूक्ष्म और कारण-रूपसे सब कुछ भगवान् ही है—ऐसा जो दृढ़तासे मान लेते हैं, वे 'भगवान् ही सर्वोपरि हैं, भगवान्‌के समान कोई हुआ नहीं, है नहीं और होगा नहीं, तथा ऐसा होना सम्भव [illegible] भावसे युक्त

हो जाते हैं। इस प्रकार जब उनकी महत्त्वबुद्धि केवल भगवान्‌में हो जाती है, तो फिर उनका आकर्षण, श्रद्धा, विश्वास, प्रेम आदि सब भगवान्‌में ही हो जाते हैं। भगवान्‌का ही आश्रय लेनेसे उनमें समता, निर्विकारता, निःशोकता, निश्चिन्तता, निर्भयता आदि स्वतः-स्वाभाविक ही आ जाते हैं। कारण कि जहाँ देव (परमात्मा) होते हैं, वहाँ दैवी-सम्पत्ति स्वाभाविक ही आ जाती है।

'**बुधाः**'—भगवान्‌के सिवाय अन्यकी सत्ता ही न मानना, भगवान्‌को ही सबके मूलमें मानना, भगवान्‌का ही आश्रय लेकर उनमें ही श्रद्धा-प्रेम करना—यही उनकी बुद्धिमानी है। इस वास्ते उनको बुद्धिमान् कहा गया है। इसी बातको आगे पद्रहवें अध्यायमें कहा है कि जो मेरेको क्षर-(संसारमात्र-)से अतीत और अक्षर-(जीवात्मा-)से उत्तम जानता है, वह सर्ववित् है और सब भावसे मेरा ही भजन करता है*।

'**माम् भजन्ते**'—भगवान्‌के नामका जप-कीर्तन करना, भगवान्‌के रूपका चिन्तन-ध्यान करना, भगवान्‌की कथा सुनना, भगवत्सम्बन्धी ग्रन्थों-(गीता, रामायण, भागवत आदि) का पठन-पाठन करना—ये सब-के-सब भजन हैं। परंतु असली भजन तो वह

---

* यस्मात्क्षरमतीतोऽहमक्षरादपि चोत्तमः।
अतोऽस्मि लोके वेदे च प्रथितः पुरुषोत्तमः॥
यो मामेवमसम्मूढो जानाति पुरुषोत्तमम्।
स सर्वविद्भजति मां सर्वभावेन भारत॥
(गीता १५।१८-१९)

की तरफ न जाकर इन सबके मूलमें स्थित भगवान्‌की तरफ ही जानी चाहिये। कार्य, कारण, भाव, क्रिया, वस्तु, पदार्थ, व्यक्ति आदिके मूलमें जो तत्त्व है, उसकी तरफ ही भक्तोंकी दृष्टि रहनी चाहिये।

सातवें अध्यायके सातवें तथा बारहवें श्लोकमें और दसवें अध्यायके पाँचवें और इस (आठवें) श्लोकमें 'मत्तः' पद बार-बार कहनेका तात्पर्य है कि ये भाव, क्रिया, व्यक्तियाँ आदि सब भगवान्‌से ही पैदा होते हैं, भगवान्‌में ही स्थित रहते हैं और भगवान्‌में ही लीन हो जाते हैं। इस वास्ते तत्त्वसे सब कुछ भगवत्स्वरूप ही है—इस बातको जान ले अथवा मान लें तो भगवान्‌के साथ अविकम्प (कभी विचलित न किया जानेवाला) योग अर्थात् सम्बन्ध हो जायगा।

यहाँ 'सर्वस्य' और 'सर्वम्'—दो बार 'सर्व' पद देनेका तात्पर्य है कि भगवान्‌के सिवाय इस सृष्टिका न कोई उत्पादक है और न कोई संचालक है। इस सृष्टिके उत्पादक और संचालक केवल भगवान् ही हैं।

'इति मत्वा भावसमन्विताः'—भगवान्‌से ही सब संसारकी उत्पत्ति होती है और सारे संसारको सत्ता-स्फूर्ति भगवान्‌से ही मिलती है अर्थात् स्थूल, सूक्ष्म और कारण-रूपसे सब कुछ भगवान् ही हैं—ऐसा जो दृढ़तासे मान लेते हैं, वे 'भगवान् ही सर्वोपरि हैं, भगवान्‌के समान कोई हुआ नहीं, है नहीं और होगा नहीं, तथा ऐसा होना सम्भव भी नहीं'—ऐसे सर्वोच्च भावसे युक्त

हो जाते हैं। इस प्रकार जब उनकी महत्त्वबुद्धि केवल भगवान्‌में हो जाती है, तो फिर उनका आकर्षण, श्रद्धा, विश्वास, प्रेम आदि सब भगवान्‌मे ही हो जाते हैं। भगवान्‌का ही आश्रय लेनेसे उनमें समता, निर्विकारता, नि शोकता, निश्चिन्तता, निर्भयता आदि स्वत-स्वाभाविक ही आ जाते हैं। कारण कि जहाँ देव (परमात्मा) होते हैं, वहाँ दैवी-सम्पत्ति स्वाभाविक-ही आ जाती है।

'बुधा'—भगवान्‌के सिवाय अन्यकी सत्ता ही न मानना, भगवान्‌को ही सबके मूलमे मानना, भगवान्‌का ही आश्रय लेकर उनमे ही श्रद्धा-प्रेम करना—यही उनकी बुद्धिमानी है। इस वास्ते उनको बुद्धिमान् कहा गया है। इसी बातको आगे पद्रहवें अध्यायमे कहा है कि जो मेरेको क्षर-(ससारमात्र-) से अतीत और अक्षर-(जीवात्मा-)से उत्तम जानता है, वह सर्ववित् है और सब भावसे मेरा ही भजन करता है*।

'माम् भजन्ते'—भगवान्‌के नामका जप-कीर्तन करना, भगवान्‌के रूपका चिन्तन-ध्यान करना, भगवान्‌की कथा सुनना, भगवत्सम्बन्धी ग्रन्थो (गीता, रामायण, भागवत आदि) का पठन-पाठन करना—ये सब-के-सब भजन हैं। परन्तु असली भजन तो वह

---

* यस्मात्क्षरमतीतोऽहमक्षरादपि चोत्तम ।
अतोऽस्मि लोके वेदे च प्रथित पुरुषोत्तम ॥
यो मामेवमसम्मूढो जानाति पुरुषोत्तमम् ।
स सर्वविद्भजति मा सर्वभावेन भारत ॥
(गीता १५। १८-

है, जिसमें हृदय भगवान्‌की तरफ ही खिंच जाता है, केवल भगवान् ही प्यारे लगते हैं, भगवान्‌की विस्मृति चुभती है, बुरी लगती है इस प्रकार भगवान्‌में तल्लीन होना ही असली भजन है।

विशेष बात

सबके मूलमें परमात्मा हैं और परमात्मासे ही वस्तु, व्यक्ति पदार्थ, घटना आदि सबको सत्ता-स्फूर्ति मिलती है—ऐसा ज्ञान होना परमात्मप्राप्ति चाहनेवाले सभी साधकोंके लिये बहुत आवश्यक है कारण कि जब सबके मूलमें परमात्मा ही हैं, तो साधकका लक्ष्य भी परमात्माकी तरफ ही होना चाहिये। उस परमात्माकी तरफ लक्ष्य करानेमें ही सम्पूर्ण विभूतियों और योगके ज्ञानका तात्पर्य है। यह बात गीतामें जगह-जगह बतायी गयी है, जैसे—जिससे सम्पूर्ण प्राणियोंकी प्रवृत्ति होती है और जिससे सम्पूर्ण संसार व्याप्त है, उस परमात्माका अपने कर्तव्य-कर्मोंके द्वारा पूजन करना चाहिये (१८।४६); जो सम्पूर्ण प्राणियोंके हृदयमें विराजमान है और जो सब प्राणियोंको प्रेरणा देता है, उस परमात्माकी सर्वभावसे शरण चाहिये (१८।६१-६२), इत्यादि।

कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग—ये साधन तो अपनी-अपनी रुचिके अनुसार भिन्न-भिन्न हो सकते हैं, पर उपर्युक्त ज्ञान सभी साधकोंके लिये बहुत ही आवश्यक है।

सम्बन्ध—

अब अगले श्लोकमें उन भक्तोंका भजन किस रीतिसे होता है—यह बताते हैं।

श्लोक—

मच्चित्ता मद्गतप्राणा बोधयन्त परस्परम् ।
कथयन्तश्च मा नित्य तुष्यन्ति च रमन्ति च* ॥ ९ ॥

अर्थ—

मेरेमें चित्तवाले, मेरेमें प्राणोंको अर्पण करनेवाले भक्तजन आपसमें मेरे गुण, प्रभाव आदिको जनाते हुए और उनका कथन करते हुए ही नित्य निरन्तर सन्तुष्ट रहते हैं और मेरेमें प्रेम करते हैं।

व्याख्या—

[भगवान्‌से ही सब उत्पन्न हुए हैं और भगवान्‌से ही सबकी चेष्टा हो रही है अर्थात् सबके मूलमें परमात्मा है—यह बात जिनको दृढ़तासे और नि सन्देहपूर्वक जँच गयी है, उनके लिये कुछ भी करना, जानना और पाना बाकी नहीं रहता। बस, उनका एक ही काम रहता है—सब प्रकारसे भगवान्‌में ही लगे रहना। यही बात इस श्लोकमें बतायी गयी है।]

'मच्चित्ता'—वे मेरेमें चित्तवाले हैं। एक स्वयका भगवान्‌में लगना होता है, और एक चित्तको भगवान्‌में लगाना होता है। जहाँ 'मै भगवान्‌का हूँ' ऐसे स्वय भगवान्‌में लग जाता है, वहाँ

---

* इस श्लोकमें छ बातें हैं। उनमेंसे 'मच्चित्ता' और 'मद्गतप्राणा'—ये दो बातें स्वय करनेकी हैं अर्थात् भक्त स्वय स्वतन्त्रतापूर्वक ऐसे बन जाते हैं, 'बोधयन्त' और 'कथयन्त'—ये दो बातें आपसमें मिलनेपर होती हैं, तथा 'तुष्यन्ति' और 'रमन्ति'—ये दो बातें फलरूपमें होती हैं।

चित्त, बुद्धि आदि सब स्वतः भगवान्में लग जाते हैं। कारण कि कर्ता (स्वयं) के लगनेपर करण (मन, बुद्धि आदि) अलग थोड़े ही रहेंगे? वे भी लग जायँगे। करणोंके लगनेपर तो कर्ता अलग रह सकता है, पर कर्ताके लगनेपर करण अलग नहीं रह सकते। जहाँ कर्ता रहेगा, वहीं करण भी रहेंगे। कारण कि करण तो कर्ताके ही अधीन होते हैं। कर्ता उनको जहाँ लगाना चाहे, वे वहीं लगते हैं। जैसे, कोई मनुष्य परमात्मप्राप्तिके लिये सच्चे हृदयसे साधक बन जाता है, तो साधनमें उसका मन स्वतः लगता है। उसका मन साधनके सिवाय अन्य किसी कार्यमें नहीं लगता और जिस कार्यमें लगता है, वह कार्य भगवान्का ही होता है। कारण कि स्वयं कर्ताके विपरीत मन-बुद्धि आदि नहीं जाते, नहीं चलते। परन्तु जहाँ स्वयं भगवान्में नहीं लगता, प्रत्युत 'मैं तो संसारी हूँ,' 'मैं तो गृहस्थ हूँ'—इस प्रकार स्वयंको संसारमें लगाकर चित्तको भगवान्में लगाना चाहता है, उसका चित्त भगवान्में निरन्तर नहीं लगता। तात्पर्य है कि स्वयं तो संसारी बना रहे और चित्तको भगवान्में लगाना चाहे, तो भगवान्में चित्त लगना असम्भव-सा है।

दूसरी बात, चित्त वहीं लगता है, जहाँ प्रियता होती है। प्रियता वहीं होती है, जहाँ अपनापन होता है, आत्मीयता होती है। अपनापन होता है—भगवान्के साथ स्वयंका सम्बन्ध जोड़नेसे। 'मैं केवल भगवान्का हूँ और केवल भगवान् ही मेरे हैं, शरीर-संसार मेरा नहीं है। मेरेपर प्रभुका पूरा अधिकार है, इस वास्ते वे मेरे

प्रति चाहे जैसा बर्ताव या विधान कर सकते हैं । परन्तु मेरा प्रभुपर कोई अधिकार नहीं है अर्थात् वे मेरे हैं तो मैं जैसा चाहूँ, वे वैसा ही करें—ऐसा कोई अधिकार नहीं है'—इस प्रकार जो स्वयको भगवान्‌का मान लेता है, अपने-आपको भगवान्‌के अर्पित कर देता है, उसका चित्त स्वत भगवान्‌मे लग जाता है । ऐसे भक्तोंको ही यहाँ **'मच्चित्ता'** कहा गया है ।

* यहाँ **'मच्चित्ता'** पदमे चित्तके अन्तर्गत ही मन है अर्थात् मनोवृत्ति अलग नहा है । गीतामें चित्त और मनको एक भी कहा है और अलग-अलग भी । जैसे **'भूमिरापोऽनलो वायु ख मनो बुद्धिरेव च'** (७ । ४)—यहाँ मनके अन्तर्गत ही चित्त है, और **'मन सयम्य मच्चित्त'** (६ । १४)—यहाँ मन और चित्त अलग-अलग हैं । परन्तु इस श्लोकमें आये **'मच्चित्ता'** पदमें मन और चित्त एक ही हैं, दो नहीं ।

'मद्गतप्राणा'—उनके प्राण मेरे ही अर्पित हो गये हैं । प्राणोमे दो बातें हैं—जीना और चेष्टा । उन भक्तोका जीना भी मेरे लिये ही है, और शरीरकी सम्पूर्ण चेष्टाएँ (क्रियाएँ) भी मेरे लिये ही है । शरीरकी जितनी क्रियाएँ होती हैं, उनमें प्राणोकी ही मुख्यता होती है । इस वास्ते उन भक्तोकी यज्ञ, अनुष्ठान आदि शास्त्रीय, भजन ध्यान, कथा-कीर्तन आदि भगवत्सम्बन्धी, खाना-पीना आदि शारीरिक, खेती, व्यापार आदि जीविका सम्बन्धी, सेवा आदि सामाजिक आदि-आदि जितनी क्रियाएँ होती हैं, वे सब भगवान्‌के लिये ही होती हैं । उनकी क्रियाओमें क्रियाभेद तो होता है, पर उद्देश्यभेद नहीं

होता। उनकी मात्र क्रियाएँ एक भगवान्‌के उद्‌देश्यसे ही होती हैं। इस वास्ते वे 'भगवद्गतप्राणा' होते हैं।

जैसे गोपिकाओंने 'गोपीगीत'मे भगवान्‌से कहा है कि हम अपने प्राणोको आपमें अर्पण कर दिया है—'त्वयि धृतासव (श्रीमद्भा० १० । ३१ । १), ऐसे ही भक्तोंके प्राण केव भगवान्‌मे रहते हैं। उनका जितना भगवान्‌से अपनापन है, उत प्राणोसे नहीं। हरेक प्राणीमें 'किसी भी अवस्थामें मेरे प्राण न छूट इस तरह जीनेकी इच्छा रहती है। यह प्राणोका मोह है, स्नेह है परन्तु भगवान्‌के भक्तोका प्राणोंमे मोह नहीं रहता। उनमें 'हम जी रहें' यह इच्छा नहीं होती, और मरनेका भय भी नहीं होता। उनको जीनेसे मतलब रहता है और न मरनेसे। उनको तो केव भगवान्‌से मतलब रहता है। कारण कि वे इस बातको अच्छ तरहसे जान जाते हैं कि मरनेसे तो प्राणोंका ही वियोग होता है भगवान्‌से तो कभी वियोग होता ही नहीं। प्राणोके सा हमारा सम्बन्ध नहीं है, पर भगवान्‌के साथ हमारा स्वत सि घनिष्ठ सम्बन्ध है। प्राण प्रकृतिके कार्य हैं और हम स्वय भगवान्‌ अश हैं।

ऐसे 'मद्गतप्राणा' होनेके लिये साधकको सबसे पहले यह उद्‌देश्य बनाना चाहिये कि हमें तो भगवत्प्राप्ति ही करनी है। सासारिक चीजें प्राप्त हो या न हों, हम स्वस्थ रहें या बीमार, हमारा आदर हो या निरादर, हमें सुख मिले या दु ख—इनसे

हमारा कोई मतलब नहीं है। हमारा मतलब तो केवल भगवान्‌से है। ऐसा दृढ उद्‌देश्य बननेपर साधक 'भगवद्गतप्राण' हो जायगा।

'बोधयन्त परस्परम्'—उन भक्तोंको भगवद्भाववाले, भगवद्-रुचिवाले मिल जाते हैं तो उनके बीच भगवान्‌की बात छिड जाती है। फिर वे आपसमें एक-एकको भगवान्‌के तत्त्व, रहस्य, गुण, प्रभाव आदि जनाते हैं तो एक विलक्षण सत्सङ्ग होता है*। जब वे आपसमें भावपूर्वक बातें करते हैं, तो उनके भीतर भगवत्सम्बन्धी विलक्षण-विलक्षण बातें स्वत आने लगती हैं। जैसे 'दीपक तले अँधेरा' रहता है, पर दो दीपक एक-दूसरेके सामने रख दें तो दोनो दीपकोंके तलेका अँधेरा दूर हो जाता है। ऐसे ही जब दो भगवद्भक्त एक साथ मिलते हैं और आपसमें भगवत्सम्बन्धी बातें चल पडती हैं, तब किसीके मनमें किसी तरहका भगवत्सम्बन्धी विलक्षण भाव पैदा होता है तो वह उसे प्रकट कर देता है, तथा दूसरेके मनमे और तरहका भाव पैदा होता है तो वह भी उसे प्रकट कर देता है। इस प्रकार आदान-प्रदान होनेसे उनमें नये-नये

---

* सतामयं सारभृतां निसर्गो यदर्थवाणीश्रुतिचेतसामपि।
प्रतिक्षणं नव्यवदच्युतस्य यत् स्त्रिया विटानामिव साधु वार्ता॥

(श्रीमद्भा० १०। १३। २)

'सार तत्त्वको धारण करनेवाले पुरुषोंका यह स्वभाव होता है कि उनकी वाणी, कान और अन्त करण भगवान्‌की लीलाओंको गाने, सुनने और चिन्तन करनेके लिये ही होते हैं। जैसे लम्पट पुरुषोंको स्त्रियोंकी चर्चामें नयापन मालूम देता है, ऐसे ही भक्तोंको भगवान्‌की लीलाओंमें, कथाओंमें नित्य नयापन मालूम देता है।'

भाव प्रकट होते रहते हैं । परन्तु अकेलेमें भगवान्का चिन्तन करनेसे उतने भाव प्रकट नहीं होते । अगर भाव प्रकट हो भी जाय तो अकेले अपने पास ही रहते हैं, उनका आदान-प्रदान नहीं होता ।

'कथयन्तश्च माम्'—उनको कोई भगवान्की कथा, लीला सुननेवाला भगवद्भक्त मिल जाता है, तो वे भगवान्की लीला, कथा कहना शुरू कर देते हैं । जैसे सनकादि—चारो भगवान्की कथा कहते हैं और सुनते हैं । उनमें कोई एक वक्ता बन जाता है और तीन श्रोता बन जाते हैं । ऐसे ही भगवान्के प्रेमी भक्तोंको कोई सुननेवाला मिल जाता है तो वे उसको भगवान्की कथा, गुण, प्रभाव, रहस्य आदि सुनाते हैं, और कोई सुनानेवाला मिल जाता है तो स्वयं सुनने लग जाते हैं । परन्तु उनमें सुनाते समय 'वक्ता' बननेका अभिमान नहीं होता और सुनते समय 'श्रोता' बननेकी लज्जा नहीं होती ।

'नित्यं तुष्यन्ति च'—इस तरह भगवान्की कथा, लीला, गुण, प्रभाव, रहस्य आदिको आपसमें एक-दूसरेको जनाते हुए और उनका ही कथन तथा चिन्तन करते हुए वे भक्त नित्य निरन्तर सन्तुष्ट रहते हैं । तात्पर्य है कि उनकी सन्तुष्टिका कारण भगवान्के सिवाय दूसरा कोई नहीं रहता, केवल भगवान् ही रहते हैं ।

'रमन्ति च'—वे भगवान्में ही रमण अर्थात् प्रेम करते हैं । इस प्रेममें उनमें और भगवान्में भेद नहीं रहता—'तस्मिंस्तज्जने भेदाभावात्' (नारदभक्तिसूत्र ४१) । कभी भक्त भगवान्का भक्त

हो जाता है, तो कभी भगवान् अपने भक्तके भक्त बन जाते हैं* । इस तरह भगवान् और भक्तमें परस्पर प्रेमकी लीला अनन्तकालतक चलती ही रहती है, और प्रेम प्रतिक्षण बढ़ता ही रहता है ।

इस वर्णनसे साधकको इस बातकी तरफ ध्यान देना चाहिये कि उनकी हरेक क्रिया, भाव आदिका प्रवाह केवल भगवान्‌की तरफ ही हो ।

सम्बन्ध—

पूर्वश्लोकमें भक्तोंके द्वारा होनेवाले भजनका प्रकार बताकर अब अगले दो श्लोकोंमें भगवान् उनपर विशेष कृपा करनेकी बात बताते हैं ।

श्लोक—

तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वकम् ।
ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते ॥ १० ॥

अर्थ—

उन नित्य निरन्तर मेरेमें लगे हुए और प्रेमपूर्वक मेरा भजन करनेवाले भक्तोंको मैं वह बुद्धियोग देता हूँ, जिससे उनको मेरी प्राप्ति हो जाती है ।

व्याख्या—

[भगवन्निष्ठ भक्त भगवान्‌को छोड़कर न तो समता चाहते हैं, न तत्त्वज्ञान चाहते हैं तथा न और ही कुछ चाहते हैं† । उनका

* 'एवं स्वभक्तयो राजन् भगवान् भक्तभक्तिमान् ।'
(श्रीमद्भा० १० । ८६ । ५९)

† न पारमेष्ठ्यं न महेन्द्रधिष्ण्यं न सार्वभौमं न रसाधिपत्यम् ।
न योगसिद्धीरपुनर्भवं वा मय्यर्पितात्मेच्छति मद्विनान्यत् ॥
(श्रीमद्भा० ११ । १४ । १४)

तो एक ही काम है—हरदम भगवान्‌में लगे रहना। भगवान्‌में लगे रहनेके सिवाय उनके लिये कोई काम ही नहीं है। अब सारा-का-सारा काम, सारी जिम्मेवारी भगवान्‌की ही है अर्थात् उन भक्तोंसे जो कुछ कराना है, उनको जो कुछ देना है आदि सब काम भगवान्‌का ही रह जाता है। इस वास्ते भगवान् यहाँ (दो श्लोकोंमें) उन भक्तोंको समता और तत्त्वज्ञान देनेकी बात कह रहे हैं।]

'तेषां सततयुक्तानाम्'—नवें श्लोकके अनुसार जो भगवान्‌में ही चित्त और प्राणवाले हैं, भगवान्‌के गुण, प्रभाव, लीला, रहस्य आदिको आपसमें एक-एकको जनाते हुए तथा भगवान्‌के नाम, गुणोंका कथन करते हुए नित्य-निरन्तर भगवान्‌में ही संतुष्ट रहते हैं, और भगवान्‌में ही प्रेम करते हैं, ऐसे नित्य-निरन्तर भगवान्‌में लगे हुए भक्तोंके लिये यहाँ 'सततयुक्तानाम्' पद आया है।

'भजतां प्रीतिपूर्वकम्'—वे भक्त न ज्ञान चाहते हैं, न वैराग्य। जब वे पारमार्थिक ज्ञान, वैराग्य आदि भी नहीं चाहते, तो फिर सांसारिक भोग तथा अष्टसिद्धि और नवनिधि चाह ही कैसे सकते हैं! उनकी दृष्टि इन वस्तुओंकी तरफ जाती ही नहीं। उनके हृदयमें सिद्धि आदिका कोई आदर नहीं होता, कोई मूल्य नहीं होता। वे तो केवल भगवान्‌को अपना मानते हुए प्रेमपूर्वक स्वाभाविक

'स्वयको मेरे अर्पित करनेवाला भक्त मुझे छोड़कर ब्रह्माका पद, इन्द्रका पद, सम्पूर्ण पृथ्वीका राज्य, पातालादि लोकोंका राज्य, योगकी समस्त सिद्धियाँ और मोक्षको भी नहीं चाहता।'

ही भगवान्‌के भजनमें लगे रहते हैं। उनका किसी भी वस्तु, व्यक्ति आदिसे किसी तरहका कोई सम्बन्ध नहीं रहता। उनका भजन, भक्ति यही है कि हरदम भगवान्‌में लगे रहना। भगवान्‌की प्रीतिमें वे इतने मस्त रहते हैं कि उनके भीतर स्वप्नमें भी भगवान्‌के सिवाय कोई इच्छा जाग्रत् नहीं होती।

'ददामि बुद्धियोगं तम्'—किसी वस्तु, व्यक्ति, घटना, परिस्थिति आदिके संयोग वियोगसे अन्तःकरणमें कोई हलचल न हो अर्थात् संसारके पदार्थ मिलें या न मिलें, नफा हो या नुकसान हो, आदर हो या निरादर हो, स्तुति हो, निन्दा हो, स्वास्थ्य ठीक रहे या न रहे आदि तरह-तरहकी और एक-एकसे विरुद्ध विभिन्न परिस्थितियाँ आनेपर भी उनमें एकरूप (सम) रह सकें—ऐसा बुद्धियोग अर्थात् समता मैं उन भक्तोंको देता हूँ।

'ददामि' का तात्पर्य है कि वे बुद्धियोगको अपना नहीं मानते, प्रत्युत भगवानका दिया हुआ ही मानते हैं। इस वास्ते बुद्धियोगको लेकर उनको अपनेमें कोई विशेषता नहीं मालूम देती।

'येन'—मैं उनको वह बुद्धियोग देता हूँ, जिस बुद्धियोगसे वे मेरेको प्राप्त हो जाते हैं।

'मामुपयान्ति ते'—जब वे भगवान्‌में ही चित्त और प्राणवाले हो गये हैं और भगवान्‌में ही संतुष्ट रहते हैं तथा भगवान्‌में ही प्रेम करते हैं, तो उनके लिये अब भगवान्‌को प्राप्त होना क्या बाकी रहा, जिससे कि भगवान्‌को यह कहना पड़ रहा है कि वे मेरेको प्राप्त हो जाते हैं। मेरेको प्राप्त हो जानेका तात्पर्य है कि वे प्रेमी भक्त

अपनेमें जो कमी मानते हैं, वह कमी उनमें नहीं रहती अर्थात् उन्हें पूर्णताका अनुभव हो जाता है ।

श्लोक—

तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः ।
नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता ॥ ११ ॥

अर्थ—

उन भक्तोंपर कृपा करनेके लिये ही उनके होनेपनमें रहनेवाला मैं उनके अज्ञानजन्य अन्धकारको देदीप्यमान ज्ञानरूप दीपकके द्वारा सर्वथा नष्ट कर देता हूँ ।

व्याख्या—

'तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः'—उन भक्तोंके हृदयमें कुछ भी सांसारिक इच्छा नहीं होती । इतना ही नहीं, उनके भीतर मुझे छोड़कर मुक्तितककी भी इच्छा नहीं होती* । अभिप्राय है कि वे न तो सांसारिक चीजें चाहते हैं और न पारमार्थिक चीजें (मुक्ति, तत्त्वबोध आदि) ही चाहते हैं । वे तो केवल प्रमसे

* (१) सालोक्यसार्ष्टिसामीप्यसारूप्यैकत्वमप्युत ।
दीयमानं न गृह्णन्ति विना मत्सेवनं जनाः ॥
(श्रीमद्भा० ३ । २९ । १३)

'मेरे प्रेमी भक्तगण मेरी सेवाको छोड़कर सालोक्य, सार्ष्टि, सामीप्य, सारूप्य और सायुज्य (इन पाँच प्रकारकी) मुक्तियाँ देनेपर भी नहीं लेते ।'

(२) अस बिचारि हरि भगत सयाने ।
मुक्ति निरादर भगति लुभाने ॥ (मानस ७ । ११८ । ४)

सदा भजन ही करते हैं। उनके इस निष्कामभाव और प्रेम पूर्वक भजन करनेको देखकर मेरा हृदय द्रवित हो जाता है। मैं चाहता हूँ कि मेरे द्वारा उनकी कुछ सेवा बन जाय, वे मेरेसे कुछ ले लें। परंतु वे मेरेसे कुछ लेते नहीं तो द्रवित हृदय होनेके कारण केवल उनपर कृपा करनेके लिये कृपा-परवश होकर मैं उनके अज्ञानजन्य अन्धकारको दूर कर देता हूँ। मेरे द्रवित हृदय होनेका कारण यह है कि मेरे भक्तोंमें किसी प्रकारकी किञ्चिन्मात्र भी कमी न रहे।

'आत्मभावस्थ'—प्राणी अपना जो होनापन मानते हैं कि 'मैं हूँ' तो यह होनापन प्रायः प्रकृति-(शरीर-) के साथ सम्बन्ध जोडकर ही मानते हैं अर्थात् तादात्म्यके कारण शरीरके बदलनेमें अपना बदलना मानते हैं, जैसे—मैं बालक हूँ, मैं जवान हूँ, मैं बलवान् हूँ, मैं निर्बल हूँ इत्यादि। परन्तु इन विशेषणोंको छोडकर तत्त्वकी दृष्टिसे इन प्राणियोंका अपना जो होनापन है, वह प्रकृतिसे रहित है। इसी होनेपनमें सदा रहनेवाले प्रभुके लिये यहाँ 'आत्मभावस्थ' पद आया है।

'भास्वता ज्ञानदीपेन नाशयामि'—प्रकाशमान ज्ञानदीपकके द्वारा उन प्राणियोंके अज्ञानजन्य अन्धकारका नाश कर देता हूँ। तात्पर्य है कि जिस अज्ञानके कारण 'मैं कौन हूँ और मेरा स्वरूप क्या है?' ऐसा जो अनजानपना रहता है, उस अज्ञानका मैं नाश कर देता हूँ अर्थात् तत्त्वबोध करा देता हूँ। जिस तत्त्वबोधकी महिमा शास्त्रोंमें गायी गयी है, उसके लिये उनको श्रवण, मनन,

निदिध्यासन आदि साधन नहीं करने पड़ते और कोई परि- करना पड़ता, प्रत्युत मैं स्वयं उनको तत्त्वबोध करा देता हूँ

विशेष बात

भक्त जब केवल भगवान्‌में लगे रहते हैं, तो सांसारिक सिद्धि-असिद्धिमें सम रहना—यह 'समता' भी भगवान् देते हैं और जिसके समान पवित्र कोई नहीं है, वह 'तत्त्वबोध' (स्वरूप- ज्ञान) भी भगवान् स्वयं देते हैं। भगवान्‌के स्वयं देनेका तात्पर्य है कि भक्तोंको इनके लिये इच्छा और प्रयत्न नहीं करना पड़ता, प्रत्युत उनमें समता स्वतः आ जाती है, उनको तत्त्वबोध स्वतः हो जाता है*। कारण कि जहाँ भक्तिरूपी माँ होगी, वहाँ उसके वैराग्य और ज्ञानरूपी बेटे रहेंगे ही। इसलिये भक्तिके आनेपर समता—संसारसे वैराग्य और अपने स्वरूपका बोध— ये दोनों स्वतः आ जाते हैं। इसका तात्पर्य है कि जो साधनजन्य पूर्णता होती है, उसकी अपेक्षा भगवान्‌द्वारा की हुई पूर्णता बहुत विलक्षण होती है। इसमें अपूर्णताकी गंध भी नहीं रहती।

सातवें और नवें अध्यायमें ज्ञान-विज्ञान कहनेकी जो प्रतिज्ञा की थी, उसीका संकेत भगवान्‌ने यहाँ (पहले श्लोकमें) 'भूयः' पदसे किया है, और 'परमं वचः' पद कहनेका तात्पर्य है कि जैसे मैं अनन्यभावसे भजन करनेवाले भक्तोंका योगक्षेम वहन करता

* मम दरसन फल परम अनूपा। जीव पाव निज सहज सरूपा॥
(मानस ३। ३६। ५)

ऐसे ही जो केवल मेरे ही परायण हैं, ऐसे प्रेमी भक्तोंको
नके न चाहनेपर भी और उनके लिये कुछ भी बाकी न
पर भी) मैं समता और तत्त्वबोध देता हूँ । यह सब देनेपर
भगवान उन भक्तोंके ऋणी ही बने रहते हैं । भागवतमें
ान्ने गोपियोंके लिये कहा है कि 'मेरे साथ सर्वथा, निर्दोष
निन्द्य) सम्बन्ध जोडनेवाली गोपियोंका मेरेपर जो एहसान है,
ा है, उसको मैं देवताओंके समान लम्बी आयु पाकर भी नहीं
ा सकता । कारण कि बडे-बडे ऋषि मुनि, त्यागी आदि भी
की जिस अपनापनरूपी बेडियोंको सुगमतासे नहीं तोड पाते,
को इन्होने तोड डाला है ।†

भक्त भगवान्के भजनमें इतने तल्लीन रहते हैं कि उनको
पता ही नहीं रहता कि हमारेमें समता आयी है, हमें स्वरूपका
ध हुआ है । अगर कभी पता लग जाता है तो वे आश्चर्य करते
कि ये समता और बोध कहाँसे आये ! अब वे 'अपनेमें कोई
शेषता न दीखे' इसके लिये भगवान्से प्रार्थना करते हैं कि 'हे
ाथ ! आप समता, बोध ही नहीं, दुनियाके उद्धारका अधिकार भी

---

* अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते ।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् ॥
(गीता ९ । २२)

† न पारयेऽहं निरवद्यसंयुजां स्वसाधुकृत्यं विबुधायुषापि वः ।
या माभजन् दुर्जरगेहशृङ्खलाः संवृश्च्य तद् वः प्रतियातु साधुना ॥
(श्रीमद्भा० १० । ३२ । २२)

दे दें, तो भी मेरेको कुछ मालूम नहीं होना चाहिये कि मेरेमें विशेषता है। मै केवल आपके भजन-चिन्तनमें ही लगा रहूँ।'

सम्बन्ध—

भक्तोंपर भगवान्‌की अलौकिक, विलक्षण कृपाकी बात सु अर्जुनकी दृष्टि भगवान्‌की कृपाकी तरफ जाती है और उस प्रभावित होकर वे अगले चार श्लोकोंमें भगवान्‌की करते हैं।

श्लोक—

अर्जुन उवाच

पर ब्रह्म पर धाम पवित्र परम भवान्।
पुरुष शाश्वत दिव्यमादिदेवमज विभुम् ॥ १२ ॥
आहुस्त्वामृपय सर्वे देवर्षिर्नारदस्तथा।
असितो देवलो व्यास स्वय चैव ब्रवीषि मे ॥ १३ ॥

अर्थ—

अर्जुन बोले—परम ब्रह्म, परम धाम और महान् पवित्र आ ही हैं। आप शाश्वत, दिव्य पुरुष, आदिदेव, अजन्मा और वि (व्यापक) हैं—ऐसा सब-के-सब ऋषि, देवर्षि नारद, असि देवल तथा व्यास कहते हैं और स्वय आप भी मेरे प्रति कहते हैं

व्याख्या—

'पर ब्रह्म पर धाम पवित्र परम भवान'—सामने बैठे हु भगवान्‌की स्तुति करते हुए अर्जुन कहते हैं कि मेरे पूछनेप जिसको आपने परम ब्रह्म (गीता ८ । ३) कहा, वह परम ब्रह्म आप ही हैं। जिसमें सब ससार स्थित रहता है, वह परमधाम अर्थात परम स्थान आप ही है (गीता ९ । १८)। जिसको पवित्रोंमें भी पवित्र कहा है—**'पवित्राणा पवित्र य'** वह महान् पवित्र भी आप ही हैं।

'पुरुष शाश्वत दिव्यमादिदेवमज विभु स्वय चैव ब्रवीषि मे'—आत्माके रूपमें 'शाश्वत' (गीता २ । २०), सगुण-साकारके रूपमें 'दिव्य पुरुष' (गीता ८ । १०), देवताओं और महर्षियो आदिके रूपमें 'आदिदेव' (गीता १० । २), मूढ लोग मेरेको अज नहीं जानते (गीता ७ । २५) तथा असम्मूढ लोग मेरेको अज जानते हैं (गीता १० । ३)—इस रूपमें 'अज', और मै अव्यक्तरूपसे सारे ससारमे व्यापक हूँ (गीता ९ । ४)—इस रूपमें 'विभु' स्वय आपने मेरे प्रति कहा है।

'आहुस्त्वामृषय सर्वे देवर्षिर्नारदस्तथा असितो देवलो व्यास'—महाभारत आदि ग्रन्थोंमें ऋषियोंने*, देवर्षि नारदने†,

* मार्कण्डेय ऋषिने कहा है—'श्रीकृष्ण यज्ञोंके यज्ञ, तपोंके तप और भूत भविष्यत् वर्तमानरूप हैं।' (महा० भीष्म० ६८ । ३)

भृगु ऋषिने कहा है—'ये देवताओंके देवता और परम पुरातन विष्णु हैं।' (महा० भीष्म० ६८ । ४)

अङ्गिरा ऋषिने कहा है—'ये सम्पूर्ण प्राणियोंकी रचना करनेवाले हैं।' (महा० भीष्म० ६८ । ६)

सनत्कुमार आदिने कहा है—'इनके मस्तकसे आकाश और भुजाओंसे पृथ्वी व्याप्त है। तीनों लोक इनके उदरमें स्थित हैं। ये सनातन पुरुष हैं। तपसे अन्त करण शुद्ध होनेपर ही साधक इन्हे जान सकते हैं। आत्मसाक्षात्कारसे तृप्त हुए ऋषियोंमे भी ये परमोत्कृष्ट हैं। युद्धमें कभी पीठ न दिखानेवाले उदार राजर्षियोंकी भी ये ही परमगति हैं।' (महा० भीष्म० ६८ । ८-१०)

† देवर्षि नारदजीने कहा है—'भगवान् श्रीकृष्ण सम्पूर्ण लोकोंको उत्पन्न करनेवाले और सम्पूर्ण भावोंको जाननेवाले हैं। ये साध्यों और देवताओंके ईश्वरोंके भी ईश्वर हैं।' (महा० भीष्म० ६८ । २)

'स्वयमेवात्मनात्मानं वेत्थ त्वम्'—भगवान् अपने-आपको अपने-आपसे ही जानते हैं। अपने-आपको जाननेमें उन्हें किसी प्रकारके साधनकी आवश्यकता नहीं है। अपने-आपको जाननेमें उनकी अपनी कोई वृत्ति पैदा नहीं होती, कोई जिज्ञासा भी नहीं होती, किसी करण-(अन्तःकरण और बहिःकरण) की आवश्यकता भी नहीं होती। उनमें शरीर-शरीरीका भाव भी नहीं है। वे तो स्वतः स्वाभाविक अपने-आपसे ही अपने-आपको जानते हैं। उनका ज्ञान करण-निरपेक्ष है, करण सापेक्ष नहीं।

इस श्लोकका भाव यह है कि जैसे भगवान् अपने-आपको अपने-आपसे ही जानते हैं, ऐसे ही भगवान्‌के अंश जीवको भी अपने-आपसे ही अपने-आपको अर्थात् अपने स्वरूपको जानना चाहिये। अपने-आपको अपने स्वरूपका जो ज्ञान होता है, वह सर्वथा करण-निरपेक्ष होता है। इस वास्ते इन्द्रियाँ, मन, बुद्धि आदिसे अपने स्वरूपको नहीं जान सकते। भगवान्‌का अंश होनेसे भगवान्‌की तरह जीवका अपना ज्ञान भी करण निरपेक्ष है।

सम्बन्ध—

विभूतियोंका ज्ञान भगवान्‌में दृढ भक्ति करानेवाला है (गीता १०। ७)। इस वास्ते अब अगले तीन श्लोकोंमें अर्जुन भगवान्‌से विभूतियोंको विस्तारसे कहनेके लिये प्रार्थना करते हैं।

ईश्वरकोटिके पाँच देवताओंका वाचक मान सकते हैं। इन सम्बोधनोंका प्रयोग करके अर्जुन भगवान्‌से मानो यह कहते हैं कि ये पाँचों देवता मूलमें आप ही हैं।

श्लोक—

वक्तुमर्हस्यशेषेण दिव्या ह्यात्मविभूतयः ।
याभिर्विभूतिभिर्लोकानिमांस्त्वं व्याप्य तिष्ठसि ॥ १६ ॥

अर्थ—

जिन विभूतियोंसे आप इन सम्पूर्ण लोकोंको व्याप्त करके स्थित हैं, उन सभी अपनी दिव्य विभूतियोंका सम्पूर्णतासे वर्णन करनेमें आप ही समर्थ हैं।

व्याख्या—

भगवान्‌ने पहले (सातवें श्लोकमें) यह बात कही कि जो मनुष्य मेरी विभूतियोंको और योगको तत्त्वसे जानता है, उसका मेरेमें अटल भक्तियोग हो जाता है। उसे सुननेपर अर्जुनके मनमें आया कि भगवान्‌में दृढ़ भक्ति होनेका यह बहुत सुगम और श्रेष्ठ उपाय है, क्योंकि भगवान्‌की विभूतियों और योगको तत्त्वसे जाननेपर मनुष्यका मन भगवान्‌की तरफ स्वाभाविक ही खिंच जाता है और भगवान्‌में उसकी स्वाभाविक ही भक्ति जाग्रत् हो जाती है। अर्जुन अपना कल्याण चाहते हैं और कल्याणके लिये उनको भक्ति ही सर्वश्रेष्ठ उपाय दीखता है। इस वास्ते अर्जुन कहते हैं कि जिन विभूतियोंसे आप सम्पूर्ण लोकोंको व्याप्त करके स्थित हैं—'याभिर्विभूतिभिर्लोकानिमांस्त्वं व्याप्य तिष्ठसि' उन अलौकिक, विलक्षण विभूतियोंका विस्तारपूर्वक सम्पूर्णतासे वर्णन कीजिये। कारण कि उनको कहनेमें आप ही समर्थ हैं, आपके सिवाय उन विभूतियोंको और कोई नहीं कह सकता।

'वक्तुमर्हस्यशेषेण'—आपने पहले सातवें, नवें और यहाँ दसवें अध्यायके आरम्भमें अपनी विभूतियाँ बतायीं और उनको जाननेका फल दृढ भक्तियोग होना बताया। अत मैं भी आपकी सब विभूतियोंको जान जाऊँ और मेरा भी आपमें दृढ भक्तियोग हो जाय, इस वास्ते आप अपनी विभूतियोंको पूरी-की-पूरी कह दें, बाकी कुछ न रखें।

'दिव्या ह्यात्मविभूतय'—विभूतियोंको दिव्य कहनेका तात्पर्य है कि ससारमें जो कुछ विशेषता दीखती है, वह मूलमें दिव्य परमात्माकी ही है, ससारकी नहीं। इस वास्ते ससारकी विशेषता देखना भोग है और परमात्माकी विशेषता देखना विभूति है—योग है।

श्लोक—

कथ विद्यामह योगिंस्त्वा सदा परिचिन्तयन्।
केषु केषु च भावेषु चिन्त्योऽसि भगवन्मया ॥ १७

अर्थ—

हे योगिन्! हरदम साङ्गोपाङ्ग चिन्तन करता हुआ मैं आपको कैसे जानूँ? और हे भगवन्! किन-किन भावोंमें आप मेरे द्वारा चिन्तन किये जा सकते हैं अर्थात् किन किन भावोंमे मैं आपका चिन्तन करूँ?

व्याख्या—

'कथ विद्यामह योगिंस्त्वा सदा परिचिन्तयन्'—सातवें श्लोकमें भगवान्‌ने कहा कि जो मेरी विभूति और योगको तत्त्वसे जानता है, वह अविचल भक्तियोगसे युक्त हो जाता है। इस वास्ते

अर्जुन भगवान्‌से पूछते हैं कि हरदम चिन्तन करता हुआ मैं आपको कैसे जानूँ ?

'केषु केषु च भावेषु चिन्त्योऽसि भगवन्मया'—आठवें अध्यायके चौदहवें श्लोकमें भगवान्‌ने कहा कि जो अनन्यचित्त होकर नित्य निरन्तर मेरा स्मरण करता है, उस योगीको मैं सुलभतासे प्राप्त हो जाता हूँ। फिर नवें अध्यायके बाईसवें श्लोकमें कहा कि जो अनन्य भक्त निरन्तर मेरा चिन्तन करते रहते हैं, उनका योगक्षेम मैं वहन करता हूँ। इस प्रकार चिन्तनकी महिमा सुनकर अर्जुन कहते हैं कि जिस चिन्तनसे मैं आपको तत्त्वसे जान जाऊँ, वह चिन्तन मैं कहाँ-कहाँ करूँ ? किस वस्तु, व्यक्ति, देश, काल, घटना, परिस्थिति आदिमें मैं आपका चिन्तन करूँ ? [यहाँ चिन्तन करना साधन है और भगवान्‌को तत्त्वसे जानना साध्य है।]

यहाँ अर्जुनने तो पूछा है कि मैं कहाँ-कहाँ, किस-किस वस्तु, व्यक्ति, स्थान आदिमें आपका चिन्तन करूँ, पर भगवान्‌ने आगे उत्तर यह दिया है कि जहाँ-जहाँ भी तू चिन्तन करता है, वहाँ-वहाँ ही तू मेरेको समझ। तात्पर्य यह है कि मैं तो सब वस्तु, व्यक्ति, देश, काल आदिमें परिपूर्ण हूँ। इस वास्ते किसी विशेषता, महत्ता, सुन्दरता आदिको लेकर जहाँ-जहाँ तेरा मन जाता है, वहाँ-वहाँ मेरा ही चिन्तन कर अर्थात् वहाँ उस विशेषता आदिको मेरी ही समझ। कारण कि संसारकी विशेषताको माननेसे संसारका चिन्तन होगा, पर मेरी विशेषताको माननेसे

मेरा ही चिन्तन होगा। इस प्रकार संसारका चिन्तन मेरे चिन्तनमें परिणत होना चाहिये।

श्लोक—

विस्तरेणात्मनो योगं विभूतिं च जनार्दन।
भूयः कथय तृप्तिर्हि शृण्वतो नास्ति मेऽमृतम्॥ १८॥

अर्थ—

हे जनार्दन! आप अपने योग (सामर्थ्य-) को और विभूतियोंको विस्तारसे फिर कहिये, क्योंकि आपके अमृतमय वचन सुनते-सुनते मेरी तृप्ति नहीं हो रही है।

व्याख्या—

'विस्तरेणात्मनो योगं विभूतिं च जनार्दन'—भगवान्‌ने सातवें और नवें अध्यायमें ज्ञान-विज्ञानका विषय खूब कह दिया। इतना कहनेपर भी उनकी तृप्ति नहीं हुई, इसलिये दसवाँ अध्याय अपनी ओरसे ही कहना शुरू कर दिया। भगवान्‌ने दसवाँ अध्याय आरम्भ करते हुए कहा कि 'तू फिर मेरे परम वचनको सुन।' ऐसा सुनकर भगवान्‌की कृपा और महत्त्वकी तरफ अर्जुनकी दृष्टि विशेषतासे जाती है और वे भगवान्‌से फिर सुननेके लिये प्रार्थना करते हैं। अर्जुन कहते हैं कि आप अपने योग और विभूतियोंको विस्तारपूर्वक फिरसे कहिये, क्योंकि आपके अमृतमय वचन सुनते हुए तृप्ति नहीं हो रही है। मन करता है कि सुनता ही चला जाऊँ।

भगवान्‌की विभूतियोंको सुननेसे भगवान्‌में प्रत्यक्ष आकर्षण होता देखकर अर्जुनको लगा कि इन विभूतियोंका ज्ञान होनेसे

भगवान्के प्रति मेरा विशेष आकर्षण हो जायगा, और भगवान्में सहज ही मेरी दृढ भक्ति हो जायगी। इस वास्ते अर्जुन विस्तारपूर्वक फिरसे कहनेके लिये प्रार्थना करते हैं।

स्तुति, प्रार्थना और प्रश्न-सम्बन्धी विशेष बात

स्तुति, प्रार्थना और प्रश्न—इन तीनोंमें क्या अन्तर है? इसे यहाँ बताया जाता है।

स्तुतिमें भगवान्की महिमा, गुण, प्रभाव आदिका कथन (गान) होता है। प्रार्थनामें भगवान्के गुणों आदिको तत्त्वसे जाननेकी अथवा भगवान्से कुछ पानेकी इच्छा होती है। अपने हृदयमें कोई हलचल, सन्देह, जिज्ञासा होती है, उसको दूर करनेके लिये प्रश्न होता है।

स्तुतिमें भगवान्के प्रति ज्यादा आस्तिकभाव होता है। प्रार्थनामें आस्तिकभावके साथ साथ अपनी इच्छा भी रहती है। प्रश्नमें केवल अपनी जिज्ञासाकी पूर्ति करना होता है।

स्तुतिमें पूज्यभाव ज्यादा होता है। प्रार्थनामें पूज्यभावके साथ-साथ विश्वास तथा अपनी इच्छा भी होती है। प्रश्नमें केवल विषयका समाधान करनेकी इच्छा रहती है।

स्तुतिमें भगवान्के गुणगानकी मुख्यता है। प्रार्थनामें गुणगानकी मुख्यता होते हुए भी साथमें अपनी माँग है। प्रश्नमें भी गुणगान होता है, पर जिज्ञासा, सन्देह दूर करना मुख्य है। इस दृष्टिसे प्रश्नमें जितने अंशमें विशेषता दीखती है, उतना अंश स्तुति है, और जितने अंशमें समाधान चाहता है, उतना अंश प्रार्थना है।

जहाँ भक्तका भगवान्‌के साथ घनिष्ठ अपनापन है, वहाँ भगवान्‌के गुण दीखते हुए भी स्तुति, प्रार्थना और प्रश्न नहीं होते। कारण कि जब 'मैं भगवान्‌का हूँ और भगवान् मेरे हैं' तो क्या भगवान्‌में विशेषता है और क्या मेरेमें कमी है! इस तरह भक्तकी भगवान्‌के साथ जो आत्मीयता, एकता, तल्लीनता, प्रेम है, उससे भगवान्‌को विशेष आनन्द मिलता (भगवान्‌का यह विशेष आनन्द ही भक्तका आनन्द होता है। भक्तका अपना कोई विशेष आनन्द नहीं है)। इस प्रेमका नाम ही माधुर्य है। इसमें स्तुति, प्रार्थना और प्रश्न—ये तीनों ही नहीं होते।

गीताभरमें अर्जुन जहाँ-जहाँ बोले हैं, वहाँ किसमें स्तुति है, किसमें प्रार्थना है और किसमें प्रश्न है, इसको संक्षेपसे नीचे दिया जाता है—

पहले अध्यायके इक्कीसवें श्लोकके उत्तरार्धसे लेकर तेईसवें श्लोकतक अर्जुन जो बोले हैं, उसमें स्तुति, प्रार्थना और प्रश्न—ये तीनों ही नहीं हैं। वहाँ धृतराष्ट्र-सम्बन्धियोंको देखकर, जोशमें आकर अपना रथ दोनों सेनाओंके बीचमें खड़ा करनेके लिये भगवान्‌को आज्ञा देते हैं। ऐसे ही अट्ठाईसवें श्लोकके उत्तरार्धसे लेकर छियालीसवें श्लोकतक अर्जुनने कायरता, शोक आदिके वचन कहे हैं।

दूसरे अध्यायके चौथे श्लोकसे आठवें श्लोकतक अर्जुनने प्रायः युद्ध करनेका अनौचित्य ही सिद्ध किया है। केवल सातवें श्लोकके पूर्वार्धमें अपनी कमजोरीके कारण 'मेरेको क्या करना

चाहिये और क्या नहीं करना चाहिये' इस विषयमें अर्जुनका प्रश्न है, और उत्तरार्धमें 'मेरा निश्चित कल्याण हो जाय' इसके लिये अर्जुनकी भगवान्से शरणागतिपूर्वक प्रार्थना है । फिर चौवनवें श्लोकमें 'स्थितप्रज्ञके क्या लक्षण हैं ? वह कैसे बोलता है ? कैसे बैठता है ? और कैसे चलता है ?' इस तरह जिज्ञासापूर्वक चार प्रश्न हैं ।

तीसरे अध्यायके पहले और दूसरे श्लोकमें 'जब कर्मसे बुद्धि ही श्रेष्ठ है, तो फिर मेरेको घोर कर्ममें क्यों लगाते हैं । जिससे मैं श्रेयको प्राप्त हो जाऊँ—वह एक बात कहिये' इस तरह प्रार्थनापूर्वक प्रश्न है । छत्तीसवें श्लोकमें 'पाप करना न चाहते हुए भी मनुष्यके द्वारा पाप करानेवाला कौन है ?' इस तरह जिज्ञासापूर्वक प्रश्न है ।

चौथे अध्यायके चौथे श्लोकमें 'आपने सूर्यको उपदेश कैसे दिया ?' इस तरह भगवान्के अवतारके विषयमें अर्जुनका जिज्ञासापूर्वक प्रश्न है ।

पाँचवें अध्यायके पहले श्लोकमें सन्यास और योगके विषयमें अर्जुनका प्रार्थनापूर्वक प्रश्न है ।

छठे अध्यायके तैंतीसवें चौंतीसवें श्लोकोंमें मनकी चञ्चलताके विषयमें अर्जुनका प्रश्न है । सैंतीसवें-अड़तीसवें श्लोकोंमें योगभ्रष्टकी गतिके विषयमें सन्देहपूर्वक प्रश्न है । उन्तालीसवें श्लोकमें सन्देहको दूर करनेके लिये अर्जुनने भगवान्की महत्ताको समझते हुए उनसे प्रार्थना की है ।

आठवें अध्यायके पहले-दूसरे श्लोकोंमें ब्रह्म, अध्यात्म आदिके विषयमें अर्जुनका जिज्ञासापूर्वक प्रश्न है ।

दसवें अध्यायके बारहवेंसे पन्द्रहवें श्लोकतक अर्जुनने भगवान्‌के प्रभावको लेकर उनकी स्तुति की है। सोलहवेंसे अठारहवें श्लोकतक प्रार्थनापूर्वक प्रश्न है अर्थात् सोलहवेंसे अठारहवें श्लोकमें प्रार्थना है तथा सत्रहवें श्लोकमें प्रश्न है।

ग्यारहवें अध्यायके पहलेसे चौथे श्लोकतक विश्वरूप दिखानेके लिये अर्जुनकी भगवान्‌से नम्रतापूर्वक प्रार्थना है। पन्द्रहवेंसे तीसवें श्लोकतक भगवान्‌के अलौकिक, दिव्य प्रभावको लेकर स्तुति है और इकतीसवें श्लोकमें प्रार्थनापूर्वक प्रश्न है। छत्तीसवेंसे चालीसवें श्लोकतक नमस्कारपूर्वक स्तुति है और इकतालीसवेंसे चौवालीसवें श्लोकतक अपराध क्षमा करनेके लिये प्रार्थना है। पैंतालीसवें छियालीसवें श्लोकोंमें भगवान्‌से चतुर्भुजरूप दिखानेके लिये प्रार्थना है। इक्यावनवें श्लोकमें अर्जुनने केवल अपनी स्थितिका वर्णन किया है।

बारहवें अध्यायके पहले श्लोकमें 'सगुण और निर्गुण उपासकोंमें कौन श्रेष्ठ है' इस विषयमें अर्जुनका प्रश्न है।

चौदहवें अध्यायके इक्कीसवें श्लोकमें गुणातीनके विषयमें अर्जुनका प्रश्न है।

सत्रहवें अध्यायके पहले श्लोकमें निष्ठाको लेकर अर्जुनका प्रश्न है।

अठारहवें अध्यायके पहले श्लोकमें संन्यास और योगके विषयमें अर्जुनका प्रश्न है। तिहत्तरवें श्लोकमें निःसन्दिग्धरूपसे भगवान्‌की आज्ञाका पालन करनेकी स्वीकृति है।

'भूय कथय तृप्तिर्हि शृण्वतो नास्ति मेऽमृतम्'--अर्जुन श्रेयका साधन चाहते हैं (गीता २ । ७, ३।२, ५ । १), और भगवान्‌ने विभूति तथा योगको तत्त्वसे जाननेका फल अपनेमें दृढ भक्ति होना बताया (गीता १० । ७) । इस वास्ते अर्जुनको विभूतियोंको जाननेवाली बात बहुत सरल लगी कि मेरेको कोई नया काम नहीं करना है, नया चिन्तन नहीं करना है, प्रत्युत जहाँ-कहीं विशेषता आदिको लेकर मनका स्वाभाविक खिंचाव होता है, वहीं उस विशेषताको भगवान्‌की मानना है । इससे मनकी वृत्तियोंका प्रवाह संसारमें न होकर भगवान्‌में हो जायगा, जिससे मेरी भगवान्‌में दृढ भक्ति हो जायगी और मेरा सुगमतासे कल्याण हो जायगा । कितनी सीधी, सरल और सुगम बात है ! इस वास्ते अर्जुन विभूतियोंको फिर कहनेके लिये प्रार्थना करते हैं ।

जैसे, कोई भोजन करने बैठे और भोजनमें कोई वस्तु प्रिय (बढ़िया) मालूम दे, तो उसमें उसकी रुचि बढ़ती है और वह बार-बार उस प्रिय वस्तुको माँगता है । पर उस रुचिमें दो बाधाएँ लगती हैं—एक तो वह वस्तु अगर कम मात्रामें होती है तो पूरी तृप्तिपूर्वक नहीं मिलती, और दूसरी, वह वस्तु अधिक मात्रामें होनेपर भी पेट भर जानेसे अधिक नहीं खायी जा सकती । परन्तु भगवान्‌की विभूतियोंका और अर्जुनकी विभूतियाँ सुननेकी रुचिका भोजनकी तरह अन्त नहीं आता । कानोंके द्वारा अमृतमय वचनोंको सुनते हुए न तो उन वचनोंका अन्त आता है, और न उनको सुनते हुए तृप्ति ही होती है । इस वास्ते अर्जुन भगवान्‌से प्रार्थना करते हुए कहते हैं कि आप ऐसे अमृतमय वचन सुनाते ही जाइये ।

सम्बन्ध—

अर्जुनकी प्रार्थना स्वीकार करके भगवान् अब अगले श्लोकसे अपनी विभूतियों और योगको कहना आरम्भ करते हैं।

श्लोक—

श्रीभगवानुवाच

हन्त ते कथयिष्यामि दिव्या ह्यात्मविभूतयः ।
प्राधान्यतः कुरुश्रेष्ठ नास्त्यन्तो विस्तरस्य मे ॥ १९ ॥

अर्थ—

श्रीभगवान् बोले—हाँ, ठीक है। मैं अपनी दिव्य विभूतियोंको तेरे लिये प्रधानतासे (संक्षेपसे) कहूँगा, क्योंकि हे कुरुश्रेष्ठ ! मेरी विभूतियोंके विस्तारका अन्त नहीं है।

व्याख्या—

'हन्त ते कथयिष्यामि दिव्या ह्यात्मविभूतयः'—योग और विभूति कहनेके लिये अर्जुनकी जो प्रार्थना है, उसको 'हन्त' अव्ययसे स्वीकार करते हुए भगवान् कहते हैं कि मैं अपनी दिव्य, अलौकिक, विलक्षण विभूतियोंको तेरे लिये कहूँगा (योगकी बात भगवान्‌ने आगे इकतालीसवें श्लोकमें कही है)।

'दिव्या' कहनेका तात्पर्य है कि जिस किसी वस्तु, व्यक्ति, घटना आदिमें जो कुछ भी विशेषता दीखती है, वह वस्तुतः भगवानकी ही है। इस वास्ते उसको भगवान्‌की ही देखना दिव्यता है, और वस्तु, व्यक्ति आदिकी देखना लौकिकता है।

'प्राधान्यतः कुरुश्रेष्ठ नास्त्यन्तो विस्तरस्य मे'—जब अर्जुनने कहा कि भगवन्! आप अपनी विभूतियोंको विस्तारसे, पूरी-की-पूरी कह दें, तो भगवान् कहते हैं कि मैं अपनी विभूतियोंको संक्षेपसे कहूँगा, क्योंकि मेरी विभूतियोंका अन्त नहीं है। पर आगे ग्यारहवें अध्यायमें जब अर्जुन बड़े संकोचसे कहते हैं कि मैं आपका विश्वरूप देखना चाहता हूँ, अगर मेरे द्वारा वह रूप देखा जाना शक्य है तो दिखा दीजिये, तब भगवान् कहते हैं—**'पश्य मे पार्थ रूपाणि'** (११।५) अर्थात् तू मेरे रूपोंको देख ले। रूपोंमें कितने रूप? क्या दो-चार? नहीं-नहीं सैकड़ों हजारों रूपोंको देख! इस प्रकार यहाँ अर्जुनकी विस्तारसे विभूतियाँ कहनेकी प्रार्थना सुनकर भगवान् संक्षेपसे विभूतियाँ सुननेके लिये कहते हैं और वहाँ अर्जुनकी एक रूप दिखानेकी प्रार्थना सुनकर भगवान् सैकड़ों हजारों रूप देखनेके लिये कहते हैं!

यह एक बड़े आश्चर्यकी बात है कि सुननेमें तो आदमी बहुत सुन सकता है, पर उतना नेत्रोंसे देख नहीं सकता, क्योंकि देखनेकी शक्ति कानोंकी अपेक्षा सीमित होती है*। फिर भी

---

* कानका विषय है शब्द, और शब्द दो तरहका होता है—वर्णात्मक और ध्वन्यात्मक। कानके द्वारा शब्दोंको सुनकर हमें प्रत्यक्षका भी ज्ञान होता है। और अप्रत्यक्ष (स्वर्ग, नरक आदि) का भी ज्ञान होता है। इसीलिये वेदान्त प्रक्रिया (श्रवण, मनन, निदिध्यासन आदि) में 'श्रवण' सबसे पहले आया है। ऐसे ही भक्तिमें भी (श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन आदिमें) 'श्रवण' पहले आया है। शास्त्रोंमें जिस परमात्मतत्त्वका वर्णन किया गया है,

जब अर्जुनने सम्पूर्ण विभूतियोंको सुननेमें अपनी असामर्थ्य बतायी तो भगवान्ने संक्षेपसे सुननेके लिये कहा, और जब अर्जुनने एकरूपको देखनेमें नम्रतापूर्वक अपनी असमर्थता प्रकट की तो भगवान्ने अनेक रूप देखनेके लिये कहा। इसका कारण यह है कि गीतामें अर्जुनका भगवद्विषयक ज्ञान उत्तरोत्तर बढ़ता जाता है। इस दसवें अध्यायमें जब भगवान्ने यह कहा कि मेरी विभूतियोंका

उसका ज्ञान (परोक्ष ज्ञान) हमें कानोंसे ही होता है अर्थात् कानोंसे सुनकर ही उसके अनुसार करने, मानने या जाननेसे हम उस परमात्मतत्त्वका साक्षात्कार करते हैं।

शब्दमें अचिन्त्य शक्ति है—

शब्दशक्तेरचिन्त्यत्वात् शब्दादेवापरोक्षधीः।
प्रसुप्तः पुरुषो यद्वच्छब्देनैवावबुध्यते॥

मनुष्य सोता है तो पहले इन्द्रियाँ संकुचित होकर मनमें, मन संकुचित होकर बुद्धिमें और बुद्धि संकुचित होकर अज्ञान (अविद्या) में लीन हो जाती है। इस तरह यद्यपि नींदमें इन्द्रियाँ बहुत छिपी रहती हैं, तथापि सोये हुए आदमीका नाम लेकर पुकारा जाय तो वह जग जाता है। शब्दमें इतनी शक्ति है कि वह अविद्यामें लीन हुएको भी जगा देता है। इस वास्ते शब्दमें अनन्त शक्ति है। दृष्टि तो पदार्थतक जाकर रुक जाती है। पर शब्द केवल कानतक ही नहीं जाता, प्रत्युत स्वयंतक चला जाता है।

नेत्रोंमें रूप पकड़ा जाता है। जैसे दर्पणमें मुख देखते समय काँचके भीतर रूप चला जाता है तो उसमें मुख दिखायी देने लगता है, ऐसे ही आँखमें भी एक काँच है, जिसके भीतर पदार्थका रूप चला जाता है तो वह पदार्थ दिखायी देने लगता है। नेत्रोंमें एक विशेष शक्ति यह है कि वे पहले रूपको पकड़े हुए ही दूसरे रूपको

अन्त नहीं है, तो अर्जुनकी दृष्टि भगवान्‌की अनन्तताकी तरफ चली गयी। उन्होंने समझा कि भगवान्‌के विषयमें तो मैं कुछ भी नहीं जानता, क्योंकि भगवान् अनन्त हैं, असीम हैं, अपार हैं। परन्तु अर्जुनने भूलसे कह दिया कि आप अपनी सब-की-सब विभूतियाँ कह दीजिये। इस वास्ते अर्जुन आगे चलकर सावधान हो जाते हैं और नम्रतापूर्वक एक रूपको दिखानेके लिये ही भगवान्‌से प्रार्थना करते हैं। नेत्रोंकी शक्ति सीमित होते हुए भी भगवान् दिव्य चक्षु प्रदान करके अर्थात् चर्मचक्षुओंमें विशेष शक्ति प्रदान करके अपने अनेक रूपोंको देखनेकी आज्ञा देते हैं।

देख लेते हैं, इसी कारण जब बिजलीसे पंखा चलता है, तब उसके तीनों पर अलग-अलग घूमनेपर भी नेत्रोंको (अलग-अलग पर घूमते दिखायी न देकर) एक चक्र-सा दिखायी देता है। ऐसा होने हुए भी कानोंमें जितनी शक्ति है, उतनी नेत्रोंमें नहीं है।

इन्द्रियाँ केवल अपने-अपने विषयोंको ही पकड़ सकती हैं, परमात्मतत्त्वको नहीं पकड़ सकतीं, क्योंकि परमात्मतत्त्व इन्द्रियोंका विषय नहीं है। परमात्मतत्त्व स्वयंका विषय है अर्थात् उसका ज्ञान स्वयंसे ही होता है। इस वास्ते अर्जुनने इस अध्यायमें कहा है कि आप स्वयंको स्वयंसे ही जानते हैं 'स्वयमेवात्मनात्मानं वेत्थ त्वम्' (गीता १०। १५)। दूसरे अध्यायमें भगवान्‌ने बताया है कि मनमें आयी हुई सम्पूर्ण कामनाओंको छोड़नेपर मनुष्य अपनेसे ही अपने आपमें सन्तुष्ट होता है—'प्रजहाति यदा कामान्सर्वान्पार्थ मनोगतान्। आत्मन्येवात्मना तुष्टः' (२। ५५)। तात्पर्य यह हुआ कि परमात्मतत्त्वका ज्ञान करण-निरपेक्ष है। उस ज्ञानको आँख नहीं पकड़ सकतीं, पर कान शब्दोंके द्वारा पकड़ करके स्वयंतक पहुँचा देता है।

आदि, मध्य तथा अन्तमें मैं ही हूँ। यह नियम है कि जो वस्तु उत्पत्ति-विनाशशील होती है, उसके आरम्भ और अन्तमें जो तत्त्व रहता है, वही तत्त्व उसके मध्यमें भी रहता है (चाहे दीखे या न दीखे) अर्थात् जो वस्तु जिस तत्त्वसे उत्पन्न होती है और जिसमें लीन होती है, उस वस्तुके आदि, मध्य और अन्तमें (सब समयमें) वही तत्त्व रहता है। जैसे, सोनेसे बने गहने पहले सोनारूप होते हैं और अन्तमें (गहनोंके सोनेमें लीन होनेपर) सोनारूप ही रहते हैं तथा बीचमें भी सोनारूप ही रहते हैं। केवल नाम, आकृति, उपयोग, माप, तौल आदि अलग-अलग होते हैं, और इनके अलग-अलग होते हुए भी गहने सोना ही रहते हैं। ऐसे ही सम्पूर्ण प्राणी आदिमें भी परमात्मस्वरूप थे और अन्तमें लीन होनेपर भी परमात्मस्वरूप रहेंगे तथा मध्यमें नाम, रूप, आकृति, क्रिया, स्वभाव आदि अलग अलग होनेपर भी तत्त्वतः परमात्मस्वरूप ही हैं—यह बतानेके लिये ही यहाँ भगवान्‌ने अपनेको सम्पूर्ण प्राणियोंके आदि, मध्य और अन्तमें कहा है।

भगवान्‌ने विभूतियोंके इस प्रकरणमें आदि, मध्य और अन्तमें—तीन जगह साररूपसे अपनी विभूतियोंका वर्णन किया है। पहले इस बीसवें श्लोकमें भगवान्‌ने कहा कि 'सम्पूर्ण प्राणियोंके आदि, मध्य और अन्तमें मैं ही हूँ, बीचके बत्तीसवें श्लोकमें कहा कि 'सम्पूर्ण सर्गोंके आदि, मध्य और अन्तमें मैं ही हूँ' और अन्तके उन्तालीसवें श्लोकमें कहा कि 'सम्पूर्ण प्राणियोंका जो बीज है, वह मैं ही हूँ,' क्योंकि मेरे बिना कोई भी चर-अचर

*

प्राणी नहीं है, चिन्तन करनेके लिये यही विभूतियोंका सार है। तात्पर्य यह है कि किसी विशेषता आदिको लेकर जो विभूतियाँ कही गयी हैं उन विभूतियोंके अतिरिक्त भी जो कुछ दिखायी दे, वह भी भगवान्‌की ही विभूति है—यह बतानेके लिये भगवान्‌ने अपनेको सम्पूर्ण चराचर प्राणियोंके आदि, मध्य तथा अन्तमें विद्यमान कहा है। तत्त्वसे सब कुछ परमात्मा ही है—'वासुदेव सर्वम्'—इस लक्ष्यको बतानेके लिये ही विभूतियाँ कही गयी हैं।

इस बीसवें श्लोकमें भगवान्‌ने प्राणियोंमें जो आत्मा है, जीवोंका जो स्वरूप है, उसको अपनी विभूति बतायी है। फिर बत्तीसवें श्लोकमें भगवान्‌ने सृष्टिरूपसे अपनी विभूति बतायी कि जो जड़-चेतन, स्थावर-जङ्गम सृष्टि है, उसके आदिमें 'मै एक ही बहुत रूपोंमें हो जाऊँ' ('बहु स्या प्रजायेयेति' छान्दोग्य० ६। २। ३) —ऐसा सकल्प करता हूँ और अन्तमें मे ही शेष रहता हूँ—'शिष्यते शेषसंज्ञः' (श्रीमद्भा० १०। ३। २५)। अत बीचमें भी सब कुछ मै ही हूँ—'वासुदेव सर्वम्' (गीता ७। १९) 'सदसच्चाहमर्जुन' (गीता ९। १९), क्योंकि जो तत्त्व आदि और अन्तमें होता है, वही तत्त्व बीचमें होता है। अन्तमें उन्तालीसवें श्लोकमें भगवान्‌ने बीज (कारण) रूपसे अपनी विभूति बतायी कि मैं ही सबका बीज हूँ, मेरे बिना कोई भी प्राणी नहीं है। इस प्रकार इन तीन जगह—तीन श्लोकोंमें मुख्य विभूतियाँ बतायी गयी हैं और अन्य श्लोकोंमें जो समुदायमें मुख्य है, जिनका समुदायपर आधिपत्य है, जिनमें कोई विशेषता है, उनको लेकर विभूतियाँ बतायी गयी हैं। परन्तु साधकको चाहिये कि वह इन

विभूतियोंकी महत्ता, विशेषता, सुन्दरता, आधिपत्य आदिकी त
ख्याल न करे, प्रत्युत ये सब विभूतियाँ भगवान्‌से ही प्रकट हो
हैं, इनमें जो महत्ता आदि है, वह केवल भगवान्‌की है,
विभूतियाँ भगवत्स्वरूप ही हैं—इस तरफ ख्याल रखे। कारण
अर्जुनका प्रश्न भगवान्‌के चिन्तनके विषयमें है (१०।१७) कि
वस्तु, व्यक्तिके चिन्तनके विषयमें नहीं।

'अहमात्मा गुडाकेश सर्वभूताशयस्थित'—साधक इ
विभूतियोंका उपयोग कैसे करे ? इसे बताते हैं कि जब साधकक
दृष्टि प्राणियोंकी तरफ चली जाय तो वह 'सम्पूर्ण प्राणियों
आत्मारूपसे भगवान् ही हैं'—इस तरह भगवान्‌का चिन्तन करे
जब किसी विचारक साधककी दृष्टि सृष्टिकी तरफ चली जाय तो वह
'उत्पत्ति-विनाशशील और हरदम परिवर्तनशील सृष्टिके आदि, मध्य
तथा अन्तमें एक भगवान् ही हैं'—इस तरह भगवान्‌का चिन्तन
करे। कभी प्राणियोंके मूलकी तरफ उसकी दृष्टि चली जाय तो वह
'बीजरूपसे भगवान् ही हैं, भगवान्‌के बिना कोई भी चर-अचर
प्राणी नहीं है और हो सकता भी नहीं'—इस तरह भगवान्‌का
चिन्तन करे।

श्लोक—

आदित्यानामहं विष्णुर्ज्योतिषां रविरंशुमान्।
मरीचिर्मरुतामस्मि नक्षत्राणामहं शशी ॥ २१ ॥*

* इन विभूतियोंमें षष्ठीका प्रयोग किया गया है। षष्ठीका प्रयोग
निर्धारण अर्थात् मुख्यताके अर्थमें भी होता है और सम्बन्धके अर्थमें
भी। जहाँ निर्धारणमें षष्ठी होती है, वहाँ हिन्दीकी 'में' विभक्तिका प्रयोग

अर्थ—

मैं अदितिके पुत्रोंमें विष्णु (वामन) और प्रकाशमान चीजोंमें किरणोंवाला सूर्य हूँ । मैं मरुतोंका तेज और नक्षत्रोंका अधिपति चन्द्रमा हूँ ।

व्याख्या—

'आदित्यानामहं विष्णुः'—अदितिके धाता, मित्र आदि जितने पुत्र हैं, उनमें 'विष्णु' अर्थात् वामन मुख्य हैं । भगवान्‌ने ही वामन रूपसे अवतार लेकर दैत्योंकी सम्पत्तिको दानरूपसे लिया और उसे अदितिके पुत्रों (देवताओं) को दिला दिया * ।

'ज्योतिषां रविरंशुमान्'—चन्द्रमा, नक्षत्र, तारा, अग्नि आदि जितनी भी प्रकाशमान चीजें हैं, उनमें किरणोंवाला सूर्य मेरी विभूति है, क्योंकि प्रकाश करनेमें सूर्यकी मुख्यता है । सूर्यके तेजसे ही सभी प्रकाशमान होते हैं ।

'मरीचिर्मरुतामस्मि'—सत्त्वज्योति, आदित्य, हरित आदि नामोंवाले जो उन्चास मरुत हैं, उनका मुख्य तेज मैं हूँ । उस तेजके प्रभावसे ही इन्द्रके द्वारा दितिके गर्भके सात टुकड़े करनेपर और उन सातोंके फिर सात-सात टुकड़े करनेपर भी वे मरे नहीं, प्रत्युत एकसे उन्चास हो गये ।

होता है, और जहाँ सम्बन्धमें षष्ठी होती है, वहाँ हिन्दीकी 'का' 'की' विभक्तियोंका प्रयोग होता है। उदाहरणार्थ, इस श्लोकके पूर्वार्धमें निर्धारण-के अर्थमें और उत्तरार्धमें सम्बन्धके अर्थमें षष्ठीका प्रयोग हुआ है ।

* बारह महीनोंमें जो बारह आदित्य होते हैं, उनमें कार्तिक मासके सूर्यका नाम भी 'विष्णु' है ।

'नक्षत्राणामहं शशी'—अश्विनी, भरणी, कृत्तिका आदि जो सत्ताईस नक्षत्र हैं, उन सबका अधिपति चन्द्रमा मैं हूँ।

इन विभूतियोंमें जो विशेषता—महत्ता बतायी गयी है, वह वास्तवमें भगवान्की है।

[इस प्रकरणमें जिन विभूतियोंका वर्णन आया है, उनको भगवान्ने विभूतिरूपसे ही कहा है, अवताररूपसे नहीं, जैसे—अदितिके पुत्रोंमें वामन मैं हूँ (१० । २१), शस्त्रधारियोंमें राम मैं हूँ (१० । ३१), वृष्णिवंशियोंमें वासुदेव (कृष्ण) और पाण्डवोंमें धनञ्जय (अर्जुन) मैं हूँ (१० । ३७) इत्यादि। कारण कि यहाँ प्रसङ्ग विभूतियोंका है।]

श्लोक—

वेदानां सामवेदोऽस्मि देवानामस्मि वासवः।
इन्द्रियाणां मनश्चास्मि भूतानामस्मि चेतना॥ २२॥

अर्थ—

मैं वेदोंमें सामवेद हूँ, देवताओंमें इन्द्र हूँ, इन्द्रियोंमें मन हूँ और प्राणियोंकी चेतना हूँ।

व्याख्या—

'वेदानां सामवेदोऽस्मि'—वेदोंकी जो ऋचाएँ स्वरसहित गायी जाती हैं, उनका नाम सामवेद है। सामवेदमें इन्द्ररूपसे भगवान्की स्तुतिका वर्णन है। इस वास्ते सामवेद भगवान्की विभूति है।

'देवानामस्मि वासवः'—सूर्य, चन्द्रमा आदि जितने भी देवता हैं, उन सबमें इन्द्र मुख्य है और सबका अधिपति है। इस

वास्ते भगवान्‌ने उसको अपनी विभूति बताया है। नवें अध्यायके बीसवें श्लोकमें भी भगवान्‌ने 'माम्' पदसे इन्द्रको अपनी विभूति बताया है*।

'इन्द्रियाणां मनश्चास्मि'—नेत्र, कान आदि सब इन्द्रियोंमें मन मुख्य है। सब इन्द्रियाँ मनके साथ रहनेसे (मनको साथमें लेकर) ही काम करती हैं। मन साथमें न रहनेसे इन्द्रियाँ अपना काम नहीं करतीं। यदि मनका साथ न हो तो इन्द्रियोंके सामने विषय आनेपर भी विषयोंका ज्ञान नहीं होता। मनमें यह विशेषता भगवान्‌से ही आयी है। इस वास्ते भगवान्‌ने मनको अपनी विभूति बताया है।

'भूतानामस्मि चेतना'—सम्पूर्ण प्राणियोंकी जो चेतना-शक्ति, प्राणशक्ति है, जिससे मरे हुए आदमीकी अपेक्षा सोये हुए आदमीमें विलक्षणता दीखती है, उसे भगवान्‌ने अपनी विभूति बताया है।

इन विभूतियोंमें जो विशेषता है, वह भगवान्‌से ही आयी है। इनकी स्वतन्त्र विशेषता नहीं है।

श्लोक—

रुद्राणां शंकरश्चास्मि वित्तेशो यक्षरक्षसाम्।
वसूनां पावकश्चास्मि मेरुः शिखरिणामहम्॥ २३॥

---

* त्रैविद्या मां सोमपाः पूतपापा यज्ञैरिष्ट्वा स्वर्गतिं प्रार्थयन्ते।
(गीता ९। २०)

अर्थ—

रुद्रोंमें शंकर और यक्ष-राक्षसोंमें कुबेर मैं हूँ । वसुओंमें पावक (अग्नि) और शिखरवाले पर्वतोंमें मेरु मैं हूँ ।

व्याख्या—

'रुद्राणां शंकरश्चास्मि'—हर, बहुरूप, त्र्यम्बक आदि ग्यारह रुद्रोंमें शम्भु अर्थात् शंकर सबके अधिपति हैं । ये कल्याण प्रदान करनेवाले और कल्याणस्वरूप हैं । इस वास्ते भगवान्‌ने इनको अपनी विभूति बताया है ।

'वित्तेशो यक्षरक्षसाम्'—कुबेर यक्ष तथा राक्षसोंके अधिपति हैं, और इनको धनाध्यक्ष पदपर नियुक्त किया गया है । सब यक्ष-राक्षसोंमें मुख्य होनेसे ये भगवान्‌की विभूति हैं ।

'वसूनां पावकश्चास्मि'—धर, ध्रुव, सोम आदि आठ वसुओंमें अनल अर्थात् पावक (अग्नि) सबके अधिपति हैं । ये सब देवताओंको यज्ञकी हवि पहुँचानेवाले तथा भगवान्‌के मुख हैं । इस वास्ते इनको भगवान्‌ने अपनी विभूति बताया है ।

'मेरुः शिखरिणामहम्'—सोने, चाँदी, ताँबे आदिके शिखरोंवाले जितने पर्वत हैं, उनमें सुमेरु पर्वत मुख्य है । यह सोने तथा रत्नोंका भण्डार है । इस वास्ते भगवान्‌ने इसको अपनी विभूति बताया है ।

इस श्लोकमें जो चार विभूतियाँ कही हैं, उनमें जो कुछ विशेषता-महत्ता दीखती है, वह विभूतियोंके मूलरूप परमात्मासे ही आयी है । इस वास्ते इन विभूतियोंमें परमात्माका ही चिन्तन होना चाहिये ।

श्लोक—

पुरोधसां च मुख्यं मां विद्धि पार्थ बृहस्पतिम्।
सेनानीनामहं स्कन्दः सरसामस्मि सागरः ॥ २४ ॥

अर्थ—

हे पार्थ! पुरोहितोंमें मुख्य बृहस्पतिको मेरा स्वरूप समझो। सेनापतियोंमें स्कन्द और जलाशयोंमें समुद्र मैं हूँ।

व्याख्या—

'पुरोधसां च मुख्यं मां विद्धि पार्थ बृहस्पतिम्'—संसारके सम्पूर्ण पुरोहितोंमें और विद्या-बुद्धिमें बृहस्पति सबसे श्रेष्ठ हैं। ये इन्द्रके गुरु तथा देवताओंके कुलपुरोहित हैं। इस वास्ते भगवान्ने अर्जुनसे बृहस्पतिको अपनी विभूति जानने (मानने) के लिये कहा है।

'सेनानीनामहं स्कन्दः'—स्कन्द (कार्तिकेय) शङ्करजीके पुत्र हैं। इनके छः मुख और बारह हाथ हैं। ये देवताओंके सेनापति हैं और संसारके सम्पूर्ण सेनापतियोंमें श्रेष्ठ हैं। इस वास्ते भगवान्ने इनको अपनी विभूति बताया है।

'सरसामस्मि सागरः'—इस पृथ्वीपर जितने जलाशय हैं, उनमें समुद्र सबसे बड़ा है। समुद्र सम्पूर्ण जलाशयोंका अधिपति है और अपनी मर्यादामें रहनेवाला तथा गम्भीर है। इस वास्ते *भगवान्ने इसको अपनी विभूति बताया है।*

यहाँ इन विभूतियोंकी जो अलौकिकता दीखती है, वह उनकी खुदकी नहीं है प्रत्युत भगवान्की है और भगवान्से ही आयी है। इस वास्ते इनको देखनेपर भगवान्की ही स्मृति होनी चाहिये।

श्लोक—

महर्षीणां भृगुरहं गिरामस्म्येकमक्षरम्।
यज्ञानां जपयज्ञोऽस्मि स्थावराणां हिमालयः ॥२५॥

अर्थ—

महर्षियोंमें भृगु और वाणियोंमें (शब्दों-) में एक अक्षर अर्थात् प्रणव मैं हूँ। सम्पूर्ण यज्ञोंमें जपयज्ञ और स्थिर रहनेवालोंमें हिमालय मैं हूँ।

व्याख्या—

'महर्षीणां भृगुरहम्'—भृगु, अत्रि, मरीचि आदि महर्षियोंमें भृगुजी बड़े भक्त, ज्ञानी और तेजस्वी हैं। इन्होंने ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश—इन तीनोंकी परीक्षा करके भगवान् विष्णुको श्रेष्ठ सिद्ध किया था। भगवान् विष्णु भी अपने वक्ष स्थलपर इनके चरण-चिह्नको 'भृगुलता' नामसे धारण किये रहते हैं। इस वास्ते भगवान्‌ने इनको अपनी विभूति बताया है।

'गिरामस्म्येकमक्षरम्'—सबसे पहले तीन मात्रावाला प्रणव प्रकट हुआ। फिर प्रणवसे त्रिपदा गायत्री, त्रिपदा गायत्रीसे वेद, और वेदोंसे शास्त्र, पुराण आदि सम्पूर्ण वाङ्मय जगत् प्रकट हुआ। अत इन सबका कारण होनेसे और इन सबमें श्रेष्ठ होनेसे भगवान्‌ने एक अक्षर—प्रणवको अपनी विभूति बताया है। गीतामें अन्यत्र भी इसका वर्णन आता है, जैसे—'प्रणव सर्ववेदेषु' (७ । ८)—'सम्पूर्ण वेदोंमें प्रणव मैं हूँ', 'ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन्। य प्रयाति त्यजन्देहं स याति परमां गतिम् ॥'

(८ । १३) 'जो मनुष्य ॐ—इस एक अक्षर प्रणवका उच्चारण करके और भगवान्‌का स्मरण करके शरीर छोड़कर जाता है, वह परमगतिको प्राप्त होता है' 'तस्मादोमित्युदाहृत्य यज्ञदानतपःक्रियाः । प्रवर्तन्ते विधानोक्ताः सततं ब्रह्मवादिनाम्' (१७ । २४) 'वैदिक लोगोंकी शास्त्रविहित यज्ञ, दान और तपरूप क्रियाएँ प्रणवका उच्चारण करके ही आरम्भ होती हैं ।'

'यज्ञानां जपयज्ञोऽस्मि'—मन्त्रोंसे जितने यज्ञ किये जाते हैं, उनमें अनेक वस्तु-पदार्थोंकी, विधियोंकी आवश्यकता पड़ती है और उनको करनेमें कुछ-न-कुछ दोष आ ही जाता है । परन्तु जपयज्ञ अर्थात् भगवन्नामका जप करनेमें किसी पदार्थ या विधिकी आवश्यकता नहीं पड़ती । इसको करनेमें दोष आना तो दूर रहा, प्रत्युत सभी दोष नष्ट हो जाते हैं । इसको करनेमें सभी स्वतन्त्र हैं । भिन्न-भिन्न सम्प्रदायोंमें भगवान्‌के नामोंमें अन्तर तो होता है, पर नामजपसे कल्याण होता है—इसको हिन्दू, मुसलमान, बौद्ध, जैन आदि सभी मानते हैं । इस वास्ते भगवान्‌ने जपयज्ञको अपनी विभूति बताया है ।

'स्थावराणां हिमालयः'—स्थिर रहनेवाले जितने भी पर्वत हैं, उन सबमें हिमालय तपस्याका स्थल होनेसे महान् पवित्र है और सबका अधिपति है । गंगा, यमुना आदि जितनी तीर्थस्वरूप पवित्र नदियाँ हैं, वे सभी प्रायः हिमालयसे प्रकट होती हैं । भगवत्प्राप्तिमें हिमालय-स्थल बहुत सहायक है । आज भी दीर्घ आयुवाले बड़े-बड़े

योगी और सन्तजन हिमालयकी गुफाओंमें साधन-भजन करते हैं। नर-नारायण ऋषि भी हिमालयमें जगत्के कल्याणके लिए अब भी तपस्या कर रहे हैं। हिमालय भगवान् शङ्करका ससुराल है और स्वय शङ्कर भी इसीकी एक शिखर—कैलाश पर्वतपर रहते हैं। इस वास्ते भगवान्ने हिमालयको अपनी विभूति बताया है।

ससारमें जो कुछ भी विशेषता दीखती है, उसको ससारकी माननेसे मनुष्य उसमें फँस जाता है, जिससे उसका पतन होता है। परन्तु भगवान् यहाँ बहुत ही सरल साधन बताते हैं कि तुम्हारा मन जहाँ-कहीं और जिस-किसी विशेषताको लेकर आकृष्ट होता है वहाँ उस विशेषताको तुम मेरी समझो कि यह विशेषता भगवान्की है और भगवान्से ही आयी है। यह इस परिवर्तनशील नाशवान् संसारकी नहीं है। ऐसा समझोगे, मानोगे तो तुम्हारा वह आकर्षण मेरेमें ही होगा। तुम्हारे मनमें मेरी ही महत्ता हो जायगी। इससे ससारका चिन्तन छूटकर मेरा ही चिन्तन होगा और इससे तुम्हारा मेरेमें प्रेम हो जायगा।

श्लोक—

अश्वत्थ सर्ववृक्षाणा देवर्षीणा च नारद ।
गन्धर्वाणा चित्ररथ सिद्धाना कपिलो मुनि ॥ २६ ॥

अर्थ—

सम्पूर्ण वृक्षोंमें पीपल, देवर्षियोंमें नारद, गन्धर्वोंमें चित्ररथ और सिद्धोंमें कपिल मुनि मै हूँ।

व्याख्या—

'अश्वत्थ सर्ववृक्षाणाम्'—पीपल एक सौम्य वृक्ष है। इसके नीचे हर एक पेड़ लग जाता है, और यह पहाड़, मकानकी दीवार, छत आदि कठोर जगहपर भी पैदा हो जाता है। पीपल वृक्षके पूजनकी बड़ी महिमा है। आयुर्वेदमें बहुत-से रोगोंका नाश करनेकी शक्ति पीपल वृक्षमें बतायी गयी है। इन सब दृष्टियोंसे भगवान्‌ने पीपलको अपनी विभूति बताया है।

'देवर्षीणां च नारद'—देवर्षि भी कई हैं और नारद भी कई हैं, पर 'देवर्षि नारद' एक ही हैं, ये भगवान्‌के मनके अनुसार चलते हैं और भगवान्‌को जैसी लीला करनी होती है, ये पहलेसे ही वैसी भूमिका तैयार कर देते हैं। इस वास्ते नारदजीको भगवान्‌का मन कहा गया है। ये सदा वीणा लेकर भगवान्‌के गुण गाते हुए घूमते रहते हैं। वाल्मीकि और व्यासजीको उपदेश देकर उनको रामायण और भागवत-जैसे ग्रन्थोंके लेखन-कार्यमें प्रवृत्त करानेवाले भी नारदजी ही हैं। नारदजीकी बातपर मनुष्य, देवता, असुर, नाग आदि सभी विश्वास करते हैं। सभी इनकी बातको मानते हैं और इनसे सलाह लेते हैं। महाभारत आदि ग्रन्थोंमें इनके अनेक गुणोंका वर्णन किया गया है। यहाँ भगवान्‌ने इनको अपनी विभूति बताया है।

'गन्धर्वाणां चित्ररथः'—स्वर्गके गायकोंको गन्धर्व कहते हैं और उन सभी गन्धर्वोंमें चित्ररथ मुख्य हैं। अर्जुनके साथ इनकी मित्रता रही, और इनसे ही अर्जुनने गान-विद्या सीखी थी। गान-

विद्यामें अत्यन्त निपुण और गन्धर्वोमें मुख्य होनेसे भगवान्ने इनको अपनी विभूति बताया है।

'सिद्धाना कपिलो मुनि'—सिद्ध दो तरहके होते हैं—एक तो साधन करके सिद्ध बनते हैं और दूसरे जन्मजात सिद्ध होते हैं। कपिलजी जन्मजात सिद्ध हैं और इनको आदिसिद्ध कहा जाता है। ये कर्दमजीके यहाँ देवहूतिके गर्भसे प्रकट हुए थे। ये सांख्यके आचार्य और सम्पूर्ण सिद्धोंके गणाधीश हैं। इस वास्ते भगवान्ने इनको अपनी विभूति बताया है।

इन सब विभूतियोंमें जो विलक्षणता प्रतीत होती है, वह तत्त्वतः परमात्माकी ही है। इस वास्ते साधककी दृष्टि भगवान्में ही रहनी चाहिये।

श्लोक—

उच्चैःश्रवसमश्वानां विद्धि माममृतोद्भवम्।
ऐरावतं गजेन्द्राणां नराणां च नराधिपम्॥ २७॥

अर्थ—

घोड़ोंमें अमृतके साथ समुद्रसे प्रकट होनेवाले उच्चैःश्रवा नामक घोड़को, श्रेष्ठ हाथियोंमें ऐरावत नामक हाथीको और मनुष्योंमें राजाको मेरी विभूति मानो।

व्याख्या—

'उच्चैःश्रवसमश्वानां विद्धि माममृतोद्भवम्'—समुद्र-मन्थनके समय प्रकट होनेवाले चौदह रत्नोंमें उच्चैःश्रवा घोड़ा भी एक रत्न है। यह इन्द्रका वाहन और सम्पूर्ण घोड़ोंका राजा है। इस वास्ते भगवान्ने इसको अपनी विभूति बताया है।

'ऐरावतं गजेन्द्राणाम्'—हाथियोंके समुदायमें जो श्रेष्ठ होता उसको गजेन्द्र कहते हैं। ऐसे गजेन्द्रोंमें भी ऐरावत हाथी श्रेष्ठ है। उच्चैःश्रवा घोड़ेकी तरह ऐरावत हाथीकी उत्पत्ति भी समुद्रसे हुई है और यह भी इन्द्रका वाहन है। इस वास्ते भगवान्ने इसको अपनी विभूति बताया है।

'नराणां च नराधिपम्'—सम्पूर्ण प्रजाका पालन, संरक्षण, शासन करनेवाला होनेसे राजा सम्पूर्ण मनुष्योंमें श्रेष्ठ है। साधारण मनुष्योंकी अपेक्षा राजामें भगवान्की ज्यादा शक्ति रहती है। इस वास्ते भगवान्ने राजाको अपनी विभूति बताया है*।

इन विभूतियोंमें जो बलवत्ता, सामर्थ्य है, वह भगवान्से ही आयी है। इस वास्ते इसको भगवान्की ही मानकर भगवान्का चिन्तन करना चाहिये।

श्लोक—

आयुधानामहं वज्रं धेनूनामस्मि कामधुक्।
प्रजनश्चास्मि कन्दर्पः सर्पाणामस्मि वासुकिः ॥ २८ ॥

अर्थ—

आयुधोंमें वज्र और धेनुओंमें कामधेनु मैं हूँ। सन्तान-उत्पत्तिका हेतु कामदेव मैं हूँ और सर्पोंमें वासुकि मैं हूँ।

व्याख्या—

'आयुधानामहं वज्रम्'—जिनसे युद्ध किया जाता है, उनको आयुध (अस्त्र-शस्त्र) कहते हैं। उन आयुधोंमें इन्द्रका वज्र मुख्य

---

* यहाँ वर्तमान मन्वन्तरके मनुको भी राजा मान सकते हैं।

है। यह दधीचि ऋषिकी हड्डियोंसे बना हुआ है और इसमें दधीचि ऋषिकी तपस्याका तेज है। इस वास्ते भगवान्‌ने वज्रको अपनी विभूति कहा है।

'धेनूनामस्मि कामधुक्'—नयी ब्यायी हुई गायको धेनु कहते हैं। सभी धेनुओंमें कामधेनु मुख्य है, जो समुद्र-मन्थनसे प्रकट हुई थी। यह सम्पूर्ण देवताओं और मनुष्योंकी कामनापूर्ति करनेवाली है। इस वास्ते यह भगवान्‌की विभूति है।

'प्रजनश्चास्मि कन्दर्पः'—संसारमात्रकी उत्पत्ति कामसे ही होती है। धर्मके अनुकूल केवल सन्तानकी उत्पत्तिके लिये सुखबुद्धिका त्याग करके जिस कामका उपयोग किया जाता है, वह काम भगवान्‌की विभूति है। सातवें अध्यायके ग्यारहवें श्लोकमें भी भगवान्‌ने कामको अपनी विभूति बताया है—**'धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ'** अर्थात् सब प्राणियोंमें धर्मके अनुकूल काम मैं हूँ।

'सर्पाणामस्मि वासुकिः'—वासुकि सम्पूर्ण सर्पोंके अधिपति और भगवान्‌के भक्त हैं। समुद्र-मन्थनके समय इन्हींकी मन्थन-डोरी बनायी गयी थी। इस वास्ते भगवान्‌ने इनको अपनी विभूति बताया है।

इन विभूतियोंमें जो विलक्षणता दिखायी देती है, वह प्रतिक्षण परिवर्तनशील संसारकी हो ही कैसे सकती है! वह तो परमात्माकी ही है।

श्लोक—

अनन्तश्चास्मि नागानां वरुणो यादसामहम्।
पितॄणामर्यमा चास्मि यमः संयमतामहम्॥ २९॥

अर्थ—

नागोंमें अनन्त (शेषनाग) और जल-जन्तुओंका अधिपति वरुण मैं हूँ। पितरोंमें अर्यमा और शासन करनेवालोंमें यमराज मैं हूँ।

व्याख्या—

'अनन्तश्चास्मि नागानाम्'—शेषनाग सम्पूर्ण नागोंके राजा हैं*। इनके एक हजार फण हैं। ये क्षीरसागरमें सदा भगवान्‌की शय्या बनकर भगवान्‌को सुख पहुँचाते रहते हैं। ये अनेक बार भगवान्‌के साथ अवतार लेकर उनकी लीलामें शामिल हुए हैं। इस वास्ते भगवान्‌ने इनको अपनी विभूति बताया है।

'वरुणो यादसामहम्'—वरुण सम्पूर्ण जल-जन्तुओंके तथा जल-देवताओंके अधिपति हैं और भगवान्‌के भक्त हैं। इस वास्ते भगवान्‌ने इनको अपनी विभूति बताया है।

'पितॄणामर्यमा चास्मि'—कव्यवाह, अनल, सोम आदि सात पितृगण हैं। इन सबमें अर्यमा नामवाले पितर मुख्य हैं। इस वास्ते भगवान्‌ने इनको अपनी विभूति बताया है।

'यमः संयमतामहम्'—प्राणियोंपर शासन करनेवाले राजा आदि जितने भी अधिकारी हैं, उनमें यमराज मुख्य हैं। ये प्राणियोंको उनके पाप-पुण्योंका फल भुगताकर शुद्ध करते हैं। इनका शासन

* सर्प पृथ्वीपर रहता है और नाग जलमें रहता है—यही सर्प और नागमें अन्तर है।

न्याय और धर्मपूर्वक होता है । ये भगवान्‌के भक्त और लोकपाल भी हैं । इस वास्ते भगवान्‌ने इनको अपनी विभूति बताया है ।|

इन विभूतियोंमें जो विलक्षणता दीखती है, वह इनकी व्यक्तिगत कैसे हो सकती है ? वह तो भगवान्‌से ही आयी है और भगवान्‌की ही है । इस वास्ते इनमें भगवान्‌का ही चिन्तन होना चाहिये ।

श्लोक—

प्रह्लादश्चास्मि दैत्यानां कालः कलयतामहम् ।
मृगाणां च मृगेन्द्रोऽहं वैनतेयश्च पक्षिणाम् ॥ ३० ॥

अर्थ—

दैत्योंमें प्रह्लाद और गणना करनेवालोंमें काल मैं हूँ । पशुओंमें सिंह और पक्षियोंमें गरुड मैं हूँ ।

व्याख्या—

'प्रह्लादश्चास्मि दैत्यानाम्'—जो दितिसे उत्पन्न हुए हैं, उनको दैत्य कहते हैं । उन दैत्योंमें प्रह्लाद मुख्य हैं और श्रेष्ठ हैं । ये भगवान्‌के परम विश्वासी और निष्काम प्रेमी भक्त हैं । इस वास्ते भगवान्‌ने इनको अपनी विभूति बताया है ।

प्रह्लादजी तो बहुत पहले हो चुके थे, पर भगवान्‌ने 'दैत्योंमें प्रह्लाद मैं हूँ' ऐसा वर्तमानका प्रयोग किया है । इससे यह सिद्ध होता है कि भगवान्‌के भक्त नित्य रहते हैं और श्रद्धा-भक्तिके अनुसार दर्शन भी दे सकते हैं । उनके भगवान्‌में लीन हो जानेके बाद अगर कोई उनको याद करता है और उनके दर्शन चाहता है, तो उनका रूप धारण करके भगवान् दर्शन देते हैं ।

'कालः कलयतामहम्'—ज्योतिष-शास्त्रमें काल (समय) से ही आयुकी गणना होती है। इस वास्ते क्षण, घड़ी, दिन, पक्ष, मास, वर्ष आदि गणना करनेके साधनोंमें काल भगवान्‌की विभूति है।

'मृगाणां च मृगेन्द्रोऽहम्'—बाघ, हाथी, चीता, रीछ, आदि जितने भी पशु हैं, उन सबमें सिंह बलवान्, तेजस्वी, प्रभावशाली, शूरवीर और साहसी है। यह सब पशुओंका राजा है। इस वास्ते भगवान्‌ने इसको अपनी विभूति बताया है।

'वैनतेयश्च पक्षिणाम्'—विनताके पुत्र गरुडजी सम्पूर्ण पक्षियोंके राजा हैं। ये भगवान्‌के भक्त हैं। ये भगवान् विष्णुके वाहन हैं और जब ये उड़ते हैं, तब इनके पंखोंसे स्वतः सामवेदकी ऋचाएँ ध्वनित होती हैं। इस वास्ते भगवान्‌ने इनको अपनी विभूति बताया है।

इन सब विभूतियोंमें अलग-अलग रूपसे जो मुख्यता बतायी गयी है, वह तत्त्वतः भगवान्‌की ही है। इस वास्ते इनकी ओर दृष्टि जाते ही स्वतः भगवान्‌का चिन्तन होना चाहिये।

श्लोक—

पवनः पवतामस्मि रामः शस्त्रभृतामहम्।
झषाणां मकरश्चास्मि स्रोतसामस्मि जाह्नवी॥ ३१॥

अर्थ—

पवित्र करनेवालोंमें वायु और शस्त्रधारियोंमें राम मैं हूँ। जल-जन्तुओंमें मगर मैं हूँ। बहनेवाले स्रोतोंमें गङ्गाजी मैं हूँ।

व्याख्या—

'पवनः पवतामस्मि'—वायुसे ही सब चीजें पवित्र होती हैं।

वायुसे ही नीरोगता आती है। इस वास्ते पवित्र करनेवालोंमें भगवान् वायुको अपनी विभूति बताया है।

'रामः शस्त्रभृतामहम्'—ऐसे तो राम अवतार हैं, साक्षात् भग हैं, पर जहाँ शस्त्रधारियोंकी गणना होती है, उन सबमें राम श्रेष्ठ हैं। इस वास्ते भगवान्‌ने रामको अपनी विभूति बताया है।

'झषाणां मकरश्चास्मि'—जल-जन्तुओंमें मगर सबसे बल है। इस वास्ते जलचरोंमें मगरको भगवान्‌ने अपनी विभूति बताया है।

'स्रोतसामस्मि जाह्नवी'—प्रवाहरूपसे बहनेवाले जितने भी नद, नदी, नाले, झरने हैं, उन सबमें गङ्गाजी श्रेष्ठ हैं। यह भगवान्‌का खास चरणोदक है। गङ्गाजी अपने दर्शन, स्पर्श आदिसे दुनियाका उद्धार करनेवाली हैं। मरे हुए मनुष्योंकी अस्थियाँ गङ्गाजीमें डालनेसे उनकी सद्गति हो जाती है। इस वास्ते भगवान्‌ने इसको अपनी विभूति बताया है।

वास्तवमें इन विभूतियोंकी मुख्यता न मानकर भगवान्‌की ही मुख्यता माननी चाहिये। कारण कि इन सबमें जो विशेषता-महत्ता देखनेमें आती है, वह भगवान्‌से ही आयी है।

सत्रहवें श्लोकमें अर्जुनके दो प्रश्न हैं—पहला भगवान्‌को जाननेका (मैं आपको कैसे जानूँ) और दूसरा, जाननेके उपायका (किन-किन भावोंमें मैं आपका चिन्तन करूँ)। इन दोनोंमेंसे उपाय तो है—विभूतियोंमें भगवान्‌का चिन्तन करना और उस चिन्तनका फल (नतीजा) होगा—सब विभूतियोंके मूलमें भगवान्‌को तत्त्वसे जानना। जैसे, शस्त्रधारियोंमें श्रीरामको और वृष्णियोंमें वासुदेव (अपने-) को

भगवान्‌ने अपनी विभूति बताया। यह तो उस समुदायमें विभूतिरूपसे श्रीरामका और वासुदेवका चिंतन करनेके लिये बताया और उनके चिंतनका फल होगा—श्रीरामको और वासुदेवको तत्त्वसे भगवान् जान जाना। यह चिन्तन करना और भगवान्‌को तत्त्वसे जानना सभी विभूतियोंके विषयमें समझना चाहिये।

संसारमें जहाँ-कहीं भी जो कुछ विशेषता, विलक्षणता, सुन्दरता दीखती है, उसको वस्तु-व्यक्तिकी माननेसे फँसावट होती है अर्थात् मनुष्य उस विशेषता आदिको संसारकी मानकर उसमें फँस जाता है। इस वास्ते भगवान्‌ने यहाँ मनुष्यमात्रके लिये यह बताया है कि तुमलोग उस विशेषता, सुन्दरता आदिको वस्तु-व्यक्तिका मत मानो। प्रत्युत मेरी और मेरेसे ही आयी हुई मानो। ऐसा मानकर मेरा चिन्तन करोगे तो तुम्हारा संसारका चिन्तन तो छूट जायगा और उस जगह मैं आ जाऊँगा। इसका नतीजा (परिणाम) यह होगा कि तुमलोग मेरेको तत्त्वसे जान जाओगे। मेरेको तत्त्वसे जाननेपर मेरेमें तुम्हारी दृढ भक्ति हो जायगी (गीता १० । ७)।

श्लोक—

सर्गाणामादिरन्तश्च मध्यं चैवाहमर्जुन।
अध्यात्मविद्या विद्यानां वादः प्रवदतामहम्॥ ३२॥

अर्थ—

हे अर्जुन! सम्पूर्ण सर्गोंके आदि, मध्य तथा अन्तमें मैं ही हूँ विद्याओंमें अध्यात्मविद्या और परस्पर शास्त्रार्थ करनेवालोंका (तत्त्व-निर्णयके लिये किया जानेवाला) वाद मैं हूँ।

वायुसे ही नीरोगता आती है। इस वास्ते पवित्र करनेवालोंमें भगवान्‌ने वायुको अपनी विभूति बताया है।

'रामः शस्त्रभृतामहम्'—ऐसे तो राम अवतार हैं, साक्षात् भगवान् हैं, पर जहाँ शस्त्रधारियोंकी गणना होती है, उन सबमें राम श्रेष्ठ हैं। इस वास्ते भगवान्‌ने रामको अपनी विभूति बताया है।

'झषाणां मकरश्चास्मि'—जल-जन्तुओंमें मगर सबसे बलवान् है। इस वास्ते जलचरोंमें मगरको भगवान्‌ने अपनी विभूति बताया है।

'स्रोतसामस्मि जाह्नवी'—प्रवाहरूपसे बहनेवाले जितने भी नद, नदी, नाले, झरने हैं, उन सबमें गङ्गाजी श्रेष्ठ हैं। यह भगवान्‌का खास चरणोदक है। गङ्गाजी अपने दर्शन, स्पर्श आदिसे दुनियाका उद्धार करनेवाली है। मरे हुए मनुष्योंकी अस्थियाँ गङ्गाजीमें डालनेसे उनकी सद्गति हो जाती है। इस वास्ते भगवान्‌ने इसको अपनी विभूति बताया है।

वास्तवमें इन विभूतियोंकी मुख्यता न मानकर भगवान्‌की ही मुख्यता माननी चाहिये। कारण कि इन सबमें जो विशेषता-महत्ता देखनेमें आती है, वह भगवान्‌से ही आयी है।

सत्रहवें श्लोकमें अर्जुनके दो प्रश्न हैं—पहला भगवान्‌को जाननेका (मैं आपको कैसे जानूँ) और दूसरा, जाननेके उपायका (किन-किन भावोंमें मैं आपका चिन्तन करूँ)। इन दोनोंमेंसे उपाय तो है—विभूतियोंमें भगवान्‌का चिन्तन करना और उस चिन्तनका फल (नतीजा) होगा—सब विभूतियोंके मूलमें भगवान्‌को तत्त्वसे जानना। जैसे, शस्त्रधारियोंमें श्रीरामको और वृष्णियोंमें वासुदेव (अपने-) को

भगवान्‌ने अपनी विभूति बताया। यह तो उस समुदायमें विभूतिरूपसे श्रीरामका और वासुदेवका चिन्तन करनेके लिये बताया और उनके चिन्तनका फल होगा—श्रीरामको और वासुदेवको तत्त्वसे भगवान् जान जाना। यह चिन्तन करना और भगवान्‌को तत्त्वसे जानना सभी विभूतियोंके विषयमें समझना चाहिये।

संसारमें जहाँ-कहीं भी जो कुछ विशेषता, विलक्षणता, सुन्दरता दीखती है, उसको वस्तु-व्यक्तिकी माननेसे फँसावट होती है अर्थात् मनुष्य उस विशेषता आदिको संसारकी मानकर उसमें फँस जाता है। इस वास्ते भगवान्‌ने यहाँ मनुष्यमात्रके लिये यह बताया है कि तुमलोग उस विशेषता, सुन्दरता आदिको वस्तु-व्यक्तिका मत मानो। प्रत्युत मेरी और मेरेसे ही आयी हुई मानो। ऐसा मानकर मेरा चिन्तन करोगे तो तुम्हारा संसारका चिन्तन तो छूट जायगा और उस जगह मैं आ जाऊँगा। इसका नतीजा (परिणाम) यह होगा कि तुमलोग मेरेको तत्त्वसे जान जाओगे। मेरेको तत्त्वसे जाननेपर मेरेमें तुम्हारी दृढ भक्ति हो जायगी (गीता १० । ७)।

श्लोक—

सर्गाणामादिरन्तश्च मध्यं चैवाहमर्जुन।
अध्यात्मविद्या विद्यानां वादः प्रवदतामहम् ॥ ३२ ॥

अर्थ—

हे अर्जुन ! सम्पूर्ण सर्गोंके आदि, मध्य तथा अन्तमें मैं ही हूँ विद्याओंमें अध्यात्मविद्या और परस्पर शास्त्रार्थ करनेवालोंका (तत्त्व निर्णयके लिये किया जानेवाला) वाद मैं हूँ।

व्याख्या—

'सर्गाणामादिरन्तश्च मध्यं चैवाहम्'—जितने सर्ग और महत्त्व होते हैं अर्थात् जितने प्राणियोंकी उत्पत्ति होती है, उनके आदिमें मैं रहता हूँ, उनके मध्यमें मैं रहता हूँ और उनके अन्तमें (उनके लीन होनेपर) भी मैं रहता हूँ। तात्पर्य है कि सब कुछ वासुदेव ही है। अत मात्र ससारको, प्राणियोको देखते ही भगवान्की याद आनी चाहिये।

'अध्यात्मविद्या विद्यानाम्'—जिस विद्यासे मनुष्यका कल्याण हो जाता है, वह 'अध्यात्मविद्या' कहलाती है*। दूसरी सासारिक कितनी ही विद्या पढ लेनेपर भी पढ़ना बाकी ही रहता है, परन्तु इस अध्यात्मविद्याके प्राप्त होनेपर पढ़ना अर्थात् जानना बाकी नहीं रहता—'यज्ज्ञात्वा नेह भूयोऽन्यज्ज्ञातव्यमवशिष्यते' (गीता ७।२) इस वास्ते भगवान्ने इसको अपनी विभूति बताया है।

'वाद प्रवदतामहम्'—आपसमें जो शास्त्रार्थ किया जाता है, वह तीन प्रकारका होता है—

(१) जल्प—युक्ति-प्रयुक्तिसे अपने पक्षका मण्डन और दूसरे पक्षका खण्डन करके अपने पक्षकी जीत और दूसरे पक्षकी हार

---

* अध्यात्मविद्या और राजविद्या—इन दोनोंमें अन्तर है। अध्यात्मविद्यामें निर्गुण-स्वरूपकी मुख्यता है और राजविद्यामें सगुण-स्वरूपकी मुख्यता है। ससारका अभाव करके निर्गुण परमात्माको जानना अध्यात्मविद्या है। सब देश, काल, वस्तु, व्यक्ति, परिस्थिति, घटना आदिमें व्यापकरूपसे नित्य निरन्तर रहनेवाले सगुण परमात्माको जानना राजविद्या है।

करनेकी भावनासे जो शास्त्रार्थ किया जाता है, उसको 'जल्प' कहते हैं।

(२) वितण्डा—अपना कोई भी पक्ष न रखकर केवल दूसरे पक्षका खण्डन-ही-खण्डन करनेके लिये जो शास्त्रार्थ किया जाता है, उसको 'वितण्डा' कहते हैं।

(३) वाद—बिना किसी पक्षपातके केवल तत्त्व निर्णयके लिये आपसमें जो शास्त्रार्थ (विचार-विनिमय) किया जाता है, उसको 'वाद' कहते हैं।

उपर्युक्त तीनों प्रकारके शास्त्रार्थमें 'वाद' श्रेष्ठ है। इसी वादको भगवान्‌ने अपनी विभूति बताया है।

श्लोक—

अक्षराणामकारोऽस्मि द्वन्द्वः सामासिकस्य च।
अहमेवाक्षयः कालो धाताहं विश्वतोमुखः॥ ३३॥

अर्थ—

अक्षरोंमें अकार और समासोंमें द्वन्द्व समास मैं हूँ। अक्षयकाल अर्थात् कालका भी महाकाल तथा सब ओर मुखवाला धाता भी मैं हूँ।

व्याख्या—

'अक्षराणामकारोऽस्मि'—वर्णमालामें सर्वप्रथम अकार आता है। स्वर और व्यञ्जन—दोनोंमें अकार मुख्य है। अकारके बिना व्यञ्जनोंका उच्चारण नहीं होता। इस वास्ते अकारको भगवान्‌ने अपनी विभूति बताया है।

'द्वन्द्व: सामासिकस्य च'—जिससे दो या दोसे अधिक शब्दों को मिलाकर एक शब्द बनता है, उसको समास कहते हैं। समास कई तरहके होते हैं। उनमें अव्ययीभाव, तत्पुरुष, बहुव्रीहि और द्वन्द्व—ये चार मुख्य हैं। दो शब्दोंके समासमें यदि पहला शब्द प्रधानता रखता है तो वह 'अव्ययी-भाव समास' होता है। यदि आगेका शब्द प्रधानता रखता है तो वह 'तत्पुरुष समास' होता है। यदि दोनों शब्द अन्यके वाचक होते हैं तो वह 'बहुव्रीहि समास' होता है। यदि दोनों शब्द प्रधानता रखते हैं तो वह 'द्वन्द्व समास' होता है।

द्वन्द्व समासमें दोनो शब्दोंका अर्थ मुख्य होनेसे भगवान् इसको अपनी विभूति बताया है।

'अहमेवाक्षय काल'—जिस कालका कभी क्षय नहीं होता अर्थात् जो कालातीत है और अनादि-अनन्तरूप है, वह काल भगवान् ही हैं।

सर्ग और प्रलयकी गणना तो सूर्यसे होती है, पर महाप्रलयमें जब सूर्य भी लीन हो जाता है, तब समयकी गणना परमात्मासे ही होती है *। इस वास्ते परमात्मा अक्षय काल हैं।

---

* महाप्रलयमें ब्रह्माजी लीन हो जाते हैं। महासर्गका अर्थात् ब्रह्माजीकी उमरका जितना समय होता है, उतना ही समय महाप्रलयका होता है। अत इतने लम्बे (महाप्रलयके) समयकी गणना अक्षयकाल-रूप परमात्मासे ही होती है।

तीसवें श्लोकके 'कालः कलयतामहम्' पदोंमें आये 'काल'-में और यहाँ आये 'अक्षय काल'में क्या अन्तर है ? वहाँका जो 'काल' है, वह एक क्षण भी स्थिर नहीं रहता, बदलता रहता है। वह काल ज्योतिषशास्त्रका आधार है और उसीसे संसारमात्रके समयकी गणना होती है। यहाँका जो 'अक्षय काल' है, वह परमात्मस्वरूप होनेसे कभी बदलता नहीं। वह अक्षय काल सबको खा जाता है और स्वयं ज्यों-का-त्यों ही रहता है, अर्थात् उसमें कभी कोई विकार नहीं होता। उसी अक्षय कालको यहाँ भगवान्‌ने अपनी विभूति बताया है। आगे ग्यारहवें अध्यायमें भी भगवान्‌ने 'कालोऽस्मि' (११ । ३२) पदसे अक्षय कालको अपना स्वरूप बताया है।

'धाताहं विश्वतोमुखः'—सब ओर मुखवाले होनेसे भगवान्‌की दृष्टि सभी प्राणियोंपर रहती है। इस वास्ते सबका धारण-पोषण करनेमें भगवान् बहुत सावधान रहते हैं। किस प्राणीको कौन-सी वस्तु कब मिलनी चाहिये, इसका भगवान् खूब ख्याल रखते हैं और समयपर उस वस्तुको पहुँचा देते हैं। इसलिये भगवान्‌ने अपना विभूतिरूपसे वर्णन किया है।

श्लोक—

मृत्युः सर्वहरश्चाहमुद्भवश्च भविष्यताम्।
कीर्तिः श्रीर्वाक्च नारीणां स्मृतिर्मेधा धृतिः क्षमा ॥ ३४ ॥

अर्थ—

सबका हरण करनेवाली मृत्यु और उत्पन्न होनेवालोंका उद्भव मैं हूँ। स्त्री-जातिमें कीर्ति, श्री, वाक्, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा मैं हूँ।

व्याख्या—

'मृत्यु सर्वहरश्चाहम्' मृत्युमें हरण करनेकी ऐसी विलक्ष सामर्थ्य है कि मृत्युके बाद यहाँकी स्मृतितक नहीं रहती, सब कु अपहृत हो जाता है । वास्तवमें यह सामर्थ्य मृत्युकी नहीं है, प्र परमात्माकी है ।

अगर सम्पूर्णका हरण करनेकी, विस्मृत करनेकी भगवत्प्रद सामर्थ्य मृत्युमें न होती तो अपनेपनके सम्बन्धको लेकर जैसी चि इस जन्ममें मनुष्यको होती है, वैसी ही चिन्ता पिछले जन्मके सम्बन्धको लेकर भी होती । मनुष्य न जाने कितने जन्म ले चुका है । अगर उन जन्मोंकी याद रहती तो मनुष्यकी चिन्ताओंका, उसके मोहका कभी अन्त आता ही नहीं । परन्तु मृत्युके द्वारा विस्मृति होनेसे पूर्वजन्मोंके कुटुम्ब, सम्पत्ति आदिकी चिन्ता नहीं होती । इस तरह मृत्युमें जो चिन्ता, मोह मिटानेकी सामर्थ्य है, वह सब भगवान्‌की ही है ।

'उद्भवश्च भविष्यताम्'—जैसे पूर्वश्लोकमें भगवान्‌ने बताय कि सबका धारण-पोषण करनेवाला मैं ही हूँ, वैसे ही यहाँ बता हैं कि सब उत्पन्न होनेवालोंकी उत्पत्तिका हेतु भी मैं ही हूँ तात्पर्य है कि संसारकी उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय करनेवाला ही हूँ ।

'कीर्तिः श्रीर्वाक्च नारीणां स्मृतिर्मेधा धृतिः क्षमा'—कीर्ति श्री, वाक्, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा—ये सातों संसारभरक स्त्रियोंमें श्रेष्ठ मानी गयी हैं । इनमेंसे कीर्ति, स्मृति, मेधा, धृति औ

क्षमा—ये पाँच प्रजापति दक्षकी कन्याएँ हैं, 'श्री' महर्षि भृगुकी कन्या है, और 'वाक्' ब्रह्माजीकी कन्या है।

कीर्ति, श्री, वाक्, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा—ये सातों स्त्रीवाचक नामवाले गुण भी संसारमें प्रसिद्ध हैं। सद्गुणोंको लेकर संसारमें जो प्रसिद्धि है, प्रतिष्ठा है, उसको 'कीर्ति' कहते हैं।

स्थावर और जङ्गम—यह दो प्रकारका ऐश्वर्य होता है। जमीन, मकान, धन, सम्पत्ति आदि स्थावर ऐश्वर्य है, और गाय, भैंस, घोडा ऊँट, हाथी आदि जङ्गम ऐश्वर्य है। इन दोनो ऐश्वर्योंको 'श्री' कहते हैं।

जिस वाणीको धारण करनेसे संसारमें यश-प्रतिष्ठा होती है और जिससे मनुष्य पण्डित, विद्वान् कहलाता है, उसको 'वाक्' कहते हैं।

पुरानी सुनी-समझी बातकी फिर याद आनेका नाम 'स्मृति' है।

बुद्धिकी जो स्थायीरूपमे धारण करनेकी शक्ति है अर्थात् जिस शक्तिसे विद्या ठीक तरहसे याद रहती है, उस शक्तिका नाम 'मेधा' है।

मनुष्यको अपने सिद्धान्त, मान्यता आदिपर टटे रखने तथा उनसे विचलित न होने देनेकी शक्तिका नाम 'धृति' है।

दूसरा कोई बिना कारण अपराध कर दे, तो अपनेमें दण्ड देनेकी शक्ति होनेपर भी उसे दण्ड न देना और उसे लोक-परलोकमें कहीं भी उस अपराधका दण्ड न मिले—इस तरहका भाव रखते हुए उसे माफ कर देनेका नाम 'क्षमा' है।

कीर्ति, श्री और वाक्—ये तीन प्राणियोंके बाहर प्रकट होनेवाली विशेषताएँ हैं तथा स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा—ये चार प्राणियोंके भीतर प्रकट होनेवाली विशेषताएँ हैं। इन सातों विशेषताओंको भगवान्‌ने अपनी विभूति बताया है।

यहाँ जो विशेष गुणोंको विभूतिरूपसे कहा है, उसका तात्पर्य केवल भगवान्‌की तरफ लक्ष्य करानेमें है। जिस व्यक्तिमें ये गुण दिखायी दें, उस व्यक्तिकी विशेषता न मानकर भगवान्‌की ही विशेषता माननी चाहिये और भगवान्‌की ही याद आनी चाहिये। यदि ये गुण अपनेमें दिखायी दें तो इनको भगवान्‌के ही मानने चाहिये, अपने नहीं। कारण कि यह दैवी- (भगवान्‌की) सम्पत्ति है, जो भगवान्‌से ही प्रकट हुई है। इन गुणोंको अपना मान लेनेसे अभिमान पैदा होता है, जिससे पतन हो जाता है, क्योंकि अभिमान सम्पूर्ण आसुरी-सम्पत्तिका जनक है।

साधकोंको जिस-किसीमें जो कुछ विशेषता, सामर्थ्य दीखे, उसे उस वस्तु-व्यक्तिका न मानकर भगवान्‌का ही मानना चाहिये। जैसे, लोमश ऋषिके शापसे काकभुशुण्डि ब्राह्मणसे चाण्डाल पक्षी बन गये, पर उनको न भय हुआ, न किसी प्रकारकी दीनता आयी और न कोई विचार ही हुआ, प्रत्युत उनको खुशी ही हुई। कारण कि उन्होंने इसमें ऋषिका दोष न मानकर भगवान्‌की प्रेरणा ही मानी—सुनु खगेस नहिं कछु रिषि दूषन। उर प्रेरक रघुबंस बिभूषन॥ (मानस ७। ११२। १)। ऐसे ही मनुष्य सब वस्तु, व्यक्ति, घटना, परिस्थिति आदिके मूलमें भगवान्‌को देखने लगे तो हर समय आनन्द-ही-आनन्द रहेगा।

श्लोक—

बृहत्साम तथा साम्ना गायत्री छन्दसामहम्।
मासाना मार्गशीर्षोऽहमृतूना कुसुमाकरः ॥ ३५ ॥

अर्थ—

गायी जानेवाली श्रुतियोंमें बृहत्साम और वेदोंके छन्दोंमें गायत्री छन्द मैं हूँ। बारह महीनोंमें मार्गशीर्ष और छः ऋतुओंमें वसन्त मैं हूँ।

व्याख्या—

'बृहत्साम तथा साम्नाम्'—सामवेदमें 'बृहत्साम' नामक एक गीति है। इसके द्वारा इन्द्ररूप परमेश्वरकी स्तुति की गयी है। अतिरात्रयागमें यह एक पृष्ठस्तोत्र है। सामवेदमें सबसे श्रेष्ठ होनेसे इस बृहत्सामको भगवान्‌ने अपनी विभूति बताया है*।

'गायत्री छन्दसामहम्'—वेदोंकी जितनी छन्दोबद्ध ऋचाएँ हैं उनमें गायत्रीकी मुख्यता है। गायत्रीको वेद-जननी कहते हैं, क्योंकि इसीसे वेद प्रकट हुए हैं। स्मृतियों और शास्त्रोंमें गायत्रीकी बड़ी भारी महिमा गायी गयी है। गायत्रीमें स्वरूप, प्रार्थना और ध्यान—तीनों परमात्माके ही होनेसे इससे परमात्मतत्त्वकी प्राप्ति होती है। इस वास्ते भगवान्‌ने गायत्रीको अपनी विभूति बताया है।

'मासाना मार्गशीर्षोऽहम्'—जिस अन्नसे सम्पूर्ण प्रजा जीवित रहती है, उस (वर्षासे होनेवाले) अन्नकी उत्पत्ति मार्गशीर्ष

* इस (दसवें) अध्यायके बाइसवें श्लोकमें भगवान्‌ने वेदोंमें 'सामवेद' को अपनी विभूति बताया है, और यहाँ पैंतीसवें श्लोकमें भगवान्‌ने सामवेदमें भी 'बृहत्साम' को अपनी विभूति बताया है।

महीनेमें होती है। इस महीनेमें नये अन्नसे यज्ञ भी किया जाता है। महाभारत-कालमें नया वर्ष मार्गशीर्षसे ही आरम्भ होता था। इन विशेषताओंके कारण भगवान्‌ने मार्गशीर्षको अपनी विभूति बताया है।

'ऋतूनां कुसुमाकरः'—वसन्त ऋतुमें बिना वर्षाके ही वृक्ष, लता आदि पत्र-पुष्पोंसे युक्त हो जाते हैं। इस ऋतुमें न अधिक गरमी रहती है और न अधिक सरदी। इस वास्ते भगवान्‌ने वसन्त ऋतुको अपनी विभूति कहा है।

इन सब विभूतियोंमें जो महत्ता, विशेषता दीखती है, वह केवल भगवान्‌की ही है। इस वास्ते चिन्तन केवल भगवान्‌का ही होना चाहिये।

श्लोक—

द्यूतं छलयतामस्मि तेजस्तेजस्विनामहम्।
जयोऽस्मि व्यवसायोऽस्मि सत्त्वं सत्त्ववतामहम्॥ ३६॥

अर्थ—

छल करनेवालोंमें जूआ और तेजस्वियोंमें तेज मैं हूँ। जीतनेवालोंकी विजय, निश्चय करनेवालोंका निश्चय और सात्त्विक पुरुषोंका सात्त्विक भाव मैं हूँ।

व्याख्या—

'द्यूतं छलयतामस्मि'—छल करके दूसरोंके राज्य, वैभव, धन, सम्पत्ति आदिका (सर्वस्वका) अपहरण करनेकी विशेष सामर्थ्य रखनेवाली जो विद्या है, उसको जूआ कहते हैं। इस जूएको भगवान्‌ने अपनी विभूति बताया है।

शङ्का—यहाँ भगवान्ने छल करनेवालोंमें जूएको अपनी विभूति बताया है तो फिर इसके खेलनेमें क्या दोष है ? अगर दोष नहीं है तो फिर शास्त्रोंने इसका निषेध क्यों किया है ?

समाधान—'ऐसा करो और ऐसा मत करो'—यह शास्त्रोंका विधि-निषेध कहलाता है। ऐसे विधि-निषेधका वर्णन यहाँ नहीं है। यहाँ तो विभूतियोंका वर्णन है। 'मैं आपका चिन्तन कहाँ-कहाँ करूँ ?'—अर्जुनके इस प्रश्नके अनुसार भगवान्ने विभूतियोंके रूपमें अपने चिन्तनकी बात ही बतायी है अर्थात्-भगवान्का चिन्तन सुगमतासे हो जाय, इसका उपाय विभूतियोंके रूपमें बताया है। इस वास्ते जिस समुदायमें मनुष्य रहता है, उस समुदायमें जहाँ दृष्टि पड़े, वहाँ संसारको न देखकर भगवान्को ही देखे, क्योंकि भगवान् कहते हैं कि यह सम्पूर्ण जगत् मेरेसे व्याप्त है अर्थात् इस जगत्में मैं ही व्याप्त हूँ, परिपूर्ण हूँ (गीता ९ । ४)।

जैसे किसी साधकका पहले जूआ खेलनेका व्यसन रहा हो और अब वह भगवान्के भजनमें लगा है। उसको कभी जूआ याद आ जाय तो उस जूएका चिन्तन छोड़नेके लिये वह उसमें भगवान्का चिन्तन करे कि इस जूएके खेलमें हार-जीतकी जो विशेषता है, वह भगवान्की ही है। इस प्रकार जूएमें भगवान्को देखनेसे जूएका चिन्तन तो छूट जायगा और भगवान्का चिन्तन होने लगेगा। ऐसे ही किसी दूसरेको जूआ खेलते देखा और उसमें हार जीतको देखा, तो हराने और जितानेकी शक्तिको जूएकी न मानकर भगवान्की ही माने। कारण कि खेल तो समाप्त हो रहा

है और समाप्त हो जायगा, पर परमात्मा उसमें निरन्तर रहते हैं और रहेंगे । इस प्रकार जूआ आदिको विभूति कहनेका तात्पर्य भगवान्‌के चिन्तनमें है* ।

'तेजस्तेजस्विनामहम्'†—महापुरुषोंके उस दैवी-सम्पत्तिवाले प्रभावका नाम तेज है, जिसके सामने पापी पुरुष भी पाप करनेमें हिचकते हैं । इस तेजको भगवान्‌ने अपनी विभूति बताया है ।

'जयोऽस्मि'—विजय प्रत्येक प्राणीको प्रिय लगती है । विजयकी यह विशेषता भगवान्‌की है । इस वास्ते विजयको भगवान्‌ने अपनी विभूति बताया है ।

अपने मनके अनुसार अपनी विजय होनेसे जो सुख होता है, उसका उपभोग न करके उसमें भगवद्‌बुद्धि करनी चाहिये कि विजयरूपसे भगवान् आये हैं ।

'व्यवसायोऽस्मि'—व्यवसाय नाम एक निश्चयका है। इस एक निश्चयकी भगवान्‌ने गीतामें बहुत महिमा गायी है, जैसे—कर्मयोगीकी निश्चयात्मिका बुद्धि एक होती है—'व्यवसायात्मिका बुद्धिरेकेह'(२ । ४१), भोग और ऐश्वर्यमें आसक्त पुरुषोंकी निश्चयात्मिका बुद्धि नहीं होती—'भोगैश्वर्यप्रसक्तानां तयापहृतचेतसाम् ।

---

* किसी ग्रन्थके किसी अंशपर शङ्का हो, तो उस ग्रन्थका आदिसे अन्ततक अध्ययन करके उसमें वक्ताके उद्देश्यको, लक्ष्यको और आशयको समझनेसे उस शङ्काका समाधान हो जाता है ।

† सातवें अध्यायमें जहाँ भगवान्‌ने कारणरूपसे विभूतियोंका वर्णन किया है, वहाँ भी यही पद आया है—'तेजस्तेजस्विनामहम्' (७ । १०)।

व्यवसायात्मिका बुद्धि समाधौ न विधीयते ॥' (२ । ४४) 'अब तो मैं केवल भगवान्‌का भजन ही करूँगा'—इस एक निश्चयके बलपर दुराचारी-से-दुराचारी मनुष्यको भी भगवान् साधु बनाते है—'साधुरेव स मन्तव्य सम्यग्व्यवसितो हि स' (९ । ३०)। इस प्रकार भगवान्‌की तरफ चलनेका जो निश्चय है, उसको भगवान्‌ने अपनी विभूति बताया है।

निश्चयको अपनी विभूति बतानेका तात्पर्य है कि साधकको ऐसा निश्चय तो रखना ही चाहिये, पर इसको अपना गुण नहीं मानना चाहिये, प्रत्युत ऐसा मानना चाहिये कि यह भगवान्‌की विभूति है और उन्हींकी कृपासे मुझे प्राप्त हुई है।

'सत्त्व सत्त्ववतामहम्'—सात्त्विक पुरुषोंमें जो सत्त्वगुण है, जो सात्त्विक भाव और आचरण है, वह भी भगवान्‌की विभूति है। तात्पर्य है कि रजोगुण और तमोगुणको दबाकर जो सात्त्विक भाव बढ़ता है, उस सात्त्विक भावको साधक अपना गुण न मानकर भगवान्‌की विभूति माने।

तेज, व्यवसाय, सात्त्विक भाव आदि अपनेमें अथवा औरोंमें देखनेमें आयें तो साधक इनको अपना अथवा किसी वस्तु-व्यक्तिका गुण न माने, प्रत्युत भगवान्‌का ही गुण माने। उन गुणोंकी तरफ दृष्टि जानेपर उनमें तत्त्वत भगवान्‌को देखकर भगवान्‌को ही याद करना चाहिये।

श्लोक—

वृष्णीना वासुदेवोऽस्मि पाण्डवाना धनञ्जय ।
मुनीनामप्यह व्यास कवीनामुशना कवि ॥ ३७ ॥

अर्थ—

वृष्णिवंशियोंमें वासुदेव और पाण्डवोंमें धनंजय मैं हूँ। मुनियोंमें वेदव्यास और कवियोंमें शुक्राचार्य भी मैं हूँ।

व्याख्या—

'वृष्णीनां वासुदेवोऽस्मि'—यहाँ भगवान् श्रीकृष्णके अवतारका वर्णन नहीं है, प्रत्युत वृष्णिवंशियोंमें जो विशेषता है, उस विशेषताको लेकर भगवान्ने अपना विभूतिरूपसे वर्णन किया है।

यहाँ भगवान्का अपनेको विभूतिरूपसे कहना तो संसारकी दृष्टिसे है, स्वरूपकी दृष्टिसे तो वे साक्षात् भगवान् ही हैं। इस अध्यायमें जितनी विभूतियाँ आयी हैं, वे सब संसारकी दृष्टिसे ही हैं। तत्त्वतः तो वे सभी परमात्मस्वरूप ही हैं।

'पाण्डवानां धनंजय'—पाण्डवोंमें अर्जुनकी जो विशेषता है, वह विशेषता भगवान्की ही है। इस वास्ते भगवान्ने अर्जुनको अपनी विभूति बताया है।

'मुनीनामप्यहं व्यासः'—वेदका चार भागोंमें विभाग, पुराण, उपपुराण, महाभारत आदि जो कुछ संस्कृत वाङ्मय है, वह सब का-सब व्यासजीकी कृपाका ही फल है। आज भी कोई नया रचना करता है तो उसे भी व्यासजीका ही उच्छिष्ट माना जाता है। कहा भी है—'व्यासोच्छिष्टं जगत्सर्वम्'। इस तरह सब मुनियोंमें व्यासजी मुख्य हैं। इस वास्ते भगवान्ने व्यासजीको अपनी विभूति बताया है। तात्पर्य है कि व्यासजीमें विशेषता दीखनेपर भगवान्की याद आनी चाहिये कि यह सब विशेषता भगवान्की है और भगवान्से ही आयी है।

'कवीनामुशना कविः'—शास्त्रीय सिद्धान्तोंको ठीक तरहसे जाननेवाले जितने भी पण्डित हैं, वे सभी 'कवि' कहलाते हैं। उन सब कवियोंमें शुक्राचार्य मुख्य हैं। शुक्राचार्यजी सञ्जीवनी विद्याके जानकार हैं। इनकी शुक्रनीति प्रसिद्ध है। इस प्रकार अनेक गुणोंके कारण भगवान्‌ने इनको अपनी विभूति बताया है।

इन विभूतियोंकी महत्ता देखकर कहीं भी बुद्धि अटके, तो उस महत्ताको भगवान्‌की ही माननी चाहिये, क्योंकि वह महत्ता एक क्षण भी स्थायीरूपसे न टिकनेवाले संसारकी नहीं हो सकती।

श्लोक—

दण्डो दमयतामस्मि नीतिरस्मि जिगीषताम्।
मौनं चैवास्मि गुह्यानां ज्ञानं ज्ञानवतामहम्॥ ३८॥

अर्थ—

दमन करनेवालोंमें दण्डनीति और विजय चाहनेवालोंमें नीति मैं हूँ। गोपनीय भावोंमें मौन और ज्ञानवानोंमें ज्ञान मैं हूँ।

व्याख्या—

'दण्डो दमयतामस्मि'—दुष्टोंको दुष्टतासे बचाकर सन्मार्गपर लानेके लिये दण्डनीति मुख्य है। इस वास्ते भगवान्‌ने इसको अपनी विभूति बताया है।

'नीतिरस्मि जिगीषताम्'—नीतिका आश्रय लेनेसे ही मनुष्य विजय प्राप्त करता है और नीतिसे ही विजय टहरती है। इस वास्ते नीतिको भगवान्‌ने अपनी विभूति बताया है।

'मौनं चैवास्मि गुह्यानाम्'—गुप्त रखनेयोग्य जितने भाव हैं, उन सबमें मनन करना मुख्य है। मनन करनेमें भी परमात्माका मनन करना मुख्य है, क्योंकि परमात्माका मनन करनेसे ही अर्थात् तत्त्वका ज्ञान होता है। इस वास्ते गोपनीय भावोंमें भगवान्ने मौनको* अपनी विभूति बताया है।

'ज्ञानं ज्ञानवतामहम्'—संसारमें कला-कौशल आदिको जानने वालोंमें जो ज्ञान (जानकारी) है, वह भगवान्की विभूति है। तात्पर्य है कि ऐसा ज्ञान अपनेमें और दूसरोंमें देखनेमें आये तो इसे भगवान्की ही विभूति माने।

इन सब विभूतियोंमें जो विलक्षणता है, वह इनकी व्यक्तिगत नहीं है, प्रत्युत परमात्माकी ही है। इसलिये परमात्माकी तरफ ही दृष्टि जानी चाहिये।

श्लोक—

यच्चापि सर्वभूतानां बीजं तदहमर्जुन।
न तदस्ति विना यत्स्यान्मया भूतं चराचरम् ॥ ३९ ॥

* सत्रहवें अध्यायके सोलहवें श्लोकमें 'मौन' शब्द मानसिक तपके लक्षणोंमें आया है। इस वास्ते यहाँ 'मौन' शब्दका अर्थ भगवत्तत्त्वका मनन करना' लेना चाहिये।

† भगवान्ने बीसवें श्लोकसे उन्तालीसवें श्लोकतक अपनी कुल बयासी विभूतियोंका वर्णन किया है, जैसे—बीसवें श्लोकमें चार, इक्कीसवें श्लोकमें चार, बाईसवें श्लोकमें चार, तेईसवें श्लोकमें चार, चौबीसवें श्लोकमें तीन, पचीसवें श्लोकमें चार, छब्बीसवें श्लोकमें चार,

अथ—

हे अर्जुन ! सम्पूर्ण प्राणियोंमें जो बीज है, वह बीज मैं ही हूँ, क्योंकि मेरे बिना कोई भी चर-अचर प्राणी नहीं है अर्थात् चर-अचर सब कुछ मैं ही हूँ।

व्याख्या—

'यच्चापि सर्वभूतानां बीजं तदहमर्जुन'—यहाँ भगवान् समस्त विभूतियोंका सार बताते हैं कि सबका बीज अर्थात् कारण मैं ही हूँ। बीज कहनेका तात्पर्य है कि इस संसारका निमित्त कारण भी मैं ही हूँ और उपादान कारण भी मैं हूँ अर्थात् संसारको बनानेवाला भी मैं हूँ और संसाररूपसे बननेवाला भी मैं हूँ।

भगवान्ने सातवें अध्यायके 'दसवें श्लोकमें अपने को 'सनातन बीज' नवें अध्यायके अठारहवें श्लोकमें 'अव्यय बीज' और यहाँ केवल 'बीज' बताया है। इसका तात्पर्य है कि मैं ज्यों का-त्यों रहता हुआ ही संसाररूपसे प्रकट हो जाता हूँ और संसाररूपसे प्रकट होनेपर भी मैं उसमें ज्यों-का-त्यों व्यापक रहता हूँ।

'न तदस्ति विना यत्स्यान्मया भूतं चराचरम्'—संसारमें जड़-चेतन, स्थावर-जङ्गम, चर-अचर आदि जो कुछ भी देखनेमें आता है, वह सब मेरे बिना नहीं हो सकता। सब मेरेसे ही होते हैं अर्थात्

सत्ताइसवें श्लोकमें तीन, अट्ठाईसवें श्लोकमें चार, उनतीसवें श्लोकमें चार, तीसवें श्लोकमें चार, इकतीसवें श्लोकमें चार, बत्तीसवें श्लोकमें पाँच, तैंतीसवें श्लोकमें चार, चौंतीसवें श्लोकमें नौ, पैंतीसवें श्लोकमें चार, छत्तीसवें श्लोकमें पाँच, सैंतीसवें श्लोकमें चार, अड़तीसवें श्लोकमें चार, और उन्तालीसवें श्लोकमें एक विभूतिका वर्णन किया है।

सब कुछ मैं-ही-मैं हूँ। इस वास्तविक मूल तत्त्वको जानकर साधकको इन्द्रियाँ, मन, बुद्धि जहाँ-कहीं जायँ अथवा मन-बुद्धिमें संसारकी जो कुछ बात याद आये, उन सबको भगवान्‌का ही स्वरूप माने। ऐसा माननेसे साधकको भगवान्‌का ही चिन्तन होगा, दूसरेका नहीं; क्योंकि तत्त्वसे भगवान्‌के सिवाय दूसरा कोई है ही नहीं।

यहाँ भगवान्‌ने कहा है कि मेरे सिवाय चर-अचर कुछ नहीं है अर्थात् सब कुछ मैं ही हूँ और अठारहवें अध्यायके चालीसवें श्लोकमें कहा है कि सत्त्व, रज और तम—इन तीनों गुणोंके सिवाय कुछ नहीं है अर्थात् सब गुणोंका ही कार्य है। इस भेदका तात्पर्य है कि यहाँ भक्तियोगका प्रकरण है। इस प्रकरणमें अर्जुनने प्रश्न किया है कि मैं आपका कहाँ-कहाँ चिन्तन करूँ? इस वास्ते उत्तरमें भगवान्‌ने कहा कि तेरे मनमें जिस-जिसका चिन्तन होता है, वह सब मैं ही हूँ।* परन्तु वहाँ (१८। ४०) में सांख्ययोगका प्रकरण है। सांख्ययोगमें प्रकृति और पुरुष—दोनोंके विवेककी तथा प्रकृतिसे सम्बन्ध-विच्छेद करनेकी प्रधानता है; प्रकृतिका कार्य होनेसे मात्र सृष्टि त्रिगुणमयी है†। इस वास्ते वहाँ तीनों गुणोंसे रहित कोई नहीं है—ऐसा कहा गया है।)

---

* मनसा वचसा दृष्ट्या गृह्यतेऽन्यैरपीन्द्रियैः।
अहमेव न मत्तोऽन्यदिति बुध्यध्वमञ्जसा॥
(श्रीमद्भा० ११। १३। २४)

† इदं गुणमयं विद्धि त्रिविधं मायया कृतम्॥
(श्रीमद्भा० ११। २८। ७)

विशेष बात

भगवान्‌ने 'अहमात्मा गुडाकेश' (१० । २०) से लेकर 'बीज तदहमर्जुन' (१० । ३९) तक जो बयासी विभूतियाँ कही हैं, उनका तात्पर्य छोटा-बड़ा, उत्तम-मध्यम-अधम बतानेमें नहीं है, प्रत्युत यह बतानेमें है कि कोई भी वस्तु, व्यक्ति, घटना, परिस्थिति आदि सामने आये तो उसमें भगवान्‌का ही चिन्तन होना चाहिये*। कारण कि मूलमें अर्जुनका प्रश्न यही था कि आपका चिन्तन करता हुआ मैं आपको कैसे जानूँ और किन-किन भावोंमें मैं आपका चिन्तन करूँ? (गीता १० । १७)। उस प्रश्नके उत्तरमें चिन्तन करनेके लिये ही भगवान्‌ने अपनी विभूतियोंका संक्षिप्त वर्णन किया है।

जैसे यहाँ गीतामें भगवान्‌ने अर्जुनसे अपनी विभूतियाँ कही हैं, ऐसे ही श्रीमद्भागवतमें (ग्यारहवें स्कन्धके सोलहवें अध्यायमें) भगवान्‌ने उद्धवजीसे अपनी विभूतियाँ कही हैं। गीतामें कही कुछ विभूतियाँ भागवतमें नहीं आयी हैं और भागवतमें कही कुछ विभूतियाँ गीतामें नहीं आयी हैं। गीता और भागवतमें कही गयी कुछ विभूतियोंमें तो समानता है, पर कुछ विभूतियोंमें दोनों जगह अलग-अलग बात आयी है, जैसे—गीतामें भगवान्‌ने पुरोहितोंमें बृहस्पतिको अपनी विभूति बताया है—'पुरोधसां च मुख्यं मां विद्धि पार्थ बृहस्पतिम्' (१० । २४) और भागवतमें भगवान्‌ने पुरोहितोंमें वसिष्ठजीको अपनी विभूति बताया है—'पुरोधसां वसिष्ठोऽहम्' (११ । १६ । २२)। अब प्रश्न यह होता है कि गीता और भागवतकी विभूतियोंका वक्ता एक होनेपर भी दोनोंमें एक समान बात क्यों नहीं मिलती? इसका

* अन्तर्बहिश्च तत्सर्वं व्याप्य नारायणः स्थितः ।

उत्तर यह है कि वास्तवमें भगवान्‌के कहनेका तात्पर्य किसी वस्तु, व्यक्ति आदिकी महत्ता बतानेमें नहीं है, प्रत्युत अपना चिन्तन कराने में है। इस वास्ते गीता और भागवत—दोनों ही जगह कही हुई विभूतियोंमें भगवान्‌का चिन्तन करना ही मुख्य है। इस दृष्टिसे जहाँ-जहाँ विशेषता दिखायी दे, वहाँ-वहाँ वस्तु, व्यक्ति आदिकी विशेषता न देखकर केवल भगवान्‌की ही विशेषता देखनी चाहिये और भगवान्‌की ही तरफ वृत्ति जानी चाहिये।

सम्बन्ध—

अब अगले श्लोकमें भगवान् अपनी दिव्य विभूतियोंके कथनका उपसंहार करते हैं।

श्लोक—

नान्तोऽस्ति मम दिव्यानां विभूतीनां परंतप।
एष तूद्देशतः प्रोक्तो विभूतेर्विस्तरो मया॥ ४०॥

अर्थ—

हे परंतप अर्जुन! मेरी दिव्य विभूतियोंका अन्त नहीं है। मैंने तुम्हारे सामने अपनी विभूतियोंका जो विस्तार कहा है, वह तो केवल संक्षेपसे कहा है।

व्याख्या—

'मम दिव्यानां* विभूतीनां'—'दिव्य' शब्द अलौकिकता, विलक्षणताका द्योतक है। साधकका मन जहाँ चला जाय, वहीं

* अर्जुनने पहले प्रार्थनाके रूपमें पूछा था—'वक्तुमर्हस्यशेषेण दिव्या ह्यात्मविभूतयः' (१०। १६), भगवान्‌ने विभूतियोंका वर्णन आरम्भ करते हुए कहा—'हन्त ते कथयिष्यामि दिव्या ह्यात्मविभूतयः' (१०। १९), और यहाँ उसका उपसंहार करते हुए भगवान् कहते

भगवान्का चिन्तन करनेसे यह दिव्यता वहीं प्रकट हो जायगी, क्योंकि भगवान्के समान दिव्य कोई है ही नहीं। देवता जो दिव्य कहे जाते हैं, वे भी नित्य ही भगवान्के दर्शनकी इच्छा रखते हैं—'नित्य दर्शनकाङ्क्षिण' (गीता ११। ५२)। इससे यही सिद्ध होता है कि दिव्यातिदिव्य तो एक भगवान् ही हैं। इस वास्ते भगवान्की जितनी भी विभूतियाँ हैं, तत्त्वसे वे सभी दिव्य हैं। परन्तु साधकके सामने उन विभूतियोंकी दिव्यता तभी प्रकट होती है, जब उसका उद्देश्य केवल एक भगवत्प्राप्तिका ही होता है, और भगवत्तत्त्वको जाननेके लिये राग-द्वेषसे रहित होकर उन विभूतियोंमें केवल भगवान्का चिन्तन करता है।

'नान्तोऽस्ति'—भगवान्की दिव्य विभूतियोंका अन्त नहीं है। कारण कि भगवान् अनन्त हैं तो उनकी विभूतियाँ, गुण, लीलाएँ आदि भी अनन्त हैं—'हरि अनंत हरि कथा अनंता' (मानस १। १३९। ५)। इस वास्ते भगवान्ने विभूतियोंके उपक्रममें और उपसंहारमें—दोनों ही जगह कहा है कि मेरी विभूतियोंके विस्तारका अन्त नहीं है। श्रीमद्भागवतमें भगवान्ने अपनी विभूतियोंके विषयमें कहा है कि 'मेरे द्वारा परमाणुओंकी संख्या समयसे गिनी जा सकती है, पर करोड़ों ब्रह्माण्डोंको रचनेवाले मेरी विभूतियोंका अन्त नहीं पाया जा सकता†।'

*—'नान्तोऽस्ति मम दिव्यानां विभूतीनां परंतप' (१०। ४०)। इस तरह प्रार्थना (प्रश्न) में, उपक्रममें और उपसंहारमें—तीनों जगह 'दिव्य' पदकी एकता है।

† संख्यानं परमाणूनां कालेन क्रियते मया।
न तथा मे विभूतीनां सृजतोऽण्डानि कोटिशः॥
(श्रीमद्भा० ११। १६। ३९)

भगवान् अनन्त, असीम और अगाध हैं। संख्याकी दृष्टिसे भगवान् 'अनन्त' हैं अर्थात् उनकी गणना परार्द्धतक नहीं हो सकती। सीमाकी दृष्टिसे भगवान् 'असीम' हैं। सीमा दो तरहकी होती है—कालकृत और देशकृत। अमुक समय पैदा हुआ और अमुक समयतक रहेगा—यह कालकृत सीमा हुई, और यहाँसे लेकर वहाँतक यह देशकृत सीमा हुई। भगवान् ऐसे सीमामें बँधे हुए नहीं हैं। तलकी दृष्टिसे भगवान् 'अगाध' हैं। अगाध शब्दमें 'गाध' नाम 'तल' का है, जैसे, जलमें नीचेका तल होता है। अगाधका अर्थ हुआ 'अतलस्पर्श' अर्थात् जिसका तल है ही नहीं, ऐसा अथाह गहरा।

'एष तूद्देशतः प्रोक्तो विभूतेर्विस्तरो मया'—अठारहवें श्लोकमें अर्जुनने कहा कि आप अपनी दिव्य विभूतियोंको विस्तारसे कहिये, तो उत्तरमें भगवान्ने कहा कि मेरी विभूतियोंके विस्तारका अन्त नहीं है। ऐसा कहकर भी भगवान्ने अर्जुनकी जिज्ञासाके कारण कृपापूर्वक अपनी विभूतियोंका विस्तारसे वर्णन किया। परन्तु यह विस्तार केवल लौकिक दृष्टिसे ही है। इस वास्ते भगवान् यहाँ कह रहे हैं कि मैंने यहाँ जो विभूतियोंका विस्तार किया है, वह विस्तार केवल तेरी दृष्टिसे ही है। मेरी दृष्टिमें तो यह विस्तार भी वास्तवमें बहुत ही संक्षेपसे (नाममात्रसे) है; क्योंकि मेरी विभूतियोंका अन्त नहीं है।

[इस अध्यायमें बतायी हुई सम्पूर्ण विभूतियाँ सबके काम नहीं आतीं, प्रत्युत ऐसी अनेक दूसरी विभूतियाँ भी काममें आती हैं, जिनका

यहाँ वर्णन नहीं हुआ है । इस वास्ते साधकको चाहिये कि जहाँ-जहाँ किसी विशेषताको लेकर मन खिंचता हो, वहाँ-वहाँ ही उस विशेषताको भगवान्‌की मानें और भगवान्‌का ही चिन्तन करे, चाहे वह विभूति यहाँ भगवान्-द्वारा कही गयी हो अथवा न कही गयी हो ।]

सम्बन्ध—

अठारहवें श्लोकमें अर्जुनने भगवान्‌से विभूति और योग बतानेकी प्रार्थना की । इधर भगवान्‌ने पहले अपनी विभूतियोंको बताया, और अब अगले श्लोकमें योग बताते हैं ।

श्लोक—

यद्यद्विभूतिमत्सत्त्वं श्रीमदूर्जितमेव वा ।
तत्तदेवावगच्छ त्वं मम तेजोंऽशसम्भवम् ॥ ४१ ॥

अर्थ—

जो-जो ऐश्वर्ययुक्त, शोभायुक्त और बलयुक्त वस्तु है, उस-उसको तुम मेरे ही तेज (योग-) के अंशसे उत्पन्न हुआ समझो ।

व्याख्या—

'यद्यद्विभूतिमत्सत्त्वं श्रीमदूर्जितमेव वा'—संसारमात्रमें जिस-किसी सजीव-निर्जीव वस्तु, व्यक्ति, घटना, परिस्थिति, गुण, भाव, क्रिया आदिमें जो कुछ ऐश्वर्य दीखे, शोभा या सौन्दर्य दीखे, बलवत्ता दीखे तथा जो कुछ भी विशेषता, विलक्षणता, योग्यता दीखे, उन सबको मेरे तेजके किसी एक अंशसे उत्पन्न हुई जानो । तात्पर्य है कि उनमें वह विलक्षणता मेरे योगसे, सामर्थ्यसे, प्रभावसे

ही आयी है—ऐसा तुम समझो—'तत्तदेवावगच्छ त्वं मम तेजोंऽशसम्भवम् ।' भगवान्‌के बिना कहीं भी और कुछ भी विलक्षणता नहीं है।

मनुष्यको जिस जिसमें विशेषता मालूम दे, उस-उसमें भगवान्‌की ही विशेषता मानते हुए भगवान्‌का ही चिन्तन होना चाहिये। अगर भगवान्‌को छोड़कर दूसरे वस्तु, व्यक्ति आदिकी विशेषता दीखती है, तो वह पतनका कारण है। जैसे पतिव्रता स्त्री अपने मनमें यदि पतिके सिवाय दूसरे किसी पुरुषकी विशेषता रखती है तो उसका पातिव्रत्य भंग हो जाता है, ऐसे ही भगवान्‌के सिवा दूसरी किसी वस्तुकी विशेषताको लेकर मन खिंचता है, तो व्यभिचार-दोष आ जाता है अर्थात् भगवान्‌के अनन्यभावका भंग हो जाता है।

संसारमें छोटी-से-छोटी और बड़ी-से-बड़ी वस्तु, व्यक्ति, क्रिया आदिमें जो भी महत्ता सुन्दरता, सुखरूपता दीखती है और जो कुछ लाभरूप, हितरूप दीखता है, वह वास्तवमें सांसारिक वस्तुका है ही नहीं। अगर उस वस्तुका होता तो वह सब समय रहता और सबको दीखता, पर वह न तो सब समय रहता है और न सबको दीखता है। इससे सिद्ध होता है कि वह उस वस्तुका नहीं है। तो फिर किसका है? उस वस्तुका जो आधार है, उस परमात्माका है। उस परमात्माकी झलक ही उस वस्तुमें सुन्दरता, सुखरूपता आदि रूपोंसे दीखती है। परन्तु जब मनुष्यकी वृत्ति परमात्माकी महिमाकी तरफ न जाकर उस वस्तुकी तरफ हो जाती है, तब वह मनुष्य फँस जाता है।

संसारमें फँसनेपर उसको न तो कुछ मिलता है और न उसकी तृप्ति ही होती है। इसमें सुख नहीं है, इससे तृप्ति नहीं होती— इतना अनुभव होनेपर भी मनुष्यका वस्तु आदिमें सुखरूपताका वहम मिटता नहीं। मनुष्यको सावधानीके साथ विचारपूर्वक देखना चाहिये कि प्रतिक्षण मिटनेवाली वस्तुमें जो सुख दीखता है, वह उसका कैसे हो सकता है? वह वस्तु प्रतिक्षण नष्ट हो रही है तो महत्ता, सुन्दरता उस वस्तुकी कैसे हो सकती है।

जैसे बिजलीके सम्बन्धसे रेडियो बोलता है तो मनुष्य राजी होता है कि देखो, इस यन्त्रसे कैसी आवाज आ रही है! उस रेडियोमें जो कुछ शक्ति है, वह सब बिजलीकी ही है। बिजलीसे सम्बन्ध न होनेपर केवल यन्त्रसे आवाज नहीं निकाली जा सकती। अनजान व्यक्ति तो उस शक्तिको यन्त्रकी ही मान लेता है, पर जानकार व्यक्ति उस शक्तिको बिजलीकी ही मानता है। ऐसे ही किसी वस्तु, व्यक्ति, पदार्थ, क्रिया आदिमें जो कुछ विशेषता दीखती है, उसको अनजान मनुष्य तो उस वस्तु, व्यक्ति आदिकी ही मान लेता है, पर जानकार मनुष्य उस विशेषताको भगवान्‌की ही मानता है।

इसी अध्यायके आठवें श्लोकमें भगवान्‌ने कहा है कि सब मेरेसे ही पैदा होते हैं और सबमें मेरी ही शक्ति है। इसमें भगवान्‌का तात्पर्य यही है कि तुम्हें जहाँ-कहीं और जिस-किसीमें विशेषता, महत्ता, सुन्दरता, बलवत्ता आदि दीखे वह सब मेरी ही है, उनकी नहीं। एक वेश्या बड़े सुन्दर स्वरोंमें गाना गा रही थी, तो उसको

सुनकर एक सन्त मस्त हो गये कि देखो ! ठाकुरजीने कला कर दिया है ! कितनी सुन्दर आवाज दी है ! तो सन्तकी दृष्टि वेश्यापर नहीं गयी, प्रत्युत भगवान्‌पर गयी कि इसके कण्ठमें जो आकर्षण है, मिठास है, वह भगवान्‌की है। ऐसे ही कोई फूल दीखे तो राजी हो जाय कि वाह-वाह, भगवान्‌ने इसमें कैसी सुन्दरता भरी है ! कोई किसीको बढ़िया पढ़ा रहा है, तो बढ़िया पढ़ानेकी शक्ति भगवान्‌की है, पढ़ानेवालेकी नहीं। देवताओंको बृहस्पति प्रिय लगते हैं, वशियोंको वसिष्ठजी प्रिय लगते हैं, किसीको सिंहमें विशेषता दीखती है, किसीको रुपये बहुत प्यारे लगते हैं, तो उनमें जिस शक्ति, महत्ता, विशेषता आदिको लेकर आकर्षण, प्रियता, खिंचाव हो रहा है, वह शक्ति, महत्ता आदि भगवान्‌की ही है, उनकी अपनी नहीं। इस तरह जिस-किसीमें जहाँ-कहीं विशेषता दीखे, वह भगवान्‌की ही दीखनी चाहिये। इस वास्ते भगवान्‌ने अनेक तरहकी विभूतियाँ बतायी हैं। इसका तात्पर्य है कि उन विभूतियोंमें श्रद्धा, रुचिके भेदसे आकर्षण हरेकका अलग-अलग होगा, एक समान सबको विभूतियाँ अच्छी नहीं लगेंगी, पर उन सबमें शक्ति भगवान्‌की है।

यद्यपि जिस किसीमें जो भी विशेषता है, वह परमात्माकी है, तथापि जिनसे हमें लाभ हुआ है अथवा हो रहा है, उनके हम जरूर कृतज्ञ बनें, उनकी सेवा करें। परन्तु उनकी व्यक्तिगत विशेषता मानकर वहाँ फँस न जायँ—यह सावधानी रखें।

विशेष बात

भगवान्‌ने बीसवें श्लोकसे लेकर उन्तालीसवें श्लोकतक जितनी विभूतियाँ कही हैं, उनमें प्रायः 'अस्मि' (मैं हूँ) पदका प्रयोग किया है। सिर्फ तीन जगह—चौबीसवें और सत्ताईसवें श्लोकमें 'विद्धि', तथा यहाँ इकतालीसवें श्लोकमें 'अवगच्छ' पदका प्रयोग करके 'जानने' की बात कही है।

'अस्मि' (मैं हूँ) पदका प्रयोग करनेका तात्पर्य विभूतियोंके मूल तत्त्वका लक्ष्य करानेमें है कि इन सब विभूतियोंके मूलमें मैं ही हूँ। कारण कि सत्रहवें श्लोकमें अर्जुनने पूछा था कि मैं आपको कैसे जानूँ, तो भगवान्‌ने 'अस्मि' का प्रयोग करके सब विभूतियोंमें अपनेको जाननेकी बात कही।

दो जगह 'विद्धि' पदका प्रयोग करनेका तात्पर्य मनुष्यको सावधान, सावचेत करानेमें है। मनुष्य दोके द्वारा सावचेत होता है—ज्ञानके द्वारा और शासनके द्वारा। ज्ञान गुरुके द्वारा प्राप्त होता है और शासन स्वयं राजा करता है। अतः चौबीसवें श्लोकमें जहाँ गुरु बृहस्पतिका वर्णन आया है, वहाँ 'विद्धि' कहनेका तात्पर्य है कि तुमलोग गुरुके द्वारा मेरी विभूतियोंके तत्त्वको ठीक तरहसे समझो। विभूतियोंके तत्त्वको समझनेका फल है—मेरेमें दृढ़ भक्ति होना (गीता १०। ७)। सत्ताईसवें श्लोकमें जहाँ राजाका वर्णन आया है, वहाँ 'विद्धि' कहनेका तात्पर्य है कि तुमलोग राजाके शासनद्वारा उन्मार्गसे बचकर सन्मार्गमें लगना अर्थात् अपना जीवन शुद्ध बनाना समझो। गुरु प्रेमसे समझाता है और राजा बलसे, भयसे

समझाता है । गुरुके समझानेमें उद्धारकी बात मुख्य रहती है और राजाके समझानेमें लौकिक मर्यादाका पालन करनेकी मुख्यता रहती है ।

सत्ताईसवें श्लोकमें जो 'उच्चैःश्रवा' और 'ऐरावत' का वर्णन आया है, वे दोनो राजाके वैभवके उपलक्षण हैं । कारण कि घोड़े, हाथी आदि राजाके ऐश्वर्य हैं और ऐश्वर्यवान् राजा ही शासन करता है । इस वास्ते इस श्लोकमें 'विद्धि' पदका प्रयोग खास करके राजाके लिये ही किया हुआ मालूम देता है ।

यहाँ इकतालीसवें श्लोकमें जो 'अवगच्छ' पद आया है, उसका अर्थ है—वास्तविकतासे समझना कि जो कुछ भी विशेषता दीखती है, वह वस्तुतः भगवान्‌की ही है ।

इस प्रकार दो बार 'विद्धि' और एक बार 'अवगच्छ' पद देनेका तात्पर्य यह है कि गुरु और राजाके द्वारा समझानेपर भी जबतक मनुष्य स्वयं उनकी बातको वास्तविकतासे नहीं समझेगा, उनकी बातको नहीं मानेगा, तबतक गुरुका ज्ञान और राजाका शासन उसके काम नहीं आयेगा । अन्तमें तो स्वयंको ही मानना पड़ेगा और वही इसके काम आयेगा ।

सम्बन्ध—

यहाँतक अर्जुनके प्रश्नोंका उत्तर देकर अब भगवान् अपनी तरफसे खास बात बताते हैं ।

श्लोक—

> अथवा बहुनैतेन किं ज्ञातेन तवार्जुन ।
> विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत् ॥ ४२ ॥

अर्थ—

अथवा हे अर्जुन ! तेरेको इस प्रकार बहुत-सी बातें जाननेकी क्या आवश्यकता है ? मैं अपने किसी एक अंशमें सम्पूर्ण जगत्-को व्याप्त करके स्थित हूँ ।

व्याख्या—

'अथवा' यह अव्यय-पद देकर भगवान् अर्जुनसे मानो यह कह रहे हैं कि तुमने जो प्रश्न किया था, उसके अनुसार मैंने उत्तर दिया ही है, अब मैं अपनी तरफसे तेरे लिये एक विशेष महत्त्वकी सार बात बताता हूँ ।

'बहुनैतेन किं ज्ञातेन तवार्जुन'—भैया अर्जुन ! तेरेको इस प्रकार बहुत जाननेकी क्या जरूरत है ? ऐसा कहनेका तात्पर्य है कि मैं घोड़ोंकी लगाम और चाबुक पकड़े तेरे सामने बैठा हूँ । दीखनेमें तो मैं छोटा-सा दीखता हूँ, पर मेरे इस शरीरके किसी एक अंशमें अनन्त कोटि ब्रह्माण्ड सर्ग और प्रलय—दोनों अवस्थाओंमें मेरेमें स्थित हैं । उन सबको लेकर मैं तेरे सामने बैठा हूँ और तेरी आज्ञाका पालन करता हूँ ! इस वास्ते जब मैं स्वयं तेरे सामने हूँ, तो तेरे लिये बहुत-सी बातें जाननेकी क्या जरूरत है ।

'विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत्'—मैं इस सम्पूर्ण

जगत्को एक अंशसे व्याप्त करके स्थित हूँ—यह कहनेका तात्पर्य है कि भगवान्के किसी भी अंशमें अनन्त सृष्टियाँ विद्यमान हैं—'रोम रोम प्रति लागे कोटि कोटि ब्रह्मंड' (मानस १। २०१)। परन्तु उन सृष्टियोंसे भगवान्का कोई अंश भाग नहीं रुका है अर्थात् भगवान्के किसी अंशमें उन सब सृष्टियोंके रहनेपर भी वहाँ खाली जगह पड़ी है। जैसे, प्रकृतिका बहुत क्षुद्र अंश हमारी बुद्धि है। बुद्धिमें कई भाषाओंका, कई लिपियोंका, कई कलाओंका ज्ञान होनेपर भी हम ऐसा नहीं कह सकते कि हमारी बुद्धि अनेक भाषाओं आदिके ज्ञानसे भर गयी है, अब अब दूसरी भाषा, लिपि आदि जाननेके लिये जगह नहीं रही है। तात्पर्य है कि बुद्धिमें अनेक भाषाओं आदिका ज्ञान होनेपर भी बुद्धिमें जगह खाली ही रहती है और कितनी ही भाषाएँ आदि सीखनेपर भी बुद्धि भर नहीं सकती। इस प्रकार जब प्रकृतिका छोटा अंश बुद्धि भी अनेक भाषाओं आदिके ज्ञानसे नहीं भरती, तो फिर प्रकृतिसे अतीत, अनन्त, असीम और अगाध भगवान्का कोई अंश अनन्त सृष्टियोंसे कैसे भर सकता है? वह तो बुद्धिकी अपेक्षा भी विशेषरूपसे खाली रहती है।

ॐ तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां
योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे विभूतियोगो
नाम दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

इस प्रकार ॐ, तत्, सत्,—इन भगवन्नामोंके उच्चारणपूर्वक त्रविद्या और योगशास्त्रमय श्रीमद्भगवद्गीतोपनिषद्रूप श्रीकृष्णार्जुनसंवादमें 'भूतियोग' नामक दसवाँ अध्याय पूर्ण हुआ ॥ १० ॥

जहाँ-कहीं जो कुछ भी विशेषता दीखती है, वह सब वान्‌की ही विभूति है—ऐसा माननेसे भगवान्‌के साथ योग- सम्बन्ध-) का अनुभव हो जाता है। इस वास्ते दसवें अध्यायका ाम 'विभूतियोग' है।

दसवें अध्यायके पद, अक्षर एवं उवाच

(१) इस अध्यायमें 'अथ दशमोऽध्याय' के तीन, उवाचके छ, श्लोकोंके पाँच सौ छप्पन और पुष्पिकाके तेरह पद हैं। इस तरह सम्पूर्ण पदोंका योग पाँच सौ अठहत्तर है।

(२) 'अथ दशमोऽध्याय' में सात, उवाचमें बीस, श्लोकोंमें एक हजार तीन सौ चौवालीस और पुष्पिकामें छियालीस अक्षर हैं। इस तरह सम्पूर्ण अक्षरोंका योग एक हजार चार सौ सत्रह है। इस अध्यायके सभी श्लोक बत्तीस अक्षरोंके हैं।

(३) इस अध्यायमें तीन उवाच हैं—दो 'श्रीभगवानुवाच' और एक 'अर्जुन उवाच'।

दसवें अध्यायमें प्रयुक्त छन्द

इस अध्यायके बयालीस श्लोकोमेंसे—दूसरे और पचीसवें श्लोकके प्रथम चरणमें 'नगण' प्रयुक्त होनेसे 'न-विपुला, छठे श्लोकके प्रथम चरणमें तथा पाँचवें और बत्तीसवें श्लोकके तृतीय चरणमें 'मगण' प्रयुक्त होनेसे 'म-विपुला' आठवें श्लोकके प्रथम चरणमें और छब्बीसवें श्लोकके तृतीय चरणमें 'भगण' प्रयुक्त होनेसे 'भ विपुला', और छठे श्लोकके प्रथम चरणमें 'रगण' प्रयुक्त होनेसे 'र विपुला' सज्ञावाले छन्द प्रयुक्त हुए हैं। शेष छत्तीस श्लोक ठीक 'पथ्यावक्त्र', छन्दके लक्षणोंसे युक्त हैं।

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

अथैकादशोऽध्यायः

सम्बन्ध—

दसवें अध्यायके अन्तमें भगवान्ने अर्जुनपर विशेष कृपा
के कहा कि सम्पूर्ण जगत् अर्थात् अनन्त सृष्टियाँ मेरे किसी
शमें हैं और वह मैं तेरा सारथि बना हुआ तेरे घोड़ोंकी लगाम
र चाबुक लेकर बैठा हूँ तथा तेरी आज्ञाका पालन कर रहा हूँ।
स सब विभूतियों और योग-(प्रभाव-) का महान् आधार मैं तेरे
मने बैठा हूँ, तब तुझे अलग-अलग विभूतियोंको जाननेकी क्या
आवश्यकता है? इस बातको सुनकर जब अर्जुनकी दृष्टि भगवान्की
महती कृपापर गयी तो वे बड़े आश्चर्यमें डूब जाते हैं और कह
उठते हैं --

श्लोक—

अर्जुन उवाच

मदनुग्रहाय परमं गुह्यमध्यात्मसंज्ञितम्।
यत्त्वयोक्तं वचस्तेन मोहोऽयं विगतो मम॥ १॥*

---

* भगवान्की कृपाका अनुभव करके अर्जुन भावविभोर हो उठे और कृपाका रहस्य प्रकट करनेके लिये जब अत्यधिक प्रसन्नतासे बोले, तो नियमका ख्याल न रहनेसे यह श्लोक तैंतीस अक्षरोंका आया है, जबकि गीताभरमें अनुष्टुप् छन्दवाले श्लोक बत्तीस अक्षरोंके ही आये हैं। तात्पर्य है कि अत्यधिक प्रसन्नता होनेपर नियमका ध्यान नहीं रहता।

अर्थ—

अर्जुन बोले—केवल मेरेपर कृपा करनेके लिये ही आपने जो परम गोपनीय अध्यात्मतत्त्व जाननेका वचन कहा, उससे मेरा यह मोह नष्ट हो गया है।

व्याख्या—

'मदनुग्रहाय'—मेरा भजन करनेवालोंपर कृपा करके मैं स्वयं उनके अज्ञानजन्य अन्धकारका नाश कर देता हूँ (गीता १०।११)—यह बात भगवान्‌ने केवल कृपा-परवश होकर कही। इस बातका अर्जुनपर बड़ा प्रभाव पड़ा, जिससे अर्जुन भगवान्‌की स्तुति करने लगे। ऐसी स्तुति उन्होंने यहाँसे पहले गीतामें कहीं नहीं की। उसीका लक्ष्य करके अर्जुन यहाँ कहते हैं कि केवल मेरेपर कृपा करनेके लिये ही आपने ऐसी बात कही है*।

'परम गुह्यम्'—अपनी प्रधान-प्रधान विभूतियोंको कहनेके बाद भगवान्‌ने दसवें अध्यायके अन्तमें अपनी ओरसे कहा कि मैं अपने किसी अंशमें सम्पूर्ण जगत्‌को, अनन्त-कोटि ब्रह्माण्डोंको व्याप्त करके स्थित हूँ (१०।४२) अर्थात् भगवान्‌ने खुद

* ऐसे तो पहले अध्यायसे लेकर यहाँतक भगवान्‌ने जो कुछ कहा है, वह सब कृपा-परवश होकर ही कहा है। वास्तवमें भगवान्‌की सम्पूर्ण क्रियाओंमें कृपा भरी रहती है, पर मनुष्य उसे पहचानता नहीं। भगवान्‌की कृपाको पहचाननेपर भगवत्तत्त्वका अनुभव बहुत सुगमतासे और शीघ्रतासे हो जाता है। अर्जुनका लक्ष्य भी जब भगवत्कृपाकी ओर जाता है तो वे विभोर होकर कह उठते हैं कि आपकी कृपासे मेरा मोह नष्ट हो गया।

अपना परिचय दिया कि मैं कैसा हूँ । इसी बातको अर्जुन परम गोपनीय मानते हैं ।

'अध्यात्मसंज्ञितम्'—दसवें अध्यायके सातवें श्लोकमें भगवान्‌ने कहा था कि जो मेरी विभूति और योगको तत्त्वसे जानता है—अर्थात् सम्पूर्ण विभूतियोंके मूलमें भगवान् ही हैं और सम्पूर्ण विभूतियाँ भगवान्‌की सामर्थ्यसे ही प्रकट होती हैं तथा अन्तमें भगवान्‌में ही लीन हो जाती हैं—ऐसा तत्त्वसे जानता है, वह अविचल भक्तियोगसे युक्त हो जाता है । इसी बातको अर्जुन अध्यात्मसंज्ञित मान रहे हैं* ।

'यत्त्वयोक्तं वचस्तेन मोहोऽयं विगतो मम'—सम्पूर्ण जगत् भगवान्‌के किसी एक अंशमें है—इस बातपर पहले अर्जुनकी दृष्टि नहीं थी और वे स्वयं इस बातको जानते भी नहीं थे, यही उनका मोह था । परन्तु जब भगवान्‌ने यह कहा कि सम्पूर्ण जगत्‌को अपने एक अंशमें व्याप्त करके मैं तेरे सामने बैठा हूँ, तो अर्जुनकी इस तरफ दृष्टि गयी कि भगवान् कितने विलक्षण हैं, जिनके किसी एक अंशमें अनन्त सृष्टियाँ उत्पन्न होती हैं, उसमें स्थित रहती हैं और उसीमें लीन हो जाती हैं, और वे वैसे-के-वैसे रहते हैं । इस मोहके नष्ट होते ही अर्जुनको यह ख्याल आया कि पहले जो मैं इस बातको नहीं जानता था, वह मेरा मोह ही था† । इस वास्ते

---

* भगवान्‌ने अभीतक भक्तिकी जितनी बातें कही हैं, वे सब की-सब परम गोपनीय अध्यात्म उपदेश हैं ।

† मोहके रहते हुए मोहका ज्ञान नहीं होता, प्रत्युत मोहके चले जानेपर ही मोहका ज्ञान होता है, और ज्ञान होनेपर मोह रहता ही नहीं ।

अर्थ—

अर्जुन बोले—केवल मेरेपर कृपा करनेके लिये ही आपने जो परम गोपनीय अध्यात्मतत्त्व जाननेका वचन कहा, उससे मेरा यह मोह नष्ट हो गया है।

व्याख्या—

'मदनुग्रहाय'—मेरा भजन करनेवालोंपर कृपा करके मैं स्वयं उनके अज्ञानजन्य अन्धकारका नाश कर देता हूँ (गीता १०।११)—यह बात भगवान्‌ने केवल कृपा-परवश होकर कही। इस बातका अर्जुनपर बड़ा प्रभाव पड़ा, जिससे अर्जुन भगवान्‌की स्तुति करने लगे। ऐसी स्तुति उन्होंने यहाँसे पहले गीतामें कहीं नहीं की। उसीका लक्ष्य करके अर्जुन यहाँ कहते हैं कि केवल मेरेपर कृपा करनेके लिये ही आपने ऐसी बात कही है*।

'परमं गुह्यम्'—अपनी प्रधान-प्रधान विभूतियोंको कहनेके बाद भगवान्‌ने दसवें अध्यायके अन्तमें अपनी ओरसे कहा कि मैं अपने किसी अंशमें सम्पूर्ण जगत्‌को, अनन्त-कोटि ब्रह्माण्डोंको व्याप्त करके स्थित हूँ (१०।४२) अर्थात् भगवान्‌ने खुद

* ऐसे तो पहले अध्यायसे लेकर यहाँतक भगवान्‌ने जो कुछ कहा है, वह सब कृपा परवश होकर ही कहा है। वास्तवमें भगवान्‌की सम्पूर्ण क्रियाओंमें कृपा भरी रहती है, पर मनुष्य उसे पहचानता नहीं। भगवान्‌की कृपाको पहचाननेपर भगवत्तत्त्वका अनुभव बहुत सुगमतासे और शीघ्रतासे हो जाता है। अर्जुनका लक्ष्य भी जब भगवत्कृपाकी ओर जाता है तो वे विभोर होकर कह उठते हैं कि आपकी कृपासे मेरा मोह नष्ट हो गया।

अपना परिचय दिया कि मैं कैसा हूँ । इसी बातको अर्जुन परम गोपनीय मानते हैं ।

'अध्यात्मसंज्ञितम्'—दसवें अध्यायके सातवें श्लोकमें भगवान्‌ने कहा था कि जो मेरी विभूति और योगको तत्त्वसे जानता है—अर्थात् सम्पूर्ण विभूतियोंके मूलमें भगवान् ही हैं और सम्पूर्ण विभूतियाँ भगवान्‌की सामर्थ्यसे ही प्रकट होती हैं तथा अन्तमें भगवान्‌में ही लीन हो जाती हैं—ऐसा तत्त्वसे जानता है, वह अविचल भक्तियोगसे युक्त हो जाता है । इसी बातको अर्जुन अध्यात्मसंज्ञित मान रहे हैं* ।

'यत्त्वयोक्तं वचस्तेन मोहोऽयं विगतो मम'—सम्पूर्ण जगत् भगवान्‌के किसी एक अंशमें है—इस बातपर पहले अर्जुनकी दृष्टि नहीं थी और वे स्वयं इस बातको जानते भी नहीं थे, यही उनका मोह था । परन्तु जब भगवान्‌ने यह कहा कि सम्पूर्ण जगत्‌को अपने एक अंशमें व्याप्त करके मैं तेरे सामने बैठा हूँ, तो अर्जुनकी इस तरफ दृष्टि गयी कि भगवान् कितने विलक्षण हैं, जिनके किसी एक अंशमें अनन्त सृष्टियाँ उत्पन्न होती हैं, उसमें स्थित रहती हैं और उसीमें लीन हो जाती हैं, और वे वैसे-के-वैसे रहते हैं। इस मोहके नष्ट होते ही अर्जुनको यह ख्याल आया कि पहले जो मैं इस बातको नहीं जानता था, वह मेरा मोह ही था† । इस वास्ते

---

* भगवान्‌ने अभीतक भक्तिकी जितनी बातें कही हैं, वे सब-की-सब परम गोपनीय अध्यात्म उपदेश हैं ।

† मोहके रहते हुए मोहका ज्ञान नहीं होता, प्रत्युत मोहके चले जानेपर ही मोहका ज्ञान होता है, और ज्ञान होनेपर मोह रहता ही नहीं ।

अर्जुन यहाँ अपनी दृष्टिसे कहते हैं कि भगवन्! मेरा यह मोह सर्वथा चला गया है। परन्तु ऐसा कहनेपर भी भगवान्ने इस (अर्जुनके मोहनाशको) स्वीकार नहीं किया, क्योंकि आगे उन्चासवें श्लोकमें भगवान्ने अर्जुनसे कहा है कि तेरेको व्यथा और मूढ़भाव (मोह) नहीं होना चाहिये—'मा ते व्यथा मा च विमूढभावः'।

सम्बन्ध—

मोह कैसे नष्ट हो गया? इसीको अगले श्लोकमें विस्तारसे कहते हैं।

श्लोक—

भवाप्ययौ हि भूतानां श्रुतौ विस्तरशो मया।
त्वत्तः कमलपत्राक्ष माहात्म्यमपि चाव्ययम्॥ २

अर्थ—

हे कमलनयन! सम्पूर्ण प्राणियोंकी उत्पत्ति और प्रलय मैंने विस्तारपूर्वक आपसे ही सुना है और अविनाशी माहात्म्य भी सुना है।

व्याख्या—

'भवाप्ययौ हि भूतानां त्वत्तः श्रुतौ विस्तरशो मया'— भगवान्ने पहले कहा था—मैं सम्पूर्ण जगत्‌का प्रभव और प्रलय हूँ, मेरे सिवाय अन्य कोई कारण नहीं है (७। ६-७), सात्त्विक, राजस और तामस भाव मेरेसे ही होते हैं (७। १२), प्राणियोंके अलग-अलग अनेक तरहके भाव मेरेसे ही होते हैं (१०। ४-५), सम्पूर्ण प्राणी मेरेसे ही होते हैं और मेरेसे ही सब चेष्टा करते हैं (१०। ८), प्राणियोंके आदि, मध्य तथा अन्तमें भी मैं ही हूँ

(१० । २०), और सम्पूर्ण सृष्टियोंके आदि, मध्य तथा अन्तमें मैं ही हूँ (१० । ३२)। इसीको लेकर अर्जुन यहाँ कहते हैं कि मैंने आपसे प्राणियोंकी उत्पत्ति और प्रलयका वर्णन विस्तारसे सुना है। इसका तात्पर्य प्राणियोंकी उत्पत्ति और विनाश सुननेसे नहीं है, प्रत्युत इसका तात्पर्य यह सुननेसे है कि सभी प्राणी आपसे ही उत्पन्न होते हैं, आपमें ही रहते हैं और आपमें ही लीन हो जाते हैं अर्थात् सब कुछ आप ही हैं।

'माहात्म्यमपि चाव्ययम्'—आपने दसवें अध्यायके सातवें श्लोकमें बताया कि विभूति और योगको जो तत्त्वसे जानता है, वह अविकम्प भक्तियोगसे युक्त हो जाता है। इस प्रकार आपकी विभूति और योगको तत्त्वसे जाननेका माहात्म्य भी मैंने सुना है।

माहात्म्यको 'अव्यय' कहनेका तात्पर्य है कि भगवान्‌की विभूति और योगको तत्त्वसे जाननेपर जो भगवान्‌में भक्ति होती है, प्रेम होता है, भगवान्‌से अभिन्नता होती है, वह सब अव्यय है। कारण कि भगवान् अव्यय, नित्य हैं तो उनकी भक्ति, प्रेम भी अव्यय ही होगा।

सम्बन्ध—

अब अगले दो श्लोकोंमें अर्जुन विराट्‌रूपके दर्शनके लिये भगवान्‌से प्रार्थना करते हैं।

श्लोक—

एवमेतद्यथात्थ त्वमात्मानं परमेश्वर।
द्रष्टुमिच्छामि ते रूपमैश्वरं पुरुषोत्तम ॥ ३ ॥

अर्थ—

हे पुरुषोत्तम ! आप अपने-आपको जैसा कहते हैं, यह वास्तवमें ऐसा ही है । हे परमेश्वर ! आपके ईश्वर सम्बन्धी रूपको मैं देखना चाहता हूँ ।

व्याख्या—

'पुरुषोत्तम'—यह सम्बोधन देनेका तात्पर्य है कि हे भगवन् मेरी दृष्टिमें इस संसारमें आपके समान कोई उत्तम, श्रेष्ठ नहीं है, अर्थात् आप ही सबसे उत्तम, श्रेष्ठ हैं। इस बातको आगे पन्द्रहवें अध्यायमें भगवान्‌ने भी कहा है कि मैं क्षरसे अतीत और अक्षरसे उत्तम हूँ, इस वास्ते मैं शास्त्र और वेदमें पुरुषोत्तम नामसे प्रसिद्ध हूँ* ।

'एवमेतद्यथात्थ त्वमात्मानम्'—हे पुरुषोत्तम ! आपने सातवें अध्यायसे दसवें अध्यायतक मेरे प्रति अपने अलौकिक प्रभावका, सामर्थ्यका जो कुछ वर्णन किया वह वास्तवमें ऐसा ही है ।

यह संसार मेरेसे ही उत्पन्न होता है, मेरेमें ही स्थित रहता है और मेरेमें ही लीन हो जाता है (७ । ६), मेरे सिवाय इसका और कोई कारण नहीं है (७ । ७), सब कुछ वासुदेव ही है (७ । १९), ब्रह्म, अध्यात्म, कर्म, अधिभूत, अधिदैव और अधियज्ञ रूपमें मैं ही हूँ (७ । २९-३०), अनन्य भक्तिसे प्रापणीय परम-तत्त्व मैं ही हूँ (८ । २२), मेरेसे ही यह सम्पूर्ण संसार व्याप्त है

* यस्मात्क्षरमतीतोऽहमक्षरादपि चोत्तमः ।
अतोऽस्मि लोके वेदे च प्रथितः पुरुषोत्तमः ॥ १८ ॥

र मे ससारमें और ससार मेरेमें नहीं हे (९ । ४), सत् और सत्-रूपसे सब कुछ मै ही हूँ (९ । १९), मे ही ससारका ल कारण हूँ और मेरेमे ही सारा ससार सत्ता-स्फूर्ति पाता है १० । ८), यह सारा ससार मेरे ही किसी एक अशमें स्थित (१० । ४२) आदि-आदि अपने-आपको आपने जो कुछ हा है, वह सब-का-सब यथार्थ ही है।

'परमेश्वर'—भगवान्के मुखसे अर्जुनने पहले सुना है कि 'मै सम्पूर्ण प्राणियोका और सम्पूर्ण लोकोका महान् ईश्वर हूँ—भूतानामीश्वरोऽपि' (४ । ६), 'सर्वलोकमहेश्वरम्' (५ । २९) ते वास्ते अर्जुन यहाँ भगवान्के विलक्षण प्रभावसे प्रभावित होकर नके लिये 'परमेश्वर' सम्बोधन देते हैं, जिसका तात्पर्य है कि हे गवन् ! वास्तवमें आप ही परम ईश्वर हैं, आप ही सम्पूर्ण ऐश्वर्यके लिक हैं।'

'द्रष्टुमिच्छामि ते रूपमैश्वरम्'—अर्जुन कहते हैं कि मैने आपसे आपका माहात्म्यसहित प्रभाव सुन लिया है और इस विषयमें रे हृदयमें दृढ विश्वास भी हो गया है। 'सम्पूर्ण ससार मेरे रीरके एक अशमें है'—इसे सुनकर मेरे मनमें आपके उस रूपको खनेकी उत्कट लालसा हो रही है।

दूसरा भाव यह है कि आप इतने विलक्षण और महान् होते ए भी मेरे साथ कितना स्नेह रखते हैं, कितना आत्मीयता रखते हैं कि मै जैसा कहता हूँ, वैसा ही आप करते हैं और जो कुछ पूछता हूँ, उसका आप उत्तर देते हैं। इस कारण आपसे कहनेका, पूछनेका

किञ्चिन्मात्र भी सकोच न होनेसे मेरे मनमें आपका वह रूप देखनेकी बहुत इच्छा हो रही है, जिसके एक अशमें सम्पूर्ण संसार व्याप्त है।

दसवें अध्यायके सोलहवें श्लोकमें अर्जुनने कहा था कि आप अपनी पूरी-की-पूरी विभूतियाँ कह दीजिये, बाकी मत रखिये—'वक्तुमर्हस्यशेषेण'—तो भगवान्‌ने विभूतियोंका वर्णन करते हुए उपक्रममें और उपसहारमें कहा कि मेरी विभूतियोंका अंत नहीं है (१० । १९, ४०)। इस वास्ते भगवान्‌ने विभूतियोंका वर्णन सक्षेपसे ही किया। परन्तु यहाँ जब अर्जुन कहते हैं कि मैं आपके एक रूपको देखना चाहता हूँ—'द्रष्टुमिच्छामि ते रूपम्' तो भगवान् कहते हैं कि तू मेरे सैकड़ों-हजारों रूपोंको देख (११ । ५)। जैसे ससारमें कोई किसीसे लालचपूर्वक ज्यादा माँगता है, तो देनेवालेमें देनेका भाव कम हो जाता है और वह कम देता है। इसके विपरीत यदि कोई सकोचपूर्वक कम माँगता है, तो देनेवाला उदारतापूर्वक ज्यादा देता है ऐसे ही यहाँ अर्जुनने खुलेरूपसे कह दिया कि आप सब-की-सब विभूतियाँ कह दीजिये तो भगवान्‌ने कहा कि मै अपनी विभूतियोंको सक्षेपसे कहूँगा। इस बातको लेकर अर्जुन सावधान हो जाते हैं कि अब मेरे कहनेमें ऐसी कोई अनुचित बात न आ जाय। इस वास्ते अर्जुन यहाँ सकोचपूर्वक कहते हैं कि अगर मेरे द्वारा आपका विराट्‌रूप देखा जा सकता है तो दिखा दीजिये। अर्जुनके इस सकोचको देखकर

भगवान् बड़ी उदारतापूर्वक कहते हैं कि तू मेरे सैकड़ों-हजारों रूपोंको देख ले।

दूसरा भाव यह है कि अर्जुनके रथमें एक जगह बैठे हुए भगवान्‌ने यह कहा कि 'तू जो मेरे इस शरीरको देख रहा है, इसके किसी एक अंशमें सम्पूर्ण जगत् (जिसके अन्तर्गत अनन्त-कोटि ब्रह्माण्ड हैं) व्याप्त है।' तात्पर्य है कि भगवान्‌का छोटा-सा शरीर है, और उस छोटे-से शरीरके किसी एक अंशमें सम्पूर्ण जगत् है। अतः उस एक अंशमें स्थित रूपको मैं देखना चाहता हूँ—यही अर्जुनके 'रूपम्' (एक रूप) कहनेका आशय मालूम देता है।

श्लोक—

मन्यसे यदि तच्छक्यं मया द्रष्टुमिति प्रभो।
योगेश्वर ततो मे त्वं दर्शयात्मानमव्ययम्॥ ४॥

अर्थ—

हे प्रभो! मेरे द्वारा आपका वह परम ऐश्वर रूप देखा जा सकता है—ऐसा अगर आप मानते हैं, तो हे योगेश्वर! आप अपने उस अविनाशी स्वरूपको मुझे दिखा दीजिये।

व्याख्या—

'प्रभो'—'प्रभु' नाम सर्वसमर्थका है, इस वास्ते इस सम्बोधनका भाव यह मालूम देता है कि यदि आप मेरेमें विराट्‌रूप देखनेकी सामर्थ्य मानते हैं, तब तो ठीक है, नहीं तो आप मेरेको ऐसी सामर्थ्य दीजिये, जिससे मैं आपका वह ऐश्वर (ईश्वर-सम्बन्धी) रूप देख सकूँ।

'मन्यसे यदि तच्छक्यं मया द्रष्टुमिति'—इसका तात्पर्य है कि अगर आप अपना वह रूप नहीं दिखायेंगे, तो भी मैं यही मानूँगा कि आपका रूप तो वैसा ही है, जैसा आप कहते हैं, पर मैं उसको देखनेका अधिकारी नहीं हूँ, योग्य नहीं हूँ, पात्र नहीं हूँ। इस प्रकार अर्जुनको भगवान्‌के वचनोंमें किञ्चिन्मात्र भी सन्देह नहीं है, प्रत्युत दृढ़ विश्वास है। इसीलिये तो वे कहते हैं कि आप मेरेको अपना विराट्‌रूप दिखाइये।

'योगेश्वर'—अर्जुनने दसवें अध्यायके सत्रहवें श्लोकमें भगवान्‌के लिये 'योगिन्' सम्बोधन दिया था अर्थात् भगवान्‌को योगी बताया था, परन्तु अब अर्जुनने भगवान्‌के लिये 'योगेश्वर' सम्बोधन दिया है अर्थात् भगवान्‌को सम्पूर्ण योगोंके मालिक बताया है। कारण यह है कि दसवें अध्यायके आरम्भमें अर्जुनकी भगवान्‌के प्रति जो धारणा थी, उस धारणामें अब बहुत परिवर्तन हुआ है।

'योगेश्वर' सम्बोधन देनेका यह भाव मालूम देता है कि भक्तियोग, ज्ञानयोग, कर्मयोग, ध्यानयोग, हठयोग, राजयोग, लययोग, मन्त्रयोग आदि जितने भी योग हो सकते हैं, उन सबके आप मालिक हैं, इस वास्ते आप अपनी अलौकिक योगशक्तिसे वह विराट्‌रूप भी दिखा दीजिये।

'ततो मे त्वं दर्शयात्मानमव्ययम्'—आपका यह स्वरूप तो अविनाशी ही है, जिससे अनन्त सृष्टियाँ उत्पन्न होती हैं, उसमें स्थित रहती हैं और उसीमें लीन हो जाती हैं, पर आपका स्वरूप नित्य रहता है। आप अपने ऐसे अविनाशी स्वरूपका दर्शन कराइये।

सम्बन्ध—

पूर्वश्लोकमें अर्जुनकी नम्रतापूर्वक की हुई प्रार्थनाको सुनकर अब भगवान् अगले श्लोकमें अर्जुनको विश्वरूप देखनेके लिये आज्ञा देते हैं।

श्लोक—

श्रीभगवानुवाच

पश्य मे पार्थ रूपाणि शतशोऽथ सहस्रशः ।
नानाविधानि दिव्यानि नानावर्णाकृतीनि च ॥ ५ ॥

अर्थ—

श्रीभगवान् बोले—हे पृथानन्दन ! अब मेरे अनेक तरहके, अनेक वर्णों और आकृतियोंवाले सैकड़ों-हजारों दिव्यरूपोंको तू देख।

व्याख्या—

'पश्य मे पार्थ रूपाणि शतशोऽथ सहस्रशः'—अर्जुनकी सकोचपूर्वक प्रार्थनाको सुनकर भगवान् अत्यधिक प्रसन्न हुए। इस वास्ते भगवान् अर्जुनके लिये 'पार्थ'* सम्बोधनका प्रयोग करते हुए कहते हैं कि तू मेरे रूपोंको देख। रूपोंमें भी तीन-चार नहीं, प्रत्युत सैकड़ों-हजारों रूपोंको देख अर्थात् अनगिनत रूपोंको देख। भगवान्ने जैसे विभूतियोंके विषयमें कहा है कि मेरी विभूतियोंका

* भगवान्की जहाँ अर्जुनके लिये कोई विशेष बात कहनी होती है, वहाँ वे 'पार्थ' सम्बोधनका प्रयोग करते हैं। कारण कि भगवान्को यह सम्बोधन बहुत प्रिय है। इस वास्ते गीतामें 'पार्थ' सम्बोधन सबसे अधिक—अड़तीस बार आया है।

अंत नहीं आ सकता, ऐसे ही यहाँ भगवान्‌ने अपने रूपोंकी अनंतता बतायी है।

'नानाविधानि दिव्यानि नानावर्णाकृतीनि च'—अब भगवान् उन रूपोंकी विशेषताओंका वर्णन करते हैं कि उनकी तरह-तरहकी बनावट है। उनके रंग भी तरह-तरहके हैं अर्थात् कोई किसी रंगका तो कोई किसी रंगका, कोई पीला तो कोई लाल आदि। उनमें भी एक-एक रूपमें कई तरहके रंग हैं। उन रूपोंकी आकृतियाँ भी तरह-तरहकी हैं अर्थात् कोई छोटा तो कोई मोटा, कोई लम्बा तो कोई चौड़ा आदि-आदि।

जैसे पृथ्वीका एक छोटा-सा कण भी पृथ्वी ही है, ऐसे ही भगवान्‌के अनन्त, अपार विश्वरूपका एक छोटा-सा अंश होनेके कारण यह संसार भी विश्वरूप ही है। परंतु यह हरेकके सामने दिव्य विश्वरूपसे प्रकट नहीं है, प्रत्युत संसाररूपसे ही प्रकट है। कारण कि मनुष्यकी दृष्टि भगवान्‌की ओर न होकर नाशवान् संसारकी ओर ही रहती है। जैसे अवतार लेनेवाले भगवान् सबके सामने भगवद्रूपसे प्रकट नहीं रहते (गीता ७। २५), प्रत्युत मनुष्यरूपसे ही प्रकट रहते हैं, ऐसे ही विश्वरूप भगवान् सबके सामने संसाररूपसे ही प्रकट रहते हैं अर्थात् हरेकको यह विश्वरूप संसाररूपसे ही दीखता है। परंतु यहाँ भगवान् अपने दिव्य अविनाशी विश्वरूपसे साक्षात् प्रकट होकर अर्जुनको कह रहे हैं कि तू मेरे दिव्य रूपोंको देख।

सम्बन्ध—

पूर्वश्लोकमें भगवान्‌ने अपने विश्वरूपमें तरह-तरहके वर्णों
र आकृतियोंको देखनेकी बात कही। अब अगले श्लोकमें
ताओंको देखनेकी बात कहते ह।

श्लोक—

पश्यादित्यान्वसून्रुद्रानश्विनौ मरुतस्तथा।
बहून्यदृष्टपूर्वाणि पश्याश्चर्याणि भारत॥ ॥

अर्थ—

हे भरतवंशोद्भव अर्जुन! तू बारह आदित्योंको, आठ वसुओंको,
ारह रुद्रोंको और दो अश्विनीकुमारोंको तथा उनचास मरुद्गणोंको
ख। जिनको तूने पहले कभी देखा नहीं, ऐसे बहुत-से आश्चर्य-
नक रूपोंको भी तू देख।

व्याख्या—

'पश्यादित्यान्वसून्रुद्रानश्विनौ मरुतस्तथा'—अदितिके पुत्र
ता, मित्र, अर्यमा, शक्र, वरुण, अंश, भग, विवस्वान्, पूषा, सविता,
ष्टा और विष्णु—ये बारह 'आदित्य' हैं (महा० आदि० ६५।
५-१६)।

धर, ध्रुव, सोम, अह, अनिल, अनल, प्रत्यूष और प्रभास—
आठ 'वसु' हैं (महा० आदि० ६६। १८)।

हर, बहुरूप, त्र्यम्बक, अपराजित, वृषाकपि, शम्भु, कपर्दी,
वत, मृगव्याध, शर्व और कपाली—ये ग्यारह 'रुद्र' हैं (हरिवंश०
। ३। ५१-५२)।

'अश्विनीकुमार' दो हैं। ये दोनों भाई देवताओंके वैद्य हैं।

सत्त्वज्योति, आदित्य, सत्यज्योति, तिर्यग्ज्योति, सज्योति, ज्योतिष्मान्, हरित, ऋतजित्, सत्यजित्, सुषेण, सेनजित्, सत्यमित्र, अभिमित्र, हरिमित्र, कृत, सत्य, ध्रुव, धर्ता, विधर्ता, विधारय, ध्वान्त, धुनि, उग्र, भीम, अभियु, साक्षिप, ईदृक्, अन्यादृक्, यादृक्, प्रतिकृत्, ऋक्, समिति, संरम्भ, ईदृक्ष, पुरुष, अन्यादृक्ष, चेतस, समिता, समिदृक्ष, प्रतिदृक्ष, मरुति, सरत, देव, दिश, यजु, अनुदृक्, साम, मानुष और विश्—ये उन्चास 'मरुत' हैं। (वायुपुराण ६७। १२३-१३०)।

—इन सबको तू मेरे विराट् रूपमें देख।

बारह आदित्य, आठ वसु, ग्यारह रुद्र और दो अश्विनीकुमार—ये तैंतीस प्रकारके (तैंतीस कोटि) देवता सम्पूर्ण देवताओंमें मुख्य हैं। देवताओंमें मरुद्गणोंका नाम भी आता है, पर वे उन्चास मरुद्गण इन तैंतीस प्रकारके देवताओंसे अलग माने जाते हैं, क्योंकि वे सभी दैत्योंसे देवता बने हैं। इस वास्ते भगवान्‌ने भी 'तथा' पद देकर मरुद्गणोंको अलग बताया है।

'बहून्यदृष्टपूर्वाणि पश्याश्चर्याणि भारत'—तुमने इन रूपोंको पहले कभी आँखोंसे नहीं देखा है, कानोंसे नहीं सुना है, मनसे चिन्तन नहीं किया है, बुद्धिसे कल्पना नहीं की है। इन रूपोंकी तरफ तुम्हारी कभी वृत्ति ही नहीं गयी है। ऐसे बहुत-से अदृष्टपूर्व रूपोंको तू प्रत्यक्ष देख ले।

इन रूपोंको देखते ही आश्चर्य होता है कि अहो! ऐसे भी भगवान्‌के रूप हैं! ऐसे अद्भुत रूपोंको तू देख।

सम्बन्ध—

भगवान्-द्वारा विश्वरूप देखनेकी आज्ञा देनेपर अर्जुनकी यह जिज्ञासा हो सकती है कि मैं इस रूपको कहाँ देखूँ। इस वास्ते भगवान् कहते हैं।

श्लोक—

इहैकस्थं जगत्कृत्स्नं पश्याद्य सचराचरम्।
मम देहे गुडाकेश यच्चान्यद्द्रष्टुमिच्छसि ॥ ७ ॥

अर्थ—

हे नींदको जीतनेवाले अर्जुन! मेरे इस शरीरके एक देशमें चराचर-सहित सम्पूर्ण जगत्को अभी देख ले। इसके सिवाय तू और भी जो कुछ देखना चाहता है, वह भी देख ले।

व्याख्या—

'गुडाकेश'—निद्रापर अधिकार प्राप्त करनेसे अर्जुनको 'गुडाकेश' कहते हैं। यहाँ यह सम्बोधन देनेका तात्पर्य है कि तू निरालस्य होकर सावधानीसे सम्पूर्ण जगत्को देख।

'इहैकस्थं जगत्कृत्स्नं पश्याद्य सचराचरम् मम देहे'—दसवें अध्यायके अन्तमें भगवान्ने कहा था कि मैं सम्पूर्ण जगत्को एक अंशसे व्याप्त करके स्थित हूँ। इसीपर अर्जुनके मनमें विश्वरूप देखनेकी इच्छा हुई। इस वास्ते भगवान् कहते हैं कि हाथमें घोड़ोंकी लगाम और चाबुक लेकर तेरे सामने बैठे हुए मेरे इस शरीरके एक देश- (अंश-) में चर-अचरसहित सम्पूर्ण जगत्को देख। मनुष्य, देवता, यक्ष, राक्षस, भूत, पशु, पक्षी आदि चलने-फिरनेवाले जङ्गम, और वृक्ष, लता, घास, पौधा आदि स्थावर तथा

पृथ्वी, पहाड़, रेत आदि जड़-सहित सम्पूर्ण जगत्‌को 'अद्य'— अभी, इसी क्षण देख ले, इसमें देरीका काम नहीं है।

'यच्चान्यद्द्रष्टुमिच्छसि'—तू और भी जो कुछ देखना चाहता है, वह भी देख ले। अर्जुन और क्या देखना चाहते थे? अर्जुनके मनमें यह सन्देह था कि युद्धमें जीत हमारी होगी या कौरवोंकी?* इस वास्ते भगवान् कहते हैं कि वह भी तू मेरे इस शरीरके एक अंशमें देख ले।

विशेष बात

जैसे दसवें अध्यायमें भगवान्‌से "जो मेरी विभूति और योगको तत्त्वसे जानता है, उसका मेरेमें दृढ़ भक्तियोग हो जाता है" इस बातको सुनकर ही अर्जुनने भगवान्‌की स्तुति प्रार्थना करके विभूतियाँ पूछी थीं, ऐसे ही भगवान्‌से "मेरे एक अंशमें सारा संसार स्थित है" इस बातको सुनकर अर्जुनने विश्वरूप दिखानेके लिये प्रार्थना की है। अगर भगवान् 'अथवा' कहकर अपनी ही तरफसे "मेरे किसी एक अंशमें सम्पूर्ण जगत् स्थित है" यह बात न कहते तो अर्जुन विश्वरूप देखनेकी इच्छा ही नहीं करते। जब इच्छा ही नहीं करते तो फिर विश्वरूप दिखानेके लिये प्रार्थना कैसे करते? और जब प्रार्थना ही नहीं करते तो फिर भगवान् अपना विश्वरूप कैसे दिखाते? इससे सिद्ध होता है कि भगवान् कृपापूर्वक अपनी ओरसे ही अर्जुनको अपना विश्वरूप दिखाना चाहते हैं।

---

* न चैतद्विद्मः कतरन्नो गरीयो यद्वा जयेम यदि वा नो जयेयुः।
(गीता २।६)

ऐसी ही बात गीताके आरम्भमें भी आयी है। जब अर्जुनने भगवान्‌से दोनों सेनाओंके बीचमें रथ खड़ा करनेके लिये कहा, तो भगवान्‌ने रथको पितामह भीष्म और द्रोणाचार्यके सामने खड़ा किया और अर्जुनसे कहा—तुम इन कुरुवंशियोंको देखो—'कुरून् पश्य' (१ । २५)। इसका यही आशय मालूम देता है कि भगवान् कृपापूर्वक गीता प्रकट करना चाहते हैं। कारण कि यदि भगवान् ऐसा न कहते तो अर्जुनको शोक नहीं होता और गीताका उपदेश आरम्भ नहीं होता। तात्पर्य है कि भगवान्‌ने अपनी तरफसे कृपा करके ही गीताको प्रकट किया है।

सम्बन्ध—

भगवान्‌ने तीन श्लोकोंमें चार बार 'पश्य' पदसे अपना रूप देखनेके लिये आज्ञा दी। इसके अनुसार ही अर्जुन आँखें फाड़-फाड़कर देखते हैं और देखना चाहते भी हैं, परन्तु अर्जुनको कुछ भी नहीं दीखता। इस वास्ते अब भगवान् अगले श्लोकमें अर्जुनको न दीखनेका कारण बताते हुए उनको दिव्य चक्षु देकर विश्वरूप देखनेकी आज्ञा देते हैं।

श्लोक—

न तु मां शक्यसे द्रष्टुमनेनैव स्वचक्षुषा।
दिव्यं ददामि ते चक्षुः पश्य मे योगमैश्वरम्॥ ८॥

अर्थ—

तू अपनी इस आँखसे अर्थात् चर्मचक्षुसे मेरेको नहीं देख सकता। इस वास्ते मैं तेरेको दिव्य चक्षु देता हूँ, जिससे तू मेरी ईश्वर-सम्बन्धी सामर्थ्यको देख।

व्याख्या—

'न तु मां शक्यसे द्रष्टुमनेनैव स्वचक्षुषा'—तुम्हारे जो चर्मचक्षु हैं, इनकी शक्ति बहुत अल्प और सीमित है। प्राकृत होनेके कारण ये चर्मचक्षु केवल प्रकृतिके तुच्छ कार्यको ही देख सकते हैं अर्थात् प्राकृत मनुष्य, पशु, पक्षी आदिके रूपोंको, उनके भेदोंको तथा धूप, छाया आदिके रूपोंको ही देख सकते हैं। परन्तु वे मन-बुद्धि-इन्द्रियोंसे अतीत मेरे रूपको नहीं देख सकते।

'दिव्यं ददामि ते चक्षुः पश्य मे योगमैश्वरम्'—मैं तेरेको अतीन्द्रिय, अलौकिक रूपको देखनेकी सामर्थ्यवाले दिव्यचक्षु देता हूँ अर्थात् तेरे इन चर्मचक्षुओंमें ही दिव्य शक्ति प्रदान करता हूँ, जिससे तू अतीन्द्रिय, अलौकिक पदार्थ भी देख सके और साथ-साथ उनकी दिव्यताको भी देख सके। यद्यपि दिव्यता देखना नेत्रका विषय नहीं है, प्रत्युत बुद्धिका विषय है, तथापि भगवान् कहते हैं मेरे दिये हुए दिव्यचक्षुओंसे तू दिव्यताको अर्थात् मेरे ईश्वर-सम्बन्धी अलौकिक प्रभावको भी देख सकेगा। तात्पर्य है मेरा विराट्‌रूप देखनेके लिये दिव्यचक्षुओंकी आवश्यकता है।

'मेरा ईश्वर-सम्बन्धी रूप देख'—यह कहनेका तात्पर्य है कि जैसे अवताररूपमें प्रकट होकर लीला करनेवाले भगवान्‌को मनुष्यरूपसे हरेक देख सकता है, पर उनको साक्षात् ईश्वररूपसे देखनेवाले बहुत कम होते हैं, ऐसे ही चर्मचक्षुओंसे संसारको (जो दिव्य विराट्‌रूपका ही एक अङ्ग है) संसाररूपसे तो हरेक देखता ही है, पर उसे ईश्वररूपसे देखनेवाले बहुत ही कम होते हैं। इस

सकते भगवान् यहाँ दिव्यचक्षु देकर अर्जुनको ईश्वर-सम्बन्धी योग-रूप देखनेके लिये आज्ञा देते हैं।

'पश्य' क्रियाके दो अर्थ होते हैं—बुद्धि-(विवेक-) से देखना और नेत्रोंसे देखना। नवें अध्यायके पाँचवें श्लोकमें भगवान्ने **'पश्य मे योगमैश्वरम्'** कहकर बुद्धिके द्वारा देखने (जानने-)की बात कही। अब यहाँ **'पश्य मे योगमैश्वरम्'** कहकर नेत्रोंके द्वारा देखनेकी बात कहते हैं।

विशेष बात

जैसे, किसी जगह 'श्रीमद्भगवद्गीता'—ऐसा लिखा हुआ है। जिनको वर्णमालाका बिल्कुल ज्ञान नहीं है, उनको तो इसमें केवल काली काली लकीरें दीखती हैं और जिनको वर्णमालाका ज्ञान है, उनको इसमें अक्षर दीखते हैं। परन्तु जो पढ़ा-लिखा है और जिसको गीताका गहरा मनन है, उसको 'श्रीमद्भगवद्गीता'—ऐसा लिखा हुआ देखते ही गीताके अध्यायोंकी, श्लोकोंकी, भावोंकी सब बातें दीखने लग जाती हैं। ऐसे ही अर्जुनको जब भगवान्ने दिव्यचक्षु दिये, तो उनको अलौकिक विश्वरूप तथा उसकी दिव्यता भी दीखने लगी, जो कि साधारण बुद्धिका विषय नहीं है। यह सब सामर्थ्य भगवत्प्रदत्त दिव्यचक्षुकी ही थी।

अब यहाँ एक शङ्का होती है कि जब अर्जुनने चौथे श्लोकमें कहा कि अगर मैं आपके विश्वरूपको देख सकता हूँ तो आप अपने विश्वरूपको दिखा दीजिये, तब उसके उत्तरमें भगवान्को यह आठवाँ श्लोक कहना चाहिये था कि तू अपने

इन चर्मचक्षुओंसे मेरे विश्वरूपको नहीं देख सकता, इस वास्ते, मैं तेरेको दिव्य चक्षु देता हूँ'। परन्तु भगवान्‌ने वहाँ ऐसा नहीं कहा, प्रत्युत दिव्यचक्षु देनेसे पहले ही 'पश्य-पश्य' कहकर बार-बार देखनेकी आज्ञा दी। जब अर्जुनको दीखा नहीं, तो उसको न दीखनेका कारण बताया और फिर दिव्यचक्षु देकर उसका निराकरण किया। अतः इतनी झंझट भगवान्‌ने की ही क्यों?

साधकपर भगवान्‌की कृपाका क्रमशः कैसे विस्तार होता है, यह बतानेके लिये ही भगवान्‌ने ऐसा किया है, क्योंकि भगवान्‌का ऐसा ही स्वभाव है। भगवान् अत्यधिक कृपालु हैं। उन कृपासागरकी कृपाका कभी अन्त नहीं आता। भक्तोंपर कृपा करनेके उनके विचित्र विचित्र ढंग हैं। जैसे, पहले तो भगवान्‌ने अर्जुनको उपदेश दिया। उपदेशके द्वारा अर्जुनके भीतरके भावोंका परिवर्तन कराकर उनको अपनी विभूतियोंका ज्ञान कराया। उन विभूतियोंको जाननेसे अर्जुनमें एक विलक्षणता आ गयी, जिससे उन्होंने भगवान्‌से कहा कि आपके अमृतमय वचन सुनते हुए मेरी तृप्ति नहीं हो रही है। विभूतियोंका वर्णन करके अन्तमें भगवान्‌ने कहा कि ऐसे (तरह-तरहकी विभूतियोंवाले) अनन्त ब्रह्माण्ड मेरे एक अंशमें पड़े हुए हैं। जिसके एक अंशमें अनन्त ब्रह्माण्ड हैं, उस विराट्‌रूपको देखनेके लिये अर्जुनकी इच्छा हुई और इसके लिये उन्होंने प्रार्थना की। इसपर भगवान्‌ने अपना विराट्‌रूप दिखाया और उसको देखनेके लिये बार बार आज्ञा दी। परन्तु अर्जुनको विराट्‌रूप दीखा

नहीं। तब उनको भगवान्‌ने दिव्यचक्षु प्रदान किये। सारांश यह हुआ कि विराट्‌रूप देखनेकी जिज्ञासा भी भगवान्‌ने पैदा की। जिज्ञासा पैदा करके विराट्‌रूप दिखानेकी इच्छा प्रकट करायी। इच्छा प्रकट करनेपर विराट्‌रूप दिखाया। अर्जुनको नहीं दीखा तो दिव्यचक्षु देकर इसकी पूर्ति की। तात्पर्य यह निकला कि भगवान्‌के शरण होनेपर शरणागतका सब काम करनेकी जिम्मेवारी भगवान् अपने ऊपर ले लेते हैं।

सम्बन्ध—

दिव्यचक्षु प्राप्त करके अर्जुनने भगवान्‌का कैसा रूप देखा, यह बात सजय धृतराष्ट्रसे अगले श्लोकमें कहते हैं।

श्लोक—

सञ्जय उवाच

एवमुक्त्वा ततो राजन्महायोगेश्वरो हरिः।
दर्शयामास पार्थाय परमं रूपमैश्वरम्॥ ९॥

अर्थ—

संजय बोले—हे राजन्! ऐसा कहकर फिर महायोगेश्वर भगवान् श्रीकृष्णने अर्जुनको परम ऐश्वर-रूप दिखाया।*

व्याख्या—

पूर्वश्लोकमें भगवान्‌ने जो यह कहा था कि 'तू अपने चर्मचक्षुओंसे मुझे नहीं देख सकता, इस वास्ते मैं तेरेको दिव्यचक्षु

* संजयको भी वेदव्यासजी महाराजसे दिव्यदृष्टि मिली हुई थी, इस वास्ते वे भी अर्जुनके साथ-ही-साथ भगवान्‌के विश्वरूपका दर्शन करते हैं और धृतराष्ट्रसे उसका वर्णन करते हैं।

अर्थ—

अगर आकाशमें एक साथ हजारों सूर्य उदय हो जायँ, तो भी उन सबका प्रकाश मिलकर उस महात्मा (विराट्‌रूप परमात्मा-) के प्रकाशके सदृश शायद ही हो।

व्याख्या—

'दिवि सूर्यसहस्रस्य ... तस्य महात्मनः'—जैसे आकाशमें हजारों तारे एक साथ उदय होनेपर भी उन सबका मिला हुआ प्रकाश एक चन्द्रमाके प्रकाशके सदृश नहीं हो सकता, और हजारों चन्द्रमाओंका मिला हुआ प्रकाश एक सूर्यके प्रकाशके सदृश नहीं हो सकता, ऐसे ही आकाशमें हजारों सूर्य एक साथ उदय होनेपर भी उन सबका मिला हुआ प्रकाश विराट् भगवान्‌के प्रकाशके सदृश नहीं हो सकता। तात्पर्य यह हुआ कि हजारों सूर्योंका प्रकाश भी विराट् भगवान्‌के प्रकाशका उपमेय नहीं हो सकता। इस प्रकार जब हजारों सूर्योंके प्रकाशको उपमेय बनानेमें भी दिव्यदृष्टिवाले संजयको संकोच होता है, तो वह प्रकाश विराट्‌रूप भगवान्‌के प्रकाशका उपमान हो ही कैसे सकता है? कारण कि सूर्यका प्रकाश भौतिक है, जब कि विराट् भगवान्‌का प्रकाश दिव्य है, भौतिक प्रकाश कितना ही बड़ा क्यों न हो, दिव्य प्रकाशके सामने वह तुच्छ ही है। भौतिक प्रकाश और दिव्य प्रकाशकी जाति अलग-अलग होनेसे उनकी आपसमें तुलना नहीं की जा सकती। हाँ, अङ्गुलिनिर्देशकी तरह भौतिक प्रकाशसे दिव्य प्रकाशका सङ्केत किया जा सकता है। यहाँ संजय भी हजारों सूर्योंके भौतिक प्रकाशकी

कल्पना करके विराट्‌रूप भगवान्‌के प्रकाश-(तेज-) का लक्ष्य कराते हैं ।

सम्बन्ध—

पूर्व श्लोकोंमें विश्वरूप भगवान्‌के दिव्य रूप, अवयव और तेजका वर्णन करके अब संजय अर्जुनद्वारा विश्वरूपके दर्शनकी बात कहते हैं ।

श्लोक—

तत्रैकस्थं जगत्कृत्स्नं प्रविभक्तमनेकधा ।
अपश्यद्देवदेवस्य शरीरे पाण्डवस्तदा ॥ १३ ॥

अर्थ—

उस समय अर्जुनने देवोंके देव भगवान्‌के शरीरमें एक जगह स्थित अनेक प्रकारके विभागोंमें विभक्त सम्पूर्ण जगत्‌को देखा ।

व्याख्या—

'तत्रैकस्थं जगत्कृत्स्नं प्रविभक्तमनेकधा'—अनेक प्रकारके विभागोंमें विभक्त अर्थात् ये देवता हैं, ये मनुष्य हैं, ये पशु-पक्षी हैं, यह पृथ्वी है, यह समुद्र है, यह आकाश है, ये नक्षत्र हैं आदि-आदि विभागोंके सहित (संकुचित नहीं, प्रत्युत विस्तारसहित) सम्पूर्ण चराचर जगत्‌को भगवान्‌के शरीरके भी एक देशमें अर्जुनने भगवान्‌के दिये हुए दिव्यचक्षुओंसे प्रत्यक्ष देखा । तात्पर्य यह हुआ कि भगवान् श्रीकृष्णके छोटे-से शरीरके भी एक अंशमें चर-अचर, स्थावर जङ्गमसहित सम्पूर्ण संसार है । यह संसार भी अनेक ब्रह्माण्डों-के रूपमें, अनेक देवताओंके लोकोंके रूपमें, अनेक व्यक्तियों और पदार्थोंके रूपमें विभक्त और विस्तृत है—इस प्रकार अर्जुनने खुले-रूपसे देखा ।

'अपश्यद्देवदेवस्य शरीरे पाण्डवस्तदा'—'तदा' का तात्पर्य है कि जिस समय भगवान्‌ने अपना विराट्‌रूप दिखाया, उस समय उसको अर्जुनने देखा। 'अपश्यत्' का तात्पर्य है कि जैसा रूप भगवान्‌ने दिखाया, वैसा ही अर्जुनने देखा। संजय पहले भगवान्‌के जैसे रूप का वर्णन करके आये हैं, वैसा ही रूप अर्जुनने भी देखा।

जैसे मनुष्यलोकसे देवलोक बहुत विलक्षण है, ऐसे ही देवलोकसे भी भगवान् अनन्तगुना विलक्षण हैं, क्योंकि भगवान् 'देवदेव' अर्थात् देवताओंके भी देवता हैं। देवलोक आदि सब-के-सब लोक प्राकृत हैं और भगवान् प्रकृतिसे अतीत हैं। सांसारिक प्राणियोंपर कृपा करनेके लिये वे प्रकृतिको अपने वशीभूत करके योगमायासे प्रकट हो जाते हैं—'प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय सम्भवाम्यात्ममायया' (गीता ४। ६)। अतः 'भगवान्‌का' प्रकृतिपर आधिपत्य है। भगवान्‌के सिवाय त्रिलोकीमें दूसरे जितने भी जीव हैं, वे सब-के-सब प्रकृतिके अन्तर्गत हैं और प्रकृतिके परवश होकर कर्मोंका फल भोगनेके लिये ऊँच-नीच योनियोंमें आते-जाते रहते हैं। इस वास्ते भगवान् देवताओंके भी देव (मालिक) हैं।

सम्बन्ध—

भगवान्‌के अलौकिक विराट्‌रूपको देखनेके बाद अर्जुनकी क्या दशा हुई—इसका वर्णन संजय अगले श्लोकमें करते हैं।

श्लोक—

ततः स विस्मयाविष्टो हृष्टरोमा धनञ्जयः।
प्रणम्य शिरसा देवं कृताञ्जलिरभाषत ॥ १४ ॥

अर्थ—

भगवान्‌के विश्वरूपको देखकर वे अर्जुन बहुत चकित हुए और आश्चर्यके कारण उनका शरीर रोमाञ्चित हो गया। वे हाथ जोड़कर विश्वरूप देवको मस्तकसे प्रणाम करके बोले।

व्याख्या—

'तत स विस्मयाविष्टो हृष्टरोमा धनञ्जय'—अर्जुनने भगवान्‌के रूपके विषयमें जैसी कल्पना भी नहीं की थी, वैसा रूप देखकर उनको बड़ा आश्चर्य हुआ। भगवान्‌ने मेरेपर कृपा करके विलक्षण आध्यात्मिक बातें अपनी ओरसे बतायीं और अब कृपा करके मेरेको अपना विलक्षण रूप दिखा रहे हैं—इस बातको लेकर अर्जुन प्रसन्नताके कारण रोमाञ्चित हो गये।

'प्रणम्य शिरसा देव कृताञ्जलिरभाषत'—भगवान्‌की विलक्षण कृपाको देखकर अर्जुनका ऐसा भाव उमड़ा कि मैं इसके बदलेमें क्या कृतज्ञता प्रकट करूँ? मेरे पास ऐसी कोई वस्तु नहीं है, जो मैं इनके अर्पण करूँ। मैं तो केवल सिरसे प्रणाम ही कर सकता हूँ अर्थात् अपने-आपको ही अर्पण कर सकता हूँ। अत अर्जुन हाथ जोड़कर और सिर झुकाकर प्रणाम करते हुए विश्वरूप भगवान्‌की स्तुति करने लगे।

सम्बन्ध—

अर्जुन विराट्‌रूप भगवान्‌की जिस विलक्षणताको देखकर चकित हुए, उसका वर्णन अगले तीन श्लोकोंमें करते हुए भगवान्‌की स्तुति करते हैं।

श्लोक—

अर्जुन उवाच

पश्यामि देवास्तव देव देहे
सर्वांस्तथा भूतविशेषसङ्घान्।
ब्रह्माणमीशं कमलासनस्थ-
मृषींश्च सर्वानुरगांश्च दिव्यान् ॥१५॥

अर्थ—

अर्जुन बोले—हे देव ! मैं आपके शरीरमें सम्पूर्ण देवताओंको, प्राणियोंके विशेष-विशेष सम्पूर्ण समुदायोंको, कमलासनपर बैठे हुए ब्रह्माजीको, शङ्करजीको, सम्पूर्ण ऋषियोंको और सम्पूर्ण दिव्य सर्पोंको देख रहा हूँ।

व्याख्या—

'पश्यामि देवास्तव देव देहे सर्वांस्तथा भूतविशेषसङ्घान्'—अर्जुनकी भगवत्प्रदत्त दिव्य दृष्टि इतनी विलक्षण है कि उनको देवलोक भी अपने सामने दीख रहे हैं। इतना ही नहीं, उनको सब-की-सब त्रिलोकी दीख रही है। केवल त्रिलोकी ही नहीं, प्रत्युत त्रिलोकीके उत्पादक (ब्रह्मा), पालक (विष्णु) और संहारक (महेश) भी प्रत्यक्ष दीख रहे हैं। इस वास्ते अर्जुन वर्णन करते हैं कि मैं सम्पूर्ण देवोंको, प्राणियोंके समुदायोंको और ब्रह्मा तथा शङ्करको देख रहा हूँ।

'ब्रह्माणमीशं कमलासनस्थम्'—अर्जुन कहते हैं कि मैं कमलके ऊपर स्थित ब्रह्माजीको देखता हूँ, इससे सिद्ध होता है कि अर्जुन कमलके नालको और नालके उद्गम-स्थान अर्थात् मूल आधार भगवान् विष्णुको (जो कि शेषशय्यापर सोये हुए हैं और जिनकी नाभिसे कमल निकला है) भी देख रहे हैं। इसके सिवाय भगवान्

शङ्करको, उनके कैलाश पर्वतको और कैलाश पर्वतपर स्थित उनके निवासस्थान वटवृक्षको भी अर्जुन देख रहे हैं।

'ऋषींश्च सर्वानुरगांश्च दिव्यान्'—पृथ्वीपर रहनेवाले जितने भी ऋषि हैं, उनको तथा पाताललोकमें रहनेवाले दिव्य सर्पोंको भी अर्जुन देख रहे हैं।

इस श्लोकमें अर्जुनके कथनसे यह सिद्ध होता है कि अर्जुनको स्वर्ग, मृत्यु और पाताल—यह त्रिलोकी अलग-अलग नहीं दीख रही है, किन्तु विभागसहित एक साथ एक जगह ही दीख रही है—'प्रविभक्तमनेकधा' (गीता ११।१३)। उस त्रिलोकीसे जब अर्जुनकी दृष्टि हटती है, तो जिनको भक्तलोग ब्रह्मलोक, कैलाश और वैकुण्ठलोक कहते हैं, वे भक्तोंके गन्तव्य-स्थान तथा उनके इष्ट (ब्रह्मा, शङ्कर और विष्णु) भी अर्जुनको दीखते हैं। यह सब भगवत्प्रदत्त दिव्यदृष्टिका ही प्रभाव है।

विशेष बात

जब भगवान्‌ने कहा कि यह सम्पूर्ण जगत् मेरे किसी एक अंशमें है, तो अर्जुन उसे दिखानेकी प्रार्थना करते हैं। अर्जुनकी प्रार्थनापर भगवान् कहते हैं कि तू मेरे शरीरमें एक जगह स्थित चराचर जगत्को देख—'इहैकस्थं ... मम देहे' (११।७)। वेदव्यासजीद्वारा प्राप्त दिव्यदृष्टिवाले संजय भी यही बात कहते हैं कि अर्जुनने भगवान्‌के शरीरमें एक जगह स्थित सम्पूर्ण जगत्को देखा—'तत्रैकस्थं ... देवदेवस्य शरीरे' (११।१३)। यहाँ अर्जुन कहते हैं कि मैं आपके शरीरमें सम्पूर्ण

भूतसमुदाय आदिको देखता हूँ—'तव देव देहे'। इस प्रकार भगवान् और संजयके वचनोंमें तो 'एकस्थम्' (एक जगह स्थित) पद आया है, पर अर्जुनके वचनोंमें यह पद नहीं आया है। इसका कारण यह है कि अर्जुनकी दृष्टि भगवान्‌के शरीरमें जिस किसी एक स्थानपर गयी, वहीं उनको भगवान्‌का विश्वरूप दिखायी देने लग गया। उस समय अर्जुनकी दृष्टि सारथिरूप भगवान्‌के शरीरकी तरफ गयी ही नहीं। अर्जुनकी दृष्टि जहाँ गयी, वहीं अनन्त सृष्टियाँ दीखने लग गयीं तो अर्जुनकी दृष्टि उधर ही बह गयी। इस वास्ते अर्जुन 'एकस्थम्' नहीं कह सके। वे 'एकस्थम्' तो तभी कह सकते हैं, जब विश्वरूप दीखनेके साथ-साथ सारथिरूपमें भगवान्‌का शरीर भी दीखे। अर्जुनको केवल विश्वरूप ही दीख रहा है, इसलिये वे विश्वरूपका ही वर्णन कर रहे हैं। उनको विश्वरूप इतना अपार दीख रहा है, जिसकी देश या कालसे कोई सीमा नहीं दीखती। तात्पर्य यह हुआ कि जब अर्जुनकी दृष्टिमें विश्वरूपका ही अन्त नहीं आ रहा है, तो उसकी दृष्टि सारथिरूपसे बैठे भगवान्‌की तरफ जाय ही कैसे ?

भगवान् तो अपने शरीरके एक देशमें विश्वरूप दिखा रहे हैं, इस वास्ते उन्होंने 'एकस्थम्' कहा है। संजय सारथिरूपमें बैठे हुए भगवान्‌को और उनके शरीरके एक देशमें स्थित विश्वरूपको देख रहे हैं, इस वास्ते संजयने 'एकस्थम्' पद दिया है।*

---

* भगवान् और संजयके वचनोंमें 'एकस्थम्' पद आनेसे यह मान लेना चाहिये कि अर्जुनने भी भगवान्‌के शरीरमें एक जगह ही सम्पूर्ण विश्वरूपको देखा।

अब प्रश्न यह होता है कि भगवान् और संजयकी दृष्टिमें वह एक जगह कौन-सी थी, जिसमें अर्जुन विश्वरूप देख रहे थे? इसका उत्तर यह है कि भगवान्के शरीरमें अमुक जगह ही अर्जुनने विश्वरूप देखा था, इसका निर्णय नहीं किया जा सकता। कारण कि भगवान्के शरीरके एक-एक रोमकूपमें अनन्तकोटि ब्रह्माण्ड विराजमान हैं *। भगवान्ने भी यह कहा था कि मेरे शरीरके एक देशमें तू चराचर-सहित सम्पूर्ण जगत्को देख ले (गीता ११ । ७)। इस वास्ते जहाँ अर्जुनकी दृष्टि एक बार पड़ी, वहीं उनको सम्पूर्ण विश्वरूप दीखने लग गया।

श्लोक—

अनेकबाहूदरवक्त्रनेत्रं
पश्यामि त्वां सर्वतोऽनन्तरूपम्।
नान्तं न मध्यं न पुनस्तवादिं
पश्यामि विश्वेश्वर विश्वरूप ॥ १६ ॥

अर्थ—

हे विश्वरूप! हे विश्वेश्वर! आपको मैं अनेक हाथ, पेट, मुख और नेत्रवाला तथा सब तरफसे अनन्त रूपोंवाला देख रहा हूँ। मैं आपके न आदिको, न मध्यको और न अन्तको ही देख रहा हूँ।

---

* 'रोम रोम प्रति लागे कोटि कोटि ब्रह्मंड' (मा० १ । २०१
क्वेदृग्विधाविगणिताण्डपराणुचर्या-
वाताध्वरोमविवरस्य च ते महित्वम् ॥
(श्रीमद्भा० १० । १४ । ११

व्याख्या—

'विश्वरूप' और 'विश्वेश्वर'—इन दो सम्बोधनोंका तात्पर्य है कि मेरेको जो कुछ भी दीख रहा है, वह सब आप ही हो और इस विश्वके मालिक भी आप ही हो। सांसारिक मनुष्योंके शरीर तो जड होते हैं और उनमें शरीरी चेतन होता है, परन्तु आपके विराट्रूपमें शरीर और शरीरी—ये दो विभाग नहीं हैं। विराट्रूपमें शरीर और शरीरीरूपसे एक आप ही हैं। इस वास्ते विराट्रूपमें सब कुछ चिन्मय-ही-चिन्मय है। तात्पर्य यह हुआ कि अर्जुन 'विश्वरूप' सम्बोधन देकर यह कह रहे हैं कि आप ही शरीर हैं और 'विश्वेश्वर' सम्बोधन देकर यह कह रहे हैं कि आप ही शरीरी (शरीरके मालिक) हैं।

'अनेकबाहूदरवक्त्रनेत्रम्'—मैं आपके हाथोंकी तरफ देखता हूँ तो आपके हाथ भी अनेक हैं, आपके पेटकी तरफ देखता हूँ तो पेट भी अनेक हैं, आपके मुखकी तरफ देखता हूँ तो मुख भी अनेक हैं, और आपके नेत्रोंकी तरफ देखता हूँ तो नेत्र भी अनेक हैं। तात्पर्य है कि आपके हाथ, पेट, मुख और नेत्रोंका कोई अन्त नहीं है, सब-के-सब अनन्त हैं।

'पश्यामि त्वा सर्वतोऽनन्तरूपम्'—आप देश, काल, वस्तु, व्यक्ति, पदार्थ आदिके रूपमें चारों तरफ अनन्त-ही-अनन्त दिखायी दे रहे हैं।

'नान्तं न मध्यं न पुनस्तवादिम्'—आपका कहाँ अन्त है, इसका भी पता नहीं, आपका कहाँ मध्य है, इसका भी पता नहीं, और आपका कहाँ आदि है, इसका भी पता नहीं।

सबसे पहले 'नान्तम्' कहनेका तात्पर्य यह मालूम देता है कि जब कोई किसीको देखता है, तो सबसे पहले उसकी दृष्टि उस वस्तुकी सीमापर जाती है कि यह कहाँतक है। जैसे, किसी पुस्तकको देखनेपर सबसे पहले उसकी सीमापर दृष्टि जाती है कि पुस्तककी लम्बाई-चौड़ाई कितनी है। ऐसे ही भगवान्‌के विराट्‌रूप-को देखनेपर अर्जुनकी दृष्टि सबसे पहले उसकी सीमा-(अन्त-) की ओर गयी। जब अर्जुनको उसका अन्त नहीं दीखा, तो उनकी दृष्टि मध्यभागपर गयी, फिर आदि-(आरम्भ-) की तरफ दृष्टि गयी, पर कहीं भी विराट्‌रूपका अन्त, मध्य और आदिका पता नहीं लगा। इस वास्ते इस श्लोकमें **'नान्त न मध्य न पुनस्तवादिम्'**—यह क्रम रखा गया है।

श्लोक—

किरीटिनं गदिनं चक्रिणं च
तेजोराशिं सर्वतो दीप्तिमन्तम्।
पश्यामि त्वां दुर्निरीक्ष्यं समन्ता-
द्दीप्तानलार्कद्युतिमप्रमेयम् ॥ १७ ॥

अर्थ—

मैं आपको किरीट, गदा, चक्र (तथा शङ्ख और पद्म) धारण किये हुए देख रहा हूँ। आपको तेजकी राशि, सब तरफ प्रकाश करनेवाले, देदीप्यमान अग्नि तथा सूर्यके समान कान्तिवाले, नेत्रोंके द्वारा कठिनतासे देखे जानेयोग्य और सब तरफसे अप्रमेय-स्वरूप देख रहा हूँ।

व्याख्या—

'किरीटिनं गदिनं चक्रिणं च'—आपको मैं किरीट, गदा और चक्र धारण किये हुए देख रहा हूँ । यहाँ 'च' पदसे शङ्ख और पद्मको भी ले लेना चाहिये । इसका तात्पर्य ऐसा मालूम देता है कि अर्जुनको विश्वरूपमें भगवान् विष्णुका चतुर्भुजरूप भी दीख रहा है ।

'तेजोराशिम्'—आप तेजकी राशि हैं, मानो तेजका समूह-का-समूह (अनन्त तेज) इकट्ठा हो गया हो । इसका पहले सञ्जयने वर्णन किया है कि आकाशमें हजारों सूर्य एक साथ उदय होनेपर भी भगवान्के तेजकी बराबरी नहीं कर सकते (११।१२)। ऐसे आप प्रकाशस्वरूप हैं ।

'सर्वतो दीप्तिमन्तम्'—स्वयं प्रकाशस्वरूप होनेसे आप चारों तरफ प्रकाश कर रहे हैं ।

'पश्यामि त्वां दुर्निरीक्ष्यं समन्ताद् दीप्तानलार्कद्युतिमप्रमेयम्'—खूब देदीप्यमान अग्नि और सूर्यके समान आपकी कान्ति है । जैसे सूर्यके तेज प्रकाशके सामने आँखें चौंध जाती हैं, ऐसे ही आपको ... चौंध जाती हैं । इस वास्ते आप कठिनतासे देखे ... । आपको ठीक तरहसे देख नहीं सकते ।

... बड़े आश्चर्यकी बात है कि भगवान्ने अर्जुनको ... दिव्य ... अर्जुन भी विश्वरूपको ... देदीप्यमान ...

आप सब तरहसे अप्रमेय (अपरिमित) हैं अर्थात् आप प्रमा- (माप-) के विषय नहीं हैं। प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति, अनुपलब्धि आदि कोई भी प्रमाण आपको बतलानेमें काम नहीं करता, क्योंकि प्रमाणोंमें शक्ति आपकी ही है।

सम्बन्ध—

अब अगले श्लोकमें अर्जुन भगवान्‌को निर्गुण-निराकार, सगुण-निराकार और सगुण साकार रूपमें देखते हुए भगवान्‌की स्तुति करते हैं।

श्लोक—

त्वमक्षरं परमं वेदितव्यं
त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम्।
त्वमव्ययः शाश्वतधर्मगोप्ता
सनातनस्त्वं पुरुषो मतो मे ॥ १८ ॥

अर्थ—

आप ही जाननेयोग्य परम अक्षर (अक्षरब्रह्म) हैं, आप ही इस सम्पूर्ण विश्वके परम आश्रय हैं, आप ही सनातनधर्मके रक्षक हैं और आप ही अविनाशी सनातन पुरुष हैं—ऐसा मैं मानता हूँ।

व्याख्या—

'त्वमक्षरं परमं वेदितव्यम्'—वेदों, शास्त्रों, पुराणों, स्मृतियों, सन्तोंकी वाणियों और तत्त्वज्ञ जीवन्मुक्त महापुरुषोंद्वारा जानने-योग्य जो परमानन्दस्वरूप अक्षरब्रह्म, है, जिसको निर्गुण निराकार कहते हैं, वे आप ही हैं।

'त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम्'—देखने, सुनने और समझनेमें जो कुछ संसार आता है, उस संसारके परम आश्रय, आधार आप

व्याख्या—

'किरीटिनं गदिनं चक्रिणं च'—आपको मैं किरीट, गदा और चक्र धारण किये हुए देख रहा हूँ। यहाँ 'च' पदसे शङ्ख और पद्मको भी ले लेना चाहिये। इसका तात्पर्य ऐसा मालूम देता है कि अर्जुनको विश्वरूपमें भगवान् विष्णुका चतुर्भुजरूप भी दीख रहा है।

'तेजोराशिम्'—आप तेजकी राशि हैं, मानो तेजका समूह-का-समूह (अनन्त तेज) इकट्ठा हो गया हो। इसका पहले सञ्जयने वर्णन किया है कि आकाशमें हजारों सूर्य एक साथ उदय होनेपर भी भगवान्‌के तेजकी बराबरी नहीं कर सकते (११।१२)। ऐसे आप प्रकाशस्वरूप हैं।

'सर्वतो दीप्तिमन्तम्'—स्वयं प्रकाशस्वरूप होनेसे आप चारों तरफ प्रकाश कर रहे हैं।

'पश्यामि त्वां दुर्निरीक्ष्यं समन्ताद् दीप्तानलार्कद्युतिमप्रमेयम्'—खूब देदीप्यमान अग्नि और सूर्यके समान आपकी कान्ति है। जैसे सूर्यके तेज प्रकाशके सामने आँखें चौंध जाती हैं, ऐसे ही आपको देखकर आँखें चौंध जाती हैं। इस वास्ते आप कठिनतासे देखे जानेयोग्य हैं। आपको ठीक तरहसे देख नहीं सकते।

[यहाँ एक बड़े आश्चर्यकी बात है कि भगवान्‌ने अर्जुनको दिव्यदृष्टि दी थी, पर वह दिव्यदृष्टिवाला अर्जुन भी विश्वरूपको देखनेमें पूरा समर्थ नहीं हो रहा है। ऐसा देदीप्यमान भगवान्‌का स्वरूप है।]

आप सब तरफसे अप्रमेय (अपरिमित) हैं अर्थात् आप प्रमा- (माप-) के विषय नहीं हैं। प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति, अनुपलब्धि आदि कोई भी प्रमाण आपको बतलानेमें काम नहीं करता, क्योंकि प्रमाणोंमें शक्ति आपकी ही है।

सम्बन्ध—

अब अगले श्लोकमें अर्जुन भगवान्‌को निर्गुण-निराकार, सगुण-निराकार और सगुण-साकार रूपमें देखते हुए भगवान्‌की स्तुति करते हैं।

श्लोक—

त्वमक्षरं परमं वेदितव्यं
त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम्।
त्वमव्ययः शाश्वतधर्मगोप्ता
सनातनस्त्वं पुरुषो मतो मे ॥ १८ ॥

अर्थ—

आप ही जाननेयोग्य परम अक्षर (अक्षरब्रह्म) हैं, आप ही इस सम्पूर्ण विश्वके परम आश्रय हैं, आप ही सनातनधर्मके रक्षक हैं और आप ही अविनाशी सनातन पुरुष हैं—ऐसा मैं मानता हूँ।

व्याख्या—

'त्वमक्षरं परमं वेदितव्यम्'—वेदों, शास्त्रों, पुराणों, स्मृतियों, सन्तोंकी वाणियों और तत्त्वज्ञ जीवन्मुक्त महापुरुषोंद्वारा जाननेयोग्य जो परमानन्दस्वरूप अक्षरब्रह्म, है, जिसको निर्गुण निराकार कहते हैं, वे आप ही हैं।

'त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम्'—देखने, सुनने और समझनेमें जो कुछ संसार आता है, उस संसारके परम आश्रय, आधार आप

ही हैं। जब महाप्रलय होता है तो सम्पूर्ण संसार कारणसहित आपमें ही लीन होता है और फिर महासर्गके आदिमें आपसे ही प्रकट होता है। इस तरह आप इस संसारके परम निधान हैं। इन पदोंसे अर्जुन सगुण निराकारका वर्णन करते हुए स्तुति करते हैं।

'त्वं शाश्वतधर्मगोप्ता'—जब धर्मकी हानि और अधर्मकी वृद्धि होती है, तब आप ही अवतार लेकर अधर्मका नाश करके सनातनधर्मकी रक्षा करते हैं। इन पदोंमें अर्जुन सगुण-साकारका वर्णन करते हुए स्तुति करते हैं।

'अव्ययः सनातनस्त्वं पुरुषो मतो मे'—अव्यय अर्थात् अविनाशी, सनातन, आदिरहित, सदा रहनेवाले उत्तम पुरुष आप ही हैं, ऐसा मैं मानता हूँ।

सम्बन्ध—

पन्द्रहवेंसे अठारहवें श्लोकतक आश्चर्यचकित करनेवाले देव-रूपका वर्णन करके अब अगले दो श्लोकोंमें अर्जुन उस विश्वरूप-की उग्रता, प्रभाव, सामर्थ्यका वर्णन करते हैं।

श्लोक—

अनादिमध्यान्तमनन्तवीर्य-
मनन्तबाहुं शशिसूर्यनेत्रम्।
पश्यामि त्वां दीप्तहुताशवक्त्रं
स्वतेजसा विश्वमिदं तपन्तम्॥ १९॥

अर्थ—

आपको मैं आदि, मध्य और अन्तसे रहित, अनन्त प्रभावशाली,

अनन्त भुजाओंवाले, चन्द्र और सूर्यरूप नेत्रोंवाले, प्रज्वलित अग्निके समान मुखोंवाले और अपने तेजसे इस संसारको संतप्त करते हुए देख रहा हूँ।

व्याख्या—

'अनादिमध्यान्तम्'—आप आदि, मध्य और अन्तसे रहित हैं, अर्थात् आपकी कोई सीमा नहीं है।

सोलहवें श्लोकमें भी अर्जुनने कहा है कि मैं आपके आदि, मध्य और अन्तको नहीं देखता हूँ। वहाँ तो 'देशकृत' अनन्तताका वर्णन हुआ है और यहाँ 'कालकृत' अनन्तताका वर्णन हुआ है। तात्पर्य है कि देशकृत, कालकृत, वस्तुकृत आदि किसी तरहसे भी आपकी सीमा नहीं है। सम्पूर्ण देश, काल आदि आपके अन्तर्गत हैं, फिर आप देश, काल आदिके अन्तर्गत कैसे आ सकते हैं? अर्थात् देश, काल आदि किसीके भी आधारपर आपको मापा नहीं जा सकता।

'अनन्तवीर्यम्'—आपमें अपार पराक्रम, सामर्थ्य, बल और तेज है। आप अनन्त असीम शक्तिशाली हैं।

'अनन्तबाहुम्'*—आपकी कितनी भुजाएँ हैं, इसकी कोई गिनती नहीं हो सकती। आप अनन्त भुजाओंवाले हैं।

---

* सोलहवें श्लोकमें अर्जुनने 'अनेकबाहूदरवक्त्रनेत्रम्' कहा और यहाँ भी 'अनन्तबाहुम्' कहते हैं, तो इसमें पुनरुक्ति सी दीखती है। परन्तु वास्तवमें यह पुनरुक्ति नहीं है, क्योंकि वहाँ विराट्रूप भगवान्‌के देवरूपका

'शशिसूर्यनेत्रम्'—दुनियामात्रको प्रकाशित करनेवाले जो चन्द्र और सूर्य हैं, वे आपके नेत्र हैं। इस वास्ते दुनियामात्रको आपसे ही प्रकाश मिलता है।

'दीप्तहुताशवक्त्रम्'—यज्ञ, होम आदिमें जो कुछ अग्निमें हवन किया जाता है, उन सबको ग्रहण करनेवाले देदीप्यमान अग्निरूप मुखवाले आप ही हैं।

'स्वतेजसा विश्वमिदं तपन्तम्'—अपने तेजसे सम्पूर्ण विश्वको तपानेवाले आप ही हैं। तात्पर्य, यह है कि जिन जिन व्यक्तियों, वस्तुओं, परिस्थितियों आदिसे प्रतिकूलता मिल रही है, उन-उनसे ही सम्पूर्ण प्राणी सतप्त हो रहे हैं। सतप्त करनेवाले और सतप्त होनेवाले—दोनो एक ही विराट्रूपके अङ्ग हैं।

श्लोक—

द्यावापृथिव्योरिदमन्तरं हि
व्याप्तं त्वयैकेन दिशश्च सर्वाः।
दृष्ट्वाद्भुतं रूपमुग्रं तवेदं
लोकत्रयं प्रव्यथितं महात्मन् ॥ २० ॥

अर्थ—

हे महात्मन्! यह स्वर्ग और पृथ्वीके बीचका अन्तराल और सम्पूर्ण दिशाएँ एक आपसे ही परिपूर्ण हैं। आपके इस अद्भुत और उग्ररूपको देखकर तीनों लोक व्यथित (व्याकुल) हो रहे हैं।

वर्णन है और यहाँ उग्ररूपका वर्णन है। उग्ररूपका वर्णन होनेसे ही यहाँ 'विश्वमिदं तपन्तम्' और अगले (बीसवें) श्लोकमें 'दृष्ट्वाद्भुतं रूपमुग्रं तवेदं लोकत्रयं प्रव्यथितम्' पद आये हैं।

व्याख्या—

'महात्मन्'—इस सम्बोधनका तात्पर्य है कि आपके स्वरूपके समान किसीका स्वरूप हुआ नहीं, है नहीं, होगा नहीं और हो सकता भी नहीं। इस वास्ते आप 'महात्मा' अर्थात् महान् स्वरूपवाले हैं।

'द्यावापृथिव्योरिदमन्तरं हि व्याप्तं त्वयैकेन दिशश्च सर्वाः'—स्वर्ग और पृथ्वीके बीचमें जितना अवकाश है, पोलाहट है, वह सब पोलाहट आपसे परिपूर्ण हो रही है।

पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण, पूर्व-उत्तरके बीचमें 'ईशान', उत्तर-पश्चिमके बीचमें 'वायव्य', पश्चिम-दक्षिणके बीचमें 'नैर्ऋत्य' और दक्षिण-पूर्वके बीचमें 'आग्नेय', तथा ऊपर और नीचे—ये दसों दिशाएँ आपसे व्याप्त हैं अर्थात् इन सबमें आप-ही-आप विराजमान हैं।

'दृष्ट्वाद्भुतं रूपमुग्रं तवेदं लोकत्रयं प्रव्यथितम्'—[उन्नीसवें श्लोकमें तथा बीसवें श्लोकके पूर्वार्धमें उग्ररूपका वर्णन करके अब बीसवें श्लोकके उत्तरार्धसे बाईसवें श्लोकतक अर्जुन उग्ररूपके परिणामका वर्णन करते हैं—] आपके इस अद्भुत, विलक्षण, अलौकिक, आश्चर्यजनक, महान् देदीप्यमान और भयंकर उग्ररूपको देखकर स्वर्ग, मृत्यु और पाताललोकमें रहनेवाले सभी प्राणी व्यथित हो रहे हैं, भयभीत हो रहे हैं।

यद्यपि इस श्लोकमें स्वर्ग और पृथ्वीकी ही बात आयी है (द्यावापृथिव्योः), तथापि अर्जुनद्वारा 'लोकत्रयम्' कहनेके अनुसार यहाँ पाताल भी ले सकते हैं। कारण कि अर्जुनकी दृष्टि भगवान्

शरीरके किसी एक देशमें जा रही है और वहाँ अर्जुनको जो दीख रहा है, वह दृश्य कभी पातालका है, कभी मृत्युलोकका है और कभी स्वर्गका है। इस तरह अर्जुनकी दृष्टिके सामने सब दृश्य बिना क्रमके आ रहे हैं*।

यहाँपर एक शङ्का होती है कि अगर विराट्‌रूपको देखकर त्रिलोकी व्यथित हो रही है, तो दिव्यदृष्टिके बिना त्रिलोकीने विराट्‌रूपको कैसे देखा? भगवान्‌ने तो केवल अर्जुनको दिव्यदृष्टि दी थी। त्रिलोकीको विराट्‌रूप देखनेके लिये दिव्यदृष्टि किसने दी? कारण कि प्राकृत चर्मचक्षुओंसे यह विराट्‌रूप नहीं देखा जा सकता, जबकि **'विश्वमिदं तपन्तम्'** (११। १९) और **'लोकत्रयं प्रव्यथितम्'** पदोंसे विराट्‌रूपको देखकर त्रिलोकीके सतप्त और व्यथित होनेकी बात अर्जुनने कही है।

---

* अर्जुनने स्वर्गसे पातालतक तथा पातालसे स्वर्गतक क्रमपूर्वक विश्वरूपको देखा हो, ऐसी बात नहीं है। अर्जुन भगवान्‌की दी हुई दिव्यदृष्टिसे स्वर्ग, भूमण्डल, पाताल आदि सबको एक साथ देख रहे हैं, और जैसे देख रहे हैं, वैसे ही बोल रहे हैं—'हे देव! मैं आपकी देहमें देवताओंको देख रहा हूँ, प्राणियोंके अलग-अलग समुदायोंको देख रहा हूँ, कमलपर विराजमान ब्रह्माजीको देख रहा हूँ, कैलासपर विराजमान शङ्करको देख रहा हूँ, सम्पूर्ण ऋषियोंको देख रहा हूँ, दिव्य सर्पोंको देख रहा हूँ' (११। १५) आदि-आदि। अर्जुनको ऐसा कहनेमें तो देरी लगी है, पर ऐसा (सबको एक साथ) देखनेमें देरी नहीं लगी। इस वास्ते अर्जुनके वचनोंमें स्वर्ग, मृत्यु, पाताल आदि लोकोंका कोई क्रम नहीं है।

इसका समाधान यह है कि सतप्त और व्यथित होनेवाली त्रिलोकी भी उस विराट्‌रूपके अन्तर्गत ही है अर्थात् विराट्‌रूपका ही अङ्ग है। संजयने और भगवान्‌ने विराट्‌रूपको एक देशमें देखनेकी बात (एकस्थम्) कही, पर अर्जुनने एक देशमें देखनेकी बात नहीं कही। कारण कि विराट्‌रूप देखते हुए भगवान्‌के शरीरकी तरफ अर्जुनका ख्याल ही नहीं गया। उनकी दृष्टि केवल विराट्‌रूपकी तरफ ही रह गयी। जब सारथिरूप भगवान्‌के शरीरकी तरफ भी अर्जुनकी दृष्टि नहीं गयी, तो सतप्त और व्यथित होनेवाले इस लौकिक समाजकी तरफ अर्जुनकी दृष्टि कैसे जा सकती है? इससे सिद्ध होता है कि सतप्त होनेवाला और सतप्त करनेवाला तथा व्यथित होनेवाला और व्यथित करनेवाला—ये चारों उस विराट्‌रूपके ही अङ्ग हैं। अर्जुनको ऐसा दीख रहा है कि त्रिलोकी विराट्‌रूपको देखकर व्यथित, भयभीत हो रही है, पर वास्तवमें (विराट्‌रूपके अन्तर्गत) भयानक सिंह, व्याघ्र, साँप आदि जन्तुओंको और मृत्युको देखकर त्रिलोकी भयभीत हो रही है।

देखने, सुनने और समझनेमें आनेवाला सम्पूर्ण संसार भगवान्‌के दिव्य विराट्‌रूपका ही एक छोटा-सा अङ्ग है। संसारमें जो जड़ता, परिवर्तनशीलता, अदिव्यता दीखती है, वह वस्तुतः दिव्य विराट्‌रूपकी ही एक झलक है, एक लीला है। विराट्‌रूपकी जो दिव्यता है, उसकी तो स्वतन्त्र सत्ता है, पर संसारकी जो अदिव्यता है, उसकी स्वतन्त्र सत्ता नहीं है। अर्जुनको तो दिव्यदृष्टिसे भगवान्‌का विराट्‌रूप दीखा, पर भक्तोंको भावदृष्टिसे यह संसार भगवत्स्वरूप

दीखता है—'वासुदेव सर्वम्'। तात्पर्य है कि जैसे बचपनमें बालकका कंकड-पत्थरोंमें जो भाव रहता है, वैसा भाव बडे होनेपर नहीं रहता, बडे होनेपर कंकड-पत्थर उसे आकृष्ट नहीं करते, ऐसे ही भोगदृष्टि रहनेपर संसारमें जो भाव रहता है, वह भाव भोगदृष्टिके मिटनेपर नहीं रहता।

जिनकी भोगदृष्टि होती है, उनको तो संसार सत्य दीखता है, पर जिनकी भोगदृष्टि नहीं है, ऐसे महापुरुषोंको संसार भगवत्स्वरूप ही दीखता है। जैसे एक ही स्त्री बालकको माँके रूपमें, पिताको पुत्रीके रूपमें, पतिको पत्नीके रूपमें और सिंहको भोजनके रूपमें, दीखती है, ऐसे ही यह संसार 'चर्मदृष्टि'से सच्चा, 'विवेकदृष्टि'से परिवर्तनशील, 'भावदृष्टि'से भगवत्स्वरूप और 'दिव्यदृष्टि'से विराट्-रूपका ही एक छोटा सा अङ्ग दीखता है।

सम्बन्ध—

अब अर्जुनकी दृष्टिके सामने (विराट्रूपमें) स्वर्गादि लोकोंका दृश्य आता है और वे उसका वर्णन अगले दो श्लोकोंमें करते हैं।

श्लोक—

अमी हि त्वा सुरसङ्घा विशन्ति
केचिद्भीताः प्राञ्जलयो गृणन्ति।
स्वस्तीत्युक्त्वा महर्षिसिद्धसङ्घाः
स्तुवन्ति त्वां स्तुतिभिः पुष्कलाभिः ॥ २१ ॥

अर्थ—

वे ही देवताओंके समुदाय आपमें प्रविष्ट हो रहे हैं। उनमेंसे कई तो भयभीत होकर हाथ जोड़े हुए आपके नामों और गुणोंका

कीर्तन कर रहे हैं । महर्षियों और सिद्धोंके समुदाय 'कल्याण हो ! कल्याण हो !' ऐसा कहकर उत्तम-उत्तम स्तोत्रोंके द्वारा आपकी स्तुति कर रहे हैं ।

व्याख्या—

'अमी हि त्वा सुरसङ्घा विशन्ति'—जब अर्जुन स्वर्गमें गये थे, उस समय उनका जिन देवताओंसे परिचय हुआ था, उन्हीं देवताओंके लिये यहाँ अर्जुन कह रहे हैं कि वे-के-वे देवतालोग आपके स्वरूपमें प्रविष्ट होते हुए दीख रहे हैं । ये सभी देवता आपसे ही उत्पन्न होते हैं, आपमें ही स्थित रहते हैं और आपमें ही प्रविष्ट होते हैं ।

'केचिद्भीताः प्राञ्जलयो गृणन्ति'—परन्तु उन देवताओंमेंसे जिनकी आयु अभी ज्यादा शेष है, ऐसे आजान देवता (विराट्रूपके अन्तर्गत) नृसिंह आदि भयानक रूपोंको देखकर भयभीत होकर हाथ जोड़े हुए आपके नाम, रूप, लीला, गुण आदिका गान कर रहे हैं ।

यद्यपि देवतालोग नृसिंह आदि अवतारोंको देखकर और कालरूप मृत्युसे भयभीत होकर ही भगवानका गुणगान कर रहे हैं (जो सभी विराट्रूपके ही अंग हैं), परन्तु अर्जुनको ऐसा लग रहा है कि विराट्रूप भगवान्को देखकर ही वे भयभीत होकर स्तुति कर रहे हैं ।

'स्वस्तीत्युक्त्वा महर्षिसिद्धसङ्घाः स्तुवन्ति त्वां स्तुतिभिः पुष्कलाभिः'—सप्तर्षियों, देवर्षियों, महर्षियों, सनकादिकों और देवताओंके द्वारा स्वस्तिवाचन (कल्याण हो ! कल्याण हो !) हो रहा है

और बड़े उत्तम-उत्तम स्तोत्रोंके द्वारा आपकी स्तुतियाँ हो रहा हैं।

श्लोक—

रुद्रादित्या वसवो ये च साध्या
विश्वेऽश्विनौ मरुतश्चोष्मपाश्च।
गन्धर्वयक्षासुरसिद्धसङ्घा
वीक्षन्ते त्वा विस्मिताश्चैव सर्वे॥ २२॥

अर्थ—

जो ग्यारह रुद्र, बारह आदित्य, आठ वसु, बारह साध्यगण, दस विश्वेदेव, दो अश्विनीकुमार, उनचास मरुद्गण, सात पितृगण, गन्धर्व, यक्ष, असुर और सिद्धोंके समुदाय हैं, वे सभी चकित होकर आपको देख रहे हैं।

व्याख्या—

'रुद्रादित्या वसवो ये च साध्या विश्वेऽश्विनौ मरुतश्चोष्मपाश्च'—ग्यारह रुद्र, बारह आदित्य, आठ वसु, दो अश्विनीकुमार और उनचास मरुद्गण—इन सबके नाम इसी अध्यायके छठे श्लोककी व्याख्यामें दिये गये हैं, इसलिये वहाँ देख लेना चाहिये।

मन, अनुमन्ता, प्राण, नर, यान, चित्ति, हय, नय, हंस, नारायण, प्रभव और विभु—ये बारह 'साध्य' हैं (वायुपुराण ६६। १५-१६)।

क्रतु, दक्ष, श्रव, सत्य, काल, काम, धुनि, कुरुवान्, प्रभवान् और रोचमान—ये दस 'विश्वेदेव' हैं (वायुपुराण ६६। ३१-३२)।

कव्यवाह, अनल, सोम, यम, अर्यमा, अग्निष्वात्त और बर्हिषद् —ये सात 'पितर' हैं (शिवपुराण धर्म० ६३ । २)। ऊष्म अर्थात् गरम अन्न खानेके कारण पितरोंका नाम 'ऊष्मपा' है।

'गन्धर्वयक्षासुरसिद्धसङ्घा'—कश्यपजीकी पत्नी मुनि और प्रधासे तथा अरिष्टासे गन्धर्वोंकी उत्पत्ति हुई है। गन्धर्वलोग राग रागिनियोंकी विद्यामें बड़े चतुर हैं। ये स्वर्गलोकके गायक हैं।

कश्यपजीकी पत्नी खसासे यक्षोंकी उत्पत्ति हुई है।

देवताओंके विरोधी* दैत्य, दानवों और राक्षसोंको असुर कहते हैं। कपिल आदिको सिद्ध कहते हैं।

'वीक्षन्ते त्वां विस्मिताश्चैव सर्वे'—उपर्युक्त सभी देवता, पितर, गन्धर्व, यक्ष आदि चकित होकर आपको देख रहे हैं। ये सभी देवता आदि विराट्स्वरूपके ही अंग हैं।

सम्बन्ध—

अब अर्जुन अगले तीन श्लोकोंमें विश्वरूपके महान् विकराल रूपका वर्णन करके उसका परिणाम बताते हैं।

श्लोक—

रूपं महत्ते बहुवक्त्रनेत्रं
महाबाहो बहुबाहूरुपादम्।
बहूदरं बहुदंष्ट्राकरालं
दृष्ट्वा लोकाः प्रव्यथितास्तथाहम् ॥ २३ ॥

अर्थ—

हे महाबाहो ! आपके बहुत मुख और नेत्रोंवाले, बहुत भुजा,

---

* जहाँ देवताओं और असुरोंका एक साथ वर्णन आता है, वहाँ 'असुर' शब्द देवताओंके विरोधी अर्थमें आता है।

जघा और चरणोंवाले, बहुत उदरोंवाले, बहुत विकराल दाढ़ोंवाले महान् रूपको देखकर सब प्राणी व्यथित हो रहे हैं तथा मैं भी व्यथित हो रहा हूँ।

व्याख्या—

[पन्द्रहवेंसे अठारहवें श्लोकतक विश्वरूपमें 'देव'-रूपका, उन्नीसवें से बाईसवें श्लोकतक 'उग्र' रूपका और तेईसवेंसे तीसवें श्लोकतक 'अत्यन्त उग्र' रूपका वर्णन हुआ है।]

'बहुवक्त्रनेत्रम्'—आपके मुख एक एकसे नहीं मिलते। कई मुख सौम्य हैं और कई विकराल हैं। कई मुख छोटे हैं और कई बड़े हैं। ऐसे ही आपके जो नेत्र हैं, वे भी सभी एक समान नहीं दीख रहे हैं। कई नेत्र सौम्य हैं और कई विकराल हैं। कई नेत्र छोटे हैं, कई बड़े हैं, कई लम्बे हैं, कई चौड़े हैं, कई गोल हैं, कई टेढ़े हैं आदि-आदि।

'बहुबाहूरुपादम्'—हाथोंकी बनावट, वर्ण, आकृति और उनके कार्य विलक्षण-विलक्षण हैं। जघाएँ विचित्र-विचित्र हैं और चरण भी तरह तरहके हैं।

'बहूदरम्'—पेट भी एक समान नहीं हैं। कोई बड़ा, कोइ छोटा, कोई भयंकर आदि कई तरहके पेट हैं।

'बहुदंष्ट्राकरालं दृष्ट्वा लोकाः प्रव्यथितास्तथाहम्'—मुखोंमें बहुत प्रकारकी विकराल दाढ़ें हैं। ऐसे महान भयंकर, विकराल रूपको देखकर सब प्राणी व्याकुल हो रहे हैं और मैं भी व्याकुल हो रहा हूँ।

इस श्लोकसे पहले कहे हुए श्लोकोंमें भी अनेक मुखों, नेत्रों आदिकी और सब लोगोंके भयभीत होनेकी बात आयी है। अब अर्जुन एक ही बात बार-बार क्यों कह रहे हैं? इसका कारण है कि—(१) विराट्रूपमें अर्जुनकी दृष्टिके सामने जो-जो रूप आता है, उस-उसमें उनको नयी-नयी विलक्षणता और अद्भुतता दीख रही है।

(२) विराट्रूपको देखकर अर्जुन इतने घबरा गये, चकित हो गये, चकरा गये, व्यथित हो गये कि उनको यह ख्याल ही नहीं रहा कि मैंने क्या कहा है और मैं क्या कह रहा हूँ?

(३) पहले तो अर्जुनने तीनों लोकोंके व्यथित होनेकी बात कही थी, पर यहाँ सब प्राणियोंके साथ-साथ स्वयंके भी व्यथित होनेकी बात कहते हैं।

(४) एक बातको बार-बार कहना अर्जुनके भयभीत और आश्चर्यचकित होनेका चिह्न है। संसारमें देखा भी जाता है कि जिसको भय, हर्ष, शोक, आश्चर्य आदि होते हैं, उसके मुखसे स्वाभाविक ही किसी शब्द या वाक्यका बार-बार उच्चारण हो जाता है, जैसे—कोई साँपको देखकर भयभीत होता है तो वह बार-बार 'साँप! साँप! साँप!' ऐसा कहता है। कोई सज्जन पुरुष आता है तो हर्षमें भरकर कहते हैं—आइये! आइये! आइये! कोई प्रिय व्यक्ति मर जाता है तो शोकाकुल होकर कहते हैं—मैं मारा गया, मारा गया! घरमें अँधेरा हो गया, अँधेरा हो गया! अचानक कोई आफत आ जाती है तो मुखसे निकलता है—मैं मरा! मरा! मरा! ऐसे ही

यहाँ विश्वरूप-दर्शनमें अर्जुनके द्वारा भय और हर्षके कारण कुछ शब्दों और वाक्योंका बार-बार उच्चारण हुआ है । अर्जुनने भय और हर्षको स्वीकार भी किया है—'अदृष्टपूर्वं हृषितोऽस्मि दृष्ट्वा भयेन च प्रव्यथितं मनो मे' (११ । ४५) तात्पर्य है कि भय, हर्ष, शोक आदिमें एक बातको बार-बार कहना पुनरुक्ति दोष नहीं माना जाता ।

श्लोक—

नभःस्पृशं दीप्तमनेकवर्णं
व्यात्ताननं दीप्तविशालनेत्रम् ।
दृष्ट्वा हि त्वां प्रव्यथितान्तरात्मा
धृतिं न विन्दामि शमं च विष्णो ॥ २४ ॥

अर्थ—

हे विष्णो ! आपके अनेक वर्ण हैं, आप आकाशको स्पर्श कर रहे हैं, आपका मुख फैला हुआ है, आपके नेत्र प्रदीप्त और विशाल हैं । ऐसे देदीप्यमान आपको देखकर भयभीत अन्तःकरणवाला मैं धैर्य और शान्तिको प्राप्त नहीं हो रहा हूँ ।

व्याख्या—

[बीसवें श्लोकमें तो अर्जुनने विराट्रूपकी लम्बाई चौड़ाईका वर्णन किया, अब यहाँ केवल लम्बाईका वर्णन करते हैं ।]

'विष्णो'—आप साक्षात् सर्वव्यापक विष्णु हैं, जिन्होंने पृथ्वीका भार दूर करनेके लिये कृष्णरूपसे अवतार लिया है ।

'अनेकवर्णम्'—आपके काला, पीला, श्याम, गौर आदि अनेक वर्ण हैं ।

'नभःस्पृशम्'—आपका स्वरूप इतना लम्बा है कि वह आकाशको स्पर्श कर रहा है।

वायुका गुण होनेसे स्पर्श वायुका ही होता है, आकाशका नहीं। फिर यहाँ आकाशको स्पर्श करनेका तात्पर्य क्या है? मनुष्यकी दृष्टि जहाँतक जाती है, वहाँतक तो उसको आकाश दीखता है, पर उसके आगे कालापन दिखायी देता है। कारण कि जब दृष्टि आगे नहीं जाती, थक जाती है तो वह वहाँसे लौटती है, जिससे आगे कालापन दीखता है। यही दृष्टिका आकाशको स्पर्श करना है। ऐसे ही अर्जुनकी दृष्टि जहाँतक जाती है, वहाँतक उनको भगवान्‌का विराट्‌रूप दिखायी देता है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि भगवान्‌का विराट्‌रूप असीम है, जिसके सामने दिव्यदृष्टि भी सीमित ही है।

'व्यात्ताननं दीप्तविशालनेत्रम्'—जैसे कोई भयानक जन्तु किसी जन्तुको खानेके लिये अपना मुख फैलाता है, ऐसे ही मात्र विश्वको चट करनेके लिये आपका मुख फैला हुआ दीख रहा है।

आपके नेत्र बड़े ही देदीप्यमान और विशाल दीख रहे हैं।

'दृष्ट्वा हि त्वा प्रव्यथितान्तरात्मा धृतिं न विन्दामि शमं च विष्णो'—इस तरह आपको देखकर मैं भीतरसे बहुत व्यथित हो रहा हूँ। मेरेको कहींसे भी धैर्य नहीं मिल रहा है और शान्ति भी नहीं मिल रही है।

यहाँ एक शङ्का होती है कि अर्जुनमें एक तो खुदकी सामर्थ्य है और दूसरी, भगवत्प्रदत्त सामर्थ्य (दिव्यदृष्टि) है। फिर भी अर्जुन तो विश्वरूपको देखकर डर गये, पर सजय नहीं डरे। इसमें

क्या कारण है ? सन्तोंसे ऐसा सुना है कि भीष्म, विदुर, संजय और कुन्ती—ये चारों भगवान् श्रीकृष्णके तत्त्वको, विशेषतासे जाननेवाले थे। इस वास्ते संजय पहलेसे ही भगवान्‌के तत्त्वको, उनके प्रभावको जानते थे, जबकि अर्जुन भगवान्‌के तत्त्वको उतना नहीं जानते थे। अर्जुनका विमूढ़भाव (मोह) अभी सर्वथा दूर नहीं हुआ था (गीता ११ । ४९)। इस विमूढ़भावके कारण अर्जुन भयभीत हुए। परन्तु संजय भगवान्‌के तत्त्वको जानते थे अर्थात् उनमें विमूढ़भाव नहीं था, इस वास्ते वे भयभीत नहीं हुए।

उपर्युक्त विवेचनसे एक बात सिद्ध होती है कि भगवान् और महापुरुषोंकी कृपा विशेषरूपसे अयोग्य पुरुषोंपर होती है, पर उस कृपाको विशेषरूपसे योग्य पुरुष ही जानते हैं। जैसे, छोटे बच्चेपर माँका ज्यादा स्नेह होता है, पर बड़ा लड़का माँको जितना जानता है, उतना छोटा बच्चा नहीं जानता। ऐसे ही भोले-भाले, सीधे-सादे व्रजवासी, ग्वालबाल, गोप-गोपी और गाय—इनपर भगवान् जितना अधिक स्नेह करते हैं, उतना स्नेह जीवन्मुक्त महापुरुषोंपर नहीं करते। परंतु जीवन्मुक्त महापुरुष ग्वालबाल आदिकी अपेक्षा भगवान्‌को विशेषरूपसे जानते हैं। संजयने विश्वरूपके लिये प्रार्थना भी नहीं की और विश्वरूपको देख लिया। परंतु विश्वरूप देखनेके लिये अर्जुनको स्वयं भगवान्‌ने ही उत्कण्ठित किया और अपना विश्वरूप भी दिखाया, क्योंकि संजयकी अपेक्षा भगवान्‌के तत्त्वको जाननेमें अर्जुन छोटे थे और भगवान्‌के साथ सखाभाव रखते थे। इस वास्ते अर्जुनपर भगवान्‌की कृपा ज्यादा थी। इस कृपाके कारण

अन्तमें अर्जुनका मोह भी नष्ट हो गया—'नष्टो मोहः त्वत्प्रसादात्' (गीता १८ । ७३) इससे सिद्ध होता है कि कृपापात्रका मोह अन्तमें नष्ट हो ही जाता है ।

श्लोक—

दंष्ट्राकरालानि च ते मुखानि
दृष्ट्वैव कालानलसन्निभानि ।
दिशो न जाने न लभे च शर्म
प्रसीद देवेश जगन्निवास ॥ २५ ॥

अर्थ—

आपके प्रलयकालकी अग्निके समान प्रज्वलित और दाढ़ोंके कारण विकराल (भयानक) मुखोंको देखकर मेरेको न तो दिशाओंका ज्ञान हो रहा है और न शान्ति ही मिल रही है । इस वास्ते हे देवेश ! हे जगन्निवास ! आप प्रसन्न होइये ।

व्याख्या—

'दंष्ट्राकरालानि च ते मुखानि दृष्ट्वैव कालानलसन्निभानि'—महाप्रलयके समय सम्पूर्ण त्रिलोकीको भस्म करनेवाली जो अग्नि प्रकट होती है, उसे संवर्तक अथवा कालाग्नि कहते हैं । उस कालाग्निके समान आपके मुख हैं, जो भयंकर-भयंकर दाढ़ोंके कारण बहुत विकराल हो रहे हैं । उनको देखनेमात्रसे ही बड़ा भय लग रहा है । अगर उनका कार्य देखा जाय तो उसके सामने किसीका टिकना ही मुश्किल है ।

'दिशो न जाने न लभे च शर्म'—ऐसे विकराल मुखोंको देखकर मेरेको दिशाओंका भी ज्ञान नहीं हो रहा है । इसका तात्पर्य है कि दिशाओंका ज्ञान होता है सूर्यके उदय और अस्त होनेसे । पर वह सूर्य

वक्त्राणि ते त्वरमाणा विशन्ति
दंष्ट्राकरालानि भयानकानि ।
केचिद्विलग्ना दशनान्तरेषु
संदृश्यन्ते चूर्णितैरुत्तमाङ्गैः ॥२७॥

अथ—

हमारे मुख्य योद्धाओंके सहित भीष्म, द्रोण और वह कर्ण भी आपमें प्रविष्ट हो रहे हैं । राजाओंके समुदायोंके सहित धृतराष्ट्रके वे सब-के-सब पुत्र विकराल दाढ़ोंके कारण भयंकर आपके मुखोंमें बड़ी तेजीसे प्रविष्ट हो रहे हैं । उनमेंसे कई एक चूर्ण हुए सिरोंसहित आपके दाँतोंके बीचमें फँसे हुए दीख रहे हैं ।

व्याख्या—

'भीष्मो द्रोणः सूतपुत्रस्तथासौ सहास्मदीयैरपि योधमुख्यैः'—हमारे पक्षके धृष्टद्युम्न, विराट्, द्रुपद आदि जो मुख्य-मुख्य योद्धालोग हैं, वे सब-के-सब धर्मके पक्षमें हैं और केवल अपना कर्तव्य समझकर युद्ध करनेके लिये आये हैं । हमारे इन सेनापतियोंके साथ पितामह भीष्म, आचार्य द्रोण, और वह प्रसिद्ध सूतपुत्र कर्ण आपमें प्रविष्ट हो रहे हैं ।

यहाँ भीष्म, द्रोण और कर्णका नाम लेनेका तात्पर्य है कि ये तीनों ही अपने कर्तव्यका पालन करनेके लिये युद्धमें आये हैं* ।

---

* भीष्म—भीष्मजीकी प्रतिज्ञा दुनियामें प्रसिद्ध है कि उन्होंने पिताजीकी प्रसन्नताके लिये ब्याह न करनेकी प्रतिज्ञा की और आबाल ब्रह्मचारी रहे । इस प्रतिज्ञापर वे इतने डटे रहे कि गुरु परशुरामजीके साथ युद्ध किया, पर अपनी प्रतिज्ञा नहीं तोड़ी । भगवान्‌ने पहले हाथमें शस्त्र ग्रहण न करनेकी प्रतिज्ञा की थी । परन्तु जब भीष्मजीने

करना चाहते हैं* अर्थात् दुर्योधनको हितकी सलाह नहीं दे रहे हैं, उन सभी राजाओंके समूहोंके साथ धृतराष्ट्रके दुर्योधन, दुःशासन आदि सौ पुत्र विकराल दाढ़ोंके कारण अत्यन्त भयानक आपके मुखोंमें बड़ी तेजीसे प्रवेश कर रहे हैं—'वक्त्राणि ते त्वरमाणा विशन्ति दंष्ट्राकरालानि भयानकानि'।

विराट्रूपमें वे चाहे भगवान्में प्रवेश करें, चाहे मुखोंमें जायँ वह एक ही लीला है। परन्तु भावोंके अनुसार उनकी गतियाँ अलग-अलग प्रतीत हो रही हैं। इस वास्ते भगवान्में जायँ अथवा मुखोंमें जायँ, वे हैं तो विराट्रूपमें ही।

'केचिद्विलग्ना दशनान्तरेषु संदृश्यन्ते चूर्णितैरुत्तमाङ्गैः'— जैसे, खाद्य-पदार्थोंमें कुछ पदार्थ ऐसे होते हैं, जो चबाते समय सीधे पेटमें चले जाते हैं, पर कुछ पदार्थ ऐसे होते हैं, जो चबाते समय दाँतों और दाढ़ोंके बीचमें फँस जाते हैं। ऐसे ही आपके मुखोंमें प्रविष्ट होनेवालोंमेंसे कई एक तो सीधे भीतर (पेटमें) चले जा रहे हैं, पर कई एक चूर्ण हुए मस्तकोंसहित आपके दाँतों और दाढ़ोंके बीचमें फँसे हुए दीख रहे हैं।

पुत्र दे दिये, जिसमें उन्होंने कहा कि 'माँ! मैं युधिष्ठिर, भीम, नकुल, और सहदेवको तो मारूँगा नहीं, पर अर्जुनके साथ मेरा युद्ध होगा। युद्धमें अगर अर्जुन मेरेको मार देगा, तो तेरे पाँच पुत्र रहेंगे ही और अगर मैं अर्जुनको मार दूँगा, तो भी मेरेसहित तेरे पाँच पुत्र रहेंगे।'

* धार्तराष्ट्रस्य दुर्बुद्धेर्युद्धे प्रियचिकीर्षवः। (गीता १। २३)

यहाँ एक शङ्का होती है कि योद्धालोग तो अभी सामने युद्ध क्षेत्रमें खड़े हुए हैं, फिर वे अर्जुनको विराट्‌रूपके मुखोंमें जाते हुए कैसे दिखायी दिये ? इसका समाधान यह है कि भगवान् विराट्‌रूप में अर्जुनको आसन्न भविष्यकी बात दिखा रहे हैं। भगवान्‌ने विराट्‌रूप दिखाते समय अर्जुनसे कहा था कि तू और भी जो कुछ देखना चाहता है, वह भी मेरे इस विराट्‌रूपमें देख ले (११।७) अर्जुनके मनमें यह सन्देह था कि युद्धमें हमारी जीत होगी या कौरवोंकी ? (२ । ६) इस वास्ते उस सन्देहको दूर करनेके लिये भगवान् अर्जुनको आसन्न भविष्यका दृश्य दिखाकर मानो यह बताते हैं कि युद्धमें तुम्हारी ही जीत होगी। आगे अर्जुनके द्वारा प्रश्न करनेपर भी भगवान्‌ने यही बात कही है (११ । ३२-३४)।

सम्बन्ध—

जो अपना कर्तव्य समझकर धर्मकी दृष्टिसे युद्धमें आये हैं और जो परमात्माकी प्राप्ति चाहनेवाले हैं—ऐसे पुरुषोंका विराटरूपमें नदियोंके दृष्टान्तसे प्रवेश करनेका वर्णन अर्जुन अगले श्लोकोंमें करते हैं।

श्लोक—

यथा नदीनां बहवोऽम्बुवेगाः
समुद्रमेवाभिमुखा द्रवन्ति ।
तथा तवामी नरलोकवीरा
विशन्ति वक्त्राण्यभिविज्वलन्ति ॥ २८ ॥

अर्थ—

जैसे नदियोंके बहुत-से जलके प्रवाह स्वाभावि[illegible]

सम्मुख ही दौड़ते हैं, ऐसे ही वे संसारके महान् शूरवीर भी आपके प्रज्वलित मुखोंमें प्रवेश कर रहे हैं।

व्याख्या—

'यथा नदीनां बहवोऽम्बुवेगाः समुद्रमेवाभिमुखा द्रवन्ति'—मूलमें जलमात्र समुद्रका है। वही जल बादलोंके द्वारा वर्षारूपमें पृथ्वीपर उतरकर झरने, नाले आदिको लेकर नदियोंका रूप धारण करता है। उन नदियोंके जितने वेग हैं, प्रवाह हैं, वे सभी स्वाभाविक ही समुद्रकी तरफ ही दौड़ते हैं। कारण कि जलका उद्गमस्थान समुद्र ही है। वे सभी जल-प्रवाह समुद्रमें जाकर अपने नाम और रूपको छोड़कर अर्थात् गङ्गा, यमुना, सरस्वती आदि नामोंको और प्रवाहके रूपको छोड़कर समुद्ररूप ही हो जाते हैं। फिर वे जल-प्रवाह समुद्रके सिवाय अपना कोई अलग स्वतन्त्र अस्तित्व नहीं रखते। वास्तवमें तो उनका स्वतन्त्र अस्तित्व पहले भी नहीं था, केवल नदियोंके प्रवाहरूपमें होनेके कारण वे अलग दीखते थे।

'तथा तवामी नरलोकवीरा विशन्ति वक्त्राण्यभिविज्वलन्ति'—नदियोंकी तरह ही मात्र जीव नित्यसुखकी अभिलाषाको लेकर परमात्माके सम्मुख ही दौड़ते हैं। परन्तु भूलसे असत्, नाशवान् शरीरके साथ सम्बन्ध मान लेनेसे वे सांसारिक संग्रह और संयोग-जन्य सुखमें लग जाते हैं तथा अपना अलग अस्तित्व मानने लगते हैं। उन जीवोंमें वे ही वास्तविक शूरवीर हैं, जो सांसारिक संग्रह और सुखभोगमें न लगकर, जिसके लिये शरीर मिला है, उस परमात्म-प्राप्तिके मार्गमें ही तत्परतासे लगे हुए हैं। ऐसे युद्धमें आये हुए

भीष्म, द्रोण आदि नरलोकवीर आपके प्रकाशमय (ज्ञानस्व
मुखोंमें प्रविष्ट हो रहे हैं।

सामने दीखनेवाले लोगोंमें परमात्मप्राप्ति चाहनेवाले लोग भिन्न हैं और बहुत थोड़े हैं। इस वास्ते उनके लिये परोक्षवाचक 'अमी' (वे) दिया गया है।

सम्बन्ध—

जो राज्य और प्रशंसाके लोभसे युद्धमें आये हैं और सांसारिक संग्रह और भोगोंकी प्राप्तिमें लगे हुए हैं—ऐसे पुरु विराट्रूपमें पतंगोंके दृष्टान्तसे प्रवेश करनेका वर्णन अर्जुन अ श्लोकमें करते हैं।

श्लोक—

यथा प्रदीप्तं ज्वलनं पतङ्गा
विशन्ति नाशाय समृद्धवेगाः।
तथैव नाशाय विशन्ति लोका-
स्तवापि वक्त्राणि समृद्धवेगाः॥ २९॥

अर्थ—

जैसे पतंगे मोहवश अपना नाश करनेके लिये बड़े वेग दौड़ते हुए प्रज्वलित अग्निमें प्रविष्ट होते हैं, ऐसे ही ये सब लो मोहवश अपना नाश करनेके लिये ही बड़े वेगसे दौड़ते हुए आपके मुखोंमें प्रविष्ट हो रहे हैं।

व्याख्या—

'यथा प्रदीप्तं ज्वलनं पतङ्गा विशन्ति नाशाय समृद्धवेगाः'—जैसे हरी-हरी घासमें रहनेवाले पतंगे चातुर्मास्यकी अँधेरी रात्रिमें कहीं-पर प्रज्वलित अग्नि देखते हैं, तो उसपर मुग्ध होकर (कि बहुत

सुन्दर प्रकाश मिल गया, हम इससे लाभ ले लेंगे, हमारा अँधेरा मिट जायगा) उसकी तरफ बडे जोरसे दौडते है। उनमेंसे कुछ तो प्रज्वलित अग्निमें स्वाहा हो जाते हैं, कुछको अग्निकी थोड़ी-सी आँच लग जाती है तो उनका उड़ना बंद हो जाता है और वे तडपते रहते हैं। फिर भी उनकी लालसा उस अग्निकी तरफ ही रहती है। यदि कोई पुरुष दया करके उस अग्निको बुझा देता है तो वे पतंगे बड़े दुःखी हो जाते हैं कि उसने हमारेको बडे लाभसे वञ्चित कर दिया।

'तथैव नाशाय विशन्ति लोकास्तवापि वक्त्राणि समृद्धवेगाः'—भोग भोगने और संग्रह करनेमें ही तत्परतापूर्वक लगे रहना और मनमें भोगो और संग्रहका ही चिन्तन होते रहना—यह बढ़ा हुआ सांसारिक वेग है। ऐसे वेगवाले दुर्योधनादि राजालोग पतंगोंकी तरह बड़ी तेजीसे कालचक्ररूप आपके मुखोंमें जा रहे हैं अर्थात् पतनकी तरफ जा रहे हैं—'चौरासी लाख योनियों और नरकोंकी तरफ जा रहे हैं। तात्पर्य यह हुआ कि प्रायः मनुष्य सांसारिक भोग, सुख, आराम, मान, आदर आदिको प्राप्त करनेके लिये रात-दिन दौडते हैं। उनको प्राप्त करनेमें उनका अपमान होता है, निन्दा होती है, घाटा लगता है, चिन्ता होती है, अन्तःकरणमें जलन होती है और जिस आयुके बलपर वे जी रहे हैं, वह आयु भी समाप्त होती जाती है, फिर भी वे नाशवान् भोग और संग्रहकी प्राप्तिके लिये भीतरसे लालायित रहते हैं।*

---

* अजानन् माहात्म्यं पतति शलभो दीपदहने
न मीनोऽप्यज्ञानाद्बडिशयुतमश्नाति पिशितम्।

सम्बन्ध—

पहलेके दो श्लोकोंमें दो दृष्टान्तोंसे दोनों समुदायोंका वर्णन करके अब सम्पूर्ण लोकोंका ग्रसन करते हुए विश्वरूपभगवान्‌के भयानक रूपका वर्णन करते हैं ।

श्लोक—

लेलिह्यसे ग्रसमानः समन्ता-
ल्लोकान्समग्रान्वदनैर्ज्वलद्भिः ।
तेजोभिरापूर्य जगत्समग्रं
भासस्तवोग्राः प्रतपन्ति विष्णो ॥ ३० ॥

अर्थ—

आप सम्पूर्ण लोकोंको प्रज्वलित मुखोंद्वारा ग्रास करते हुए चारों तरफसे बार-बार चाट रहे हैं और हे विष्णो ! आपका उग्र प्रकाश अपने तेजसे सम्पूर्ण जगत्‌को परिपूर्ण करके सबको तपा रहा है ।

व्याख्या—

'लेलिह्यसे ग्रसमानः समन्ताल्लोकान्समग्रान्वदनैर्ज्वलद्भिः' आप सम्पूर्ण लोकोंका संहार कर रहे हैं और कोई इधर-उधर न चला

विजानन्तोऽप्येते वयमिह विपज्जालजटिलान्
न मुञ्चामः कामानहह गहनो मोहमहिमा ॥
(भर्तृहरिवैराग्यशतक)

'पतङ्ग दीपकके दाहक स्वरूपको न जाननेके कारण ही उसपर गिरता है, मछली भी अज्ञानवश ही बंसीमें लगे हुए मांसके टुकड़ेको निगलती है, परंतु हमलोग जानते हुए भी विपत्तिके जटिल जालमें फँसानेवाली कामनाओंको नहीं छोड़ते, अहो ! मोहकी महिमा बड़ी गहन है ।'

जाप इस वास्ते बार-बार जीभके लपेटेसे अपने प्रज्वलित मुखोंमें लेते हुए उनका ग्रसन कर रहे हैं। तात्पर्य है कि कालरूप भगवान्‌की जीभके लपेटसे कोई भी प्राणी बच नहीं सकता।

'तेजोभिरापूर्य जगत्समग्रं भासस्तवोग्राः प्रतपन्ति विष्णो'—विराट्‌रूप भगवान्‌का तेज बड़ा उग्र है। वह उग्र तेज सम्पूर्ण जगत्‌में परिपूर्ण होकर सबको संतप्त कर रहा है, व्यथित कर रहा है।

सम्बन्ध—

विराट्‌रूप भगवान् अपने विलक्षण-विलक्षण रूपोंका दर्शन कराते ही चले गये। उनके भयंकर और अत्यन्त उग्र रूपके मुखोंमें दोनों पक्षोंके योद्धा जाते देखकर अर्जुन बहुत घबरा गये। अतः अत्यन्त उग्ररूपधारी भगवान्‌का वास्तविक परिचय जाननेके लिये अर्जुन प्रश्न करते हैं।

श्लोक—

आख्याहि मे को भवानुग्ररूपो
नमोऽस्तु ते देववर प्रसीद।
विज्ञातुमिच्छामि भवन्तमाद्य
न हि प्रजानामि तव प्रवृत्तिम्॥ ३१॥

अर्थ—

मेरेको यह बताइये कि उग्ररूपवाले आप कौन हैं? हे देवताओंमें श्रेष्ठ! आपको नमस्कार हो। आप प्रसन्न होइये। आदिरूप आपको मैं तत्त्वसे जानना चाहता हूँ, क्योंकि मैं आपकी प्रवृत्तिको नहीं जानता।

व्याख्या—

'आख्याहि मे को भवानुग्ररूपो नमोऽस्तु ते देववर प्रसीद'—आप विष्णुरूपसे भी ~~दीख रहे~~ हो, अनन्तरूपसे भी दीख रहे

हो और उग्ररूपसे भी दीख रहे हो, तो वास्तवमें ऐसे रूपोंको धारण करनेवाले आप कौन हैं ?

अत्यन्त उग्र विराट्‌रूप देखकर भयके कारण अर्जुन नमस्कारके सिवाय और करते भी क्या ? जब अर्जुन भगवान्‌के ऐसे विराट्‌रूपको समझनेमें सर्वथा असमर्थ हो गये तो अन्तमें कहते हैं कि हे देवताओंमें श्रेष्ठ ! आपको नमस्कार है ।

भगवान् अपनी जीभसे सबको अपने मुखोंमें लेकर बार बार चाट रहे हैं, ऐसे भयङ्कर बर्तावको देखकर अर्जुन प्रार्थना करते हैं कि आप प्रसन्न हो जाइये ।

'विज्ञातुमिच्छामि भवन्तमाद्यं न हि प्रजानामि तव प्रवृत्तिम्'—भगवान्‌का पहला अवतार विराट् (संसारके) रूपमें ही हुआ था । इस वास्ते अर्जुन कहते हैं कि आदिनारायण ! आपको मैं स्पष्टरूपसे नहीं जानता हूँ । मैं आपकी इस प्रवृत्तिको भी नहीं जानता हूँ कि आप यहाँ क्यों प्रकट हुए हैं ? और आपके मुखोंमें हमारे पक्षके तथा विपक्षके बहुत-से योद्धा प्रविष्ट होते जा रहे हैं, अतः वास्तवमें आप क्या करना चाहते हैं ? तात्पर्य यह हुआ कि आप कौन हैं और क्या करना चाहते हैं—इस बातको मैं जानना चाहता हूँ और इसको आप ही स्पष्टरूपसे बताइये ।

एक प्रश्न होता है कि भगवान्‌का पहला अवतार विराट् (संसारके) रूपमें हुआ और अभी अर्जुन भगवान्‌के किसी एक देशमें विराट्‌रूप देख रहे हैं—ये दोनों विराट्‌रूप एक ही हैं या

अलग-अलग ? इसका उत्तर यह है कि वास्तविक बात तो भगवान् ही जानें, पर विचार करनेसे ऐसा प्रतीत होता है कि अर्जुनने जो विराट्रूप देखा था, उसीके अन्तर्गत यह संसाररूपी विराट्रूप भी था। जैसे कहा जाता है कि भगवान् सर्वव्यापी हैं, तो इसका तात्पर्य केवल इतना ही नहीं है कि भगवान् केवल सम्पूर्ण संसारमें ही व्याप्त हैं, प्रत्युत भगवान् संसारसे बाहर भी व्याप्त हैं। संसार तो भगवान्के किसी अंशमें है तथा ऐसी अनन्त सृष्टियाँ भगवान्के किसी अंशमें हैं। ऐसे ही अर्जुन जिस विराट्रूपको देख रहे हैं, उसमें यह संसार भी है और इसके सिवाय और भी बहुत कुछ है।

सम्बन्ध—

पूर्वश्लोकमें अर्जुनने प्रार्थनापूर्वक जो प्रश्न किया था, उसका यथार्थ उत्तर भगवान् अगले श्लोकमें देते हैं।

श्लोक—

श्रीभगवानुवाच

कालोऽस्मि लोकक्षयकृत्प्रवृद्धो
लोकान्समाहर्तुमिह प्रवृत्तः।
ऋतेऽपि त्वां न भविष्यन्ति सर्वे
येऽवस्थिताः प्रत्यनीकेषु योधाः ॥ ३२ ॥

अर्थ—

श्रीभगवान् बोले—मैं सम्पूर्ण लोकोंका क्षय करनेवाला बढ़ा हुआ काल हूँ और इस समय मैं इन सब लोगोंका संहार करनेके लिये यहाँ आया हूँ। तुम्हारे प्रतिपक्षमें जो योद्धालोग खड़े हैं, वे सब तुम्हारे युद्ध किये बिना भी नहीं रहेंगे।

व्याख्या—

[भगवान्‌का विश्वरूप विचार करनेपर बहुत विलक्षण मालूम देता है, क्योंकि उसको देखनेमें अर्जुनकी दिव्यदृष्टि भी पूरी तरहसे काम नहीं कर रही है और वे विश्वरूपको कठिनतासे देखे जानेयोग्य बताते हैं—'दुर्निरीक्ष्यं समन्तात्' (११ । १७)। यहाँ भी वे भगवान्‌से पूछ बैठते हैं कि उग्र रूपवाले आप कौन हैं ? ऐसा मालूम देता है कि अगर अर्जुन भयभीत होकर ऐसा नहीं पूछते तो भगवान् और अधिक विलक्षणरूपसे प्रकट होते ही चले जाते। परन्तु अर्जुनके बीचमें ही पूछनेसे भगवान्‌ने और आगेका रूप दिखाना बंद कर दिया और अर्जुनके प्रश्नका उत्तर देने लगे।]

'कालोऽस्मि लोकक्षयकृत्प्रवृद्धः'—पूर्वश्लोकमें अर्जुनने पूछा था कि उग्ररूपवाले आप कौन हैं—'आख्याहि मे को भवानुग्ररूपः' उसके उत्तरमें विराट्‌रूप भगवान् कहते हैं कि मैं सम्पूर्ण लोकोंका क्षय (नाश) करनेवाला बड़ा भयंकर रूपसे बढ़ा हुआ अक्षय काल हूँ।

'लोकान्समाहर्तुमिह प्रवृत्तः'—अर्जुनने पूछा था कि मैं आपकी प्रवृत्तिको नहीं जान रहा हूँ—'न हि प्रजानामि तव प्रवृत्तिम्' अर्थात् आप यहाँ क्या करने आये हैं ? उसके उत्तरमें भगवान् कहते हैं कि मैं इस समय दोनों सेनाओंका संहार करनेके लिये ही यहाँ आया हूँ।

'ऋतेऽपि त्वां न भविष्यन्ति सर्वे येऽवस्थिताः प्रत्यनीकेषु योधाः'—

तुमने पहले यह कहा था कि मैं युद्ध नहीं करूँगा—'न योत्स्ये' (२ । ९) तो क्या तुम्हारे युद्ध किये बिना ये प्रतिपक्षी नहीं मरेंगे ? अर्थात् तुम्हारे युद्ध करने और न करनेसे कोई फरक नहीं पड़ेगा। कारण कि मैं सबका संहार करनेके लिये प्रवृत्त हुआ हूँ। यह बात तुमने विराट्‌रूपमें भी देख ली है कि तुम्हारे पक्षकी और विपक्षकी दोनों सेनाएँ मेरे भयंकर मुखोंमें प्रविष्ट हो रही हैं।

अब यहाँ एक शङ्का होती है कि अर्जुनने अपनी और कौरव-पक्षकी सेनाके सभी लोगोंको भगवान्‌के मुखोंमें जाकर नष्ट होते हुए देखा था, तो फिर भगवान्‌ने यहाँ केवल प्रतिपक्षकी ही बात क्यों कही कि तुम्हारे युद्ध किये बिना भी ये प्रतिपक्षी नहीं रहेंगे ? इसका तात्पर्य है कि अगर अर्जुन युद्ध करते तो केवल प्रतिपक्षियोंको ही मारते और युद्ध नहीं करते तो प्रतिपक्षियोंको नहीं मारते। अब भगवान् कहते हैं कि तेरे बिना मारे ही न तो ये प्रतिपक्षी बचेंगे और न तुम्हारे पक्षवाले ही बचेंगे, क्योंकि मैं कालरूपसे सबको खा जाऊँगा। तात्पर्य यह है कि इन सबका संहार तो होनेवाला ही है, तू केवल अपने युद्धरूप कर्तव्यका पालन कर ले।

एक शङ्का यह भी होती है कि यहाँ भगवान् अर्जुनसे कहते हैं कि प्रतिपक्षके योद्धालोग तुम्हारे युद्ध किये बिना भी नहीं रहेंगे, फिर इस युद्धमें प्रतिपक्षके अश्वत्थामा आदि योद्धा कैसे बच गये ? इसका समाधान है कि यहाँ भगवान्‌ने उन्हीं योद्धाओंके मरनेकी बात कही है, जिनको अर्जुन मार सकते हैं और जिनको अर्जुन आगे मारेंगे। अतः भगवान्‌के कथनका तात्पर्य है कि

जिन योद्धाओंको तू मार सकता है, वे सभी तेरे मारे बिना ही मर जायँगे। जिनको तू आगे मारेगा, वे मेरे द्वारा पहलेसे ही मारे हुए हैं—'मयैवैते निहता पूर्वमेव' (११ । ३३)।

सम्बन्ध—

पूर्व श्लोकमें भगवान्ने कहा था कि तेरे मारे बिना भी ये प्रतिपक्षी योद्धा नहीं रहेंगे। ऐसी स्थितिमें अर्जुनको क्या करना चाहिये? इसके उत्तरमें भगवान् अगले दो श्लोकोंमें अर्जुनको निमित्तमात्र बनकर युद्ध करनेकी आज्ञा देते हैं।

श्लोक—

तस्मात्त्वमुत्तिष्ठ यशो लभस्व
जित्वा शत्रून्भुङ्क्ष्व राज्यं समृद्धम्।
मयैवैते निहताः पूर्वमेव
निमित्तमात्रं भव सव्यसाचिन् ॥ ३३ ॥

अर्थ—

इसलिये तुम युद्धके लिये खड़े हो जाओ और यशको प्राप्त करो तथा शत्रुओंको जीतकर धन-धान्यसे सम्पन्न राज्यको भोगो। ये सब मेरे द्वारा पहलेसे ही मारे हुए हैं। हे सव्यसाचिन्! तू निमित्तमात्र बन जा।

व्याख्या—

'तस्मात्त्वमुत्तिष्ठ यशो लभस्व'—हे [illegible] तुमने देखा ही कि तुम्हारे मारे बिना भी ये [illegible] तो तू खड़ा होकर युद्धके लिये खड़ा हो [illegible] आप मर रहे। इसका तात्पर्य है कि [illegible]

जो होकर ही रहेगा और इसको मैंने तेरेको प्रत्यक्ष दिखा भी दिया है। इस वास्ते तू युद्ध करेगा तो तेरेको मुफ्तमें ही यश मिलेगा और लोग भी कहेंगे कि अर्जुनने विजय कर ली।

'यशो लभस्व' कहनेका यह अर्थ नहीं है कि यशकी प्राप्ति होनेपर तुम फूल जाओ कि 'वाह ! मैंने विजय प्राप्त कर ली', प्रत्युत तू ऐसा समझ कि जैसे ये प्रतिपक्षी मेरे द्वारा मारे हुए ही मरेंगे, ऐसे ही यश भी जो होनेवाला है, वही होगा। अगर तू यशको अपने पुरुषार्थसे प्राप्त मानकर राजी होगा, तो तू फलमें बँध जायगा—'फले सक्तो निबध्यते' (गीता ५।१२)। तात्पर्य यह हुआ कि लाभ-हानि, यश-अपयश सब प्रभुके हाथमें है। इस वास्ते मनुष्य इनके साथ अपना सम्बन्ध न जोड़े, क्योंकि ये तो होनहार हैं।

'जित्वा शत्रून् भुङ्क्ष्व राज्यं समृद्धम्'—समृद्ध राज्यमें दो बातें होती हैं—(१) राज्य निष्कण्टक हो अर्थात् उसमें बाधा देनेवाला कोई भी शत्रु या प्रतिपक्षी न रहे और (२) राज्य धन-धान्यसे सम्पन्न हो अर्थात् प्रजाके पास खूब धन-सम्पत्ति हो, हाथी, घोड़े, गाय, जमीन, मकान, जलाशय आदि आवश्यक वस्तुएँ भरपूर हों, प्रजाके खानेके लिये भरपूर अन्न हो। इन दोनों बातोंसे ही राज्यकी समृद्धता, पूर्णता होती है। भगवान् अर्जुनसे कहते हैं कि शत्रुओंको जीतकर तुम ऐसे निष्कण्टक और धन-धान्यसे सम्पन्न राज्यको भोगो।

यहाँ राज्यको भोगनेका अर्थ अनुकूलताका सुख भोगनेमें नहीं है, प्रत्युत यह अर्थ है कि साधारण लोग जिसे भोग मानते हैं, उस राज्यको भी तुम अनायास प्राप्त कर लो।

'मयैवैते निहताः पूर्वमेव'—तू मुफ्तमें ही यश और राज्यको कैसे प्राप्त कर लेगा, इसका हेतु बताते हैं कि यहाँ जितने भी आये हुए हैं, उन सबकी आयु समाप्त हो चुकी है अर्थात् कालरूप मेरे द्वारा ये पहलेसे ही मारे जा चुके हैं।

'निमित्तमात्रं भव सव्यसाचिन्'—बायें हाथसे बाण चलानेके कारण अर्थात् दायें और बायें—दोनों हाथोंसे बाण चलानेके कारण अर्जुनका नाम 'सव्यसाची' था*। इस नामसे सम्बोधित करके भगवान् अर्जुनसे यह कहते हैं कि तुम दोनों हाथोंसे बाण चलाओ अर्थात् युद्धमें अपनी पूरी शक्ति लगाओ, पर बनना है निमित्तमात्र। निमित्तमात्र बननेका तात्पर्य अपने बल, बुद्धि, पराक्रम आदियों कम लगानेमें नहीं है, प्रत्युत इनको सावधानीपूर्वक पूरा-का-पूरा लगाना है। परन्तु मैंने मार दिया, मैंने विजय प्राप्त कर ली—यह अभिमान नहीं करना है, क्योंकि ये सब मेरे द्वारा पहलेसे ही मारे हुए हैं। इस वास्ते तेरेको केवल निमित्तमात्र बनना है, कोई नया काम नहीं करना है।

निमित्तमात्र बनकर कार्य करनेमें अपनी ओरसे किसी भी अंशमें कोई कमी नहीं रहनी चाहिये, प्रत्युत पूरी-की-पूरी शक्ति लगाकर सावधानीपूर्वक कार्य करना चाहिये। कार्यकी सिद्धिमें अपने अभिमानका किञ्चिन्मात्र भी अंश नहीं रखना चाहिये। जैसे,

---

* उभौ मे दक्षिणौ पाणी गाण्डीवस्य विकर्षणे।
तेन देवमनुष्येषु सव्यसाची मतो ह्यहम्॥
(महा० विरा० ४४। १९)

भगवान् श्रीकृष्णने गोवर्धन पर्वत उठाया तो उन्होंने ग्वालबालोंसे कहा कि तुमलोग भी पर्वतके नीचे अपनी-अपनी लाठियाँ लगाओ। सभी ग्वालबालोंने अपनी लाठियाँ लगायीं और वे ऐसा समझने लगे कि हम सबकी लाठियाँ लगनेसे ही पर्वत ऊपर ठहरा हुआ है। वास्तवमें पर्वत ठहरा हुआ था भगवान्के बायें हाथकी छोटी अंगुलीके नखपर! ग्वालबालोंमें जब इस तरहका अभिमान हुआ तो भगवान्ने अपनी अंगुली थोड़ी सी नीचे कर ली। अंगुली नीचे करते ही पर्वत नीचे आने लगा तो ग्वालबालोंने पुकारकर भगवान्से कहा—'अरे दादा! मरे! मरे!! मरे!!!' भगवान्ने कहा कि जोरसे शक्ति लगाओ। पर वे सब-के-सब एक साथ अपनी पूरी शक्ति लगाकर भी पर्वतको ऊँचा नहीं कर सके। तब भगवान्ने पुनः अपनी अंगुलीसे पर्वतको ऊँचा कर दिया। ऐसे ही साधकको परमात्मप्राप्तिके लिये अपने बल, बुद्धि, योग्यता आदिको तो पूरा-का-पूरा लगाना चाहिये, उसमें कभी किञ्चिन्मात्र भी कमी नहीं करनी चाहिये, पर परमात्माका अनुभव होनेमें बल, उद्योग, योग्यता, तत्परता, जितेन्द्रियता, परिश्रम आदिको कारण मानकर अभिमान नहीं करना चाहिये। उसे तो केवल भगवान्की कृपाको ही कारण मानना चाहिये। भगवान्ने भी गीतामें कहा है कि शाश्वत अविनाशी पदकी प्राप्ति मेरी कृपासे होगी—**'मत्प्रसादादवाप्नोति शाश्वतं पदमव्ययम्'** (१८ । ५६), और सम्पूर्ण विघ्नोंको मेरी कृपासे तर जायगा—**मच्चित्तः सर्वदुर्गाणि मत्प्रसादात्तरिष्यसि'** (१८ । ५८)। इससे यह सिद्ध हुआ कि केवल निमित्तमात्र बननेसे साधकको परमात्माकी प्राप्ति हो जाती है।

जब साधक अपना बल मानते हुए साधन करता है तो अपना बल माननेके कारण उसको बार-बार विफलताका अनुभव होता रहता है और तत्त्वकी प्राप्तिमें देरी लगती है। अगर साधक अपने बलका किञ्चिन्मात्र भी अभिमान न करे तो सिद्धि तत्काल हो जाती है। कारण कि परमात्मा तो नित्यप्राप्त हैं ही, केवल अपने पुरुषार्थके अभिमानके कारण ही उनका अनुभव नहीं हो रहा था। इस पुरुषार्थके अभिमानको दूर करनेमें ही 'निमित्तमात्र भव' पदोंका तात्पर्य है।

कर्मोंमें जो अपने करनेका अभिमान है कि 'मैं करता हूँ तो होता है, अगर मैं नहीं करूँ तो नहीं होगा', यह केवल अज्ञानके कारण ही अपनेमें आरोपित कर रखा है। अगर मनुष्य अभिमान और फलेच्छाका त्याग करके प्राप्त परिस्थितिके अनुसार कर्तव्य-कर्म करनेमें निमित्तमात्र बन जाय, तो उसका उद्धार स्वतःसिद्ध है। कारण कि जो होनेवाला है, वह तो होगा ही, उसको कोई अपनी शक्तिसे रोक नहीं सकता, और जो नहीं होनेवाला है, वह नहीं होगा, उसको कोई अपने बलबुद्धिसे कर नहीं सकता। इस पल्ले सिद्धि-असिद्धिमें सम रहते हुए कर्तव्य-कर्मोंका पालन किया जाय तो मुक्ति स्वतःसिद्ध है। जन्म, नरकोंकी प्राप्ति, चौरासी लाख योनियोंकी प्राप्ति—ये सभी कृतिसाध्य हैं और मुक्ति, कल्याण, भगवत्प्राप्ति, भगवत्प्रेम आदि सभी स्वतःसिद्ध हैं।

श्लोक—

द्रोणं च भीष्मं च जयद्रथं च
कर्णं तथान्यानपि योधवीरान्।
मया हतांस्त्वं जहि मा व्यथिष्ठा
युध्यस्व जेतासि रणे सपत्नान् ॥ ३४ ॥

अर्थ—

द्रोण, भीष्म, जयद्रथ और कर्ण तथा अन्य सभी मेरे द्वारा मारे हुए शूरवीरोंको तू मार। तू व्यथा मत कर, युद्ध कर। युद्धमें तू वैरियोंको जीतेगा।

व्याख्या—

'द्रोणं च भीष्मं च जयद्रथं च कर्णं तथान्यानपि योधवीरान् मया हतांस्त्वं जहि'—अर्जुनकी दृष्टिमें गुरु द्रोणाचार्य, पितामह भीष्म, जयद्रथ और कर्ण तथा अन्य जितने भी प्रतिपक्षके नामी शूरवीर हैं, जिनपर विजय करना बड़ा कठिन काम है*, उन सबकी आयु समाप्त हो चुकी है अर्थात् वे सब कालरूप मेरे द्वारा मारे जा चुके हैं। इस वास्ते हे अर्जुन! मेरे द्वारा मारे हुए शूरवीरोंको तू मार दे।

भगवान्‌के द्वारा पिछले श्लोकमें **'मयैवैते निहताः पूर्वमेव'** और यहाँ **'मया हतांस्त्वं जहि'** कहनेका तात्पर्य यह कि तू इनपर

---

* भीष्म, द्रोण और कर्ण अपनी शूरवीरताके संसारमें प्रसिद्ध थे, इस वास्ते इनको जीतनेमें कठिनता थी। जयद्रथ तो ऐसा कोई नामी शूरवीर था नहीं, पर उसको एक वरदान था कि 'तुम्हारा सिर कोई पृथ्वीपर गिरा देगा तो उस (सिर गिरानेवाले) के सिरके सौ टुकड़े हो जायँगे। इस वरदानके कारण जयद्रथको मारनेमें कठिनता थी।

विजय कर, पर विजयमें अपना अभिमान मत रख कि मैंने विजय की है, क्योंकि ये सब-के-सब मेरे द्वारा पहलेसे ही मारे हुए हैं।

'मा व्यथिष्ठा युध्यस्व'—अर्जुन पितामह भीष्म और गुरु द्रोणाचार्यको मारनेमें पाप समझते थे, यही अर्जुनके मनमें व्यथा थी। इस वास्ते भगवान् कह रहे हैं कि वह व्यथा भी तुम मत करो अर्थात् भीष्म, और द्रोण (आदि) को मारनेसे हिंसा आदि दोषोंका विचार करनेकी तेरेको किञ्चिन्मात्र भी आवश्यकता नहीं है। तुम अपने क्षात्रधर्मका अनुष्ठान करो अर्थात् युद्ध करो। इसका त्याग मत करो।

'जेतासि रणे सपत्नान्'—इस युद्धमें तू वैरियोंको जीतेगा। ऐसा कहनेका तात्पर्य है कि पहले (गीता २। ६ में) अर्जुनने कहा था कि हम उनको जीतेंगे या वे हमको जीतेंगे—इसका हमको पता नहीं। इस प्रकार अर्जुनके मनमें सन्देह था। यहाँ ग्यारहवें अध्यायके आरम्भमें भगवान्ने अर्जुनको विश्वरूप देखनेकी आज्ञा दी, तो उसमें भगवान्ने कहा कि तू और भी जो कुछ देखना चाहे, वह देख ले (११। ७) अर्थात् किसकी जय होगी और किसकी पराजय होगी—यह भी तू देख ले। फिर भगवान्ने विराट्‌रूपके अन्तर्गत भीष्म, द्रोण और कर्णको नाशको प्राप्त दिखा दी और इस श्लोकमें यह बात स्पष्टरूपसे कह दी कि युद्धमें तेरी विजय होगी।

विशेष बात

साधकको अपने मनमें बार-बार भगवान्, पदार्थ, व्यक्तियोंका जो आकर्षण होता है, उसमें यह समझा जाता है कि

मेरा उद्योग कुछ भी काम नहीं कर रहा है, अत यह आकर्षण कैसे मिटे। भगवान् 'मयैवैते निहता पूर्वमेव' और 'मया हतास्त्व जहि' पदोंसे ढाढस बँधाते हुए मानो यह आश्वासन देते हैं कि तुम्हारेको अपने साधनमें जो वस्तुओ आदिका आकर्षण दिखायी देता है, और वृत्तियाँ खराब होती हुई दीखती हैं, ये सब-के-सब निर्जीव नागवान् हैं और मेरे द्वारा मारे हुए हैं। इस वास्ते साधक इनको महत्त्व न दे।

'दुर्गुण दुराचार दूर नहीं हो रहे हैं, क्या करूँ!'—ऐसी चिन्ता होनेमें तो साधकका अभिमान ही कारण है और 'ये दूर होने चाहिये और जल्दी होने चाहिये'—इसमें भगवान्‌के विश्वास-की, भरोसेकी, आश्रयकी कमी है। दुर्गुण-दुराचार अच्छे नहीं लगते, सुहाते नहीं, इसमें दोष नहीं है। दोष है चिन्ता करनेमें। इस वास्ते साधकको कभी चिन्ता नहीं करनी चाहिये।

'मेरे द्वारा मरे हुएको तू मार'—इस कथनसे यह शंका होती है कि कालरूप भगवान्‌के द्वारा सब-के सब मारे हुए हैं तो संसारमें कोई किसीको मारता है तो वह भगवान्‌के द्वारा मारे हुएको ही मारता है। अत मारनेवालेको पाप नहीं लगना चाहिये। इसका समाधान यह है कि किसीको मारनेका या दुःख देनेका अधिकार मनुष्यको नहीं है। उसको तो सबकी सेवा करनेका, सबको सुख पहुँचानेका ही अधिकार है। अगर मारनेका अधिकार मनुष्यको होता तो विधि निषेध अर्थात् शुभ काम करो, अशुभ मत करो—ऐसा शास्त्रोंका, गुरुजनों, सन्तोंका कहना ही व्यर्थ हो जाता।

वह विधि-निषेध किसपर लागू होगा? इस वास्ते मनुष्य किसीको मारता है या दुःख देता है तो उसको पाप लगेगा ही, क्योंकि यह उसकी राग-द्वेषपूर्वक अनधिकार चेष्टा है। परंतु क्षत्रियके लिये शास्त्रविहित युद्ध प्राप्त हो जाय, तो स्वार्थ और अहंकारका त्याग करके कर्तव्य-पालन करनेसे पाप नहीं लगता, क्योंकि यह क्षत्रियका स्वधर्म है।

अब इसपर विचार करना है कि अगर भगवान्‌ने जो पहलेसे ही रच रखा है, उसीको मनुष्य करेगा, तो फिर इस मनुष्य-जन्मकी विशेषता ही क्या रही? मनुष्यमें और पशु-पक्षी आदिमें अन्तर ही क्या रहा? इसका समाधान यह है कि मनुष्यशरीरमें दो बातें हैं—पुराने कर्मोंका फलभोग और नया पुरुषार्थ। दूसरी योनियोंमें केवल पुराने कर्मोंका फलभोग है अर्थात् कीट-पतंग, पशु-पक्षी, देवता, ब्रह्मलोकतककी योनियाँ भोग-योनियाँ हैं। इस वास्ते उनके लिये 'ऐसा करो और ऐसा मत करो'—यह विधान भी नहीं है। पशु-पक्षी, कीट-पतंग आदि जो कुछ करते हैं, उनका वह कर्म भी फलभोगमें है। कारण कि उनके द्वारा किया जानेवाला कर्म उनके प्रारब्धके अनुसार पहलेसे ही रचा हुआ है। उनके जीवनमें अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थितिका जो कुछ भोग होता है, वह भोग भी फल-भोगमें ही है। परन्तु मनुष्यशरीर तो केवल नये पुरुषार्थके लिये ही मिला है, जिससे यह अपना उद्धार कर ले।

इस मनुष्यशरीरमें दो विभाग हैं—एक तो इसके सामने पुराने कर्मोंके फलरूपमें अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थिति आती है, और दूसरा

यह नया पुरुषार्थ (नये कर्म) करता है । नये कर्मोंके अनुसार ही इसके भविष्यका निर्माण होता है । इस वास्ते शास्त्र, सन्त-महापुरुषोंका विधि-निषेध, राज्य आदिका शासन केवल मनुष्योंके लिये ही होता है, क्योंकि मनुष्यमें पुरुषार्थकी प्रधानता है, नये कर्मोंको करनेकी स्वतन्त्रता है । परंतु पिछले कर्मोंके फलस्वरूप मिलनेवाली अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थितिको बदलनेमें यह परतन्त्र है। तात्पर्य है कि मनुष्य करनेमें स्वतन्त्र और फल-प्राप्तिमें परतन्त्र है। परन्तु अनुकूल-प्रतिकूलरूपसे प्राप्त परिस्थितिका सदुपयोग करके मनुष्य उसको अपने उद्धारकी साधन-सामग्री बना सकता है। यह मनुष्यशरीर अपने उद्धारके लिये ही मिला है । इस वास्ते इसमें नया पुरुषार्थ भी उद्धारके लिये है और पुराने कर्मोंके फलरूपसे प्राप्त परिस्थिति भी उद्धारके लिये ही है।

इसमें एक विशेष समझनेकी बात है कि इस मनुष्य-जीवनमें प्रारब्धके अनुसार जो भी शुभ या अशुभ परिस्थिति आती है, उस परिस्थितिको मनुष्य सुखदायी या दुःखदायी तो मान सकता है, पर वास्तवमें देखा जाय तो उस परिस्थितिसे सुखी या दुःखी होना कर्मोंका फल नहीं है, प्रत्युत मूर्खताका फल है । कारण कि परिस्थिति तो बाहरसे बनती है, और सुखी-दुःखी होता है यह स्वयं । उस परिस्थितिके साथ तादात्म्य करके ही यह सुख-दुःखका भोक्ता बनता है । अगर मनुष्य उस परिस्थितिके साथ तादात्म्य न करके उसका सदुपयोग करे, तो वही परिस्थिति उद्धार करनेके लिये साधन-सामग्री बन जायगी। सुखदायी परिस्थितिका

नाम 'किरीटी' पड़ गया* । यहाँ 'किरीटी' कहनेका तात्पर्य है कि जिन्होंने बड़े-बड़े राक्षसोंको मारकर इन्द्रकी सहायता की थी, वे अर्जुन भी भगवान्‌के विराट्‌रूपको देखकर कम्पित हो रहे हैं ।

'नमस्कृत्वा भूय एवाह कृष्णं सगद्गदं भीतभीतः प्रणम्य'—काल सबका भक्षण करता है, किसीको भी छोड़ता नहीं । कारण कि यह भगवान्‌की संहारशक्ति है, जो हरदम संहार करती ही रहती है । इधर अर्जुनने जब भगवान्‌के अत्युग्र विराट्‌रूपको देखा तो उनको लगा कि भगवान् कालके भी काल—महाकाल हैं । उनके सिवाय दूसरा कोई भी कालसे बचानेवाला नहीं है । इस वास्ते अर्जुन भयभीत होकर भगवान्‌को बार-बार प्रणाम करते हैं ।

'भूयः' कहनेका तात्पर्य है कि पहले पन्द्रहवेंसे इकतीसवें श्लोकतक अर्जुनने भगवान्‌की स्तुति और नमस्कार किया, अब फिर भगवान्‌की स्तुति और नमस्कार करते हैं ।

हर्षसे भी वाणी गद्गद होती है और भयसे भी । यहाँ भयका विषय है । अगर अर्जुन बहुत ज्यादा भयभीत होते तो वे बोल ही न सकते । परन्तु अर्जुन गद्गद वाणीसे बोलते हैं । इससे सिद्ध होता है कि वे इतने भयभीत नहीं हैं ।

सम्बन्ध—

अब अगले श्लोकसे अर्जुन भगवान्‌की स्तुति करना आरम्भ करते हैं ।

---

* पुरा शक्रेण मे दत्तं युध्यतो दानवर्षभैः ।
किरीटं मूर्ध्नि सूर्याभं तेनाहुर्मां किरीटिनम् ॥
(महा० विराट० ४४ । १७)

श्लोक—

अर्जुन उवाच

स्थाने हृषीकेश तव प्रकीर्त्या
जगत्प्रहृष्यत्यनुरज्यते च ।
रक्षांसि भीतानि दिशो द्रवन्ति
सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसङ्घाः ॥ ३६ ॥

अर्थ—

अर्जुन बोले—हे अन्तर्यामी भगवन् ! आपके नाम, गुण, लीलाका कीर्तन करनेसे यह सम्पूर्ण जगत् हर्षित हो रहा है और अनुराग-(प्रेम-) को प्राप्त हो रहा है । आपके नाम, गुण आदिके कीर्तनसे भयभीत होकर राक्षसलोग दसों दिशाओंमें भागते हुए जा रहे हैं और सम्पूर्ण सिद्धगण आपको नमस्कार कर रहे हैं । यह सब होना उचित ही है ।

व्याख्या—

[संसारमें यह देखा जाता है कि जो व्यक्ति अत्यन्त भयभीत हो जाता है, उससे बोला नहीं जाता । अर्जुन भगवान्‌का अत्युग्र रूप देखकर अत्यन्त भयभीत हो गये थे । फिर उन्होंने इस (छत्तीसवें) श्लोकसे लेकर छियालीसवें श्लोकतक भगवान्‌की स्तुति कैसे की ? इसका समाधान यह है कि यद्यपि अर्जुन भगवान्‌के अत्यन्त उग्र (भयानक) विश्वरूपको देखकर भयभीत हो रहे थे, तथापि वे भयभीत होनेके साथ-साथ हर्षित भी हो रहे थे, जैसा कि अर्जुनने आगे कहा है—'अदृष्टपूर्वं हृषितोऽस्मि दृष्ट्वा भयेन च प्रव्यथितं मनो मे' (११ । ४५) । इससे यह सिद्ध होता है कि अर्जुन इतने भयभीत नहीं हुए थे, जिससे कि वे भगवान्‌की स्तुति भी न कर सकें ।]

'हृषीकेश'—इन्द्रियोंका नाम 'हृषीक' है, और उनके 'ईश' अर्थात् मालिक भगवान् हैं। इस वास्ते यहाँ इस सम्बोधनका तात्पर्य है कि आप सबके हृदयमें विराजमान रहकर इन्द्रियाँ, अन्तःकरण आदिको सत्ता-स्फूर्ति देनेवाले हैं।

'तव प्रकीर्त्या जगत्प्रहृष्यत्यनुरज्यते च'—संसारसे विमुख होकर आपको प्रसन्न करनेके लिये आपके नामोंका, गुणोंका कीर्तन करते हैं, आपकी लीलाके पद गाते हैं, आपके चरित्रोंका कथन और श्रवण करते हैं, तो इससे सम्पूर्ण जगत् हर्षित होता है। तात्पर्य यह है कि संसारकी तरफ चलनेसे तो सबको जलन होती है, परस्पर राग द्वेष पैदा होते हैं, पर जो आपके सम्मुख होकर आपका भजन-कीर्तन करते हैं, उनके द्वारा मात्र जीवोंको शान्ति मिलती है, मात्र जीव प्रसन्न हो जाते हैं। उन जीवोंको पता लगे चाहे न लगे, पर ऐसा होता है।

जैसे भगवान् अवतार लेते हैं तो सम्पूर्ण स्थावर-जङ्गम, जड़-चेतन जगत् हर्षित हो जाता है अर्थात् वृक्ष, लता आदि स्थावर, देवता, मनुष्य, ऋषि, मुनि, किन्नर, गन्धर्व, पशु, पक्षी आदि जङ्गम, नदी, सरोवर आदि जड़—सब-के-सब प्रसन्न हो जाते हैं। ऐसे ही भगवान्के नाम, लीला, गुण आदिके कीर्तनका सर्वोपर असर पड़ता है और सभी हर्षित होते हैं।

'रक्षांसि भीतानि दिशो द्रवन्ति'—जितने राक्षस हैं, भूत, प्रेत, पिशाच हैं, वे सब-के-सब आपके नामों और गुणोंका कीर्तन

करनेसे, आपके चरित्रोंका पठन-कथन करनेसे भयभीत होकर भाग जाते हैं।*

राक्षस, भूत, प्रेत आदिके भयभीत होकर भाग जानेमें भगवान्‌के नाम, गुण आदि कारण नहीं हैं, प्रत्युत उनके अपने खुदके पाप ही कारण हैं। अपने पापोंके कारण ही वे पवित्रोंमें महान् पवित्र और मङ्गलोंमें महान् मङ्गलस्वरूप भगवान्‌के गुणगानको सह नहीं सकते, और जहाँ गुणगान होता है, वहाँ वे टिक नहीं सकते। अगर उनमेंसे कोई टिक जाता है तो उनका सुधार हो जाता है। उसकी वह दुष्ट योनि छूट जाती है और उसका कल्याण हो जाता है।

'सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसङ्घाः'—सिद्धोंके, सन्त-महात्माओंके और भगवान्‌की तरफ चलनेवाले साधकोंके जितने समुदाय हैं, वे सब-के-सब आपके नामों और गुणोंके कीर्तनको तथा आपकी लीलाओंको सुनकर आपको नमस्कार करते हैं।

यह ध्यान रहे कि यह सब-का-सब दृश्य भगवान्‌के नित्य, दिव्य, अलौकिक विराट्‌रूपमें ही है। उसीमें एक-एकसे विचित्र लीलाएँ हो रही हैं।

---

* न यत्र श्रवणादीनि रक्षोघ्नानि स्वकर्मसु।
कुर्वन्ति सात्वतां भर्तुर्यातुधान्यश्च तत्र हि॥
(श्रीमद्भा० १०। ६। ३)

'जहाँके लोग अपने प्रतिदिनके कामोंमें राक्षसोंके भयको दूर भगानेवाले भगवान्‌के नाम, गुण, लीलाके श्रवण, कीर्तन आदि नहीं करते, वहीं ऐसी राक्षसियोंका बल चलता है।'

'स्थाने'—यह सब यथोचित ही है और ऐसा ही होना चाहिये तथा ऐसा ही हो रहा है। कारण कि आपकी तरफ चलनेसे शान्ति, आनन्द, प्रसन्नता होती है, विघ्नोंका नाश होता है, और आपसे विमुख होनेपर दुःख-ही-दुःख, अशान्ति-ही-अशान्ति होती है। तात्पर्य है कि आपका अंश यह जीव आपके सम्मुख होनेमें सुख पाता है, उसमें शान्ति, क्षमा, नम्रता आदि गुण प्रकट हो जाते हैं और आपके विमुख होनेसे दुःख पाता है—यह सब उचित ही है।

यह जीवात्मा परमात्मा और संसारके बीचका है। यह स्वरूपसे तो साक्षात् परमात्माका अंश है और प्रकृतिके अंशको इसने पकड़ा है। अब यह ज्यों-ज्यों प्रकृतिकी तरफ झुकता है, त्यों-ही-त्यों इसमें संग्रह और भोगोंकी इच्छा बढ़ती है। संग्रह और भोगोंकी प्राप्तिके लिये यह ज्यों-ज्यों उद्योग करता है, त्यों-ही-त्यों इसमें अभाव, अशान्ति, दुःख, जलन, सन्ताप आदि बढ़ते चले जाते हैं। परन्तु संसारसे विमुख होकर यह जीवात्मा ज्यों-ज्यों भगवान्‌के सम्मुख होता है, त्यों-ही-त्यों यह आनन्दित होता है और इसका दुःख मिटता चला जाता है। इसी बातको इस श्लोकमें कहा गया है।

सम्बन्ध—

पूर्वश्लोकमें 'स्थाने' पदसे जो औचित्य बताया है, उसकी अगले श्लोकमें पुष्टि करते हैं।

श्लोक—

कस्माच्च ते न नमेरन्महात्मन्
गरीयसे ब्रह्मणोऽप्यादिकर्त्रे।
अनन्त देवेश जगन्निवास
त्वमक्षरं सदसत्तत्परं यत् ॥ ३७ ॥

अर्थ—

हे महात्मन् ! गुरुओंके भी गुरु और ब्रह्माके भी आदिकर्ता आपके लिये (वे सिद्धगण) नमस्कार क्यों नहीं करें ? क्योंकि हे अनन्त ! हे देवेश ! हे जगन्निवास ! आप अक्षरस्वरूप हैं, आप सत् भी हैं, असत् भी हैं और सत्-असत्से पर भी जो कुछ है, वह भी आप ही हैं।

व्याख्या—

'कस्माच्च ते न नमेरन्महात्मन् गरीयसे ब्रह्मणोऽप्यादिकर्त्रे'—आदिरूपसे प्रकट होनेवाले महान् स्वरूप आपको (पूर्वोक्त सिद्धगण) नमस्कार क्यों न करें ? नमस्कार दोको किया जाता है—(१) जिनसे मनुष्यको शिक्षा मिलती है, प्रकाश मिलता है, ऐसे आचार्य, गुरुजन आदिको नमस्कार किया जाता है, और (२) जिनसे हमारा जन्म हुआ है, उन माता पिताको तथा आयु, विद्या आदिमें अपनेसे बड़े पुरुषोंको नमस्कार किया जाता है। अर्जुन कहते हैं कि आप गुरुओंके भी गुरु हैं—'गरीयसे'*और आप सृष्टिकी रचना करनेवाले पितामह ब्रह्माजीको भी उत्पन्न करनेवाले हैं—'ब्रह्मणोऽप्यादिकर्त्रे'। अतः सिद्ध महापुरुष आपको नमस्कार करें, यह तो उचित ही है।

'अनन्त'—आपको देश, काल, वस्तु, व्यक्ति आदि किसी भी तरहसे देखें, आपका अन्त नहीं आता। तात्पर्य है कि आपको देशकी

---

* पतञ्जलि महाराजने कहा है कि वे परमात्मा पहले-से-पहले जो ब्रह्मा आदि प्रकट हुए हैं, उनके भी गुरु हैं—'पूर्वेषामपि गुरुः' (योगदर्शन १। २६)।

दृष्टिसे देखें तो आपका कहाँसे आरम्भ हुआ है और कहाँ जाकर अन्त होगा—ऐसा है ही नहीं। कालकी दृष्टिसे देखा जाय तो आप कबसे हैं और कबतक रहेंगे—इसका कोई अन्त नहीं है। वस्तु, व्यक्ति आदिकी दृष्टिसे देखें तो आप वस्तु, व्यक्ति आदि कितने रूपोंमें हैं—इसका कोई आदि और अन्त नहीं है। सब दृष्टियोंसे आप अनन्त ही-अनन्त हैं। बुद्धि आदि कोई भी दृष्टि आपको देखने जाती है तो वह दृष्टि खत्म हो जाती है, पर आपका अन्त नहीं आता। इस वास्ते सब तरफसे आप सीमारहित हैं, अपार हैं, अगाध हैं।

'देवेश'—इन्द्र, वरुण आदि अनेक देवता हैं, जिनका शास्त्रोंमें वर्णन आता है। इनके अतिरिक्त भी बहुत-से ऐसे देवता हैं, जिनका अभीतक ऋषियों-मुनियोंको ज्ञान नहीं हुआ है और शास्त्रोंमें भी वर्णन नहीं हुआ है। ऐसे सब ज्ञात और अज्ञात देवताओंके आप मालिक हैं, नियन्ता हैं, शासक हैं। इस वास्ते आप 'देवेश' हैं।

'जगन्निवास'—अनन्त सृष्टियाँ आपके किसी अंशमें निरन्तर-रूपसे निवास कर रही हैं, तो भी आपका वह अंश पूरा नहीं होता, प्रत्युत खाली रहता है। ऐसे आप असीम 'जगन्निवास' हैं।

'त्वमक्षरं सदसत्तत्परं यत्'—आप अक्षरस्वरूप हैं*। जिसकी स्वतन्त्र सत्ता है, वह 'सत्' भी आप हैं, और जिसकी

---

* आठवें अध्यायके आरम्भमें अर्जुनके द्वारा 'किं तद्ब्रह्म'—ऐसा पूछनेपर भगवान्‌ने उत्तर दिया—'अक्षरं ब्रह्म परमम्' (८।३)। उसी अक्षर ब्रह्मको अर्जुनने पहले 'त्वमक्षरं परमं वेदितव्यम्' (११।१८) कहा और यहाँ 'त्वमक्षरम्' पदोंसे कहा है।

स्वतन्त्र सत्ता नहीं है, प्रत्युत सत्के आश्रित ही जिसकी सत्ता प्रतीत होती है, वह 'असत्' भी आप ही हैं। जो सत् और असत्—दोनोंसे विलक्षण है, जिसका किसी तरहसे निर्वचन नहीं हो सकता, मन-बुद्धि इन्द्रियाँ आदि किसीसे भी जिसकी कल्पना नहीं कर सकते अर्थात् जो सम्पूर्ण कल्पनाओंसे सर्वथा अतीत हैं, वह भी आप ही हैं।

तात्पर्य यह हुआ कि आपसे बढ़कर दूसरा कोई है नहीं, हो सकता नहीं और होना सम्भव भी नहीं—ऐसे आपको नमस्कार करना उचित ही है।

श्लोक—

त्वमादिदेवः पुरुषः पुराण-
स्त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम्।
वेत्तासि वेद्यं च परं च धाम
त्वया ततं विश्वमनन्तरूप ॥ ३८ ॥

अर्थ—

आप ही आदिदेव और पुराणपुरुष हैं तथा आप ही इस संसारके परम आश्रय हैं। आप ही सबको जाननेवाले, जाननेयोग्य और परमधाम हैं। हे अनन्तरूप ! आपसे ही सम्पूर्ण संसार व्याप्त है।

व्याख्या—

'त्वमादिदेवः पुरुषः पुराणः'—आप सम्पूर्ण देवताओंके आदिदेव हैं, क्योंकि सबसे पहले आप ही प्रकट होते हैं। आप पुराणपुरुष हैं, क्योंकि आप सदासे हैं और सदा ही रहनेवाले हैं।

दृष्टिसे देखें तो आपका कहाँसे आरम्भ हुआ है और कहाँ जाकर अन्त होगा—ऐसा है ही नहीं। कालकी दृष्टिसे देखा जाय तो आप कबसे हैं और कबतक रहेंगे—इसका कोई अन्त नहीं है। वस्तु, व्यक्ति आदिकी दृष्टिसे देखें तो आप वस्तु, व्यक्ति आदि कितने रूपोंमें हैं—इसका कोई आदि और अन्त नहीं है। सब दृष्टियोंसे आप अनन्त-ही-अनन्त हैं। बुद्धि आदि कोई भी दृष्टि आपको देखने जाती है तो वह दृष्टि खतम हो जाती है, पर आपका अन्त नहीं आता। इस वास्ते सब तरफसे आप सीमारहित हैं, अपार हैं, अगाध हैं।

'देवेश'—इन्द्र, वरुण आदि अनेक देवता हैं, जिनका शास्त्रोंमें वर्णन आता है। इनके अतिरिक्त भी बहुत-से ऐसे देवता हैं, जिनका अभीतक ऋषियों-मुनियोंको ज्ञान नहीं हुआ है और शास्त्रोंमें भी वर्णन नहीं हुआ है। ऐसे सब ज्ञात और अज्ञात देवताओंके आप मालिक हैं, नियन्ता हैं, शासक हैं। इस वास्ते आप 'देवेश' हैं।

'जगन्निवास'—अनन्त सृष्टियाँ आपके किसी अंशमें विस्तृत-रूपसे निवास कर रही हैं, तो भी आपका वह अंश पूरा नहीं होता, प्रत्युत खाली रहता है। ऐसे आप असीम 'जगन्निवास' हैं।

'त्वमक्षरं सदसत्तत्परं यत्'—आप अक्षरस्वरूप हैं*। जिसकी स्वतःसिद्ध स्वतन्त्र सत्ता है, वह 'सत्' भी आप हैं, और जिसकी

* आठवें अध्यायके आरम्भमें अर्जुनके द्वारा 'किं तद्ब्रह्म'—ऐसा पूछनेपर भगवान्‌ने उत्तर दिया—'अक्षरं ब्रह्म परमम्' (८।३)। उसी अक्षर ब्रह्मको अर्जुनने पहले 'त्वमक्षरं परमं वेदितव्यम्' (११।१८) पदोंसे और यहाँ 'त्वमक्षरम्' पदसे कहा है।

स्वतन्त्र सत्ता नहीं है, प्रत्युत सत्के आश्रित ही जिसकी सत्ता प्रतीत होती है, वह 'असत्' भी आप ही हैं। जो सत् और असत्—दोनोंसे विलक्षण है, जिसका किसी तरहसे निर्वचन नहीं हो सकता, मन-बुद्धि-इन्द्रियाँ आदि किसीसे भी जिसकी कल्पना नहीं कर सकते अर्थात् जो सम्पूर्ण कल्पनाओंसे सर्वथा अतीत है, वह भी आप ही हैं।

तात्पर्य यह हुआ कि आपसे बढ़कर दूसरा कोई है नहीं, हो सकता नहीं और होना सम्भव भी नहीं—ऐसे आपको नमस्कार करना उचित ही है।

श्लोक—

त्वमादिदेवः पुरुषः पुराण-
स्त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम्।
वेत्तासि वेद्यं च परं च धाम
त्वया ततं विश्वमनन्तरूप ॥ ३८ ॥

अर्थ—

आप ही आदिदेव और पुराणपुरुष हैं तथा आप ही इस संसारके परम आश्रय हैं। आप ही सबको जाननेवाले, जाननेयोग्य और परमधाम हैं। हे अनन्तरूप! आपसे ही सम्पूर्ण संसार व्याप्त है।

व्याख्या—

'त्वमादिदेवः पुरुषः पुराणः'—आप सम्पूर्ण देवताओंके आदिदेव हैं, क्योंकि सबसे पहले आप ही प्रकट होते हैं। आप पुराणपुरुष हैं, क्योंकि आप सदासे हैं और सदा ही रहनेवाले हैं।

दृष्टिसे देखें तो आपका कहाँसे आरम्भ हुआ है और कहाँ जाकर अन्त होगा—ऐसा है ही नहीं। कालकी दृष्टिसे देखा जाय तो आप कबसे हैं और कबतक रहेंगे—इसका कोई अन्त नहीं है। वस्तु, व्यक्ति आदिकी दृष्टिसे देखें तो आप वस्तु, व्यक्ति आदि कितने रूपोंमें हैं—इसका कोई आदि और अन्त नहीं है। सब दृष्टियोंसे आप अनन्त-ही-अनन्त हैं। बुद्धि आदि कोई भी दृष्टि आपको देखने जाती है तो वह दृष्टि खत्म हो जाती है, पर आपका अन्त नहीं आता। इस वास्ते सब तरफसे आप सीमारहित हैं, अपार हैं, अगाध हैं।

'देवेश'—इन्द्र, वरुण आदि अनेक देवता हैं, जिनका शास्त्रोंमें वर्णन आता है। इनके अतिरिक्त भी बहुत-से ऐसे देवता हैं, जिनका अभीतक ऋषियों-मुनियोंको ज्ञान नहीं हुआ है और शास्त्रोंमें भी वर्णन नहीं हुआ है। ऐसे सब ज्ञात और अज्ञात देवताओंके आप मालिक हैं, नियन्ता हैं, शासक हैं। इस वास्ते आप 'देवेश' हैं।

'जगन्निवास'—अनन्त सृष्टियाँ आपके किसी अंशमें विस्तृत-रूपसे निवास कर रही हैं, तो भी आपका वह अंश पूरा नहीं होता, प्रत्युत खाली रहता है। ऐसे आप असीम 'जगन्निवास' हैं।

'त्वमक्षरं सदसत्तत्परं यत्'—आप अक्षरस्वरूप हैं*। जिसकी स्वतःसिद्ध स्वतन्त्र सत्ता है, वह 'सत्' भी आप हैं, और जिसकी

---

* आठवें अध्यायके आरम्भमें अर्जुनके द्वारा 'किं तद्ब्रह्म'—ऐसा पूछनेपर भगवान्ने उत्तर दिया—'अक्षरं ब्रह्म परमम्' (८।३)। उसी अक्षर ब्रह्मको अर्जुनने पहले 'त्वमक्षरं परमं वेदितव्यम्' (११।१८) पदोंसे और यहाँ 'त्वमक्षरं' पदोंसे कहा है।

स्वतन्त्र सत्ता नहीं है, प्रत्युत सत्के आश्रित ही जिसकी सत्ता प्रतीत होती है, वह 'असत्' भी आप ही हैं। जो सत् और असत्—दोनोंसे विलक्षण है, जिसका किसी तरहसे निर्वचन नहीं हो सकता, मन-बुद्धि-इन्द्रियाँ आदि किसीसे भी जिसकी कल्पना नहीं कर सकते अर्थात् जो सम्पूर्ण कल्पनाओंसे सर्वथा अतीत है, वह भी आप ही हैं।

तात्पर्य यह हुआ कि आपसे बढ़कर दूसरा कोई है नहीं, हो सकता नहीं और होना सम्भव भी नहीं—ऐसे आपको नमस्कार करना उचित ही है।

श्लोक—

त्वमादिदेवः पुरुषः पुराण-
स्त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम्।
वेत्तासि वेद्यं च परं च धाम
त्वया ततं विश्वमनन्तरूप ॥ ३८ ॥

अर्थ—

आप ही आदिदेव और पुराणपुरुष हैं तथा आप ही इस संसारके परम आश्रय हैं। आप ही सबको जाननेवाले, जाननेयोग्य और परमधाम हैं। हे अनन्तरूप! आपसे ही सम्पूर्ण संसार व्याप्त है।

व्याख्या—

'त्वमादिदेवः पुरुषः पुराणः'—आप सम्पूर्ण देवताओंके आदिदेव हैं, क्योंकि सबसे पहले आप ही प्रकट होते हैं। आप पुराणपुरुष हैं, क्योंकि आप सदासे हैं और सदा ही रहनेवाले हैं।

हैं, वे सब-के-सब आप ही हैं। आप अनन्तस्वरूप हैं। आपकी मैं क्या स्तुति करूँ? क्या महिमा गाऊँ? मैं तो आपको हजारों बार नमस्कार ही कर सकता हूँ। मैं और कर ही क्या सकता हूँ?

कुछ भी करनेकी जिम्मेवारी मनुष्यपर तभीतक रहती है, जबतक अपनेमें करनेका बल अर्थात् अभिमान रहता है। जब अपनेमें कुछ भी करनेकी सामर्थ्य नहीं रहती तो उसपर करनेकी जिम्मेवारी बिलकुल नहीं रहती। अब वह केवल नमस्कार ही करता है अर्थात् अपने-आपको सर्वथा भगवान्‌के समर्पित कर देता है। फिर करने-करानेका सब काम शरण्य-(भगवान्-) का ही रहता है, शरणागतका नहीं।

श्लोक—

नमः पुरस्तादथ पृष्ठतस्ते
नमोऽस्तु ते सर्वत एव सर्व।
अनन्तवीर्यामितविक्रमस्त्वं
सर्वं समाप्नोषि ततोऽसि सर्वः ॥४०॥

अर्थ—

हे सर्व! आपको आगेसे नमस्कार हो! पीछेसे नमस्कार हो! सब ओरसे ही नमस्कार हो! हे अनन्तवीर्य! अमित विक्रमवाले आपने सबको समावृत कर रखा है, इस वास्ते सब कुछ आप ही हैं।

व्याख्या—

'नमः पुरस्तादथ पृष्ठतस्ते नमोऽस्तु ते सर्वत एव सर्व'— अर्जुन, भयभीत हैं। मैं क्या बोलूँ—यह उनके ख्यालमें नहीं आ

रहा है। इस वास्ते वे आगेसे, पीछेसे, सब ओरसे अर्थात् दसों दिशाओं-से केवल नमस्कार-ही-नमस्कार कर रहे हैं।

'अनन्तवीर्यामितविक्रमस्त्वम्'—'अनन्तवीर्य' कहनेका तात्पर्य है कि आप तेज, बल आदिसे भी अनन्त हैं, और 'अमितविक्रम' कहनेका तात्पर्य है कि आपके पराक्रमयुक्त संरक्षण आदि कार्य भी असीम हैं। इस तरह आपकी शक्ति भी अनन्त है और पराक्रम भी अनन्त है।

'सर्वं समाप्नोषि ततोऽसि सर्वः'—आपने सबको समावृत कर रखा है अर्थात् सम्पूर्ण संसार आपके अन्तर्गत है। संसारका कोई भी अंश ऐसा नहीं है, जो कि आपके अन्तर्गत न हो।

अर्जुन एक बड़ी अलौकिक, विलक्षण बात देख रहे हैं कि भगवान् अनन्त सृष्टियोंमें परिपूर्ण, व्याप्त हो रहे हैं और अनन्त सृष्टियाँ भगवान्‌के किसी अंशमें हैं।

सम्बन्ध—

अब अगले दो श्लोकोंमें अर्जुन भगवान्‌से प्रार्थना करके क्षमा माँगते हैं।

श्लोक—

सखेति मत्वा प्रसभं यदुक्तं
हे कृष्ण हे यादव हे सखेति।
अजानता महिमानं तवेदं
मया प्रमादात्प्रणयेन वापि ॥ ४१ ॥

यच्चावहासार्थमसत्कृतोऽसि
विहारशय्यासनभोजनेषु ।
एकोऽथवाप्यच्युत तत्समक्षं
तत्क्षामये त्वामहमप्रमेयम् ॥ ४२ ॥

अर्थ—

आपकी महिमा और स्वरूपको न जानते हुए 'मेरे सखा हैं' ऐसा मानकर मैंने प्रमादसे अथवा प्रेमसे (बिना सोचे-समझे) 'हे कृष्ण ! हे यादव ! हे सखे !' इस प्रकार जो कुछ कहा है और हे अच्युत ! हँसी-दिल्लगीमें, चलते-फिरते, सोते-जागते, उठते-बैठते, खाते-पीते समयमें अकेले अथवा उन सखाओं, कुटुम्बियों आदिके सामने मेरे द्वारा आपका जो कुछ तिरस्कार किया गया है, वह सब अप्रमेयस्वरूप आपसे मैं क्षमा करवाता हूँ ।

व्याख्या—

[जब अर्जुन विराट् भगवान्‌के अद्भुत रूपको देखकर भयभीत होते हैं तो भगवान्‌के कृष्ण रूपको भूल जाते हैं और पूछ बैठते हैं कि उग्ररूपवाले आप कौन हैं ? परन्तु जब उनको भगवान् कृष्णकी स्मृति आती है कि वे ये ही हैं, तो भगवान्‌के प्रभाव आदिको देखकर उनको सखाभावसे किये हुए पुराने व्यवहारकी याद आ जाती है और उसके लिये वे भगवान्‌से क्षमा माँगते हैं ।]

'सखेति मत्वा प्रसभ यदुक्त हे कृष्ण हे यादव हे सखेति'— जो बड़े आदमी होते हैं, श्रेष्ठ पुरुष होते हैं, उनको साक्षात् नामसे नहीं पुकारा जाता । उनके लिये तो 'आप', 'महाराज' आदि शब्दोंका प्रयोग होता है । परंतु मैंने आपको कभी 'हे कृष्ण' कह दिया, कभी 'हे यादव' कह दिया और कभी 'हे सखे' कह दिया । इसका कारण

क्या था ? 'अजानता महिमानं तवेदम् *'—इसका कारण यह था कि मैंने आपकी ऐसी महिमाको और स्वरूपको नहीं जाना कि आप ऐसे विलक्षण हैं। आपके अन्तर्गत अनन्तकोटि ब्रह्माण्ड विराजमान हैं—ऐसा मैं पहले नहीं जानता था। आपके प्रभावकी तरफ मेरी दृष्टि ही नहीं गयी। मैंने कभी सोचा-समझा ही नहीं कि आप कौन हैं और कैसे हैं।

यद्यपि अर्जुन भगवान्‌के स्वरूपको, महिमाको, प्रभावको पहले भी जानते थे, तभी तो उन्होंने एक अक्षौहिणी सेनाको छोड़कर निःशस्त्र भगवान्‌को स्वीकार किया था, तथापि भगवान्‌के शरीरके किसी एक अंशमें अनन्तकोटि ब्रह्माण्ड यथावकाश स्थित हैं—ऐसे प्रभावको, स्वरूपको, महिमाको अर्जुनने पहले नहीं जाना। जब भगवान्‌ने कृपा करके विश्वरूप दिखाया, तो उसको देखकर ही अर्जुनकी दृष्टि भगवान्‌के प्रभावकी तरफ गयी और वे भगवान्‌को कुछ जानने लगे। उनका यह विचित्र भाव हो गया कि 'कहाँ तो मैं और कहाँ ये देवोंके देव !' परन्तु मैंने प्रमादसे अथवा प्रेमसे हठपूर्वक, बिना सोचे-समझे, जो मनमें आया सो कह दिया—**'मया प्रमादात्प्रणयेन वापि'** बोलनेमें मैंने बिल्कुल ही सावधानी नहीं रखी।

* 'महिमानं तव इदम्'—इसमें आया 'इदम्' पद 'महिमानम्'का विशेषण नहीं है, क्योंकि 'महिमानम्' पद पुँल्लिङ्गमें आया है और 'इदम्' पद नपुंसकलिङ्गमें आया है। इस वास्ते यहाँ 'इदम्' का अर्थ 'स्वरूप' लिया गया है। इस दृष्टिसे 'महिमानं तव इदम्' का अर्थ हुआ—आपकी महिमा और स्वरूप।

वास्तवमें भगवान्‌की महिमाको सर्वथा कोई जान ही नहीं सकता, क्योंकि भगवान्‌की महिमा अनन्त है। अगर वह सर्वथा जाननेमें आ जायगी तो उसकी अनन्तता नहीं रहेगी, वह सीमित हो जायगी। जब भगवान्‌की सामर्थ्यसे उत्पन्न होनेवाली विभूतियोंका भी अन्त नहीं है, तो भगवान् और उनकी महिमाका अन्त कैसे आ सकता है? अर्थात् आ ही नहीं सकता।

'यच्चावहासार्थमसत्कृतोऽसि विहारशय्यासनभोजनेषु'— मैंने आपको बराबरीका साधारण मित्र समझकर हँसी-दिल्लगी करते समय, रास्तेमें चलते-फिरते समय, शय्यापर सोते-जागते समय, आसनपर उठते-बैठते समय, भोजन करते समय जो कुछ अपमानके शब्द कहे, आपका अपमान किया अथवा हे अच्युत! आप अकेले थे, उस समय या इन सखाओं, कुटुम्बीजनों, सभ्य व्यक्तियों आदिके सामने मैंने आपका जो कुछ तिरस्कार किया है, वह सब मैं आपसे क्षमा करवाता हूँ—'एकोऽथवाप्यच्युत तत्समक्षं तत्क्षामये त्वामहमप्रमेयम्'।

अर्जुन और भगवान्‌की मित्रताका ऐसा वर्णन आता है कि जैसे दो मित्र आपसमें खेलते हैं, ऐसे ही अर्जुन भगवान्‌के साथ खेलते थे। कभी स्नान करते तो अर्जुन हाथोंसे भगवान्‌के ऊपर जल फेंकते और भगवान् अर्जुनके ऊपर। कभी अर्जुन भगवान्‌के पीछे दौड़ते तो कभी भगवान् अर्जुनके पीछे दौड़ते। कभी दोनों आपसमें हँसते-हँसाते। कभी दोनों परस्पर अपनी-अपनी विजय कथाएँ सुनाते। कभी भगवान् सो जाते तो अर्जुन कहते—'तुम इतने

फैलकर सो गये हो, दूसरा कोई सोयेगा कि नहीं ? तुम अकेले ही हो क्या ?' कभी भगवान् आसनपर बैठ जाते तो अर्जुन कहते—'आसनपर तुम अकेले ही बैठोगे क्या ? और किसीको बैठने दोगे कि नहीं ? अकेले ही आधिपत्य जमा लिया ! जरा एक तरफ तो खिसक जाओ !' इस प्रकार अर्जुन भगवान्के साथ बहुत ही घनिष्ठताका व्यवहार करते थे*। अब अर्जुन उन अपराधोंको याद करके कहते हैं कि हे भगवन् ! मैंने न जाने ऐसे कितने-कितने अपराध किये हैं। मेरेको तो सब अपराध याद भी नहीं हैं। यद्यपि आपने मेरे अपराधोंकी तरफ ख्याल नहीं किया, तथापि मेरे द्वारा आपके बहुत-से अपराध हुए हैं, इस वास्ते मैं अप्रमेयस्वरूप आपसे सब अपराध क्षमा करवाता हूँ। भगवान्को 'अप्रमेय' कहनेका तात्पर्य है कि दिव्यदृष्टि होनेपर भी आप दिव्यदृष्टिके अन्तर्गत नहीं आते हैं।

---

* शय्यासनाटनविकत्थनभोजनादि-
ष्वैक्याद् वयस्य ऋतवानिति विप्रलब्धः ।
सख्युः सखेव पितृवत्तनयस्य सर्वं
सेहे महान् महितया कुमतेरघं मे ॥
(श्रीमद्भा० १।१५।१९)

अर्जुन कहते हैं—'भगवान् श्रीकृष्णके साथ सोने, बैठने, घूमने, बातचीत करने और भोजनादि करनेमें मेरा उनका ऐसा सहज भाव हो गया था कि मैं कभी-कभी 'हे सखे ! तुम तो बड़े सच्चे बोलनेवाले हो !' ऐसा कहकर आक्षेप भी करता था। परन्तु वे महात्मा प्रभु अपने बड़प्पनके अनुसार मुझ कुबुद्धिके उन समस्त अपराधोंको वैसे ही सहा करते थे, जैसे मित्र अपने मित्रके अपराधको या पिता अपने पुत्रके अपराधको सहा करता है।'

सम्बन्ध—

अब अगले दो श्लोकोंमें अर्जुन भगवान्‌की महत्ता और प्रभावका वर्णन करके पुनः अपराध क्षमा करनेके लिये प्रार्थना करते हैं।

श्लोक—

पितासि लोकस्य चराचरस्य
त्वमस्य पूज्यश्च गुरुर्गरीयान्।
न त्वत्समोऽस्त्यभ्यधिकः कुतोऽन्यो
लोकत्रयेऽप्यप्रतिमप्रभाव ॥ ४३ ॥

अर्थ—

आप ही इस चराचर संसारके पिता हैं, आप ही पूजनीय हैं और आप ही गुरुओंके महान् गुरु हैं। हे अनन्त प्रभावशाली भगवन्! इस त्रिलोकीमें आपके समान भी दूसरा कोई नहीं है, फिर अधिक तो हो ही कैसे सकता है?

व्याख्या—

'पितासि लोकस्य चराचरस्य'—अनन्त ब्रह्माण्डोंमें मनुष्य, पशु, पक्षी आदि जितने जंगम प्राणी हैं और वृक्ष, लता आदि जितने स्थावर प्राणी हैं, उन सबको उत्पन्न करनेवाले और उनका पालन करनेवाले पिता भी आप हैं, उनके पूजनीय भी आप हैं तथा उनको शिक्षा देनेवाले महान् गुरु भी आप ही हैं—'त्वमस्य पूज्यश्च गुरुर्गरीयान्'।

'गुरुर्गरीयान्' कहनेका तात्पर्य है कि प्राणिमात्रको व्यवहार और परमार्थमें—जहाँ-कहीं भी गुरुजनोंसे जो शिक्षा मिलती है, उन शिक्षा

देनेवाले गुरुओंके भी महान् गुरु आप ही हैं अर्थात् मात्र शिक्षाका, मात्र ज्ञानका उद्गम-स्थान आप ही हैं।

'न त्वत्समोऽस्त्यभ्यधिकः कुतोऽन्यो लोकत्रयेऽप्यप्रतिमप्रभाव'—इस त्रिलोकीमें जब आपके समान भी कोई नहीं है, कोई होगा नहीं और कोई हो सकता ही नहीं, तो आपसे अधिक विलक्षण कोई हो ही कैसे सकता है? इस वास्ते आपका प्रभाव अतुलनीय है, उसकी तुलना किसीसे भी नहीं की जा सकती।

श्लोक—

तस्मात्प्रणम्य प्रणिधाय कायं
प्रसादये त्वामहमीशमीड्यम्।
पितेव पुत्रस्य सखेव सख्युः
प्रियः प्रियायार्हसि देव सोढुम् ॥ ४४ ॥

अर्थ—

इसलिये शरीरसे लम्बा पड़कर स्तुति करनेयोग्य आप ईश्वरको मैं प्रणाम करके प्रसन्न करना चाहता हूँ। जैसे पिता पुत्रके, मित्र मित्रके और पति पत्नीके अपमानको सह लेता है, ऐसे ही हे देव! आप मेरे द्वारा किया अपमान सहनेमें समर्थ हैं।

व्याख्या—

'तस्मात्प्रणम्य प्रणिधाय कायं प्रसादये त्वामहमीशमीड्यम्'—जब आपके समान भी कोई नहीं है, तो आपसे बढ़कर कोई हो ही कैसे सकता है? ऐसे आप अनन्त ब्रह्माण्डोंके ईश्वर हैं। इस वास्ते सबके द्वारा स्तुति करनेयोग्य आप ही हैं। आपके गुण, प्रभाव, महत्त्व आदि अनन्त हैं, अतः ऋषि, महर्षि, देवता,

महापुरुष आपकी नित्य-निरन्तर स्तुति करते रहें तो भी पार नहीं पा सकते। ऐसे स्तुति करनेयोग्य आपकी मैं क्या स्तुति कर सकता हूँ? मेरेमें आपकी स्तुति करनेका बल नहीं है, सामर्थ्य नहीं है। इस वास्ते मैं तो केवल आपके चरणोंमें लम्बा पड़कर दण्डवत् प्रणाम ही कर सकता हूँ और इसीसे आपको प्रसन्न करना चाहता हूँ।

'पितेव पुत्रस्य सखेव सख्युः प्रियः प्रियायार्हसि देव सोढुम्'—किसीका अपमान होता है तो उसमें मुख्य तीन कारण होते हैं—(१) प्रमाद (असावधानी) से (२) हँसी दिल्लगी, विनोदमें ख्याल न रहनेसे और (३) अपनेपनकी घनिष्ठता होनेपर अपने साथ रहनेवालेका महत्त्व न जाननेसे। जैसे, गोदीमें बैठा हुआ छोटा बच्चा अज्ञानवश पिताकी दाढ़ी-मूँछ खींचता है, मुँहपर थप्पड़ लगाता है, कभी कहीं लात मार देता है तो बच्चेकी ऐसी चेष्टा देखकर पिता राजी ही होता है, प्रसन्न ही होता है। वह अपनेमें यह भाव लाता ही नहीं कि पुत्र मेरा अपमान कर रहा है। मित्रके साथ चलते-फिरते, उठते-बैठते आदि समय चाहे जैसा व्यवहार करता है, चाहे जैसा बोल देता है, जैसे—'तुम बड़े सत्य बोलते हो जी! तुम तो बड़े लखपति हो! अब तो तुम बड़े आदमी हो गये हो! तुम तो बहुत अभिमान करने लग गये हो! आज मानो तुम राजा ही बन गये हो!' आदि, पर उसका मित्र इसकी बातोंका ख्याल नहीं करता। वह तो यही समझता है कि हम बराबरीके मित्र हैं, ऐसी हँसी-दिल्लगी तो होती ही रहती है।

पत्नीके द्वारा आपसके प्रेमके कारण उठने-बैठने, बातचीत करने आदिमें पतिकी जो कुछ अवहेलना होती है, उसे पति सह लेता है। जैसे, पति नीचे बैठा है तो वह ऊँचे आसनपर बैठ जाती है, कभी किसी बातको लेकर अवहेलना भी कर देती है, पर पति उसे स्वाभाविक ही सह लेता है। अर्जुन कहते हैं कि जैसे पिता पुत्रके, मित्र मित्रके और पति पत्नीके अपमानको सह लेता है अर्थात् क्षमा कर देता है, ऐसे ही हे भगवन्! आप मेरे अपमानको सहनेमें समर्थ हैं अर्थात् इसके लिये मैं आपसे क्षमा माँगता हूँ।

इकतालीसवें-बयालीसवें श्लोकोंमें अर्जुनने तीन बातें कही थीं— **'प्रमादात्'** (प्रमादसे), **'अवहासार्थम्'** (हँसी दिल्लगीसे) और **'प्रणयेन'** (प्रेमसे)। उन्हीं तीन बातोंका सङ्केत अर्जुनने यहाँ तीन दृष्टान्त देकर किया है अर्थात् प्रमादके लिये पिता-पुत्रका, हँसी-दिल्लगीके लिये मित्र-मित्रका और प्रेमके लिये पति-पत्नीका दृष्टान्त दिया है।

ग्यारहवें अध्यायमें ग्यारह रसोंका वर्णन

ग्यारहवें अध्यायमें ग्यारह रसोंका वर्णन इस प्रकार हुआ है— देवरूपका वर्णन होनेसे 'शान्तरस' (११ । १५–१८), स्वर्गसे पृथ्वीतक और दसों दिशाओंमें व्याप्त विराट्‌रूपका वर्णन होनेसे 'अद्भुतरस' (११ । २०), अपनी जिह्वासे सबका ग्रसन कर रहे हैं और सबका संहार करनेके लिये कालरूपसे प्रवृत्त हुए हैं—ऐसा रूप धारण किये होनेसे 'रौद्ररस' (११ । ३०,३२), भयङ्कर विकराल मुख और दाढ़ोंवाला रूप होनेसे 'भीभत्सरस' (११ । २३–२५), तुम युद्धके लिये खड़े हो जाओ—इस रूपमें 'वीररस'

महापुरुष आपकी नित्य-निरन्तर स्तुति करते रहें तो भी पार नहीं पा सकते। ऐसे स्तुति करनेयोग्य आपकी मैं क्या स्तुति कर सकता हूँ? मेरेमें आपकी स्तुति करनेका बल नहीं है, सामर्थ्य नहीं है। इस वास्ते मैं तो केवल आपके चरणोंमें लम्बा पड़कर दण्डवत प्रणाम ही कर सकता हूँ और इसीसे आपको प्रसन्न करना चाहता हूँ।

'पितेव पुत्रस्य सखेव सख्युः प्रियः प्रियायार्हसि देव सोढुम्'—किसीका अपमान होता है तो उसमें मुख्य तीन कारण होते हैं—(१) प्रमाद-(असावधानी-) से (२) हँसी-दिल्लगी, विनोदमें ख्याल न रहनेसे और (३) अपनेपनकी घनिष्ठता होनेपर अपने साथ रहनेवालेका महत्त्व न जाननेसे। जैसे, गोदीमें बैठा हुआ छोटा बच्चा अज्ञानवश पिताकी दाढ़ी-मूँछ खींचता है, मुँहपर थप्पड़ लगाता है, कभी कहीं लात मार देता है तो बच्चेकी ऐसी चेष्टा देखकर पिता राजी ही होता है, प्रसन्न ही होता है। वह अपनेमें यह भाव लाता ही नहीं कि पुत्र मेरा अपमान कर रहा है। मित्र मित्रके साथ चलते फिरते, उठते बैठते आदि समय चाहे जैसा व्यवहार करता है, चाहे जैसा बोल देता है, जैसे—'तुम बड़े सत्य बोलते हो जी! तुम तो बड़े सत्यप्रतिज्ञ हो? अब तो तुम बड़े आदमी हो गये हो! तुम तो खूब अभिमान करने लग गये हो! आज मानो तुम राजा ही बन गये हो! आदि, पर उसका मित्र उसकी इन बातोंका ख्याल नहीं करता। वह तो यही समझता है कि हम बराबरीके मित्र हैं, ऐसी हँसी-दिल्लगी तो होती ही रहती है।

व्याख्या—

[जैसे विराट्रूप दिखानेके लिये मैंने भगवान्‌से प्रार्थना की तो भगवान्‌ने मुझे विराट्रूप दिखा दिया, ऐसे ही देवरूप दिखानेके लिये प्रार्थना करनेपर भगवान् देवरूप दिखायेंगे ही—ऐसी आशा होनेसे अर्जुन भगवान्‌से प्रार्थना करते हैं ।]

'अदृष्टपूर्वं हृषितोऽस्मि दृष्ट्वा भयेन च प्रव्यथितं मनो मे'—आपका ऐसा अलौकिक आश्चर्यमय विशालरूप मैंने पहले कभी नहीं देखा । आपका ऐसा भी रूप है—ऐसी मेरे मनमें सम्भावना भी नहीं थी । ऐसा रूप देखनेकी मेरेमें कोई योग्यता नहीं थी । यह तो केवल आपने अपनी तरफसे ही कृपा करके दिखाया है । इससे मैं अपने-आपको बड़ा सौभाग्यशाली मानकर हर्षित हो रहा हूँ, आपकी कृपाको देखकर गद्गद हो रहा हूँ । परन्तु साथ-ही-साथ आपके स्वरूपकी उग्रताको देखकर मेरा मन भयके कारण अत्यन्त व्यथित हो रहा है, व्याकुल हो रहा है, घबरा रहा है ।

'तदेव मे दर्शय देवरूपम्'—'तत्' (वह) शब्द परोक्षवाची है, अतः 'तदेव' (तत् एव) कहनेसे ऐसा मालूम देता है कि अर्जुनने देवरूप (विष्णुरूप) पहले कभी देखा है, जो अभी सामने नहीं है । विश्वरूप देखनेपर जहाँ अर्जुनकी पहले दृष्टि पड़ी, वहाँ उन्होंने कमलासनपर विराजमान ब्रह्माजीको देखा—'पश्यामि देवास्तव देव देहे ... ब्रह्माणमीशं कमल...

... र से सिद्ध होता है कि वह ...

(११ । ३३), लम्बे पडकर दण्डवत्-प्रणाम आदि करनेसे 'दास्यरस' (११ । ४४ का पूर्वार्ध), मुख्य-मुख्य योद्धाओंको तथा अन्य राजालोगोंको भगवान्‌के मुखमें जाते हुए देखनेसे 'करुणरस' (११ । २८-२९), दृष्टान्तरूपसे मित्र मित्रके, पिता पुत्रके और पति पत्नीके अपराधको सह लेता है—इस रूपमें क्रमश 'सख्यरस', 'वात्सल्यरस' और 'माधुर्यरस' का वर्णन हुआ है (११ । ४४ का उत्तरार्ध) और हँसी आदिकी स्मृतिरूपसे 'हास्यरस' का वर्णन हुआ है (११ । ४२ का पूर्वार्ध) ।

सम्बन्ध—

अब अगले दो श्लोकोंमें अर्जुन चतुर्भुजरूप दिखानेके लिये प्रार्थना करते हैं ।

श्लोक—

अदृष्टपूर्वं हृषितोऽस्मि दृष्ट्वा
भयेन च प्रव्यथितं मनो मे ।
तदेव मे दर्शय देवरूपं
प्रसीद देवेश जगन्निवास ॥ ४५ ॥

अर्थ—

मैंने ऐसा रूप पहले कभी नहीं देखा । इस रूपको देखकर मैं हर्षित हो रहा हूँ और (साथ-ही-साथ) भयसे मेरा मन व्यथित भी हो रहा है । इस वास्ते आप मुझे अपने उसी देवरूपको (सौम्य विष्णुरूपको) दिखाइये । हे देवेश ! हे जगन्निवास ! आप प्रसन्न होइये ।

व्याख्या—

[जैसे विराट्‌रूप दिखानेके लिये मेरे भगवान्‌से प्रार्थना की तो भगवान्‌ने मुझे विराट्‌रूप दिखा दिया, ऐसे ही देवरूप दिखानेके लिये प्रार्थना करनेपर भगवान् देवरूप दिखायेंगे ही—ऐसी आशा होनेसे अर्जुन भगवान्‌से प्रार्थना करते हैं ।]

'अदृष्टपूर्वं हृषितोऽस्मि दृष्ट्वा भयेन च प्रव्यथितं मनो मे'—आपका ऐसा अलौकिक आश्चर्यमय विशालरूप मैंने पहले कभी नहीं देखा । आपका ऐसा भी रूप है—ऐसी मेरे मनमें सम्भावना भी नहीं थी । ऐसा रूप देखनेकी मेरेमें कोई योग्यता नहीं थी । यह तो केवल आपने अपनी तरफसे ही कृपा करके दिखाया है । इससे मैं अपने-आपको बड़ा सौभाग्यशाली मानकर हर्षित हो रहा हूँ, आपकी कृपाको देखकर गद्‌गद हो रहा हूँ । परन्तु साथ-ही-साथ आपके स्वरूपकी उग्रताको देखकर मेरा मन भयके कारण अत्यन्त व्यथित हो रहा है, व्याकुल हो रहा है, घबरा रहा है ।

'तदेव मे दर्शय देवरूपम्'—'तत्' (वह) शब्द परोक्षवाची है, अतः 'तदेव' (तत् एव) कहनेसे ऐसा मालूम देता है कि अर्जुनने देवरूप (विष्णुरूप) पहले कभी देखा है, जो अभी सामने नहीं है । विश्वरूप देखनेपर जहाँ अर्जुनकी पहले दृष्टि पड़ी, वहाँ उन्होंने कमलासनपर विराजमान ब्रह्माजीको देखा—'पश्यामि देवांस्तव देव देहे ... ब्रह्माणमीशं कमलासनस्थम्' (११।१५) । इससे सिद्ध होता है कि वह कमल जिसकी नाभिसे निकला है, उस

शेषशायी चतुर्भुज विष्णुरूपको भी अर्जुनने देखा है। आगे सत्रहवें श्लोकमें अर्जुनने कहा है कि मैं आपको किरीट, गदा, चक्र (और 'च' पदसे शङ्ख और पद्म) धारण किये हुए देख रहा हूँ—'किरीटिनम् गदिन चक्रिण च'। इन दोनों बातोंसे यही सिद्ध होता है कि अर्जुनने विश्वरूपके अन्तर्गत भगवान्‌के जिस विष्णुरूपको देखा था, उसीके लिये अर्जुन यहाँ 'वही देवरूप मेरेको दिखाइये' ऐसा कह रहे हैं।

'देवरूपम' कहनेका तात्पर्य है कि मैंने विराट्‌रूपमें आपके विष्णुरूपको भी देखा था, पर अब आप मेरेको केवल विष्णुरूप ही दिखाइये। दूसरी बात, पद्रहवें श्लोकमें भी अर्जुनने भगवान्‌के लिये 'देव' कहा है—'पश्यामि देवास्तव देव देहे' और यहाँ भी देवरूप दिखानेके लिये कहते हैं। इसका तात्पर्य है कि विराट्‌रूप भी नहीं और मनुष्यरूप भी नहीं, केवल देवरूप दिखाइये। अगले (छियालीसवें) श्लोकमें भी 'तेनैव' पदसे विराट्‌रूप और मनुष्यरूपका निषेध करके चतुर्भुज विष्णुरूप बन जानेके लिये प्रार्थना करते हैं।

'प्रसीद देवश जगन्निवास'—यहाँ 'जगन्निवास' सम्बोधन विश्वरूपका और 'देवेश' सम्बोधन चतुर्भुजरूपका सकेत कर रहा है। अर्जुन ये दो सम्बोधन देकर मानो यह कह रहे हैं कि सम्पूर्ण ससारका निवास आपमें है—ऐसा विश्वरूप तो मैंने देख लिया है और देख ही रहा हूँ। अब आप 'देवेश'—देवताओंके मालिक विष्णुरूपसे हो जाइये।

श्लोक—

किरीटिनं गदिनं चक्रहस्त-
मिच्छामि त्वां द्रष्टुमहं तथैव ।
तेनैव* रूपेण चतुर्भुजेन
सहस्रबाहो भव विश्वमूर्ते ॥ ४६ ॥

अर्थ—

मैं आपको वैसे ही किरीटधारी, गदाधारी और हाथमें चक्र लिये हुए देखना चाहता हूँ । इस वास्ते हे सहस्रबाहो ! हे विश्वमूर्ते ! आप उसी चतुर्भुजरूपसे हो जाइये ।

---

* इदमस्तु स्यात्सन्निकृष्टे समीपतरवर्ति चैतदो रूपम् ।
अदसस्तु विप्रकृष्टे तदिति परोक्षे विजानीयात् ॥

—इस उक्तिके अनुसार 'इदम्' शब्द समीपका, 'एतत्' शब्द अत्यन्त समीपका, 'अदस्' शब्द दूरका और 'तत्' शब्द परोक्षका वाचक है । विश्वरूपमें इन सबका प्रयोग हुआ है, जैसे—विश्वरूप नजदीक होनेसे अर्जुनने अठारहवें, उन्नीसवें आदि श्लोकोंमें 'इदम्' शब्दका, भीष्म, द्रोण आदि विराट्रूप भगवान्‌के अत्यन्त नजदीक होनेसे अर्थात् विराट्रूपका ही अङ्ग होनेसे भगवान्‌ने तेंतीसवें श्लोकमें 'एतत्' शब्दका, भगवान्‌की दी हुई दिव्यदृष्टिसे विराट्रूप बहुत दूरतक दीखता था और उसमें देवता आदि भी दूरतक दीखते थे, इस वास्ते अर्जुनने इक्कीसवें, उन्नीसवें और अट्ठाईसवें श्लोकमें 'अदस्' शब्दका, और विराट्रूपके पहले स्मरण देखा हुआ चतुर्भुज विष्णुरूप विराट्रूपके साथ न रहनेके कारण वह रूप नेत्रोंके सामने न होनेसे अर्थात् परोक्ष होनेसे अर्जुनने 'तत्' शब्दका प्रयोग किया है ।

व्याख्या—

'किरीटिनं गदिनं चक्रहस्तमिच्छामि त्वां द्रष्टुमहं तथैव'—जिसमें आपने सिरपर दिव्य मुकुट तथा हाथोंमें गदा और चक्र धारण कर रखे हैं, उसी रूपको मैं देखना चाहता हूँ।

'तथैव' कहनेका तात्पर्य है कि मेरे द्वारा 'द्रष्टुमिच्छामि ते रूपम्' (११ । ३) ऐसी इच्छा प्रकट करनेसे आपने विराट्रूप दिखाया। अब मैं अपनी इच्छा बाकी क्यों रखूँ? इस वास्ते मैंने आपके विराट्रूपमें जैसा सौम्य चतुर्भुजरूप देखा है, वैसा-का वैसा ही रूप मैं अब देखना चाहता हूँ—'इच्छामि त्वां द्रष्टुमहं तथैव'।

'तेनैव रूपेण चतुर्भुजेन सहस्रबाहो भव विश्वमूर्ते'—पन्द्रहवें और सत्रहवें श्लोकमें जिस विराट्रूपमें चतुर्भुज विष्णुरूपको देखा था, उस विराट्रूपका निषेध करनेके लिये अर्जुन यहाँ 'एव' पद देते हैं। तात्पर्य यह है कि 'तेन चतुर्भुजेन रूपेण'—ये पद तो चतुर्भुजरूप दिखानेके लिये आये हैं और 'एव' पद 'विराट्रूपके साथ नहीं'—ऐसा निषेध करनेके लिये आया है तथा 'भव' पद 'हो जाइये'—ऐसी प्रार्थनाके लिये आया है।

पिछले श्लोकमें 'तदेव' तथा यहाँ 'तथैव' और 'तेनैव'—तीनों पदोंका तात्पर्य है कि अर्जुन विश्वरूपसे बहुत डर गये थे। इस वास्ते तीन बार 'एव' शब्दका प्रयोग करके भगवान्‌से कहते हैं कि मैं आपका केवल विष्णुरूप ही देखना चाहता हूँ, विष्णुरूपके साथ विश्वरूप नहीं। इस वास्ते आप केवल चतुर्भुजरूपसे प्रकट हो जाइये।

'सहस्रबाहो' सम्बोधनका यह भाव मालूम देता है कि हे हजारों हाथोंवाले भगवन् ! आप चार हाथोंवाले हो जाइये, और 'विश्वमूर्ते' सम्बोधनका यह भाव मालूम देता है कि हे अनेक रूपोंवाले भगवन् ! आप एक रूपवाले हो जाइये। तात्पर्य है कि आप विश्वरूपका उपसंहार करके चतुर्भुज विष्णुरूपमें हो जाइये।

सम्बन्ध—

इकतीसवें श्लोकमें अर्जुनने पूछा कि उग्ररूपवाले आप कौन हैं, तो भगवान्‌ने उत्तर दिया कि मैं काल हूँ और सबका संहार करनेके लिये प्रवृत्त हुआ हूँ। ऐसा सुनकर तथा अत्यन्त विकराल रूपको देखकर अर्जुनको ऐसा लगा कि भगवान् बड़े क्रोधमें हैं। इस वास्ते अर्जुन भगवान्‌से बार-बार प्रसन्न होनेके लिये प्रार्थना करते हैं। अर्जुनकी इस भावनाको दूर करनेके लिये भगवान् अगला श्लोक कहते हैं।

श्लोक—

श्रीभगवानुवाच

मया प्रसन्नेन तवार्जुनेदं
रूपं परं दर्शितमात्मयोगात्।
तेजोमयं विश्वमनन्तमाद्यं
यन्मे त्वदन्येन न दृष्टपूर्वम् ॥ ४७ ॥

अर्थ—

श्रीभगवान बोले—हे अर्जुन ! मैंने प्रसन्न हो करके अपनी सामर्थ्यसे यह अत्यन्त श्रेष्ठ, तेजोमय, सबका आदि और अनन्त

विश्वरूप तेरेको दिखाया है। यह विश्वरूप तुम्हारे सिवाय पहले किसीने नहीं देखा है।

व्याख्या—

'मया प्रसन्नेन तवार्जुनेदं रूपं दर्शितम्'—हे अर्जुन! तू बार-बार यह कह रहा है कि आप प्रसन्न हो जाओ (११।२५, ३१, ४५), तो प्यारे भैया! मैंने जो यह विराट्रूप तेरेको दिखाया है, उसमें विकरालरूपको देखकर तू भयभीत हो गया है, पर यह विकरालरूप मैंने क्रोधमें आकर या तेरेको भयभीत करनेके लिये नहीं दिखाया है। मैंने अपनी प्रसन्नतासे ही यह विराट्रूप तेरेको दिखाया है। इसमें तेरी कोई योग्यता, पात्रता अथवा भक्ति कारण नहीं है। तुमने तो पहले केवल विभूति और योगको ही पूछा था। विभूति और योगका वर्णन करके मैंने अन्तमें कहा था कि तेरेको जहाँ-कहीं जो कुछ विलक्षणता दीखे, वहाँ-वहाँ मेरी ही विभूति समझ। इस प्रकार तुम्हारे प्रश्नका उत्तर सम्यक् प्रकारसे मैंने दे ही दिया था। परन्तु वहाँ मैंने 'अथवा' पदसे अपनी ही तरफसे यह बात कही कि तेरेको बहुत जाननेसे क्या मतलब? देखने, सुनने, समझनेमें जो कुछ संसार आता है, उस सम्पूर्ण संसारको मैं अपने किसी अंशमें धारण करके स्थित हूँ। दूसरा भाव यह है कि तेरेको मेरी विभूति और योगशक्तिको जाननेकी क्या जरूरत है? क्योंकि सब विभूतियाँ मेरी योगशक्तिके आश्रित हैं और उस योगशक्तिका आश्रय मैं स्वयं तेरे सामने बैठा हूँ। यह बात तो मैंने विशेष कृपा करके ही कही थी। इस बातको लेकर ही तुम्हारी

विश्वरूप-दर्शनकी इच्छा हुई और मैंने दिव्यचक्षु देकर तुम्हें विश्वरूप दिखाया। यह तो मेरी कोरी प्रसन्नता-ही-प्रसन्नता है। तात्पर्य है कि इस विश्वरूपको दिखानेमें मेरी कृपाके सिवाय दूसरा कोई हेतु नहीं है। तेरी देखनेकी इच्छा तो निमित्तमात्र है।

'आत्मयोगात्'—इस विराट्‌रूपको दिखानेमें मैंने किसीकी सहायता नहीं ली, प्रत्युत केवल अपनी सामर्थ्यसे ही तेरेको यह रूप दिखाया है।

'परम्'—मेरा यह विराट्‌रूप अत्यन्त श्रेष्ठ है।

'तेजोमयम्'—यह मेरा विश्वरूप अत्यन्त तेजोमय है। इस वास्ते दिव्यदृष्टि मिलनेपर भी तुमने इस रूपको दुर्निरीक्ष्य कहा है (११।१७)।

'विश्वम्'—इस रूपको तुमने स्वयं विश्वरूप, विश्वमूर्ते आदि नामोंसे सम्बोधित किया है। मेरा यह रूप सर्वव्यापी है।

'अनन्तमाद्यम्'—मेरे इस विश्वरूपका देश, काल आदिकी दृष्टिसे न तो आदि है और न अन्त ही है। यह सबका आदि है और स्वयं अनादि है।

'यन्मे त्वदन्येन न दृष्टपूर्वम्'—तुम्हारे सिवाय मेरे विश्वरूपको पहले किसीने भी नहीं देखा—यह बात भगवान्‌ने कैसे कही? क्योंकि रामावतारमें माता कौसल्याजीने और कृष्णावतारमें माता यशोदाजीने तथा कौरवसभामें भीष्म, द्रोण, संजय, विदुर और ऋषि-मुनियोंने भगवान्‌का विराट्‌रूप देखा ही था। इसका उत्तर यह है कि भगवान्‌ने अपने विराट्‌रूपके लिये 'इदम्‌रूप' (११।४८)

पद देकर कहा है कि इस प्रकारके भयकर विश्वरूपको, जिसके मुखोमे बडे-बडे योद्धा, सेनापति आदि जा रहे है, पहले किसीने नहा देखा है।

दूसरी बात, अर्जुनके सामने युद्धका मौका होनेसे ऐसा भयकर विश्वरूप दिखानेकी ही आवश्यकता थी और शूरवीर अर्जुन ही ऐसे रूपको देख सकते थे। परन्तु माता कौशल्या आदिके सामने ऐसा रूप दिखानेकी आवश्यकता भी नहीं थी और वे ऐसा रूप देख भी नहीं सकते थे अर्थात् उनमें ऐसा रूप देखनेकी सामर्थ्य नहीं थी।

भगवान्‌ने यह तो कहा है कि इस विश्वरूपको पहले किसीने नहीं देखा, पर वर्तमानमें कोई नहीं देख रहा है—ऐसा नहीं कहा है। कारण कि अर्जुनके साथ साथ सजय भी भगवान्‌के विश्वरूपको देख रहे हैं। अगर सजय न देखते तो वे गीताके अन्तमें यह कैसे कह सकते थे कि भगवान्‌के अति अद्भुत रूपका बार-बार स्मरण करके मेरेको बड़ा भारी विस्मय हो रहा है और मैं बार-बार हर्षित हो रहा हूँ*।

भगवत्कृपा सम्बन्धी विशेष बात

भगवान्‌के द्वारा 'मैंने अपनी प्रसन्नतासे, कृपासे ही तेरेको यह विश्वरूप दिखाया है'—ऐसा कहनेसे एक विलक्षण भाव निकलता

* तच्च सस्मृत्य सस्मृत्य रूपमत्यद्भुत हरे।
विस्मयो मे महान् राजन् हृष्यामि च पुन पुन ॥
(गीता १८। ७७)

है कि साधक अपनेपर भगवान्‌की जितनी कृपा मानता है, उससे कई गुना अधिक भगवान्‌की कृपा होती है। भगवान्‌की जितनी कृपा होती है, उसको माननेकी सामर्थ्य साधकमें नहीं है। कारण कि भगवान्‌की कृपा अपार-असीम है, और उसको माननेकी सामर्थ्य सीमित है।

साधक प्रायः अनुकूल वस्तु, व्यक्ति, परिस्थिति आदिमें भगवान्‌की कृपा मान लेता है अर्थात् सत्सङ्ग मिलता है, साधन ठीक चलता है, वृत्तियाँ ठीक हैं, मन भगवान्‌में ठीक लग रहा है आदिमें वह भगवान्‌की कृपा मान लेता है। इस प्रकार केवल अनुकूलतामें ही कृपा मानना कृपाको सीमामें बाँधना है, जिससे असीम कृपाका अनुभव नहीं होता। उस कृपामें ही राजी होना कृपाका भोग है। साधकको चाहिये कि वह न तो कृपाको सीमामें बाँधे और न कृपाका भोग ही करे।

साधन बननेमें जो सुख होता है, उस सुखमें सुखी होना, राजी होना भी भोग है, जिससे बन्धन होता है—**'सुखसङ्गेन बध्नाति ज्ञानसङ्गेन चानघ'** (गीता १४ । ६)। सुख होना, अथवा सुखका ज्ञान होना दोषी नहीं है, प्रत्युत उसके साथ सङ्ग करना, सुखी होना, प्रसन्न होना ही दोषी है। इससे अर्थात् साधनजन्य सात्त्विक सुख भोगनेसे गुणातीत होनेमें बाधा लगती है। इस वास्ते साधकको बड़ी सावधानीसे इस सुखसे असङ्ग होना चाहिये। जो साधक इस सुखसे असङ्ग नहीं होता अर्थात् उसमें प्रसन्नतापूर्वक सुख लेता रहता है, वह भी यदि अपनी साधनामें तत्परतापूर्वक लगा रहे, तो समय पाकर

उसकी उस सुखसे स्वतः अरुचि हो जायगी। परन्तु जो उस सुखसे सावधानीपूर्वक असङ्ग रहता है, उसे शीघ्र ही वास्तविक तत्त्वका अनुभव हो जायगा।

सम्बन्ध—

विश्वरूप-दर्शनके लिये भगवान्‌की कृपाके सिवाय दूसरा कोई साधन नहीं है—इस बातका अगले श्लोकमें विशेषतासे वर्णन करते हैं।

श्लोक—

न वेदयज्ञाध्ययनैर्न दानै-
र्न च क्रियाभिर्न तपोभिरुग्रैः ।
एवंरूपः शक्य अहं नृलोके
द्रष्टुं त्वदन्येन कुरुप्रवीर ॥ ४८ ॥

अर्थ—

हे कुरुप्रवीर! मनुष्यलोकमें इस प्रकारके विश्वरूपवाला मैं न वेदोंके पढ़नेसे, न यज्ञोंके अनुष्ठानसे, न दानसे, न उग्र तपोंसे और न मात्र क्रियाओंसे तेरे (कृपापात्रके) सिवाय और किसीके द्वारा देखा जाना शक्य हूँ।

व्याख्या—

'*कुरुप्रवीर*'—यहाँ अर्जुनके लिये 'कुरुप्रवीर' सम्बोधन देनेका अभिप्राय है कि सम्पूर्ण कुरुवंशियोंमें मेरेसे उपदेश सुननेकी, मेरे रूपको देखनेकी और जाननेकी तेरी जिज्ञासा हुई, तो यह कुरुवंशियोंमें तुम्हारी श्रेष्ठता है। तात्पर्य यह हुआ कि भगवान्‌को देखनेकी, जाननेकी इच्छा होना ही वास्तवमें मनुष्यशरीरकी श्रेष्ठता है।

'न वेदयज्ञाध्ययनैर्न दानैर्न च क्रियाभिर्न तपोभिरुग्रैः'— मनुष्य-शरीरमें वेदोंका अध्ययन किया जाय, यज्ञोंका विधि-विधानसे अनुष्ठान किया जाय, बड़े-बड़े दान किये जायँ, बड़ी उग्र (कठिन-से कठिन) तपस्याएँ की जायँ और तीर्थ, व्रत आदि शुभ-कर्म किये जायँ—ये सब-के-सब कर्म विश्वरूपदर्शनमें हेतु नहीं बन सकते। कारण कि जितने भी कर्म किये जाते हैं, उन सबका आरम्भ और समाप्ति होती है। इस वास्ते उन कर्मोंसे मिलनेवाला फल भी आदि और अन्तवाला ही होता है। अतः ऐसे कर्मोंसे भगवान्‌के अनन्त, असीम, अव्यय, दिव्य विश्वरूपके दर्शन कैसे हो सकते हैं? उसके दर्शन तो केवल भगवान्‌की कृपासे ही होते हैं। कारण कि भगवान् नित्य हैं और उनकी कृपा भी नित्य है। अतः नित्य कृपासे ही अर्जुनको भगवान्‌के नित्य, अव्यय, दिव्य विश्वरूपके दर्शन हुए हैं। तात्पर्य यह हुआ कि उनमेंसे एक-एकमें अथवा सभी साधनोंमें यह सामर्थ्य नहीं है कि वे विराट्‌रूपके दर्शन करा दें। विराट्‌रूपके दर्शन तो केवल भगवान्‌की कृपासे, प्रसन्नतासे ही हो सकते हैं।

गीतामें प्रायः यज्ञ, दान और तप—इन तीनोंका ही वर्णन आता है। आठवें अध्यायके अट्ठाईसवें श्लोकमें और इसी अध्यायके तिरपनवें श्लोकमें वेद, यज्ञ, दान और तप—इन चारोंका वर्णन आया है और यहाँ वेद, यज्ञ, दान, तप और क्रिया—इन पाँचोंका वर्णन आया है। आठवें अध्यायके अट्ठाईसवें श्लोकमें सप्तमी विभक्ति और बहुवचन तथा यहाँके श्लोकमें तृतीया विभक्ति और बहुवचनका प्रयोग हुआ है, जबकि दूसरी जगह प्रायः प्रथमा विभक्ति और एकवचनका प्रयोग आता है।

यहाँ तृतीया विभक्ति और बहुवचन देनेका तात्पर्य यह है कि इन वेद, यज्ञ, दान आदि साधनोंमेंसे एक-एक साधन विशेषतासे बहुत बार किया जाय अथवा सभी साधन विशेषतासे बहुत बार किये जायँ, तो भी वे सब-के-सब साधन विश्वरूपदर्शनके कारण नहीं बन सकते अर्थात् इनके द्वारा विश्वरूप नहीं देखा जा सकता। कारण कि विश्वरूपका दर्शन करना किसी कर्मका फल नहीं है।

जैसे यहाँ वेद, यज्ञ आदि साधनोंसे विश्वरूप नहीं देखा जा सकता—ऐसा कहकर विश्वरूपदर्शनकी दुर्लभता बतायी है, ऐसे ही आगे तिरपनवें श्लोकमें वेद, यज्ञ आदि साधनोंसे चतुर्भुजरूप नहीं देखा जा सकता—ऐसा कहकर चतुर्भुजरूप-दर्शनकी दुर्लभता बतायी है। चतुर्भुजरूपको देखनेमें अनन्यभक्तिको साधन बताया है (११।५४), क्योंकि वह रूप ऐसा विलक्षण है कि उसका दर्शन देवता भी चाहते हैं। इस वास्ते उस रूपमें भक्ति हो सकती है। परन्तु विश्वरूपको देखकर तो भय लगता है, ऐसे रूपमें भक्ति कैसे होगी, प्रेम कैसे होगा? इस वास्ते इसके दर्शनमें भक्तिको साधन नहीं बताया है। यह तो केवल भगवान्‌की प्रसन्नतासे, कृपासे ही देखा जा सकता है।

'एवंरूपः शक्य अहं नृलोके द्रष्टुं त्वदन्येन'—इन साधनोंसे तुम्हारे सिवाय मेरा विश्वरूप कोई देख नहीं सकता—इसका अर्थ यह नहीं है कि इन साधनोंसे तू देख सकता है। तुम्हारेको मैंने अपनी प्रसन्नतासे ही यह रूप दिखाया है।

सञ्जयको भी जो विश्वरूपके दर्शन हो रहे थे, वह भी व्यासजीकी कृपासे प्राप्त दिव्यदृष्टिसे ही हो रहे थे, किसी दूसरे साधनसे नहीं। तात्पर्य है कि भगवान् और उनके भक्तों, सन्तोंकी कृपासे जो काम होता है, वह काम साधनोंसे नहीं होता। इनकी कृपा भी अहैतुकी होती है।

सम्बन्ध—

अर्जुनका भय दूर करनेके लिये भगवान् अगले श्लोकमें उनको 'देवरूप' देखनेकी आज्ञा देते हैं।

श्लोक—

मा ते व्यथा मा च विमूढभावो
दृष्ट्वा रूपं घोरमीदृङ्ममेदम्।
व्यपेतभीः प्रीतमनाः पुनस्त्वं
तदेव मे रूपमिदं प्रपश्य ॥ ४९ ॥

अर्थ—

यह इस प्रकारका मेरा घोररूप देखकर तेरेको व्यथा नहीं होनी चाहिये और मूढ़भाव भी नहीं होना चाहिये। अब निर्भय और प्रसन्न मनवाला होकर तू फिर उसी मेरे इस (चतुर्भुज) रूपको अच्छी तरह देख ले।

व्याख्या—

'मा ते व्यथा मा च विमूढभावो दृष्ट्वा रूपं घोरमीदृङ्ममेदम्'— विकराल दाढ़ोंके कारण भयभीत करनेवाले मेरे मुखोंमें योद्धालोग बड़ी तेजीसे जा रहे हैं, उनमेंसे कई चूर्ण हुए सिरोंसहित दाँतोंके बीचमें फँसे हुए दीख रहे हैं और मैं प्रलयकालकी अग्निके समान

प्रज्वलित मुखोंद्वारा सम्पूर्ण लोगोंका ग्रसन करते हुए उनको चारों ओरसे चाट रहा हूँ—इस प्रकारके मेरे घोर रूपको देखकर तेरेको व्यथा नहीं होनी चाहिये, प्रत्युत प्रसन्नता होनी चाहिये। तात्पर्य है कि पहले (११ । ४५ में) तू जो मेरी कृपाको देखकर हर्षित हुआ था, तो मेरी कृपाकी तरफ दृष्टि होनेसे तेरा हर्षित होना ठीक ही था, पर यह व्यथित होना ठीक नहीं है।

अर्जुनने जो पहले कहा है—'प्रव्यथितास्तथाहम्' (११।२३) और 'प्रव्यथितान्तरात्मा' (११ । २४), उसीके उत्तरमें भगवान् यहाँ कहते हैं—'मा ते व्यथा'।

मैं कृपा करके ही ऐसा रूप दिखा रहा हूँ। इसको देखकर तेरेको मोहित नहीं होना चाहिये—'मा च विमूढभाव'। दूसरी बात, मैं तो प्रसन्न ही हूँ और अपनी प्रसन्नतासे ही तेरेको यह रूप दिखा रहा हूँ, परन्तु तू जो बार-बार यह कह रहा है कि 'प्रसन्न हो जाओ। प्रसन्न हो जाओ' यही तेरा विमूढभाव है। तू इसको छोड़ दे। तीसरी बात, पहले तुमने कहा था कि मेरा मोह चला गया (११ । १), पर वास्तवमें तेरा मोह अभी नहीं गया है। तरेको इस मोहको छोड़ देना चाहिये और निर्भय तथा प्रसन्न मनवाला होकर मेरा यह देवरूप देखना चाहिये।

तेरा और मेरा जो संवाद है, यह तो प्रसन्नतासे, आनन्दरूपसे, लीलारूपसे होना चाहिये। इसमें भय और मोह बिल्कुल नहीं होना चाहिये। मैं तेरे कहे अनुसार घोड़े हाँकता हूँ, बातें करता हूँ, विश्वरूप दिखाता हूँ, चतुर्भुजरूप दिखाता हूँ आदि सब कुछ करने-

पर भी तूने मेरेमें कोई विकृति देखी है क्या ?* मेरेमें कुछ अन्तर आया क्या ? ऐसे ही मेरे विश्वरूपको देखकर तेरेमें भी कोई विकृति नहीं आनी चाहिये।

हे अर्जुन ! तेरेको जो भय लग रहा है, वह शरीरमें अहंता-ममता (मैं-मेरापन) होनेसे ही लग रहा है अर्थात् अहंता ममता-वाली चीज (शरीर) नष्ट न हो जाय, इसको लेकर तू भयभीत हो रहा है—यह तेरी मूर्खता है, अनजानपना है। इसको तू छोड़ दे। आज भी जिस-किसीको जहाँ-कहीं जिस-किसीसे भी भय होता है, वह शरीरमें अहंता ममता होनेसे ही होता है। शरीरमें अहंता ममता होनेसे वह उत्पत्ति-विनाशशील वस्तु (प्राणों-) को रखना चाहता है। यही प्राणीकी मूर्खता है और यही आसुरी-सम्पत्तिका मूल है। परंतु जो भगवान्‌की तरफ चलनेवाले हैं, उनका प्राणोंमें मोह नहीं रहता, प्रत्युत उनका सर्वत्र भगवद्भाव रहता है और एकमात्र भगवान्‌में प्रेम रहता है। इस वास्ते वे अभय हो जाते हैं। उनका भगवान्‌की तरफ चलना दैवी-सम्पत्तिका मूल है। नृसिंहभगवान्‌के भयंकर रूपको देखकर देवता आदि सभी डर गये, पर प्रह्लादजी नहीं डरे, क्योंकि प्रह्लादजीकी सर्वत्र भगवद्बुद्धि थी। इस वास्ते वे नृसिंह-भगवान्‌के पास जाकर उनके चरणोंमें गिर गये और भगवान्‌ने उनको उठाकर गोदमें ले लिया तथा उनको जीभसे चाटने लगे।

* अपनेमें कई तरहका परिवर्तन देखनेपर भी अर्जुन सब अवस्थाओंमें भगवान्‌को निर्विकार ही मानते हैं, तभी तो उन्होंने गीताके आदि, मध्य तथा अन्तमें (गीता १। २१, ११। ४२ और १८। ७३ में) भगवान्‌के लिये 'अच्युत' सम्बोधनका प्रयोग किया है।

'व्यपेतभी प्रीतमना पुनस्त्वं तदेव मे रूपमिदं प्रपश्य'—अर्जुनने पैंतालीसवें श्लोकमें कहा था कि 'भयेन च प्रव्यथितं मनो मे' अतः भगवान्‌ने 'भयेन' के लिये कहा है—'व्यपेतभीः' अर्थात् तू भयरहित हो जा और 'प्रव्यथित मन' के लिये कहा है—'प्रीतमना' अर्थात् तू प्रसन्न मनवाला हो जा।

भगवान्‌ने विराट्‌रूपमें अर्जुनको जो चतुर्भुजरूप दिखाया था उसीके लिये भगवान् 'पुनः' पद देकर कह रहे हैं कि वही मेरा यह रूप तू अच्छी तरहसे देख ले।

'तदेव' कहनेका तात्पर्य है कि तू देवरूप-(विष्णुरूप)के साथ ब्रह्मा, शंकर आदि देवता और भयानक विश्वरूप नहीं देखना चाहता, केवल देवरूप ही देखना चाहता है, इस वास्ते वही रूप तू अच्छी तरहसे देख ले।

अर्जुनकी प्रार्थनाके अनुसार भगवान् अभी जो रूप दिखाना चाहते हैं, उसके लिये भगवान्‌ने यहाँ 'इदम्' शब्दका प्रयोग किया है।

संजय और अर्जुनकी दिव्यदृष्टि कबतक रही ?

संजयको वेदव्यासजीने युद्धके आरम्भमें दिव्यदृष्टि दी थी,* जिससे वे धृतराष्ट्रको युद्धके समाचार सुनाते रहे। परन्तु अन्तमें

* एष ते संजयो राजन् युद्धमेतद् वदिष्यति।
एतस्य सर्वसंग्रामे न परोक्षं भविष्यति॥
चक्षुषा संजयो राजन् दिव्येनैष समन्वितः।
कथयिष्यति ते युद्धं सर्वज्ञश्च भविष्यति॥
(महा० भीष्म० २। ९-१०)

जब दुर्योधनकी मृत्युपर संजय शोकसे व्याकुल हो गये, तो संजयकी वह दिव्यदृष्टि चली गयी* ।

अर्जुनके द्वारा विश्वरूप दिखानेकी प्रार्थना करनेपर भगवान्‌ने अर्जुनको दिव्यदृष्टि दी—'दिव्यं ददामि ते चक्षुः पश्य मे योगमैश्वरम्' (११ । ८) और अर्जुन विराट्‌रूप भगवान्‌के देवरूप, उग्ररूप आदि रूपोंके दर्शन करने लगे । जब अर्जुनके सामने अत्युग्र रूप आया तो वे डर गये और भगवान्‌की स्तुति प्रार्थना करते हुए कहने लगे कि 'मेरा मन भयसे व्यथित हो रहा है, आप मेरेको वही चतुर्भुजरूप दिखाइये ।' तब भगवान्‌ने अपना चतुर्भुज रूप दिखाया और फिर द्विभुजरूपसे हो गये । इससे सिद्ध होता है कि यहाँ-(उन्चासवें श्लोक-) तक ही अर्जुनकी दिव्यदृष्टि रही । इक्यावनवें श्लोकमें स्वयं अर्जुनने कहा है कि 'मैं आपके सौम्य मनुष्यरूपको देखकर सचेत हो गया हूँ और अपनी स्वाभाविक स्थितिको प्राप्त हो गया हूँ ।

यहाँ शङ्का होती है कि अर्जुन तो पहले भी व्यथित (व्याकुल) हुए थे—'दृष्ट्वा लोकाः प्रव्यथितास्तथाहम्' (११ । २३), 'दृष्ट्वा हि त्वां प्रव्यथितान्तरात्मा' (११ । २४), अतः वहीं उनकी दिव्यदृष्टि चली जानी चाहिये थी ? इसका समाधान यह है कि वहाँ अर्जुन इतने भयभीत नहीं हुए थे, जितने यहाँ हुए हैं । यहाँ तो अर्जुन भयभीत होकर भगवान्‌को बार-बार नमस्कार करते

* ततः पुत्रे गते स्वर्गं शोकार्तस्य ममानघ ।
अविदत्त प्रणष्टम्‌ तद् दिव्यदर्शित्वमद्य वै ॥
(महा० सौप्तिक० ९ । ६२

हैं और उनसे चतुर्भुजरूप दिखानेके लिये प्रार्थना भी करते हैं (११ । ४५)। इस वास्ते यहाँ अर्जुनकी दिव्यदृष्टि चली जाती है।

दूसरा कारण यह भी माना जा सकता है कि पहले अर्जुनकी विश्वरूप देखनेकी विशेष रुचि (इच्छा) थी—'द्रष्टुमिच्छामि ते रूपम्' (११ । ३), इस वास्ते भगवान्‌ने अर्जुनको दिव्यदृष्टि दी, परन्तु यहाँ अर्जुनकी विश्वरूप देखनेकी रुचि नहीं रही और वे भयभीत होनेके कारण चतुर्भुजरूप देखनेकी इच्छा करते हैं, इस वास्ते (दिव्यदृष्टिकी आवश्यकता न रहनेसे) उनकी दिव्यदृष्टि चली जाती है।

अगर सञ्जय और अर्जुन शोकसे, भयसे व्यथित (व्याकुल) न होते, तो उनकी दिव्यदृष्टि बहुत समयतक रहती और वे बहुत कुछ देख लेते। परन्तु शोक और भयसे व्यथित होनेके कारण उनकी दिव्यदृष्टि चली गयी। इसी तरहसे जब मनुष्य मोहसे संसारमें आसक्त हो जाता है तो भगवान्‌की दी हुई विवेकदृष्टि काम नहीं करती। जैसे, मनुष्यका रुपयोंमें अधिक मोह होता है तो वह चोरी करने लग जाता है, फिर और मोह बढ़नेपर वह डकैती करने लग जाता है तथा अत्यधिक मोह बढ़ जानेपर वह रुपयोंके लिये दूसरेकी हत्यातक कर देता है। इस प्रकार ज्यों-ज्यों मोह बढ़ता है, त्यों-ही-त्यों उसका विवेक काम नहीं करता। अगर मनुष्य मोहमें न फँसकर अपनी विवेकदृष्टिको महत्त्व देता, तो वह अपना उद्धार करके समाजमात्रका ... करनेवाला बन जाता।

सम्बन्ध—

पूर्वश्लोकमें भगवान्ने अर्जुनको जिस रूपको देखनेके लिये आज्ञा दी, उसीके अनुसार भगवान् अपना विष्णुरूप दिखाते हैं—इसका वर्णन सञ्जय अगले श्लोकमें करते हैं।

श्लोक—

सञ्जय उवाच

इत्यर्जुनं वासुदेवस्तथोक्त्वा
स्वकं रूपं दर्शयामास भूयः।
आश्वासयामास च भीतमेनं
भूत्वा पुनः सौम्यवपुर्महात्मा ॥ ५० ॥

अर्थ—

सञ्जय कहते हैं—वासुदेव भगवान् श्रीकृष्णने अर्जुनसे ऐसा कहकर फिर उसी प्रकारसे अपना रूप (देवरूप) दिखाया और महात्मा श्रीकृष्णने पुनः सौम्यवपु (द्विभुजरूप) होकर इस भयभीत अर्जुनको आश्वासन दिया।

व्याख्या—

'इत्यर्जुनं वासुदेवस्तथोक्त्वा स्वकं रूपं दर्शयामास भूयः'—अर्जुनने जब भगवान्से चतुर्भुजरूप होनेके लिये प्रार्थना की, तो भगवान्ने कहा कि मेरे इस विश्वरूपको देखकर तू व्यथित और भयभीत मत हो। तू प्रसन्न मनवाला होकर मेरे इस रूपको देख (११। ४९)। भगवान्के इसी कथनको सञ्जयने यहाँ 'इत्यर्जुनं वासुदेवस्तथोक्त्वा' पदोंसे कहा है।

'तथा' कहनेका तात्पर्य है कि जिस प्रकार कृपाके परवश होकर भगवान्ने अपना विश्वरूप दिखाया था, उसी प्रकार कृपाके परवश

होकर भगवान्‌ने अर्जुनको चतुर्भुजरूप दिखाया । इस चतुर्भुजरूपको देखनेमें अर्जुनकी कोई साधना हो, योग्यता हो—यह बात नहीं है, प्रत्युत भगवान्‌की कृपा ही-कृपा है ।

'भूय' कहनेका तात्पर्य है जिस देवरूप-(चतुर्भुजरूप-) को अर्जुनने विश्वरूपके अन्तर्गत देखा था (११ । १५, १७) और जिसे दिखानेके लिये अर्जुनने प्रार्थना की थी (११ । ४५-४६), वही रूप भगवान्‌ने फिर दिखाया ।

'आश्वासयामास च भीतमेनं भूत्वा पुनः सौम्यवपुर्महात्मा'—भगवान् श्रीकृष्णने अर्जुनको पहले चतुर्भुजरूप दिखाया । फिर अर्जुनकी प्रसन्नताके लिये महात्मा भगवान् श्रीकृष्ण पुनः द्विभुजरूप (मनुष्यरूप-)से प्रकट हो गये और उन्होंने विश्वरूपको देखकर भयभीत हुए अर्जुनको आश्वासन दिया ।

भगवान् श्रीकृष्ण द्विभुज थे या चतुर्भुज ? इसका उत्तर है कि भगवान् हरदम द्विभुजरूपसे ही रहते थे, पर भक्त और उनके भावानुसार समय समयपर जहाँ उचित समझते थे, वहाँ चतुर्भुजरूप हो जाते थे ।

दसवें और ग्यारहवें अध्यायमें भगवान्‌ने अपनी विभूतियोंका वर्णन करनेमें भी अपनी महत्ता, प्रभाव, सामर्थ्यको बताया है और अपने अत्यन्त विलक्षण विश्वरूपको दिखानेमें भी अपने प्रभावको बताया है, जिससे मनुष्य भगवान्‌के ऐसे महान् प्रभावको जान ले अथवा मान ले, तो उसका संसारमें आकर्षण नहीं रहे । वह सदाके लिये महान्‌ कष्टसे छूट जाय ।

अर्जुनपर भगवान्‌की कितनी अद्भुत कृपा है, जिससे भगवान्‌ने पहले विश्वरूप दिखाया, फिर देवरूप (चतुर्भुजरूप) दिखाया और फिर मानुषरूप (द्विभुजरूप) हो गये। इसके साथ-साथ भगवान्‌ने हम-लोगोंपर भी कितनी अलौकिक विलक्षण कृपा की है कि जहाँ-कहीं जिस किसी विशेषताको लेकर हमारा मन चला जाय, वहीं हम भगवान्‌का चिन्तन कर सकते हैं और भगवान्‌के विश्वरूपका पठन-पाठन, चिन्तन कर सकते हैं। इस भयंकर समयमें हमें भगवान्‌की विभूतियों तथा विश्वरूपके चिन्तन आदिका जो मौका मिला है, इसमें हमारा उद्योग, योग्यता कारण नहीं है, प्रत्युत भगवान्‌की कृपा ही कारण है। भगवान्‌की इस कृपाको देखकर हमें प्रसन्न हो जाना चाहिये। इन विभूतियोंको सुनने और विश्वरूपके चिन्तन-स्मरणका मौका तो उस समय भी संजय आदि बहुत थोड़े लोगोंको ही मिला था। वही मौका आज हमें प्राप्त हुआ है। इस वास्ते हमें ऐसे मौकेको व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिये।

सम्बन्ध—

भगवान्‌ने मनुष्यरूप होकर जब अर्जुनको आश्वासन दिया, तब अर्जुन बोले—

श्लोक—

अर्जुन उवाच

दृष्ट्वेदं मानुषं रूपं तव सौम्यं जनार्दन।
इदानीमस्मि संवृत्तः सचेताः प्रकृतिं गतः ॥ ५१ ॥

अर्थ—

अर्जुन बोले—हे जनार्दन ! आपके इस सौम्य मानुषरूपको

देखकर मैं इस समय स्थिरचित्त हो गया हूँ और अपनी स्वाभाविक स्थितिको प्राप्त हो गया हूँ।

व्याख्या—

'दृष्ट्वेदं मानुषं रूपं तव सौम्यं जनार्दन'—आपके मनुष्यरूपमें प्रकट होकर लीला करनेवाले रूपको देखकर गायें, पशु-पक्षी, वृक्ष, लताएँ आदि भी पुलकित हो जाती हैं*, ऐसे सौम्य द्विभुज रूपको देखकर मैं होशमें आ गया हूँ, मेरा चित्त स्थिर हो गया है—'इदानीमस्मि संवृत्तः सचेताः'। विराट्‌रूपको देखकर जो मैं भयभीत हो गया था, वह सब भय अब मिट गया है, सब व्यथा चली गयी है और मैं अपनी वास्तविक स्थितिको प्राप्त हो गया हूँ—'प्रकृतिं गतः'।

यहाँ 'सचेताः' कहनेका तात्पर्य है कि जब अर्जुनकी दृष्टि भगवान्‌की कृपाकी तरफ गयी तो अर्जुनको होश आया और वे सोचने लगे कि कहाँ तो मैं और कहाँ भगवान्‌का विस्मयकारक विलक्षण विराट्‌रूप! इसमें मेरी कोई योग्यता, अधिकारिता नहीं है। इसमें तो केवल भगवान्‌की कृपा-ही-कृपा है। भगवान्‌की इस कृपाका कोई पार नहीं पा सकता, ऐसा समझकर मैं स्थिरचित्त हो गया हूँ।

सम्बन्ध—

अर्जुनकी कृतज्ञताका अनुमोदन करते हुए भगवान् कहते हैं—

---

* त्रैलोक्यसौभगमिदं च निरीक्ष्य रूपं

यद्गोद्विजद्रुममृगाः पुलकान्यबिभ्रन्॥

(श्रीमद्भा० १०। २९। ४०)

श्लोक—

श्रीभगवानुवाच

सुदुर्दर्शमिदं रूपं दृष्टवानसि यन्मम।
देवा अप्यस्य रूपस्य नित्यं दर्शनकाङ्क्षिणः ॥ ५२ ॥

अर्थ—

श्रीभगवान् बोले—मेरा यह जो रूप तुमने देखा है, इसके दर्शन अत्यन्त ही दुर्लभ हैं। इस रूपको देखनेके लिये देवता भी नित्य लालायित रहते हैं।

व्याख्या—

'सुदुर्दर्शमिदं रूपं दृष्टवानसि यन्मम'—यहाँ **'सुदुर्दर्शम्'** पद चतुर्भुजरूपके लिये ही आया है, विराट्रूप या द्विभुजरूपके लिये नहीं। कारण कि विराट्रूपकी तो देवता भी कल्पना क्यों करने लगे! और मनुष्यरूप जब मनुष्योंके लिये सुलभ था, तो देवताओंके लिये वह दुर्लभ कैसे होता! इस वास्ते **'सुदुर्दर्शम्'** पदसे क्षीरसागरमें रहनेवाले विष्णु भगवान्‌का चतुर्भुजरूप ही लेना चाहिये, जिसके लिये **'देवरूपम्'** (११ । ४५) और **'स्वकं रूपम्'** पद आये हैं।

'देवा अप्यस्य रूपस्य नित्यं दर्शनकाङ्क्षिणः'—भगवान्‌ने यहाँ कहा है कि मेरा यह जो चतुर्भुजरूप है, इसके दर्शन बड़े ही दुर्लभ हैं। अगले तिरपनवें चौवनवें श्लोकोंमें कहा है कि इस चतुर्भुजरूपके दर्शन वेद, यज्ञ, तप, दान आदि साधनोंसे नहीं हो सकते, प्रत्युत इसके दर्शन तो अनन्यभक्तिसे ही हो सकते हैं। अब यहाँ एक शङ्का होती है कि देवता भी इस रूपके दर्शनकी नित्य आकाङ्क्षा (लालसा)

रखते हैं। फिर उनको दर्शन क्यों नहीं होते। जबकि भगवान्‌के दर्शनकी नित्य लालसा रहना अनन्यभक्ति ही है। इसका समाधान यह है कि वास्तवमें देवताओंकी नित्य लालसा अनन्यभक्ति नहीं है।

नित्य लालसा रखनेका तात्पर्य होता है कि नित्य निरन्तर एक परमात्माकी ही लालसा लगी रहे और दूसरी कोई लालसा न रहे। ऐसी लालसावाला दुराचारी-से-दुराचारी मनुष्य भी भगवान्‌का भक्त हो जाता है और उसे भगवत्प्राप्ति हो जाती है। परन्तु ऐसी अनन्य लालसा देवताओंकी नहीं होती, क्योंकि वे भोग भोगनेके लिये ही देवता बने हैं और उनका भोग भोगनेका ही उद्देश्य होता है। तो फिर उनकी लालसा कैसी होती है? जैसी लालसा (इच्छा) प्रायः सभी आस्तिक मनुष्योंमें रहती है कि 'हमारेको भगवान्‌के दर्शन हो जायँ, हमारा कल्याण हो जाय।' उनकी ऐसी इच्छा तो रहती है, पर भोग और संग्रहकी रुचि ज्यों-की-त्यों बनी रहती है। तात्पर्य है कि जैसे मार्गमें चलते हुए किसीको मणि मिल जाय, ऐसे ही गौणतासे हमारी मुक्ति हो जाय तो अच्छी बात है*—इस प्रकार जैसे मनुष्योंमें मुक्तिकी इच्छा गौण होती है, ऐसे ही भगवान् दर्शन दें तो हम भी दर्शन कर लें—इस प्रकार देवताओंमें दर्शनकी इच्छा गौण होती है।

देवतालोग 'हम इतने ऊँचे पदपर हैं, हमारे लोक, शरीर और भोग दिव्य हैं, हम बड़े पुण्यशाली हैं, अतः हमें भगवान्‌के दर्शन होने चाहिये'—ऐसी कोरी इच्छा ही करते हैं, इसलिये उनको कभी दर्शन होते नहीं। कारण कि उनमें देवत्व, पद आदिका अभिमान है। अभिमानसे, पद आदिके बलसे भगवान्‌के दर्शन नहीं हो सकते।

---

* मार्गे प्रयाता मणिलाभवच्च लभेत मोक्षो यदि तर्हि भव्य।

इस वास्ते अर्जुनने दसवें अध्यायके चौदहवें श्लोकमें कहा है कि 'हे भगवन्! आपके प्रकट होनेको देवता और दानव भी नहीं जानते।' इस प्रकार अर्जुनने भगवान्‌को न जाननेमें देवताओं और दानवोंको एक श्रेणीमें लिया है। इसका तात्पर्य यही है कि जैसे देवताओंके पास वैभव है, ऐसे ही दानवोंके पास विचित्र-विचित्र माया है, सिद्धियाँ हैं, पर उनके बलपर वे भगवान्‌को नहीं जान सकते। ऐसे ही देवता भगवान्‌के दर्शनकी लालसा भी रखें, तो भी उनको देवत्व-शक्तिसे दर्शन नहीं हो सकते, क्योंकि भगवान्‌के दर्शनमें देवत्व कारण नहीं। तात्पर्य है कि भगवान्‌को न तो देवत्व-शक्तिसे देखा जा सकता है और न यज्ञ, तप, दान आदि शुभ कर्मोंसे ही देखा जा सकता है (११।५३)। उनको तो अनन्यभक्तिसे ही देखा जा सकता है (११।५४)। अनन्यभक्तिसे देवता और मनुष्य—दोनों ही भगवान्‌को देख सकते हैं।

वास्तवमें देवताओंकी लालसा भोग भोगनेकी ही रहती है। वे रात-दिन अपने पुण्यकर्मोंका फल भोगनेमें लगे रहते हैं अर्थात् भोगोंमें ही लिप्त रहते हैं। इस वास्ते उनके पास भगवान्‌को याद करनेके लिये वक्त ही नहीं है। वे तो केवल इच्छा ही करते रहते हैं, जिसकी कभी पूर्ति होनेवाली है ही नहीं। तात्पर्य यह हुआ कि शुभ कर्मोंसे, पदसे, योग्यतासे, बलसे भगवान् नहीं मिलते। भगवान्‌के दर्शनमें यह प्राकृत महत्त्व कुछ भी मूल्य नहीं रखता।

सम्बन्ध—

पूर्वश्लोकमें कही हुई बातको ही भगवान् अगले श्लोकमें पुष्ट करते हैं।

श्लोक—

नाहं वेदैर्न तपसा न दानेन न चेज्यया।
शक्य एवंविधो द्रष्टुं दृष्टवानसि मां यथा ॥ ५३ ॥

अर्थ—

जिस प्रकार तुमने मेरेको देखा है, इस प्रकारका (चतुर्भुज-रूपवाला) मैं न तो वेदोंसे, न तपस्यासे, न दानसे और न यज्ञसे ही देखा जा सकता हूँ।

व्याख्या—

'दृष्टवानसि मां यथा'—तुमने मेरा चतुर्भुजरूप मेरी कृपासे ही देखा है। तात्पर्य है कि मेरे दर्शन मेरी कृपासे ही हो सकते हैं, किसी योग्यतासे नहीं।

'नाहं वेदैर्न तपसा न दानेन न चेज्यया शक्य एवंविधो द्रष्टुम्'—यह एक सिद्धान्तकी बात है कि जो चीज किसी मूल्यसे खरीदी जाती है, वह चीज उस मूल्यसे कम मूल्यकी ही होती है। जैसे, कोई दूकानदार एक घड़ी सौ रुपयेमें बेचता है, तो उसने वह घड़ी कम मूल्यमें ली है, तभी तो वह सौ रुपयेमें देता है। इसी तरह अनेक वेदोंका अध्ययन करनेपर, बहुत बड़ी तपस्या करनेपर, बहुत बड़ा दान देनेपर तथा बहुत बड़ा यज्ञ-अनुष्ठान करनेपर भगवान् मिल जायँगे—ऐसी बात नहीं है। कितनी ही महान् क्रिया क्यों न हो, कितनी ही योग्यता सम्पन्न क्यों न की जाय, पर उसके द्वारा भगवान् खरीदे नहीं जा सकते। वे सब-के-सब मिलकर भी भगवत्प्राप्तिका मूल्य नहीं हो सकते। उनके द्वारा भगवान्पर अधिकार नहीं जमाया जा सकता

अर्जुनने इसी अध्यायके तैंतालीसवें श्लोकमें साफ कहा है कि त्रिलोकीमें आपके समान भी कोई नहीं है फिर आपसे अधिक हो ही कैसे सकता है? तात्पर्य है कि आपसे अधिक हुए बिना आपपर अधिकार नहीं किया जा सकता।

सांसारिक चीजोंमें तो अधिक योग्यतावाला कम योग्यतावालेपर आधिपत्य कर सकता है, अधिक बुद्धिमान् कम बुद्धिवालोंपर अपना रोब जमा सकता है, अधिक धनवान् निर्धनोंपर अपनी अधिकता प्रकट कर सकता है। परन्तु भगवान् किसी बल, बुद्धि, योग्यता, व्यक्ति, वस्तु आदिसे खरीदे नहीं जा सकते। कारण कि जिस भगवान्के सङ्कल्पमात्रसे तत्काल अनन्त ब्रह्माण्डोंकी रचना हो जाती है, उसे एक ब्रह्माण्डके भी किसी अंशमें रहनेवाले किसी वस्तु, व्यक्ति आदिसे कैसे खरीदा जा सकता है। तात्पर्य यह है कि भगवान्की प्राप्ति केवल भगवान्की कृपासे ही होती है। वह कृपा तब प्राप्त होती है, जब मनुष्य अपनी सामर्थ्य, समय, समझ, सामग्री आदिको भगवान्के सर्वथा समर्पित करके अपनेमें सर्वथा निर्बलता, अयोग्यताका अनुभव करता है अर्थात् उसमें अपने बल, योग्यता आदिका किञ्चिन्मात्र भी अभिमान नहीं रहता। इस प्रकार जब वह सर्वथा निर्बल होकर अपने-आपको भगवान्के सर्वथा समर्पित करके अनन्यभावसे भगवान्को पुकारता है, तो भगवान् तत्काल प्रकट हो जाते हैं। कारण कि जबतक मनुष्यके अन्तःकरणमें प्राकृत वस्तु, योग्यता, बल, बुद्धि आदिका महत्त्व और सहारा रहता है, तबतक भगवान् अत्यन्त नजदीक होनेपर भी दूर दीखते हैं।

इस श्लोकमें जो दुर्लभता बतायी गयी है, वह चतुर्भुजरूपके लिये ही बतायी गयी है, विश्वरूपके लिये नहीं। अगर इसको विश्वरूपके लिये ही मान लिया जाय तो पुनरुक्ति-दोष आ जायगा, क्योंकि पहले अड़तालीसवें श्लोकमें विश्वरूपकी दुर्लभता बतायी जा चुकी है। दूसरी बात, अगले श्लोकमें भगवान्‌ने अनन्यभक्तिसे अपनेको देखा जाना शक्य बताया है। विश्वरूपमें अनन्यभक्ति हो ही नहीं सकती क्योंकि अर्जुन-जैसे शूरवीर भगवान्‌से दिव्यदृष्टि प्राप्त करके भी विश्वरूपको देखकर भयभीत हो गये, तो उस रूपमें अनन्यभक्ति, अनन्यप्रेम, आकर्षण कैसे हो सकता है? अर्थात् नहीं हो सकता।

सम्बन्ध—

जब कोई किसी साधनसे, किसी योग्यतासे, किसी सामग्रीसे आपको प्राप्त नहीं कर सकता तो फिर आप कैसे प्राप्त किये जाते हैं? इसका उत्तर भगवान् अगले श्लोकमें देते हैं।

श्लोक—

भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन।
ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुं च परंतप॥ ५४॥

अर्थ—

परंतु हे शत्रुतापन अर्जुन! इस प्रकार (चतुर्भुजरूपवाला) मैं अनन्यभक्तिसे ही तत्त्वसे जाननेमें, सगुणरूपसे देखनेमें और प्राप्त करनेमें शक्य हूँ।

व्याख्या—

'भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन'—यहाँ 'तु' पद पहले बताये हुए साधनोंसे विलक्षण साधन बतानेके लिये आया

है। भगवान् कहते हैं कि हे अर्जुन! तुमने मेरा जैसा शङ्ख-चक्र-गदा-पद्मधारी चतुर्भुजरूप देखा है, वैसा रूपवाला मैं यज्ञ, दान, तप आदिके द्वारा नहीं देखा जा सकता, प्रत्युत अनन्यभक्तिके द्वारा ही देखा जा सकता हूँ।

अनन्यभक्तिका अर्थ है—केवल भगवान्का ही आश्रय हो, सहारा हो, आशा हो, विश्वास हो*। भगवान्के सिवाय किसी योग्यता, बल, बुद्धि आदिका किञ्चिन्मात्र भी सहारा न हो। इनका अन्तःकरणमें किञ्चिन्मात्र भी महत्त्व न हो। यह अनन्यभक्ति स्वयंसे ही होती है, मन-बुद्धि-इन्द्रियाँ आदिके द्वारा नहीं। तात्पर्य है कि केवल स्वयंकी व्याकुलतापूर्वक उत्कण्ठा हो। भगवान्के दर्शन बिना एक क्षण भी चैन न पड़े। ऐसी जो भीतरमें स्वयंकी बेचैनी है, वही भगवत्प्राप्तिमें खास कारण है। इस बेचैनीमें, व्याकुलतामें अनन्त जन्मोंके अनन्त पाप भस्म हो जाते हैं। ऐसी अनन्यभक्ति-वालोंके लिये ही भगवान्ने कहा है—'जो अनन्यचित्तवाला भक्त नित्य-निरन्तर मेरा चिन्तन करता है, उसके लिये मैं सुलभ हूँ' (गीता ८। १४), और 'जो अनन्यभक्त मेरा चिन्तन करते हुए

---

* एक भरोसो एक बल एक आस बिस्वास।
एक राम घन स्याम हित चातक तुलसीदास॥
(दोहावली २७७)

एक बानि करुनानिधान की। सो प्रिय जाकें गति न आन की॥
(मानस ३। १०। ४)

उपासना करते हैं, उनका योगक्षेम मैं वहन करता हूँ' (गीता ९ । २२)

अनन्यभक्तिका दूसरा तात्पर्य यह है कि अपनेमें भजन-स्मरण करनेका, साधन करनेका, उत्कण्ठापूर्वक पुकारनेका जो कुछ सहारा है, वह सहारा किञ्चिन्मात्र भी न हो। फिर साधन किसलिये करना है? केवल अपना अभिमान मिटानेके लिये अर्थात् अपनेमें जो करनेके बलका भान होता है, उसको मिटानेके लिये ही साधन करना है। तात्पर्य है कि भगवान्‌की प्राप्ति साधन करनेसे नहीं होती, प्रत्युत साधनका अभिमान गलनेसे होती है, साधनका अभिमान गल जानेसे साधकपर भगवान्‌की शुद्ध कृपा असर करती है अर्थात् उस कृपाके आनेमें कोई आड़ नहीं रहती और (उस कृपासे) भगवान्‌की प्राप्ति हो जाती है।

'ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुम्'—ऐसी अनन्यभक्तिसे ही मैं तत्त्वसे जाना जा सकता हूँ, अनन्यभक्तिसे ही मैं देखा जा सकता हूँ और अनन्यभक्तिसे ही मैं प्राप्त किया जा सकता हूँ।

ज्ञानके द्वारा भी भगवान् तत्त्वसे जाने जा सकते हैं और प्राप्त किये जा सकते हैं, पर दर्शन देनेके लिये भगवान् बाध्य नहीं हैं*।

'ज्ञातुम्' कहनेका तात्पर्य है कि मैं जैसा हूँ, वैसा-का-वैसा जाननेमें आ जाता हूँ। जाननेमें आनेका यह अर्थ नहीं है कि मैं

---

* भक्त्या मामभिजानाति यावान्यश्चास्मि तत्त्वतः ।
ततो मां तत्त्वतो ज्ञात्वा विशते तदनन्तरम् ॥
(गीता १८ । ५५)

उसकी बुद्धिके अन्तर्गत आ जाता हूँ, प्रत्युत उसकी जाननेकी शक्ति मेरेसे परिपूर्ण हो जाती है। तात्पर्य है कि वह मेरेको 'वासुदेव सर्वम्' (गीता ७ । १९) और 'सदसच्चाहम्' (गीता ९ । १९)—इस तरह वास्तविक तत्त्वसे जान लेता है।

'द्रष्टुम्' कहनेका तात्पर्य है कि वह सगुणरूपसे अर्थात् विष्णु, राम, कृष्ण आदि जिस किसी भी रूपसे देखना चाहे मेरेको देख सकता है।

'प्रवेष्टुम्' कहनेका तात्पर्य है कि वह भगवान्‌के साथ अपने-आपकी अभिन्नताका अनुभव कर लेता है अथवा उसका भगवान्‌की नित्यलीलामें प्रवेश हो जाता है। नित्यलीलामें प्रवेश होनेमें भक्तकी इच्छा और भगवान्‌की मरजी ही मुख्य होती है। यद्यपि भगवान्‌के सर्वथा शरण होनेपर भक्तकी सब इच्छाएँ समाप्त हो जाती हैं, तथापि भगवान्‌की यह एक विलक्षणता है कि भक्तकी लीलामें प्रवेश होनेकी जो इच्छा रही है, उसको भगवान् पूरी कर देते हैं। केवल पारमार्थिक इच्छाको ही पूरी करते हों, ऐसी बात नहीं है, किन्तु भक्तकी पहले जो सांसारिक यत्किंचित् इच्छा रही हो, उसको भी भगवान् पूरी कर देते हैं। जैसे, भगवद्दर्शनसे पूर्वकी इच्छाके अनुसार ध्रुवजीको छत्तीस हजार वर्षका राज्य मिला और विभीषणको एक कल्पका। तात्पर्य यह हुआ कि भगवान् भक्तकी इच्छाको पूरी कर देते हैं और फिर अपनी मरजीके अनुसार उसे वास्तविक

पूर्णताकी प्राप्ति करा देते हैं, जिससे भक्तके लिये कुछ भी करना, जानना और पाना शेष नहीं रहता।

विशेष बात

भक्तकी खुदकी जो उत्कट अभिलाषा है, उस अभिलाषामें ऐसी ताकत है कि वह भगवान्‌में भी भक्तसे मिलनेकी उत्कण्ठा पैदा कर देती है। भगवान्‌की इस उत्कण्ठामें बाधा देनेकी किसीमें भी सामर्थ्य नहीं। अनन्त सामर्थ्यशाली भगवान्‌की जब भक्तकी तरफ कृपा उमड़ती है, तो वह कृपा भक्तके सम्पूर्ण विघ्नोंको दूर करके, भक्तकी योग्यता-अयोग्यताको किञ्चिन्मात्र भी न देखती हुई भगवान्‌को भी परवश कर देती है, जिससे भगवान् भक्तके सामने तत्काल प्रकट हो जाते हैं।

सम्बन्ध—

अब भगवान् अगले श्लोकमें अनन्यभक्तिके साधनोंका वर्णन करते हैं।

श्लोक—

मत्कर्मकृन्मत्परमो मद्भक्तः सङ्गवर्जितः।
निर्वैरः सर्वभूतेषु यः स मामेति पाण्डव ॥ ५५ ॥

अर्थ—

हे पाण्डव! जो मेरे लिये ही कर्म करनेवाला, मेरे ही परायण और मेरा ही भक्त है तथा सर्वथा आसक्तिरहित और प्राणिमात्रके साथ निर्वैर है, वह भक्त मेरेको प्राप्त हो जाता है।

व्याख्या—

[इस श्लोकमें पाँच बातें आयी हैं। इन पाँचोंको 'साधनपञ्चक' भी कहते हैं। इन पाँच बातोंके दो विभाग हैं—(१) भगवान्‌के साथ घनिष्ठता और (२) संसारके साथ सम्बन्ध-विच्छेद। पहले विभागमें 'मत्कर्मकृत्', 'मत्परम' और 'मद्भक्त'—ये तीन बातें हैं, और दूसरे विभागमें 'सङ्गवर्जित' और 'निर्वैरः सर्वभूतेषु'—ये दो बातें हैं।

'मत्कर्मकृत्'—जो जप, कीर्तन, ध्यान, सत्सङ्ग, स्वाध्याय आदि भगवत्सम्बन्धी कर्मोंको और वर्ण, आश्रम, देश, काल, परिस्थिति आदिके अनुसार प्राप्त लौकिक कर्मोंको केवल मेरे लिये ही अर्थात् मेरी प्रसन्नताके लिये ही करता है, वह 'मत्कर्मकृत्' है।

वास्तवमें देखा जाय तो कर्मके पारमार्थिक और लौकिक—ये दो बाह्यरूप होते हैं, पर भीतरमें 'सब कर्म केवल भगवान्‌के लिये ही करने हैं'—ऐसा एक ही भाव रहता है, एक ही उद्देश्य रहता है। तात्पर्य यह हुआ कि भक्त शरीर इन्द्रियाँ-मन-बुद्धिसे जो कुछ भी कर्म करता है, वह सब भगवान्‌के लिये ही करता है। कारण कि उसके पास शरीर, मन, बुद्धि, इन्द्रियाँ, योग्यता, करनेकी सामर्थ्य, समझ आदि जो कुछ है, वह सब-का-सब भगवान्‌का ही दिया हुआ है और भगवान्‌का ही है, तथा वह स्वयं भी भगवान्‌का ही है। वह तो केवल भगवान्‌की प्रसन्नताके लिये, भगवान्‌की आज्ञाके अनुसार भगवान्‌की दी हुई शक्तिसे निमित्तमात्र बनकर कार्य करता है। यही उसका 'मत्कर्मकृत्' होना है।

'मत्परमः'—जो मेरेको ही परमोत्कृष्ट समझकर केवल मेरे ही परायण रहता है अर्थात् जिसका परम प्रापणीय, परम ध्येय, परम आश्रय केवल मैं ही हूँ, ऐसा भक्त 'मत्परमः' है।

'मद्भक्तः'—जो केवल मेरा ही भक्त है अर्थात् जिसने मेरे साथ अटल सम्बन्ध जोड़ लिया है कि 'मैं केवल भगवान्‌का हूँ और केवल भगवान् ही मेरे हैं, तथा मैं अन्य किसीका नहीं हूँ और अन्य कोई भी मेरा नहीं है।' ऐसा होनेसे भगवान्‌में अतिशय प्रेम हो जाता है, क्योंकि जो अपना होता है, वह स्वतः प्रिय लगता है। प्रेमकी जागृतिमें अपनापन ही मुख्य है।

वह भक्त सब देशमें, सब कालमें, सम्पूर्ण वस्तु-व्यक्तियोंमें और अपने-आपमें सदा-सर्वदा प्रभुको ही परिपूर्ण देखता है। इस दृष्टिसे प्रभु सब देशमें होनेसे यहाँ भी हैं, सब कालमें होनेसे अभी भी हैं, सम्पूर्ण वस्तु-व्यक्तियोंमें होनेसे मेरेमें भी हैं और सबके होनेसे मेरे भी हैं—ऐसा भाव रखनेवाला ही 'मद्भक्तः' है।

'सङ्गवर्जितः', निर्वैरः सर्वभूतेषु यः'—केवल भगवान्‌के लिये ही कर्म करनेसे, केवल भगवान्‌के ही परायण रहनेसे और केवल भगवान्‌का ही भक्त बननेसे क्या होता है? इसका उपर्युक्त पदोंमें वर्णन करते हैं कि वह 'सङ्गवर्जितः' हो जाता है अर्थात् उसकी मनमें आसक्ति, ममता और कामना नहीं रहती। आसक्ति, ममता और कामनाका ही संसारके साथ सम्बन्ध होता है। भगवान्‌में अनन्य प्रेम होते ही आसक्ति आदिका सर्वथा अभाव हो जाता है।

दूसरी बात, जब भक्तको 'मैं भगवान्‌का ही अंश हूँ'—इस वास्तविकताका अनुभव हो जाता है, तो उसका भगवान्‌में प्रेम जाग्रत् हो जाता है। प्रेम जाग्रत् होनेपर रागका अत्यन्त अभाव हो जाता है। रागका अत्यन्त अभाव होनेसे और सर्वत्र भगवद्भाव होनेसे* उसके शरीरके साथ कोई कितना ही दुर्व्यवहार करे, उसको मारे-पीटे, उसका अनिष्ट करे, तो भी उसके हृदयमें अनिष्ट करनेवालेके प्रति किञ्चिन्मात्र भी वैरभाव उत्पन्न नहीं होता। वह उसमें भगवान्‌की ही मरजी, कृपा मानता है। ऐसे भक्तको भगवान्‌ने 'निर्वैरः सर्वभूतेषु' कहा है।

'सङ्गवर्जितः' और 'निर्वैरः सर्वभूतेषु'—इन दोनोंका वर्णन करनेका तात्पर्य 'उसका संसारसे सर्वथा सम्बन्ध-विच्छेद हो जाता है' यह बतानेमें है। संसारसे सम्बन्ध-विच्छेद होनेपर स्वतःसिद्ध परमात्माकी प्राप्ति हो जाती है।

'स मामेति'—ऐसा वह मेरा भक्त मेरेको ही प्राप्त हो जाता है। 'स मामेति' में तत्त्वसे जानना, दर्शन करना और प्राप्त होना—ये तीनों ही बातें आ जाती हैं, जो कि पिछले (चौवनवें) श्लोकमें बतायी गयी हैं। तात्पर्य है कि जिस उद्देश्यसे मनुष्यजन्म हुआ है वह उद्देश्य सर्वथा पूर्ण हो जाता है।

---

* उमा जे राम चरन रत बिगत काम मद क्रोध।
निज प्रभुमय देखहिं जगत केहि सन करहिं बिरोध॥
(मानस ७। ११२ ख)

श्रीभगवान्‌ने नवें अध्यायके अन्तमें कहा था—मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु। मामेवैष्यसि युक्त्वैवमात्मानं मत्परायण ॥ (९ । ३४) । ऐसा कहनेपर भी भगवान्‌के मनमें यह बात रह गयी कि मैं अपने रहस्यकी सब बात किस तरहसे, किस रीतिसे समझाऊँ ? इसीको समझानेके लिये भगवान्‌ने दसवाँ और ग्यारहवाँ अध्याय कहा है।

जीवने उत्पत्ति-विनाशशील और नित्य परिवर्तनशील प्रकृति और प्रकृतिके कार्य शरीर-संसारका सहारा ले रखा है, जिससे यह अविनाशी और नित्य अपरिवर्तनशील भगवान्‌से विमुख हो रहा है। इस विमुखताको मिटाकर जीवको भगवान्‌के सम्मुख करनेमें ही इन दोनों अध्यायोंका तात्पर्य है।

इस मनुष्यके पास दो शक्तियाँ हैं—चिन्तन करनेकी और देखनेकी। इनमेंसे जो चिन्तन करनेकी शक्ति है, उसको भगवान्‌की विभूतियोंमें लगाना है। तात्पर्य है कि जिस किसी वस्तु, व्यक्ति आदिमें जो कुछ विशेषता, महत्ता, विलक्षणता, अलौकिकता दीखे और उसमें मन चला जाय, उस विशेषता आदिको भगवान्‌की ही मानकर वहाँ भगवान्‌का ही चिन्तन होना चाहिये। इसके लिये भगवान्‌ने दसवाँ अध्याय कहा है।

दूसरी जो देखनेकी शक्ति है, उसको भगवान्‌में लगाना चाहिये। तात्पर्य है कि जैसे भगवान्‌के दिव्य अविनाशी विराट्‌रूपमें

अनेक रूप हैं, अनेक आकृतियाँ हैं, अनेक तरहके दृश्य हैं, ऐसे ही यह संसार भी उस विराट्रूपका ही एक अङ्ग है और इसमें अनेक नाम, रूप, आकृति आदिके रूपमें परमात्मा ही परमात्मा परिपूर्ण है। इस दृष्टिसे सबको परमात्मस्वरूप देखे। इसके लिये भगवान्‌ने ग्यारहवाँ अध्याय कहा है।

अर्जुनने भी इन दोनों दृष्टियोंके लिये दो बार प्रार्थना की है। दसवें अध्यायके सत्रहवें श्लोकमें अर्जुनने कहा कि 'हे भगवन्! मैं किन-किन भावोंमें आपका चिन्तन करूँ?' तो भगवान्‌ने चिन्तन-शक्तिको लगानेके लिये अपनी विभूतियोंका वर्णन किया। ग्यारहवें अध्यायके आरम्भमें अर्जुनने कहा कि 'मैं आपके रूपको देखना चाहता हूँ, तो भगवान्‌ने अपना विश्वरूप दिखाया और उसको देखनेके लिये अर्जुनको दिव्यचक्षु दिये।

तात्पर्य यह हुआ कि साधकको अपनी चिन्तन और दर्शनशक्तिको भगवान्‌के सिवाय दूसरी किसी भी जगह खर्च नहीं करनी चाहिये अर्थात् साधक चिन्तन करे तो परमात्माका ही चिन्तन करे और जिस किसीको देखे तो उसको परमात्मस्वरूप ही देखे।

ॐ तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे विश्वरूपदर्शनयोगो नामैकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

इस प्रकार ॐ, तत्, सत्—इन भगवन्नामोंके उच्चारणपूर्वक ब्रह्मविद्या और योगशास्त्रमय श्रीमद्भगवद्गीतोपनिषद्‌रूप श्रीकृष्णार्जुन-संवादमें 'विश्वरूपदर्शनयोग' नामक ग्यारहवाँ अध्याय पूर्ण हुआ ॥ ११ ॥

अर्जुनने भगवान्‌से दिव्यदृष्टि प्राप्त करके भगवान्‌के जिस विश्वरूपके दर्शन किये थे, उसके वर्णनको पढ़-सुनकर भगवान्‌के प्रभावको मान लेनेसे भगवान्‌के साथ योग-(सम्बन्ध-) का अनुभव हो जाता है। इस वास्ते ग्यारहवें अध्यायका नाम 'विश्वरूपदर्शन योग' है।

ग्यारहवें अध्यायके पद, अक्षर एवं उवाच

(१) इस अध्यायमें 'अथैकादशोऽध्यायः' के तीन, उवाचके बाईस, श्लोकोंके आठ सौ इक्यावन और पुष्पिकाके तेरह पद हैं। इस प्रकार सम्पूर्ण पदोंका योग आठ सौ नवासी है।

(२) 'अथैकादशोऽध्यायः' में सात, उवाचमें सत्तर, श्लोकोंमें दो हजार एक सौ तिरानबे और पुष्पिकामें पचास अक्षर हैं। इस तरह सम्पूर्ण अक्षरोंका योग दो हजार तीन सौ बीस है। इस अध्यायके उन्नीस श्लोक बत्तीस अक्षरोंके, एक श्लोक तैंतीस अक्षरोंका और छत्तीस श्लोक चौवालीस अक्षरोंके हैं।

(३) इस अध्यायमें ग्यारह उवाच हैं—चार 'अर्जुन उवाच', चार 'श्रीभगवानुवाच' और तीन 'सञ्जय उवाच'।

ग्यारहवें अध्यायमें प्रयुक्त छन्द

इस अध्यायके पचपन श्लोक हैं। उनमें उन्नीस श्लोक 'अनुष्टुप्' छन्दके, तीन श्लोक 'उपेन्द्रवज्रा' छन्दके और तैंतीस श्लोक 'उपजाति' छन्दके हैं।

'अनुष्टुप्' छन्दवाले उन्नीस श्लोकोंमेंसे—पहले और पचपनवें श्लोकके प्रथम चरणमें 'भगण' प्रयुक्त होनेसे 'भ विपुला', ग्यारहवें और तिरपनवें श्लोकके प्रथम चरणमें 'नगण' प्रयुक्त होनेसे 'न विपुला' और दसवें श्लोकके प्रथम चरणमें 'नगण' तथा तृतीय चरणमें 'भगण' प्रयुक्त होनेसे 'सङ्कीर्ण-विपुला' छन्दवाले श्लोक हैं । शेष चौदह (२-९, १२-१४, ५१-५२,५४) श्लोक ठीक 'पथ्यावक्त्र' अनुष्टुप् छन्दके लक्षणोंसे युक्त हैं ।

शेष उत्तीस श्लोकोंमेंसे—अट्ठाईसवाँ, उनतीसवाँ और पैंतालीसवाँ श्लोक 'उपेन्द्रवज्रा' तथा शेष तैंतीस (१५–२७, ३०–४४, ४६–५०) श्लोक ठीक 'उपजाति' छन्दके लक्षणों-
से युक्त हैं ।